चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 6, वर्ष 12, अंक 47, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, सोमवार, 27 मार्च, 2023




# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : 'वर्ल्ड हैप्पीनेस' में शर्मनाक रैंकिंग

अन्दर : सात्विक-चिराग ने बैडमिंटन में रचा इतिहास, जीता स्विस ओपन का खिताब



डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सत्याग्रह नहीं कर सकते भ्रष्टाचारी

## कांग्रेस के सत्याग्रह कार्यक्रम पर सीएम योगी का तंज, जो सत्य के मार्ग पर चलता हो वही इसके लायक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना पशुधन के क्षेत्र में नए युग का सूत्रपात है। उन्होंने कहा कि 520 मोबाइल वेटरनरी वैन आज से प्रदेश के सभी जनपदों में पशुपालकों के लिए उपलब्ध रहेंगी। हम लोग देखते थे कि कोई जानवर बीमार हैं तो उसे समय पर इलाज नहीं मिल पाता था। किसी गोवंश का एक्सिडेंट हो जाता था तो समय पर उसे डॉक्टर नहीं मिल पाते थे। इससे उन पशुओं का इलाज हो पाएगा। यह योजना वास्तव में उत्तर प्रदेश के पशुधन संरक्षण और संवर्धन के नए अध्याय की शुरूआत है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पिछले छह वर्ष में हमारी सरकार ने गोवंश के संरक्षण और संवर्धन में अनेक प्रयास किए हैं। अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन हो, उनकी आमदनी बढ़े इसके लिए तो प्रयास हुए ही साथ ही साथ किसानों की फसलों को भी सुरक्षित रखने के लिए

**निशाना**

**अब एक कॉल पर यूपी के बीमार पशुधन के लिए उपलब्ध होंगे डॉक्टर, सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी**

**सीएम योगी ने 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट की दी सौगात, जारी किया टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर**

प्रदेश के पशुधन विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए, जिनकी लंबी श्रृंखला है।

कार्यक्रम से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाम न लेकर इशारों-इशारों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राजघाट पर सत्याग्रह करने की घोषणा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाला




व्यक्ति सत्याग्रह नहीं कर सकता। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबने वाले लोग सत्याग्रह नहीं कर सकते। जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, को बढ़ावा देने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षियों पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो असत्य के मार्ग पर चलते हो, जिनकी कथनी करनी में फर्क हो और जो कहते कुछ हैं और करते कुछ हों उन पर भला कोई विश्वास क्यों करेगा। बापू ने सत्याग्रह के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी थी। सत्याग्रह पर केवल वही चल सकता है जो मन, वचन और कर्म से इस लायक हो और सत्य के मार्ग पर चलता हो। यहां तक कि देश की निंदा करने और सेना के बहादुर जवानों के प्रति श्रद्धा का भाव न रखने वाले लोग सत्याग्रह नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को भारत सरकार के सहयोग से शुरू हुई पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत 201 करोड़ रूपए की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के साथ मिलकर पशुओं के नस्ल सुधार के एक बड़े अभियान को हम लोग आगे बढ़ा रहे हैं। निराश्रित गोवंश के संरक्षण के 6 हजार 600 से अधिक आश्रय स्थल प्रदेश में स्थापित किए गए हैं। प्रदेश के अंदर कुल 12 लाख गोवंश हैं, उनमें से 11 लाख के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार उठा रही है, जिसमें प्रति गोवंश सरकार नौ सौ रुपए दे रही है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार गोवंश संरक्षण के लिए तीन प्रकार की योजना चला रही है। पहली योजना के अंतर्गत निराश्रित गो आश्रय स्थलों में 10 लाख के आस-पास गोवंश को रखकर उनकी सेवा की जा रही है। दूसरा कार्यक्रम मुख्यमंत्री सहभागित योजना है। इसके तहत कोई भी किसान अपने घर में चार गोवंश रख सकता है, सरकार उसे नौ सौ रुपए प्रति गोवंश हर माह डीबीटी के माध्यम से दे रही है। तीसरी योजना के तहत कुपोषित परिवारों को हम गोवंश उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आजादी के बाद किसी ने सोचा नहीं होगा कि यहां के पशुपालकों द्वारा उत्पादित होने वाले दुग्ध को वैश्विक बाजार में स्थान क्यों नहीं मिल पा रहा है। उसका कारण था बीमार पशुओं के दुग्ध के नमूने फेल हो जाते थे।

### कैसे मिलेगा योजना का लाभ

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि पशु उपचार, पशुपालक के द्वार योजना भारत सरकार के सहयोग से संचालित हो रही है। सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही इस योजना में पशुपालकों से केवल उनके पशुओं के पंजीकरण का शुल्क लिया जाएगा। टोल फ्री नंबर पर कॉल के एक घंटे के अंदर ही मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुपालक के द्वार पर होगी। योजना के लिए प्रदेश को पांच जोन (लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर आगरा और मेरठ) में बांटा गया है, जिन्हें पांच ऑपरेटर संचालित करेंगे। जनपदों में सभी मोबाइल वेटरनरी यूनिट हाइब्रिड मॉडल पर संचालित होंगी जो देश में अपने तरह का अनूठा मॉडल है। जनपद में 50 प्रतिशत वाहन निर्धारित रूट पर चलेंगे, जबकि 50 प्रतिशत वाहन इमरजेंसी सेवाओं के लिए टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से संचालित होंगे। इमरजेंसी सेवाएं प्रातः 10 बजे से आठ बजे तक संचालित होंगी। वहीं निर्धारित रूट पर संचालित होने वाली वैन प्रातः आठ बजे से दोपहर दो बजे तक कार्य करेंगी। निदेशालय में स्थापित एकीकृत कंट्रोल एवं कमांड सेंटर द्वारा सभी मोबाइल वेटरनरी यूनिट की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

## सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी की सक्रिय राजनीति में एंट्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकीं दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी सक्रिय राजनीति में एंट्री कर चुकी हैं। प्रदेश भाजपा ने उन्हें लीगल सेल का को-कन्वीनर नियुक्त किया है। बांसुरी स्वराज को पार्टी में पहली बार पद मिला है। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से किया है, जो प्रदेश अध्यक्ष की तरफ से बांसुरी की पहली नियुक्ति भी है। सक्रिय राजनीति में आने के साथ ही बांसुरी ने ट्वीट कर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। ट्वीट में लिखा कि प्रदेश भाजपा विधि प्रकोष्ठ में प्रदेश सह-संयोजक के रूप में पार्टी की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए आदरणीय पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अत्यंत आभारी हूं।









## 15 आईपीएस का तबादला

**इधर से उधर**

**कई अफसरों को तैनाती की जगह प्रोन्नति वाले पद पर किया गया तैनात**

**लखनऊ।** डीजीपी मुख्यालय ने रविवार को 15 आईपीएस का तबादला कर दिया। कई अधिकारियों को उनकी तैनाती वाले स्थान पर ही प्रोन्नत पद पर भेजा गया है। डीजीपी मुख्यालय के प्रवक्ता के मुताबिक डीजीपी के जीएसओ और एडीजी पुलिस मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे एन. रविन्दर को एडीजी पुलिस मुख्यालय बना दिया गया है। जबकि डीजीपी के जीएसओ का उनको अब अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। पीएसी पश्चिमी जोन के आईजी अमित चंद्रा को मुरादाबाद में एडीजी पीटीसी के पद पर भेजा गया है। वे इस पद पर वर्तमान में तैनात एडीजी रवि जोसेफ लोक्कू के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यमुक्त होने के बाद कार्यभार ग्रहण करेंगे। कानपुर में डीआईजी पीएसी रामलाल वर्मा को ईओडब्ल्यू, लखनऊ में आईजी पश्चिमी बनाया गया है। अयोध्या में डीआईजी पीएसी अनिल कुमार को प्रयागराज में आईजी पीएसी पूर्वी जोन बनाया गया है। बस्ती रेंज के डीआईजी रामकृष्ण भारद्वाज को अब आईजी रेंज बस्ती बनाया गया है। इसी तरह गोरखपुर रेंज के डीआईजी जे. रविन्दर गौड़ को भी वहां आईजी बना दिया गया है। डीआईजी यातायात एवं सड़क सुरक्षा सुभाष चंद्र दुबे को आईजी यातायात बना दिया गया है। आजमगढ़ रेंज के डीआईजी अखिलेश कुमार को भी आजमगढ़ का आईजी रेंज बना दिया गया है। आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त केशव कुमार चौधरी को वहीं अपर पुलिस आयुक्त बना दिया गया है। पुलिस मुख्यालय में एसपी मुख्यालय अनीस अहमद अंसारी को भी डीआईजी बना दिया गया है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त शिवा सिम्पी चनप्पा को वाराणसी कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। गाजियाबाद कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त को वहीं पर अपर पुलिस आयुक्त बना दिया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन में एसपी बबलू कुमार को वहीं डीआईजी बना दिया गया है। आरटीसी चुनार में एडिशनल एसपी ब्रजेश कुमार मिश्रा को पीटीएस सुल्तानपुर में एसपी बनाया गया है। बरेली स्थित 8वीं वाहिनी पीएसी के उप सेनानायक आशुतोष शुक्ला को मुरादाबाद में एसपी रेलवे बनाया गया है।

## लखीमपुर खीरी में कोरोना से हड़कंप

**लखीमपुर।** कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से बड़ी खबर सामने आई है। जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 37 छात्राएं कोरोना संक्रमित मिली हैं। शनिवार रात आई रिपोर्ट में इन छात्राओं में संक्रमण की पुष्टि हुई, जिससे विद्यालय और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। रविवार को सीएमओ के साथ विद्यालय पहुंची स्वास्थ्य टीम ने छात्राओं को विद्यालय में क्वारंटीन कर दवाएं उपलब्ध कराई हैं। इनके संपर्क में आने वाले लोगों के सैंपल लिए जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से संक्रमण से बचाव के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। मतौली कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की एक छात्रा पांच दिन पहले कोरोना संक्रमित मिली थी। कक्षा आठ की छात्रा होली की छुट्टी पर घर गई थी। लौटने के बाद अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। इस पर उसे सीएचसी पर दिखाया गया। जब कोरोना जांच कराई गई तो आरटीपीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

# मनरेगा श्रमिकों को मोदी सरकार का तोहफा

## वर्ष 2022-23 तक मनरेगा के तहत 1514 करोड़ सक्रिय श्रमिक

**नई दिल्ली।** मनरेगा श्रमिकों के लिए खुशखबरी है। केंद्र मनरेगा के 100 दिनों के काम के लिए मजदूरी बढ़ाने जा रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 24 मार्च को एक अधिसूचना में कहा कि अगले वित्तीय साल से 100 दिनों के काम के लिए वेतन में वृद्धि की जाएगी, लेकिन हर राज्य में ऐसा नहीं होने वाला हरियाणा में 100 दिनों के काम की मजदूरी सबसे अधिक तय की गई है। यहां 357 रुपये प्रति दिन दिहाड़ी तय की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में सबसे कम मजदूरी दी जा रही है, यहां 221 रुपए प्रति दिन दिहाड़ी तय की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की धारा 6 (1) के तहत जारी अधिसूचना के अनुसार केंद्र इस अधिनियम के लाभार्थियों का वेतन तय कर सकता है। इस बार केंद्र ने अधिसूचना के साथ दैनिक मजदूरी में औसतन 7 रुपये से बढ़ाकर 24 रुपये कर दी है। इसे एक अप्रैल से लागू किया जाएगा।

**बढ़ाई दिहाड़ी**

**राजस्थान में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में सबसे कम दिहाड़ी**

**बिहार, झारखंड में 100 दिन के काम की दिहाड़ी में पिछले साल के मुकाबले इस साल आठ फीसदी बढ़ोतरी**

100 दिनों के काम के मामले में पिछले साल की तुलना में इस साल राजस्थान में दिहाड़ी सबसे ज्यादा बढ़ी है। 2022-23 में दिहाड़ी 231 रुपये थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 255 रुपए हो गई है।

बिहार, झारखंड में 100 दिन के काम की दिहाड़ी में पिछले साल के मुकाबले इस साल आठ फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल दिहाड़ी 210 रुपए थी। इस साल बढ़कर 228 रुपए हो गई है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में देश भर में सबसे कम दिहाड़ी है। हालांकि, इन





दोनों राज्यों में पिछले साल की तुलना में दिहाड़ी में 17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में इन दोनों राज्यों में 100 दिन के काम की दैनिक मजदूरी 204 रुपये थी। कर्नाटक, गोवा, मेघालय, मणिपुर में 100 दिनों के काम की दैनिक मजदूरी बहुत कम दर से बढ़ी। इन सभी राज्यों में 2 से 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। मनरेगा दुनिया के सबसे बड़े कार्य गारंटी कार्यक्रमों में से एक है। योजना का प्राथमिक उद्देश्य किसी भी ग्रामीण परिवार के सार्वजनिक कार्य से संबंधित अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है। वर्ष 2022-23 तक मनरेगा के तहत 1514 करोड़ सक्रिय श्रमिक हैं।

# इसरो की अंतरिक्ष में ऊंची छलांग

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को एक और इतिहास रचा। रविवार सुबह नौ बजे इसरो के एलवीएम3 रॉकेट ने ब्रिटिश कंपनी वनवेब के 36 उपग्रहों को लेकर उड़ान भरी। सफलतापूर्वक एक साथ 36 उपग्रह लॉन्च करने के पीछे इसरो प्रमुख ने एलवीएम3 रॉकेट को श्रेय दिया है। उन्होंने कहा है कि एलवीएम3 रॉकेट गगनयान के लिए अनुकूल है। इसने अभी तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। गौरतलब है कि एलवीएम3 रॉकेट (पूर्व में जियोसिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल एमके थ्री), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का अब तक का सबसे भारी लॉन्च वाहन है।

इस सफलता को हासिल करने के बाद मिशन कंट्रोल सेंटर में वैज्ञानिकों को संबोधित करते इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि एलवीएम3 रॉकेट में गगनयान मिशन के लिए जरूरी लॉन्चरों की तरह ही एस200 मोटर्स लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि इस रॉकेट (एलवीएम3-एम3) में एस200 मोटर्स भी हैं जिन्हें बढ़े हुए मार्जिन और विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है। यह गगनयान कॉनफि गरेशन के अनुकूल हैं। इसरो प्रमुख ने कहा हमें खुशी है कि इसने इस मिशन में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस रॉकेट में और भी कई सुधार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य इसे अन्य चरणों और प्रणालियों में भी मानव-रेटेड बनाना है। मैं गगनयान मिशन की दिशा में भी हो रही प्रगति को देखकर बहुत खुश हूं।

गौरतलब है कि इसरो ने अगले साल जून में चंद्रयान -3 मिशन को चंद्रमा पर



**उपलब्धि**

**लांच किया देश का सबसे बड़ा रॉकेट, वनवेब इंडिया-2 मिशन के तहत 36 उपग्रह तय कक्षा में स्थापित**

लॉन्च करने की योजना बनाई है। इसके तहत गगनयान मिशन में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन को 2024 की चौथी तिमाही में लॉन्च करने का लक्ष्य रखा गया है। भविष्य के मिशनों के बारे में बोलते हुए इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक अप्रैल में एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के व्यावसायिक प्रक्षेपण की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही अगले लॉन्च अभियान के लिए तैयार हो रहे हैं। इसलिए, सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा बाद के लॉन्च मिशन के लिए काफी काम करने वाला है। इस दौरान इसरो प्रमुख ने केंद्र सरकार का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं हमारे प्रधान मंत्री और साथ ही सरकार को लॉन्च व्हीकल को वाणिज्यिक लॉन्च के लिए उपलब्ध कराने में हमारा समर्थन करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

# यूपी की आईएएस अफसर के पति गिरफ्तार

**नोयडा।** यूपी की आईएएस अफसर अपर्णा यू के पति जीबीएस भास्कर को करीब 3,300 करोड़ के घोटाले मामले में आंध्र प्रदेश सीआईडी की टीम नोएडा से गिरफ्तार कर ले गई। भास्कर को आंध्र पुलिस 16 मार्च को गिरफ्तार कर तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर हैदराबाद ले गई। भास्कर पर सरकारी योजना में फजीवाड़ा कर धन जुटाने का आरोप है। घोटाले के वक्त अपर्णा यू प्रतिनियुक्ति पर आंध्र के कौशल विकास विभाग में तैनात थीं। उस समय कौशल विकास परियोजना के लिए सीमेंस इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर प्रा. लि से 58 करोड़ में सॉफ्टवेयर खरीदा गया था। भास्कर तब कंपनी के नोएडा कार्यालय में कार्यरत थे। आरोप के अनुसार,

**कार्रवाई**

**जीबीएस भास्कर को करीब 3,300 करोड़ के घोटाले मामले में आंध्र प्रदेश सीआईडी की टीम ले गई हैदराबाद**

दस्तावेज फजीवाड़ा कर सॉफ्टवेयर की मनमानी कीमत दर्ज कर दी गई। तत्कालीन आंध्र सरकार ने प्रोजेक्ट की 10 फीसदी राशि और टैक्स मिलाकर करीब 371 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया था। अपर्णा यू अभी यूपी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक हैं।

करीब 3300 करोड़ के घोटाले के मामले में आईएएस अपर्णा यू के पति जीबीएस भास्कर की नोएडा से गिरफ्तारी के बाद आंध्र प्रदेश सीआईडी की टीम ने शनिवार को एक बार फिर दबिश दी। सीआईडी के चार सदस्यीय टीम सेक्टर-50 आलोक विहार-1 स्थित आईएएस के फ्लैट पर पहुंची। जहां ताला लगा देखकर टीम लौट गई। भास्कर को आंध्र प्रदेश पुलिस 16 मार्च को नोएडा से गिरफ्तार कर ले गई थी। आशंका जताई जा रही है कि जीबीएस भास्कर से पूछताछ के बाद साक्ष्य जुटाने या किसी अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीम ने दबिश दी थी। वहीं इस बात की आशंका से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि टीम आईएएस से पूछताछ के लिए पहुंची हो। हालांकि इस मामले में स्थानीय पुलिस अधिकारी का कहना है कि अपर्णा यू लखनऊ में रहती हैं और घोटाले के केस में उनका नाम शामिल नहीं है। प्रदेश में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अपर्णा यू के पति जीबीएस भास्कर को आंध्र प्रदेश सीआईडी ने 16 मार्च को नोएडा से गिरफ्तार किया था। बताया गया है कि सीआईडी टीम ने भास्कर को सूरजपुर स्थित न्यायालय में पेश कर चार दिन की ट्रांजिट रिमांड मांगी थी। न्यायालय के तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड देने के बाद पुलिस टीम उन्हें हैदराबाद ले गई थी। भास्कर से पूछताछ के बाद सीआईडी टीम एक बार फिर शनिवार को नोएडा पहुंची। सेक्टर-49 कोतवाली में आमद दर्ज कराने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ सीआईडी की टीम सेक्टर-50 स्थित आलोक विहार-1 स्थित उनके फ्लैट पहुंची थी।

## राहुल गांधी ने बदला ट्विटर बायो लिखा-डिस्क्वालीफाइड एमपी

**नई दिल्ली।** सूरत की अदालत से दो साल की सजा और फिर लोकसभा की सदस्यता रद्द होने के बाद से कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। रविवार को राहुल के समर्थन में देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता सत्याग्रह कर रहे हैं। इस बीच, राहुल गांधी ने भी अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज किया। राहुल ने अपना ट्विटर अकाउंट का बायो अपडेट किया है। मतलब ट्विटर पर खुद की दी गई जानकारी को राहुल ने बदला है। इसमें उन्होंने खुद को अयोग्य सांसद लिख दिया है। राहुल के ट्विटर अकाउंट पर लिखा है, 'ये राहुल गांधी का आधिकारिक अकाउंट है। सदस्य,

**लोकसभा सदस्यता रद होने के बाद पूरे देश में कांग्रेस का सत्याग्रह आंदोलन**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।' इसके बाद सबसे अंत में उन्होंने लिखा है, 'अयोग्य सांसद'। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद शनिवार को कहा कि वह लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रहे हैं और डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अडाणी समूह से जुड़े सवालों से ध्यान भटकाने के लिए उन पर ओबीसी समुदाय के अपमान का आरोप लगा रही है।

# माफिया की बढ़ी धड़कन, साबरमती से प्रयागराज रवाना

## अहमदाबाद से चला काफिला, डीसीपी अभिषेक भारती को अतीक को लाने की जिम्मेदारी

**अहमदाबाद।** माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज पुलिस साबरमती जेल से प्रयागराज लाएगी। पुलिस की एक टीम शनिवार को साबरमती जेल पहुंची। अतीक को सड़क के रास्ते प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है। अतीक को लाने के लिए 40 सदस्यीय पुलिस टीम को भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक उमेश पाल अपहरण कांड में 28 मार्च को सजा का ऐलान हो सकता है। इसी कारण प्रयागराज पुलिस की एक टीम शनिवार को साबरमती जेल पहुंची। जेल अधिकारियों को केस के बारे में जानकारी देकर 28 मार्च की पेशी के बारे में भी बताया गया। इसके बाद अतीक अहमद प्रयागराज लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। अतीक अहमद को

**सख्ती**

**अतीक को लेकर रवाना हुए यूपी पुलिस के 40 जवान**

**अशरफ को भी बरेली जेल से ला सकती है पुलिस, वह भी आरोपी**

सड़क के रास्ते प्रयागराज लाया जाएगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यात्रा में कम से कम 24 घंटे की होगी। प्रयागराज पुलिस लाइन से दो प्रिजन वैन भेजी गई है। बताया जा रहा है कि 40 सदस्यीय पुलिस टीम भेजी गई है। माफिया को लेकर पुलिस प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है। उसे लेकर पुलिस 1270 किलोमीटर की दूरी करीब 21




घंटे में तय करेगी। रास्ते में पड़ने वाले सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को इस बारे में एलर्ट किया गया है। सूत्रों के अनुसार अतीक अहमद यूपी आने में आनाकानी कर रहा था। अदालत का आदेश होने के कारण पुलिस उसे किसी भी तरह से लेकर यूपी आने के लिए कमर कस चुकी है। अतीक अहमद को साबरमती जेल से यूपी लाने की जिम्मेदारी आईपीएस अभिषेक भारती को मिली है। अभिषेक भारती वर्तमान में डीसीपी गंगानगर के पद पर तैनात हैं। उनके नेतृत्व में तीन एसीपी और 40 पुलिसकर्मियों का दस्ता साबरमती जेल पहुंचा है। दो प्रिजन वैन और तीन चार पहिया गाड़ियों से पुलिस की टीम साबरमती जेल पहुंची है। अतीक अहमद के छोटे भाई अशरफ को भी पुलिस बरेली जेल से प्रयागराज ला सकती है। सूत्रों के मुताबिक सजा के ऐलान के समय वह भी अतीक अहमद के साथ कटघरे में मौजूद रहेगा। उमेश पाल हत्याकांड के मामले में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, पुत्र असद, अली, उमर, शूटर, गुलाम, साबिर, मुस्लिम गुड्डू आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। डीजी (जेल) आनंद कुमार ने कहा कि अतीक को प्रयागराज जेल की हाई-सिक्योरिटी बैरक में रखा जाएगा। उसके सेल में सीसीटीवी कैमरा होगा। जेल कर्मचारियों को उनके रिकॉर्ड के आधार पर चुना और तैनात किया जाएगा। उनके पास बॉडी वियर कैमरे होंगे। जेल मुख्यालय वीडियो वॉल के माध्यम से चौबीसों घंटे उसकी निगरानी करेगा।

### अखिलेश ने कसा तंज

उधर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में यूपी सरकार पर तंज कसते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रियों को बता दिया होगा कि गाड़ी पलट जाएगी। तभी उनके मंत्री ऐसे बयान दे रहे हैं।

# 'बुलेट पे जीजा' फेम आकांक्षा दूबे ने लगायी फांसी

**होटल में खुदकुशी**

### मौके पर नहीं मिला कोई सुसाइड नोट, वजह तलाशने में जुटी पुलिस

### अभिनेत्री आकांक्षा की मौत भोजपुरी इंडस्ट्री के लिए तगड़ा झटका





**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री और 'बुलेट पर जीजा' गाने से स्टर बनी आकांक्षा दुबे ने सारनाथ स्थित होटल सोमेंद्र में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का कब्जे मे लिया और आगे की कार्रवाई में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सारनाथ संवाददाता के अनुसार फांसी लगाने के पीछे की वजह क्या रही इसकी तलाश में पुलिस जुट गयी है। आकांक्षा से संपर्क में रहने वालों से भी पूछताछ पुलिस करेगी।

अभिनेत्री के घर वालों से भी जानकारियां जुटाने के लिए संपर्क किया गया। आकांक्षा के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया। वहीं दूसरी तरफ अभिनेत्री की मौत की सूचना पर भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्रीज सदमें में है।

टिक टॉक से शुरुआत और बाद में भोजपुरी फिल्म और एलबम की बेहतरीन अदाकारा बन गयी थी। ज्यादातर उनका वीडियो भोजपुरी सिंगर समर सिंह के साथ था। हालांकि कई और स्टार के साथ इनको काम करते देखा गया। महज 25 साल अभी उम्र थी ऐसे में उनकी मौत भोजपुरी के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है। आकांक्षा दुबे भदोही के बदहवा गांव रहने वाली थीं। लेकिन पूरा परिवार मुंबई के नालासोपारा में रहता था। बीते दो तीन दिन से किसी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में डायरेक्टर और क्रु मेंबर के साथ सारनाथ स्थित होटल सोमेंद्र में रूकी थीं। घटना की जानकारी तब मिली जब उन्हें शूटिंग के लिए तैयार करने मेकअप मैन पहुंचा। दरवाजा खटखटाया लेकिन नहीं खुला। फोन भी किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। फिर होटल वालों ने मास्टर चाभी से दरवाजा खोला तो देखा की शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका था।

### इंस्ट्राग्राम पर 1.7 मिलियन फॉलोवर

आकांक्षा शोसल मीडिया पर भी काफी एक्टिव थी। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनके फैन फॉलोवर की संख्या 1.7 मिलियन थी। भोजपुरी गाने के अलावा मॉडलिंग और फिल्मों में काम की सराहना जमकर होती थी। आकांक्ष दुबे के काम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भोजपुरी इंडस्ट्री हर बड़ा सिंगर इनके साथ काम कर चुका है। अभिनेत्री के आत्महत्या की सूचना पर भोजपुरी इंडस्ट्रीज भी सदमें में है और गहना दुख व्यक्त किया।

### बर्थडे पार्टी में गई थी और रात दो बजे लौटी

आकांक्षा शनिवार की रात किसी बर्थडे पार्टी में शामिल होने गयी थी। जाने से पहले उन्होंने ये बात अपने सहयोगियों और फिल्म से जुड़े लोगों को बताया था। करीब रात दो बजे लौटी, बताया गया कि उन्हें छोड़ने कोई लड़का आया था और करीब 17 मिनट होटल में साथ रूका फिर चला गया। आकांक्षा के साथ ऐसा क्या हुआ कि उसने आत्मघाती कदम उठाना पड़ा।

### शनिवार की रात तक नहीं चेहरे पर कोई शिकन

आत्महत्या से पहले यानी शनिवार की रात आकांक्षा ने इंस्टाग्राम पर अपने डांस वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह चलेलू डहरिया, करिहइयां ऐ गोरी हिलोर मारे पर डांस करती दिखीं। रविवार अलसुबह सुपरस्टार पवन सिंह के साथ आकांक्षा दुबे का नया गाना 'ये आरा कभी नहीं हारा' रिलीज हुआ। इसके कुछ घंटे उनके खुदकुशी की खबर सामने आई। हालांकि आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर लाइव आयी थी और काफी उदास भावुक बातें करती दिखी। 'कहां बुरी कल भी नहीं थी अच्छी आज भी नहीं हूं'इस दौरान उनके फॉलोवर्स कमेंट बॉक्स में इस उदासी का कारण भी पूछते नजर आयें लेकिन उन्होंने कुछ खुलकर नहीं बोला। बताया गया कि इसी लाइव के बाद उन्होंने फांसी लगाकर जान दी।

# हाइवा से टकराया ट्रेलर, चालक घायल



**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थानाक्षेत्र के भिखारीपुर गांव के सामने हाईवे पर रविवार की सुबह प्रयागराज की तरफ से आ रही ट्रेलर सामने जा रहे हाइवा से टकरा गयी। हादसे में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान हरदोई जिले के महमूदपुर सरैया थाना पिहानी निवासी रिजवान के तौर पर हुई। सूचना पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान ने चालक को इलाज के लिए एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर भिजवाया।

वहीं दूसरी तरफ स्कूटी और बुलेट की टक्कर में एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मंडुवाडीह क्षेत्र के पहाड़ी (नकाइन) में रविवार की शाम बुलेट सवार व स्कूटी में टक्कर हो जाने से स्कूटी सवार प्यारेलाल मौर्या 52 वर्ष निवासी मड़ावभुल्लनपुर को पैर व अन्य जगहों पर गंभीर चोट आयी है वहीं बुलेट सवार दीपक पटेल 21 वर्ष को मामूली चोट आयी।

# मंडलीय अस्पताल में स्थापित करेंगे एलएमओ प्लांट

**मुआयना**

### सीडीओ ने चिकित्सालय का निरीक्षण कर संयत्र के लिए स्थान किया चिह्नित

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल में जल्द ही लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन यानि एलएमओ प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस दिशा में चल रही तैयारियों के क्रम में रविवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने चिकित्सालय परिसर का मौका-मुआयना कर प्लांट लगवाने के लिए स्थान चिह्नित किया।

सीडीओ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप चौधरी के साथ मंडलीय अस्पताल पहुंचे थे। वहां उन्होंने एसआईसी डॉ. एसपी सिंह, डॉ. मुकुंद श्रीवास्तव को साथ लेकर परिसर का निरीक्षण किया। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि प्लांट स्थापित करने के स्थान का चयन कर लिया गया है। यह प्लांट इमर्जेंसी विभाग के पीछे खाली स्थान पर लगाया जाएगा। लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट के जरिये एयर सेपरेशन की मदद से प्लांट से हवा को ऑक्सीजन से अलग करते हैं।

प्लांट में ऑक्सीजन बनाने के लिये को हवा को कंप्रेस व फिल्टर कर अन्य गैस और अशुद्धियों को अलग करने के बाद ऑक्सीजन तरल रूप में बदलने पर उसे एकत्र कर लिया जाता है। इस दौरान श्री नागपाल ने महिला अस्पताल का भी जायजा लिया। उन्होंने एसआईसी डॉ. मनीषा सिंह सेंगर, अधीक्षक डॉ. राजेश्वर सिंह के साथ ओपीडी, ऑक्सीजन प्लांट, जनऔषधि केंद्र, पंजीकरण कक्ष और एमसीएच विंग देखा।



सीडीओ हिमांशु नागपाल ने रविवार को मंडलीय अस्पताल का निरीक्षण कर लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट के लिए स्थान का चयन किया

### ...ताकि न हो ऑक्सीजन की कमी

कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी के चलते भारी संख्या में मरीजों की मौत हो गयी थी। तब शासन ने प्रदेश के सभी अस्पतालों में एक से दो ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कराया था। उसके बावजूद कभी-कभी आपात स्थिति उत्पन्न होने पर ऑक्सीजन की कमी न हो, इस उद्देश्य से मंडलीय अस्पताल में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट लगाने की तैयारी हो रही है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2001 अनुक्रमांक 0767339 का मूल प्रमाण पत्र कही खो गया हैं। मन्जू मौर्या ग्राम-छतरीपुर पोर कुटीर चक्के जिला- जौनपुर।

MAHESH KHAIRNAR व MAHESH RAVINDRA KHAIRNAR दोनों नाम एक व्यक्ति का है। MAHESH RAVINDRA KHAIRNAR S/o RAVINDRA PANDURANG KHAIRNAR फ्लैट नं0-सी-72, स्वास्तिक टॉवर, लंका, वाराणसी।

मेरे पुत्र का नाम स्कूल के अभिलेख मे त्रुटि से अभिनव कुमार पिता कमलेश माता सीमा हो गया है जबकि सही नाम अभिनव कुमार यादव, पिता कमलेश यादव व माता सीमा यादव है। कमलेश यादव पुत्र श्री कपिलदेव यादव, निवासी- ग्राम- पोस्ट- नगरा (तिलकारी), परगना- सिकन्दरपुर गर्वी, तहसील- रसड़ा, जिला- बलिया।

मेरे पुत्र का नाम स्कूल अभिलेख मे त्रुटि से अमन कुमार पिता कमलेश व माता सीमा हो गया है जबकि सही नाम अमन कुमार यादव, पिता कमलेश कुमार यादव व माता सीमा यादव है। कमलेश यादव पुत्र श्री कपिलदेव यादव, ग्राम - पोस्ट- नगरा (तिलकारी), परगना- सिकन्दरपुर गर्वी, तहसील- रसड़ा, जिला- बलिया।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राकेश कुमार जायसवाल पुत्र गनेश प्रसाद जायसवाल निवासी मिल्की मुहल्ला सिकन्दरपुर, तहसील-सिकन्दरपुर, जिला- बलिया, उप्र ने दिनांक 02/04/2019 को तहसील सिकन्दरपुर में बैनामा कराया था। इसका बही संख्या-01, जिल्द संख्या-1714 के पृष्ठ 1 से 36 तक क्रमांक संख्या-727 है। इसके बैनामा की मूल प्रति कही खो गया है। राकेश कुमार जायसवाल पुत्र गनेश प्रसाद जायसवाल
मो. नं.-7355348681

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-स्व0 शांति देवी शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान करंजी हरिहर जखनियां गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृह विज्ञान तथा प्राचीन इतिहास विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों के अंदर भेजे। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक - मो0-9918977222

# एक साल से जेनरेटर बना शो-पीस



**वाराणसी।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के शिवपुर स्टेशन पर इंस्टाल करने के लिए आया जेनरेटर एक साल से शोपीस बना है। इलेक्ट्रिक विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यह जेनरेटर जंग खा रहा है।

जानकारी के अनुसार शिवपुर स्टेशन को लगभग आठ करोड़ रुपये से संवारा जा रहा है। लखनऊ मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से लगातार निरीक्षण के दौरान इस बात को दोहराया गया कि आगामी समय में शिवपुर स्टेशन से कई ट्रेनों को ना सिर्फ संचालित किया जा सकता है बल्कि सभी ट्रेनों को ठहराव भी दिया जा सकेगा। इसके चलते प्लेटफार्म की लंबाई व दो नंबर प्लेटफार्म को भी संवार दिया गया है। गुड्स शेड को भी बनाया जा रहा है। बावजूद इसके इस स्टेशन पर एक साल से आकर रखे गये जेनरेटर इलेक्ट्रिक विभाग की लापरवाही के चलते धूल फटांक रहा है। इलेक्ट्रिक विभाग के कर्मचारियों ने अभी तक इस जेनरेटर को स्टेशन पर इंस्टाल नहीं किया। एक साल से इस जेनरेटर के संचालित ना होने से इसकी मियाद भी खत्म हो रही होगी।

# संदिग्ध हालात में ट्रक चालक की मौत

**रहस्यमय**

### केबिन में चालक और खलासी दोनों साथ सोए थे



**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत कोईराजपुर गांव में स्थित मुर्गी के चारे के गोदाम के बाहर खड़े ट्रक में संदिग्ध हाल में ट्रक चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

अमेठी जनपद के थाना जगदीशपुर अंतर्गत पूरेभरथरा रसुलपुर का रहने वाला (62) मोहम्मद सलीम शनिवार को अमेठी जनपद के जगदीशपुर से मुर्गी का चारा ट्रक पर लादकर वाराणसी आया था। उसके साथ अमेठी जनपद के सरैया का रहने वाला 22 वर्षीय खलासी मनीराम भी ट्रक में मौजूद था। रविवार को अलसुबह करीब चार बजे वह ट्रक लेकर कोईराजपुर स्थित गोदाम के बाहर पहुंचा। गोदाम में मुर्गी का चारा उतारना था। खलासी मनीराम ने बताया कि रात होने के चलते हम लोग ट्रक में ही सो गए। थोड़ी देर बाद सलीम को खांसी आने लगी तो मनीराम ने ट्रक चालक सलीम को दवा लेने के लिए कहा लेकिन रात होने के चलते दवा लेने नहीं जा सका। उसके बाद सलीम और मनीराम दोनों फिर ट्रक के केबिन में ही सो गए। सुबह होने के बाद मनीराम जब सलीम को उठाने लगा तो वह नहीं उठा उसके बाद मनीराम शोर मचाने लगा। मनीराम के शोर मचाने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा एंबुलेंस को सूचना दिए। सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचे हरहुआ चौकी प्रभारी सचिन पटेल चालक को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक चालक के पास मिले कागजात के आधार पर उसके परिजनों को सूचना देने के साथ पुलिस उसके शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई।

दोपहर में अमेठी से पहुंचे परिवार वालों ने बताया कि मृतक के दो बेटे दुबई में रहते हैं पत्नी बच्चों के साथ घर पर रहती हैं सूचना मिलने पर पत्नी परिवार वालों के साथ पहुंची पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर अमेठी चली गई।

### पिकअप की चपेट में आने से मौत

**हादसा**

### मुंबई से आ रहे बेटे को स्टेशन लेने के लिए निकला था पिता

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह क्षेत्र के चितईपुर में रविवार की भोर में पिकअप के धक्के से राजनाथ सरोज (47) निवासी जहांनगंज जिला आजमगढ़ की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पीएम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मृतक राजनाथ सरोज चितईपुर में किराए पर रहकर एक स्टील की दुकान में काम करता था। मंडुवाडीह थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि राजनाथ का लड़का मुम्बई से आ रहा था और लड़के को लेने के लिए वह रविवार की भोर में स्टेशन के लिए निकला था। सड़क पर आया और एक ऑटो वाले को रुकवाया जैसे ही बैठने जा रहा था कि एक पिकअप तेजगति से आयी और उसे टक्कर मार दी। राजनाथ की मौत हो गयी। मृतक के पुत्र की तहरीर पर मंडुवाडीह पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## इप्टा की बैठक में शिक्षकों ने रखी मांग

**वाराणसी।** भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ इप्टा की रविवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय राय प्रियदर्शी ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार देश के 50 लाख प्लस निजी शिक्षकों का संविधान में एक पहचान अर्थात एक एक्ट बनाये जिसके लिए हम सब निजी शिक्षक भारत सरकार के द्वारा चलाई गई दो महत्वपूर्ण योजनाएं भारत की नई शिक्षा नीति एवं आत्म निर्भर भारत के सपना को पूरा कर सकें। अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ परमानंद मोदी ने किया, राष्ट्रीय सचिव सह पार्षद डॉक्टर नथुनी सिंह की भी सभी को संबोधित किया। प्रमुख वक्ताओं ने संगठन को मजबूत एवं विस्तारीकरण करने के लिए अपने सुझाव एवं विचार रखे। डॉक्टर निशांत सिंह, वसीम रजा, संजीव झा, मनोज साहनी, प्रदीप सिंह, ने अपनी बात रखी। संचालन संजय राय प्रियदर्शी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया।

### बाइक की टक्कर में दो घायल

**सेवापुरी ।** कपसेठी बाजार भदोही मार्ग पर दो बाइक की टक्कर हो गयी। दुर्घटना में दो घायल हुए। एक की हालत चिंताजनक बतायी गयी। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। राजू गुप्ता निवासी बरसता अपनी बाइक से कपसेठी बाजार जा रहा था इस दौरान सामने से एक और बाइक सवार आ गया। दोनों की टक्कर हो गयी।

# जीआरपी ने दर्द निवारक इंजेक्शन के साथ गांजा पकड़ा

**कार्रवाई**

### ड्रग इंस्पेक्टर ने इंजेक्शन को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा लखनऊ



**वाराणसी।** कैंट जीआरपी के लिए रविवार का दिन सफलता भरा रहा, एक ओर जहां हावड़ा से वाराणसी आ रहे नौ लाख कीमत की दर्द निवारक इंजेक्शन को ट्रेन से बरामद किया वहीं जांच के दौरान दो किलों गांजा के साथ एक को गिरफ्तार किया।

जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया मुखबिर से सूचना मिली कि हावड़ा से प्रयागराज जा रही ट्रेन संख्या 12333 विभूति एक्सप्रेस में बड़ी मात्रा में नशीली इंजेक्शन रखा गया है, जो वाराणसी में सप्लाई किया जायेगा, यह इंजेक्शन नशा करने केस साथ ही दवा के में भी प्रयुक्त होता है, इस पर टीम सक्रिय हो गयी, ट्रेन रविवार की सुबह लगभग 10:00 बजे वाराणसी जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर पहुंची तो जीआरपी टीम ने पार्सल बोगी को घेर लिया और उसे खुलवाया। पार्सल कर्मियों के माध्यम से टीम ने पार्सल बोगी में रखे गये कुल 49 कार्टून (बण्डल) ट्रेन से उतारा, एक बंडल को खोलकर चेक किया गया तो उसमें बोप्री नार्फीन इन्जेक्शन मिला, जो दर्द निवारक दवा के रुप में इस्तेमाल किया जाता है। जीआरपी द्वारा इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी गयी। मौके पर पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर चंद्रेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि इंजेक्शन दर्द निवारक है ज्यादा मात्रा में लेने पर नशे का भी रुप लेता है।

बहरहाल इंजेक्शन को लखनऊ स्थित राजकीय प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजद दिया गया है। बाताया कि इंजेक्शन नकली है या असली इसको रिपोर्ट आने के बाद ही बताया जा सकता है।

बहरहाल इंजेक्शन को ड्रग विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि 49 कार्टून में कुल 147000 (एक लाख सैतालिस हजार) इन्जेक्शन है, जिसकी किमत - 1176000 (गयारह लाख छियत्तर हजार)रु0 है।

### फोन के बाद भी नहीं आया खरीदार

हेमंत सिंह ने बताया कि पूरे माल का कागज भी मिला है जिसमें बेचने वाले व खरीदने वाले सहित पे-वे बिल भी है बताया कि दुर्गाकुंड स्थित जिस खरीदार के यहां इंजेक्शन जाना था कई बार फोन करने के बाद भी इस इंजेक्शन को वह लेने नहीं आया। इससे मामला और संदिग्ध होता गया।

### 2.1 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

जाचं के दौरान जीआरपी ने आरपीएफ एसआई राकेश सिंह की मदद से रविवार को न्यू प्रतीक्षालय हाल से लोहता निवासी जाकिर हुसैन (22)पुत्र मुस्लिम अंसारी को गिरफ्तार किया उसके पास से कुल 2.1 किलो गांजा बरामद हुआ। जिसकी कीमत 16,800 रुपये है।

## संक्षेप

### डिवाइडर से टकराई कार, पति-पत्नी और बच्चा घायल



**रोहनिया।** रोहनिया थानाक्षेत्र के मोहनसराय चौकी अंतर्गत शाहावाबाद स्थित सड़क पर झपकी आने से डिवाइडर से कार टकरा गई। हादसे में कार सवार पति पत्नी और दो बच्चे घायल हो गया। कार सवार कौशांबी के हैं और घायलों की पहचान अरविंद भार्गव पत्नी नीलम और बेटा प्रिंस और इशानी के तौर पर हुई। इशानी लोगों ने निजी अस्पताल भेजा जहां पर सभी का उपचार के लिए भर्ती कराया।

### 15 लाख की आइसीयू मशीन बेचने पर केस

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के महमूरगंज इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल में कार्यरत स्टाफ नर्स आनंद कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। आरोप है कि आइसीयू से 15 लाख कीमत की मशीन चुराकर उसने बेच दिया है। सीसीटीवी फुटेज चोरी का घटना कैद होने के बाद मामले का खुलासा हुआ। मशीन वापस करने के लिए अस्पताल के प्रबंधक ने उसके ऊपर दबाव बनाया लेकिन मशीन बेच देने के कारण मशीन मिला नहीं। भेलूपुर पुलिस ने अस्पताल के प्रबंधक सुरेंद्र सिंह की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुट गई।

### खरीदा बर्तन और भाग निकला

**मिर्जामुराद।** कछवांरोड चौराहा निवासी विकेश मोदनवाल चौराहे पर बर्तन की दुकान चलाते है। शनिवार को सुबह दुकान पर बाइक सवार दो युवक पहुंचे दुकान दार से सात हजार पांच सौ का बर्तन खरीदा, उसके बाद पेमेंट गूगल पे से करने को बोले बर्तन व्यवसाई गूगल पे का नम्बर बताता बाइक सवार भाग निकले। सीसीटीबी कैमरे में दोनों की फोटो कैद हो गई। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया की दोनों उच्चकों की पहचान हो चुकी है। जल्द ही पुलिस पकड़ लेगी।

### दुकान में अराजकतत्वों ने लगायी आग

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अजगरा चौकी से चंद दूरी पर स्थित एक जनरल स्टोर्स व पान की गुमची में शनीवार देर रात को अराजकतत्वों ने आग लगा दी। आग से सबकुछ जलकर राख हो गया। देवरिया (अजगरा ) निवासी जनरल स्टोर्स संचालक कृष्ण बहादुर सिंह उर्फ करीमन सिंह ने चोलापुर थाने पर तहरीर दी। आरोप है कि ये कृत्य किसी मंनबढ़ आदमी ने किया है। पीडित कृष्ण बहादुर सिंह ने आगजनी की घटना में हुए नुकसान से काफी आहत है और चोलापुर पुलिस से घटना की जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है।

### दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के देवजी गांव में शनिवार की रात दुकान में आग लगने से हजारों की सम्पत्ति जलकर राख हो गए। देवजी गांव निवासी महेंद्र कन्नौजिया की जनरल स्टोर और लांड्री की दुकान हैं। शनिवार को रात्रि 9 बजे दुकान बन्द कर घर चले गए। रात में दुकान में आग लग गयी, ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी जबतक आग पर काबू पाती सब जलकर राख हो गया था। महेंद्र का कहना है कि आग लगी नही है रंजिश में आग लगाई गई है।

### पट्टीदार के खेत से मिट्टी निकालकर बेच दिया

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के अंधियारीपुर (निमाईच) पट्टीदार के खेत से जबरन मिट्टी निकालकर बेचने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दिए तहरीर में पूनम तिवारी का आरोप है कि उनका परिवार मुंबई रहते हैं। उनके चक के बगल में ही मेरे ससुर नरोदा तिवारी के छोटे भाई का चक है। बीते दिनों जबरन मेरे चक (जमीन) से मिट्टी निकाल कर बेचा गया। इस बात की जानकारी होने पर जब रोकना चाहा तो आरोपी मारपीट पर उतर आया। पूनम की माने तो पुलिस ने राजस्व का मामला बताकर पल्ला झाड़ लिया।

### गोकशी में अज्ञात पर मुकदमा

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के जक्खा इलाके में रहने वाले सुलाब पाल के नौ महीने के बछड़े को गला रेतकर मार डाला गया। सुलाब की शिकायत पर रविवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि उनके गायक का 9 महीने का बछड़ा शुक्रवार की रात में बगल में चला गया। सुबह उठकर खोजने पर बगल में स्थित एक बाउंड्री में खून से लथपथ मिला। उसका गला रेता गया था। पुलिस गौ हत्या निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से छानबीन में जुट गई।

### दर्शन के दौरान महिला की चेन चोरी

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के सरावां गांव स्थित मां भद्रकाली देवी के मंदिर में दर्शन करने गई एक महिला की चेन को उचक्कों ने निशाना बनाया और लेकर चलते बने। महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ कपसेठी थाने में तहरीर दी है। हरिभानपुर गांव निवासी पूनम सिंह पत्नी सूबेदार सिंह घर की अन्य महिलाओं के साथ उक्त मंदिर में दर्शन करने गई थी और भीड़भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने गले में पहनी चेन पर हाथ साफ कर दिए। चैन की कीमत 90 हजार बतायी गयी।

### गहना साफ करने की बात कहकर ले उड़े आभूषण

**रामनगर।** रविवार पुराने रामनगर में एक महिला का उचक्कों ने गहने साफ करने के बहाने कनफूल और मंगलसूत्र ले भागे। पीड़िता ने रामनगर पुलिस को मामले से अवगत कराया। जानकारी के अनुसार पुराने रामनगर निवासी नीरज चौरसिया बबलू का किले के समीप पान की दुकान है। नीरज अपनी दुकान पर बैठा था। इस बीच करीब 11 बजे घर पर दो उचक्के पहुंचे और पत्नी शशि चौरसिया को तांबे और पीतल का बर्तन साफ करने करने की बात कहकर झांसा में लिया। शशि ने तांबे का लोटिया साफ करने को दिया। उचक्कों ने लोटिया साफ करके वापस कर दिया फिर उचक्कों ने पैर का पायल मांगी फिर पायल भी साफ करके वापस कर महिला को विश्वास में ले लिया। फिर महिला से सोने के गहने साफ करने का ऑफर दिया तो महिला ने इनकार कर दिया। हालांकि बाद में झांसे में आ गयी। उचक्कों को कनफूल और गले का मंगलसूत्र सापॅऊ करने को दे दिया। इस दौरान उससे एक बॉक्स मांगा और पानी भरा और कहा कि गहनो को कुछ देर बाद निकालना और दोनों चले गये। कुछ देर बाद महिला ने जब बॉक्स खोला तो देखा कि गहने नहीं थे। गहनों की कीमत करीब 60 हजार आंकी गयी।

### स्टेशन पर पानी की सप्लाई रही बाधित

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन पर रविवार की सुबह लगभग एक से दो घंटे पानी की सप्लाई बाधित होने से यात्रियों को परेशानी हुई। सर्कुलेटिंग एरिया में बनाये वाटर टंकी से स्टेशन के सभी प्लेटफार्मो पर पानी की सप्लाई की जाती है। रविवार की सुबह प्लेटफार्म नंबर एक के काशी छोर के पास वाटर टैंक के मेन लाइन के वाल्व में कुछ खराबी आने के चलते टंकी से पानी की सप्लाई बंद कर दी गयी। जिससे चलते सभी प्लेटफार्म के साथ ही कार्यालयों में जाने वाली पानी की सप्लाई ठप हो गयी। सुबह का समय होने के चलते यात्रियों को पानी के लिए झेलना पड़ा, स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्काल संबंधित विभाग को मरम्मत के लिए लगाया, लगभग एक से दो घंटे में फाल्ट ठीक कर लिया गया। इसके बाद सभी प्लेटफार्म पर पानी की सप्लाई सुचारु रुप से कर दी ।

### समितियों पर निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष

**मिर्जामुराद।** साधन सहकारी समितियों के अध्यक्ष पद के लिए रविवार को हुए चुनाव के तहत लालपुर गांव स्थित लेड़ुवाई साधन सहकारी समिति पर राजबहादुर सिंह, खोचवां समिति पर हरि प्रकाश सिंह, ठठरा समिति पर रमेश



सिंह, मिर्जमुराद समिति पर अमरनाथ पटेल निर्विरोध अध्यक्ष (सभापति) चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्षों को अमरनाथ सिंह, सुरेंद्र त्रिपाठी, बबलू सिंह, ओमप्रकाश यादव, राहुल सिंह, सतीश सिंह, विधान सिंह आदि ने बधाई दी।

### फिर बारिश से और बढ़ी मुश्किल

**जंसा।** सेवापुरी विकास खंड में क्षेत्र में एकबार फिर रविवार की शाम तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश हुई। इस स्थिति से किसानों की चिंता खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। रुक-रुककर हो रही बेमौसम की वर्षा ने गेंहू, चना, सरसो, टमाटर और खीरा सीजन की अन्य सब्जियों को भारी नुकसान हो रहा है। इससे कृषकों की आर्थिक क्षति भी हो रही है। किसान जयप्रकाश पटेल ने बताया कि गेंहू की फसल पूरी तरह होने के बाद बेमौसम की बरसात की चपेट में है। यह मौसम फसल काटने का अवसर ही दे रहा है। यही हाल रहा तो बची हुई फसल खेत में ही नष्ट हो जाएगी। किसान धर्मेंद्र कुमार के मुताबिक सब्जियों को अत्यधिक क्षति पहुंची है।



### वासंतिक नवरात्र में कल

वासंतिक नवरात्र के सातवें दिन भवानी गौरी का दर्शन-पूजन करने की मान्यता है। देवी के इस रूप का विग्रह काशी विश्वनाथ गली में श्री राम मंदिर में स्थित है। कुछ लोग इस दिन मां अन्नपूर्णा का दर्शन पूजन करते हैं। ये भगवान भूत भावन विश्वनाथ की पटरानी है। नौ दुर्गा के दर्शन-पूजन करने के क्रम में कालरात्रि का दर्शन करने की मान्यता है। इनका विग्रह कालिका गली में स्थित है।

# वाराणसी



# अलर्ट मैसेज पर बिल जमा नहीं किया तो बिजली गुल

जितेंद्र श्रीवास्तव

**कसेगा शिकंजा**

**ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर यूपीपीसीएल ने राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए उठाया कदम**

**हड़ताल के चलते प्रभावित हुई राजस्व वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने का फरमान**

**जलने से बचाने को ट्रांसफॉर्मरों के लोड और ऑयल बराबर चेक करने के निर्देश**

**वाराणसी।** यदि आप बिजली का उपयोग करते हैं और आपके मोबाइल पर बिल जमा करने के मैसेज आते हैं और बिल जमा करने में आपसे चूक हो जाती है। तो अब आप सतर्क हो जाइए। विद्युत विभाग अब आपका बिल बनने के निर्धारित तिथि के पूर्व और बिल जाने के बाद आधा दर्जन से अधिक अलर्ट मैसेज भेजेगा। अलर्ट मैसेज मिलने के बाद यदि आपने बिल जमा नहीं किया तो आपके घर की बिजली गुल हो सकती है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) ने राजस्व वसूली बढ़ाने के दिशा में यह कदम बढ़ाया है। इस बाबत यूपीपीसीएल ने सभी डिस्कॉम कंपनियों को आदेश जारी कर दिये हैं। इसके साथ ही बड़े बकायेदारों के खिलाफ वसूली अभियान चलाने को भी कहा गया है।

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पिछले दिनों मोबाइल कंपनियों की तरह अलर्ट मैसेज भेजने के लिए उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबरों को बिलिंग सिस्टम में एकीकरण करने की शुरूआत की है। इस व्यवस्था से जिले के लाखों उपभोक्ताओं को फायदा भी होगा।



अब वे कहीं भी होंगे तो उनकी विद्युत व्यवस्था, बिल, कनेक्शन, डिसकनेक्शन आदि बातों की जानकारी अलर्ट मैसेज के माध्यम से मिल जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ड्यू डेट के पहले तथा ड्यू डेट के बाद दो से तीन एलर्ट मैसेज भेजने का निर्देश दिया है। कहा है कि किसी भी उपभोक्ता को बिल बनने पर शीघ्र ही उनको कम से कम छह से सात अलर्ट मैसेज भेजे जाएं। अंतिम अलर्ट मैसेज भेजने के बाद बिल न जमा करने पर उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया जाए। यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो इसके साथ ही राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए बड़े बकायेदारों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाने और बिल जमा न करने पर उनका कनेक्शन काटने का भी निर्देश दिया है। कहा है कि विद्युतकर्मियों के हड़ताल के चलते राजस्व वसूली प्रभावित हुआ है। मार्च माह में दिये गये राजस्व वसूली लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग के अभियंताओं से लेकर कर्मचारियों तक को फील्ड में उतारने को कहा गया है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर यूपीपीसीएल ने सभी डिस्कॉम कंपनियों को इसका अनुपालन करने को कहा है। इसके कोताही और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो वितरण इकाई के सभी अभियंताओं और कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि अगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी धार्मिक स्थलों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा इसमें कहीं पर भी ढिलाई न बरती जाए।

किसी भी फाल्ट की सूचना पर तत्काल टीम को भेजकर आपूर्ति को ठीक कराया जाए। आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए निर्बाध आपूर्ति के लिए विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा जर्जर तार, पोल एवं खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया है। ट्रांसफॉर्मरों के लोड व उसके आयल को निरन्तर चेक करने को भी कहा गया है, ताकि जलने से ट्रांसफॉर्मरों को बचाया जा सके। इसके अलावपा निर्बाध विद्युत आपूर्ति में सहायक ट्रॉली ट्रांसफॉर्मरों की संख्या और बढ़ाने को कहा गया, ताकि कहीं पर भी ट्रांसफॉर्मर खराब होने या फुंकने पर शीघ्रातिशीघ्र ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया जा सके।

### सही उपभोक्ताओं का न किया जाए उत्पीड़न

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो ऊर्जा मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि किसी भी सही उपभोक्ता का उत्पीड़न न किया जाए और फर्जी तरीके से किसी भी उपभोक्ता को न फंसाया जाए। उन्होंने राजस्व वसूली के कार्यों में और तेजी लाने तथा वाणिज्यिक टीम को 24 घंटे कार्य में एक्टिव रखने का भी निर्देश दिया हे। इसके लिए सभी डिस्कॉम में वाणिज्यिक सेंटर को 24 घंटे चालू रखने को कहा गया है। विद्युत व्यवस्था को आसान एवं सहूलियत पूर्ण बनाने के लिए सभी विद्युतकर्मियों को ईमानदारी, लगन, निष्ठा और मेहनत से काम करने को कहा गया है।













# आरएसएस स्वयंसेवकों के साथ किया पथ संचलन

**वाराणसी।** भारतीय नववर्ष के शुभारंभ पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से शहर और देहात क्षेत्र में करीब पांच जगह पर रविवार को पद संचलन का आयोजन हुआ।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी उत्तर भाग का पथ संचलन संस्कृत विश्वविद्यालय के खेल मैदान से प्रारम्भ हुआ। पथ संचलन चौकाघाट, तेलियाबाग, लहुराबीर, मलदहिया, सिगर, भारत माता मंदिर, इंग्लिशिया लाइन से पुनः मलदहिया, तेलियाबाग होकर मैदान में खत्म हुआ। तत्पश्चात प्रार्थना का आयोजन हुआ। पथ संचलन में उत्तर भाग के संघचालक डॉ. हेमन्त गुप्ता, सह संघचालक राजेश विश्वकर्मा, भाग कार्यवाह सुरेंद्र अग्रहरि, विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख शैलेंद्र, जितेंद्र, शिवेंद्र समेतसैकड़ों स्वयंसेवको ने भाग लिया। **बड़ागांव प्रतिनिधि** के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ काशी जिला की तरफ से स्थानीय संघ कार्यालय से पथ संचलन के जरिए जन जागृति करते हुये उत्साह पूर्वक नववर्ष मनाया गया। स्वयंसेवकों ने मातृ भूमि के प्रति गगन भेदी नारे लगाते हुए लगभग दो किलोमीटर तक पथ संचलन किया। पथ संचलन में जिला कार्यवाहक बृजभूषण, बड़ागांव खंड प्रचारक मंगल, लक्ष्मीकांत, राहुल, सह खंड संचालक विद्याधर, सतेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। **चौबेपुर प्रतिनिधि** के अनुसार, क्षेत्र में आरएसएस स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। इसमें सह कार्यवाह बृजभूषण, अवधनाथ चौबे, शिवधनी, नारायण, अवनीश, सुनील आदि शामिल हुए।

## इनोवेशन, फाइनेंसियल, एडवांस साइंस के साथ करेंगे काम-डॉ.भारती प्रवीण पवार

# टीबी दवा निर्माण का हब बन रहा भारत

**बैठक सम्पन्न**

**स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड की दो दिनी 36वीं बैठक सम्पन्न**

**टीबी ग्रसित व आर्थिक रूप से कमजोर देशों को भारत दवा के साथ देगा आर्थिक मदद**

**वाराणसी।** दुनिया को टीबी से मुक्त करने के लिए स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड की दो दिवसीय 36वीं बैठक रविवार को सम्पन्न हो गयी। कुल चालीस देशों के लगभग 193 प्रतिनिधियों ने अपने देश में टीबी उन्नमूलन के प्रति कर रहे कार्यों को प्रर्दशित करते हुए आगामी समय में टीबी खात्मे के लिए बनाये गयी योजनाओं को सभी से साझा किया।

बैठक में सभी ने भारत की ओर से बनाये गये निक्षय मित्र को रोल मॉडल के रुप में लेते हुए अपने देश में भी अभियान के रुप में शामिल करने की बात कही। बोर्ड की बैठक में टीबी उन्नमूलन के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भारत में किये जा रहे कार्यों की सराहना भी की। और बताया कि इसी अभियान के तहत भारत दुनिया से पांच साल पहले ही टीबी मुक्ति की बात कह रहा है।


बैठक में अन्य देशों के प्रतिनिधियों संबोधित करती केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ.भारती प्रवीण पवार

### इवोवेशन, फाइनेंस, एडवांस साइसं पर करेंगे कार्य

बैठक के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ.भारती प्रवीण पवार ने बताया कि बैठक में भारत की ओर से इनोवेशन, फाइनेंस व एडवांस साइंस के साथ टीबी उन्नमूलन की बात कही गयी, इसके फायदे भी बताये गये। श्री पवार ने बताया कि कोविड कंट्रोल की तर्ज पर ही भारत अन्य देशों को टीबी की दवा व आर्थिक मदद करने को तैयार है।

### साउथ अफ्रीका में टीबी के पेशेंट ज्यादा

बोर्ड में इस बात का जिक्र किया गया कि साउथ अफ्रिका में टीबी के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा हैं, इसके लिए सभी देशों को मिलकर उनकों सहायता करनी होगी। बोर्ड की बैठक में सभी ने एक दूसरे को सहयोग की बात कही।

### टीबी वैक्सीन पर काम जल्द होगा शुरू

टीबी दवा के लिए भारत अब दुनिया में हब बन रहा है, जहां टीबी की 80 प्रतिशत दवाएं बन रही हैं, इसके साथ ही दुनिया को दवा देने के लिए भी भारत तैयार है। जल्द ही टीबी के लिए वैक्सीन पर भी कार्य शुरू किया जायेगा। भारत में दवाओं के लिए रिसर्च कर रहीं कंपनियों की ओर से इस पर जल्द ही कार्य शुरू करने की योजना है।

# स्कंद माता के दर्शन से निहाल श्रद्धालु

**वासंतिक नवरात्र**

**श्रद्धालुओं की लगी रही कतारें नारियल-चुनरी-माला अर्पित किया**

**विशालाक्षी गौरी का भी भक्तों ने किया दर्शन**

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के पांचवें दिन रविवार को श्रद्धालुओं ने नौ दुर्गा के दर्शन के क्रम में जैतपुरा स्थित मां बागेश्वरी देवी का दर्शन-पूजन किया। पांचवें दिन स्कंदमाता के दर्शन पूजन की मान्यता है। जैतपुरा क्षेत्र स्थित बागेश्वरी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बागेश्वरी देवी का दर्शन करने वालों के मन की सारी अभिलाषा पूरी होती है। इसलिए नवरात्र के दिनों में यहां दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामना लेकर माता के दरबार आते हैं। बागेश्वरी माता को स्कंदमाता का स्वरूप माना जाता है। मंदिर के महंत ने बताया कि मां की पूजा करने से सभी बिगड़े हुए काम बन जाते हैं। माता का दर्शन करने से भक्तों के तेज में वृद्धि होती है। यदि माता का आशीर्वाद मिल गया तो कुछ भी असंभव नहीं है। भक्तों ने मां भगवती को लाल चुनरी, लाल वस्त्र, मौली, श्रृंगार का सामान धूप, नारियल, अक्षत, कुमकुम, लाल फूल, विशेष गुड़हल आदि अर्पित किये। मंदिर में मां के दर्शन करने के लिए आए भक्तों का कहना था कि मां स्कंदमाता से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। इसी तरह नौ गौरी के क्रम में भक्तों ने मीरघाट स्थित विशालाक्षी गौरी का दर्शन-पूजन कर अपनी मन्नतें मांगी। दर्शन करने को लेकर लोगों की सुबह से ही लंबी लाइन लगी रही।


स्कंद माता व भक्तों की लगी लाइन

# अब पशुपालकों के दरवाजे पर उनके जानवरों का इलाज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पशुपालक को अपना अस्वस्थ पशु लेकर अब न तो पशु चिकित्सालयों की दौड़ लगानी पड़ेगी और न ही चिकित्सक का इंतजार करना पड़ेगा। सूबे में पशुपालकों के बीमार जानवरों का इलाज उनके दरवाजे पर ही करना संभव हो गया है। प्रदेश सरकार ने रविवार को 'पशु उपचार पशुपालक के द्वार' कार्यक्रम आरंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 201 करोड़ की लागत से इस योजना का आगाज किया। उसी क्रम में वाराणसी के सर्किट हाउस में भी जनपद के लिए इसका शुभारंभ विधायकद्वय सौरभ श्रीवास्तव और डॉ. अवधेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत जिले में मोबाइल वेटरनरी यूनिट बीमार पशुओं का इलाज करेगी। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर पशुपालक अपने अस्वस्थ पशु के उपचार के लिए वेटरनरी यूनिट को बुला सकता है। कॉल करने के एक घंटे के भीतर यूनिट को संबंधित पशुपालक के घर पहुंचकर इलाज की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। सर्किट हाउस में जिले के लिए उपलब्ध करायी गयी इस यूनिट को दोनों विधायकों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


विधायक सौरभ श्रीवास्तव एवं डॉ. अवधेश सिंह ने संयुक्त रूप से मोबाइल वेटरनरी यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

कार्यक्रम में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल आदि भी रहे। इससे पूर्व सीएम योगी ने लखनऊ में 201 करोड़ रुपये की लागत से जीपीएस सिस्टम से लैस 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट को रवाना किया। इसका सीधा प्रसारण वाराणसी में भी दिखाया गया। गोकुल मिशन के तहत भारत सरकार की ओर से जनपद को छह मोबाइल वेटरनरी यूनिट मुहैया करायी गयी है।

# राहुल को जनता माफ नहीं करेगी

**बोले लक्ष्मीकांत**

**कहा-सारे विपक्षी एकजुट हो जाएं तो भी भाजपा का नुकसान नहीं कर सकते**

**वाराणसी।** भाजपा के राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी रविवार को काशी में थे और पार्टी कार्यकर्ताओं पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। कहा कि राहुल गांधी आदतन गलती करने के अभ्यासी है। विदेश की धरती पर बैठकर भारत माता के प्रति जो उन्होंने विचार व्यक्त किए, शायद इससे बड़ा पाप और राष्ट्रविरोधी काम कोई नहीं हो सकता। राहुल को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

मोदी सरनेम पर किए गए टिप्पणी को लकेर मिली सजा पर लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि राहुल गांधी ने मोदी का अपमान नहीं किया है, बल्कि देश की पिछड़ी जाति का अपमान करने का काम किया है। उस पर उन्हें कोर्ट ने सजा दी है और वो शहीद होने की कोशिश ना करें, जनता उन्हें शहीद ना मानेगी। वहीं अखिलेश यादव को लेकर पूछे गए सवाल पर कि उन्हें भी अपनी गिरफ्तारी का डर सता रहा है, इस पर बाजपेयी ने कहा कि शायद उन्हें अपना किया हुआ कोई कर्म याद आ गया है, इस नाते वो डर रहें होंगे।



उन्होंने 2024 चुनाव के लिए विपक्षी पार्टियों के एकजुट होने के सवाल पर कहा कि सारे विपक्षी एकजुट हो जाएं तो भी भाजपा का नुकसान नहीं कर सकते। पार्टी को अपने विकास कार्यों पर भरोसा है। देश की जनता पर भरोसा है। नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान में घुसकर देश विरोधी ताकतों की आंखों में आंखे डालकर घुसकर संदेश देने पर भरोसा है। इसलिए ये कितने भी एक हो जाए, अंत में ये बिखर जाएंगे। उन्होंने कहा भाजपा का कोई नुकसान होने वाला नहीं है। हम 2024 में पहले अधिक बहुमत से सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चंद्रमा पर थूक रहे हैं, कहां गिरेगा उन्हें पता नहीं है। भारत की न्यायपालिका स्वतंत्र है। इमरजेंसी लगाकर न्यापालिका का गला घोटने का काम भाजपा ने नहीं किया है, जो इंदिरा गांधी ने किया था। उन्होंने कहा कि जो निर्णय है, वो नियमों के अंतर्गत है। कोर्ट के फैसले के खिलाफ उन्होंने अपील करने का अधिकार है। सड़क पर बोलने से अच्छा अपील करें, जिसे सरकार भी स्वीकार करेगी और हम भी।

### धूल भरी आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश

**वाराणसी।** रविवार की शाम धूल भरी आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश हुई। शहर व देहात में धूल और बवंडर उठे। काशी में सूर्यास्त से करीब एक घंटे पहले ही अंधेरा सा छा गया था। घने बादलों की गर्जना के साथ करीब एक घंटे तक आंधी और बारिश हुई। बिजली भी खूब चमकी। आंधी की वजह से धूल इतनी तेज उड़ रही थी कि कई इलाकों में टीन शेट आदि उखड़ गए। सड़कों पर पेड़ों के पत्ते और गंदगी का अंबार लग गया था। बता दें क सुबह से लेकर शाम करीब पांच बजे तक तेज धूप खिली थी, लेकिन इसके बाद अचानक मौसम ने करवट बदला और धूल भरी आंधी चलने लगी। इसके बीच गरज-चमक के बीच बारिश भी हुई। बारिश की वजह से शहर के विभिन्न इलाकों में सड़कों और गलियों में पानी लग गया। इससे राहगीरों को काफी दुश्वारियां झेलनी पड़ी।




# पूर्वांचल को राहत देगा इसरवार का नवनिर्मित बॉटलिंग प्लांट

**अच्छी पहल**

**प्रत्येक वर्ष लगभग 84.5 लाख एलपीजी सिलिंडरों की भराई का लक्ष्य**


**सेवापुरी ब्लॉक में 194.62 करोड़ की लागत से प्रोजेक्ट लेगा मूर्त रूप**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सेवापुरी विकास खंड के इसरवार में प्रस्तावित एलपीजी बॉटलिंग प्लांट मूर्त रूप लेने के बाद कई मायनों में लाभकारी होगा। 194.62 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस परियोजना के चालू होने के बाद न सिर्फ उपभोक्ताओं को सिलिंडर की आपूर्ति जल्द होगी बल्कि पूर्वांचल के तमाम जनपदों समेत बिहार के कुछ हिस्सों में भी यहीं से सप्लाई संभव हो सकेगी। साथ ही दूर-दराज के जिलों से गैस की आपूर्ति की समस्या से छुटकारा भी मिल जाएगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 24 मार्च को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित जनसभा के दौरान इस प्लांट का शिलान्यास किया था। यह प्रोजेक्ट 31 अगस्त 2021 को स्वीकृत की गयी थी। भारत सरकार के उपक्रम हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. इसे अमली जामा पहना रहा है। कंपनी ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत पूर्वांचल में लगभग 20 लाख नए एलपीजी गैस कनेक्शन का सृजन किया है। इसके लिए सिलिंडर की आपूर्ति दूर-दराज के जिलों से होती है। जनपद में यह बॉटलिंग प्लांट बन जाने के बाद संबंधित उपभोक्ताओं को सिलिंडर की आपूर्ति कम समय में सुविधाजनक ढंग से करना मुमकिन होगा। लाभार्थियों को समय से स्वच्छ ईंधन का लाभ मिलेगा। यह एक ग्रीनफील्ड परियोजना है। इसका निर्माण करीब 27.63 एकड़ क्षेत्रफल में किया जा रहा है। प्लांट में 2 किलो, 5 किलो, 14.2 किलो, 19 किलो, 35 किलो, 47.5 किलो आदि वजन में एलपीजी सिलिंडर भरे जाएंगे। प्लांट में सालाना उत्पादन का लक्ष्य लगभग 84.50 लाख एलपीजी सिलिंडर रखा गया है। इस परियोजना के अंतर्गत एलपीजी गैस भराई संयंत्र से जुड़ी सभी यूनिट का निर्माण होगा। उनमें भराई क्षेत्र, एलपीजी भंडारण यूनिट, एलपीजी ट्रक भराई व खाली यूनिट, सिलिंडर मरम्मत यूनिट, सिलिंडर भंडारण यूनिट और ट्रक पार्किंग क्षेत्र आदि शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट से स्वच्छ ईंधन के प्रयोग को बढ़ावा और प्लांट क्षेत्र में संयंत्र से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। इस कारण प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।















## संक्षेप

### पुरा विद्यार्थी विभाग के आधार स्तंभ हैं : प्रो. कनकलता



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी काशी विद्यापीठ के शिक्षा शास्त्र विभाग में रविवार को तृतीय पुरा विद्यार्थी समागम एवं 'संस्थागत विकास में पुरा विद्यार्थियों की भूमिका विषयक परिसंवाद का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. कनकलता विश्वकर्मा ने कहा कि पुरा विद्यार्थी विभाग के आधार स्तंभ होते हैं। इस दौरान प्रो. अरविंद पांडे, प्रो. मालती आनंद, प्रो. डीके राय, शिव करण सिंह गौतम, आशीष यादव और डॉ. शैलेश यादव ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर संत साईं शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. अविनाश सिंह, एओ मुस्लिम विद्यालय की प्राचार्य नाहिद बेगम, शिव करन सिंह गौतम विद्यालय के प्राचार्य आशीष गौतम व राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्राचार्य निशा का विभाग द्वारा उनके अकादमिक सहयोग के लिए सम्मान किया गया। समागम मे सर्वसम्मति से 'पुरा विद्यार्थी परिषद' का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रो. कनकलता विश्वकर्मा, सचिव पद पर डॉ. वीणा वदिनी अर्याल के साथ 15 सदस्यीय कार्यकारिणी एवं एक सलाहकार मंडल का भी गठन किया गया। संचालन डॉ. वीणा वदिनी व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रमाकांत सिंह ने किया। समागम में डॉ. मनोज त्यागी, डॉ. डीके मिश्र, डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. ज्योत्सना, डॉ. रमेश, डॉ. रामजनम यादव, शिखा सिंह, प्रशांत विश्वकर्मा, ज्योति झा, प्रेमकुमार, पूजा सिंह, पूनम कुमारी, अबिरा, आकांक्षा, सरस्वती, सर्वेश, प्रभाकर गुप्त, मनोज, शालिनी, रीता, अरविंद, विजेता, रोहिणी, ज्योति मिश्र, नैना, कृष्ण कुमार समेत सभी पुरा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जल्द मिलेगी यूरिनल और शौचालय की सुविधा

**वाराणसी।** शहर के महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक कालभैरव और गोदौलिया क्षेत्र में लोगों को यूरिनल और शौचालय की सुविधा मिलेगी। इसके लिए निगम की ओर से तैयारी की जा ही है।अपर नगर आयुक्त ने बताया कि आवश्यकता एवं जनहित में शहर में बढ़ती हुई श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए निगम प्रशासन अत्यंत गंभीर है। उन्होंने बताया कि गोदौलिया क्षेत्र में यूरिनल के निर्माण के लिए स्थान चिन्हित किया जा रहा है, जल्द यूरिनल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी। नगर निगम द्वारा चितरंजन पार्क के पास दो मोबाइल टायलेट लगाने की व्यवस्था की जा रही है। नई सड़क के बंद कूड़ाघर के पास पिंक टायलेट का निर्माण प्रस्तावित है। दो माह में कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि बाबा कालभैरव मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं व दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए वहां शौचालय निर्माण की प्रक्रिया शुरु की जा रही थी। बताया कि मंदिर के मात्र 75 से 100 मीटर की दूरी पर सार्वजनिक शौचालय स्थित है, जहां पर महिला और पुरुष की सुविधा उपलब्ध है, जिसका लाभ क्षेत्रीय नागरिक और दर्शनार्थी लेते है।

# सड़क किनारे मरम्मत का कार्य रह गया अधूरा

जनसंदेश न्यूज

**लापरवाही**

**पेयजल और सीवर लाइन का कार्य करने के बाद रेस्टोरेशन चार्ज जमा नहीं कर रहा जलकल व जल निगम**

**वाराणसी।** जलकल व जल निगम द्वारा मार्ग कटिंग का रेस्टोरेशन चार्ज जमा नहीं किया जा रहा है, न ही रेस्टोरेशन का कार्य किया जा रहा है। जिससे सड़क किनारे पेयजल और सीवर लाइन निर्माण के बाद सड़क की मरम्मत का कार्य अधूरा रह गया है।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि विभाग के स्वामित्व वाले सड़कों पर सीवर लाइन व पेयजल पाइप लाइन आदि डालने के लिए काटी गई सड़कों की मरम्मत का कार्य विभाग द्वारा किया जायेगा और कार्यदायी संस्था द्वारा रेस्टोरेशन चार्ज विभाग को उपलब्ध कराना होगा, परंतु जलकल व जल निगम द्वारा मार्ग कटिंग का रेस्टोरेशन चार्ज जमा नहीं किया जा रहा और न ही रेस्टोरेशन का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए उच्च अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया गया है। बावजूद इसके अब तक इसका भुगतान नहीं किया गया। जिससे रेस्टोरेशन का कार्य कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जलकल का 25905963 रुपया एवं जल निगम का 20547770 रुपया रेस्टोरेशन चार्ज बकाया है। भोजूबीर मार्ग पर जलकल विभाग द्वारा पूरी लंबाई में रोड कटिंग कर छोड़ दिया गया है, कटिंग के रेस्टोरेशन का कार्य जलकल द्वारा किया जाना है, जिसे रेस्टोरेशन कार्य कराने के लिए अनुरोध किया गया था। रविंदपुरी और नरिया मार्ग पर जलकल की पाइप लाइन लीकेज होने के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है, लीकेज को ठीक कराने के लिए जलकल को अवगत कराया जा चुका है। जबकि उक्त मार्ग पर पीडब्ल्यूडी द्वारा लीकेज के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग को बार-बार ठीक कराया जाता है।

### अभिज्ञान शाकुंतलम नाटक का मंचन आज

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विवि एवं उत्तर प्रदेश संस्कृत की ओर से सोमवार को परिसर स्थित 'ऐतिहासिक नाट्यशाला' में प्रसिद्ध महाकवि कालिदास के उपन्यास पर आधारित 'अभिज्ञान शाकुन्तलं' संस्कृत नाटक का मंचन होगा। जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी करेंगे। कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि ऐतिहासिक नाट्यशाला में तीन दशक के बाद किसी भी नाटक का मंचन होना है, विवि के स्थापनोत्सव के उपलक्ष्य में लगातार चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के शृंखला में अभिज्ञान शाकुन्तलं नाटक का मंचन देश के सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा अपने अभिनय से आलोकित किया जायेगा। इस दौरान मुख्य अतिथि आवास और शहरी नियोजन के प्रमुख सचिव नीतिन रमेश गोकर्ण, विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा, सारस्वत अतिथि काशी जोन के पुलिस उपायुक्त रामसेवक गौतम, केंद्रीय संस्कृत विवि, भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रामकांत होंगे। नाटक के संयोजक प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी होंगे।

# नगर आयुक्त ने कान्हा उपवन व अन्य योजनाओं का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरी ने रविवार को निगम की योजनाओं व निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें नगर आयुक्त ने रमना स्थित वेस्ट टू चारकोल, सीएंडडी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, एमएलडी एसटीपी और ग्राम छितौनी में निर्मित कान्हा उपवन का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम रमना स्थित निमार्णाधीन परियोजना वेस्ट टू चारकोल (हरित कोयला परियोजना) का निरीक्षण किया। परियोजना का निर्माण एनटीपीसी विद्युत वितरण निगम लि. के द्वारा किया जा रहा है।

निरीक्षण में पाया गया कि प्लांट का निर्माण कार्य प्रगति पर है। एनटीपीसी के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य अगस्त तक पूर्ण होने की संभावना है। उक्त प्लांट के शुरू होते ही कूड़े की प्रोसेसिंग कर उसे चरकोल के रूप में परिवर्तित किया जाएगा, इसके बाद नगर आयुक्त ने ग्राम रमना में 200 टीपीडी की क्षमता का निर्मित सीएंडडी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का अवलोकन किया। भवन निर्माण से संबंधित वेस्ट जो सड़कों व गलियों में फेका जाता है, उसके उठान एवं निस्तारण के बाद उसका प्रोसेसिंग प्लांट में उपयोग कर सिमेंट के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है, जिसके बाद नगर आयुक्त ने ग्राम रमना स्थित संचालित 50 एमएलडी एसटीपी का निरीक्षण किया, निरीक्षण में पाया गया कि एसटीपी पूरी क्षमता के साथ क्रियाशील है। इस दौरान उन्होंने ग्राम छितौनी में निर्मित कान्हा उपवन का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने तीन चार दिनों पूर्व लाये गये निराश्रित गोवंशों का ईयर टैगिंग नहीं किए जाने के संबंध में पशुचिकित्साधिकारी को तत्काल ईयर टैगिंग कराने को निर्देशित किया।

## संक्षेप

### जीएम कैंट स्टेशन पर आज करेंगे निरीक्षण



**वाराणसी।** उत्तर रेलवे के जीएम (महाप्रबंधक) आशुतोष गंगल सोमवार को कैंट स्टेशन पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग का निरीक्षण कर अधिकारियों संग बैठक करेंगे। कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग के कार्यो का जीएम आशुतोष गंगल निरीक्षण करेंगे, स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि सोमवार की सुबह लगभग नौ बजे जीएम का आगमन स्टेशन पर होगा, इसके बाद स्टेशन का निरीक्षण कर अपराह्न लगभग एक बजे के आसपास वापस दिल्ली लौट जायेंगे।

### आठ अप्रैल से शुरू होंगी एलएलबी की सेमेस्टर परीक्षाएं

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में एलएलबी के प्रथम, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू हो रही हैं। जिसकी सूची विश्वविद्यालय द्वारा जारी की जा जुकी है। इसमें पांचवे और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा प्रथम पाली सुबह 8:30 से 11:30 और प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दूसरी पाली दोपहर 1:30 से 4:30 बजे निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी परीक्षा नियंत्रक प्रो. बंशीधर पांडेय ने दी है।

### अस्सी घाट पर की गई साफ-सफाई

**वाराणसी।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा में रविवार को अस्सी घाट पर गंगा स्वच्छता का आयोजन हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों ने श्रमदान करके प्रदूषित कर रही अनेकों सामग्रियों को कूड़ेदान तक पहुंचाया। अस्सी घाट पर उपस्थित नागरिकों सहित पूजन सामग्री विक्रेता, खानपान विक्रेता और घाट पुरोहितों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। लोगों को जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने के साथ उसमें कचरा, पॉलिथीन आदि न डालें इसके लिए जागरूक भी किया गया।

### स्वच्छता एवं रोजगार के गुर सिखाये



**वाराणसी।** संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के अंतिम दिन रविवार को डोमरी गांव में स्वयंसेवकों द्वारा गांव के विभिन्न इलाकों में सफाई की गई। इस दौरान स्वच्छता के साथ घर में रह रहे युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही समाज में सौहार्द एवं एकता बनाए रखने को कहा गया। इस दौरान कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दिनेश कुमार गर्ग के साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विद्या कुमारी चंद्रा, डॉ. विजय कुमार शर्मा, डॉ. कुंज बिहारी द्विवेदी, डॉ. विजेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय आदमपुर जोन, नगर निगम-वाराणसी

### आदमपुर जोन

| क्र0 सं0 | आईडी नं0 | संचिका संख्या | मकान नं0 | मोहल्ला | दर्ज नाम | खारिज नाम | नोटिस जारी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 202223011929596 | प. 769/22/दा.खा. | प. 22/36 | जुझारटोला? | रमीनखान | अमीनुल हसन | 15.02.2023 |
| 2. | 202223011529406 | प. 766/22/दा.खा. | प. 31/196-बी.-2-1 | नवापुरा | तर्फीनुल्ला | अतउर्रहमान | 15.02.2023 |
| 3. | 202223011529407 | प. 765/22/दा.खा. | प. 31/158-ए-1 | नवापुरा | मो0 वसीम | सैफुर्रहमान | 15.02.2023 |
| 4. | 202223011129254 | प. 744/22/दा.खा. | प. 38/77-1-आर. | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 15.02.2023 |
| 5. | 202223112328250 | प. 707/22/दा.खा. | प. 16/11 व 11-ए. | आदमपुर | श्रीमती मनिया अग्रहरी | सत्य अग्रहरी | 09.02.2023 |
| 6. | 202223112328248 | प. 706/22/दा.खा. | प. 16/11 व 11-ए. | आदमपुर | श्रीमती मनिया अग्रहरी | आलोक कुमार अग्रहरी | 09.02.2023 |
| 7. | 202223011529394 | प. 755/22/दा.खा. | प. 40/11-ए. | अमरपुर | [illegible] | [illegible] | 20.02.2023 |
| 8. | 202223011929631 | प. 776/22/दा.खा. | प. 39/320 | सरैया | [illegible] | फातमा बीबी | 20.02.2023 |
| 9. | 202223052718577 | प. 276/22/दा.खा. | प. 38/42-बी.-एल. | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 20.02.2023 |
| 10. | 202223111826648 | प. 680/22/दा.खा. | प. 40/35 | अमरपुर | [illegible] | [illegible] | 20.02.2023 |
| 11. | 202223111226681 | प. 618/22/दा.खा. | प. 40/4 | अमरपुर | [illegible] | अशोक कुमार | 20.02.2023 |
| 12. | 202223111826692 | प. 637/22/दा.खा. | आ.नं.-288 | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 21.02.2023 |
| 13. | 202223112428232 | प. 741/22/दा.खा. | प. 38/185 | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 21.02.2023 |
| 14. | 202223120228007 | प. 727/22/दा.खा. | प. 28/70 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 21.02.2023 |
| 15. | 202223020830273 | प. 821/22/दा.खा. | प. 38/186-ए-आर. | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 21.02.2023 |
| 16. | 202223121429772 | प. 785/22/दा.खा. | प. 28/60 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 21.02.2023 |
| 17. | 202223080522344 | प. 357/22/दा.खा. | प. 38/69-ए.-2-एल.-एम. | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 13.02.2023 |
| 18. | 202223091824346 | प. 473/22/दा.खा. | आ.नं.-31/2 | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 23.02.2023 |
| 19. | 202223070720954 | प. 352/22/दा.खा. | प. 20/38-आई-2 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 23.02.2023 |
| 20. | 202223121827008 | प. 674/22/दा.खा. | प. 8/10-ए-1 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 23.02.2023 |
| 21. | 202223120428298 | प. 680/22/दा.खा. | प. 4/9 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 23.02.2023 |
| 22. | 202223090523696 | प. 515/22/दा.खा. | आ.नं.-502 | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 23.02.2023 |
| 23. | 202223111926702 | प. 601/22/दा.खा. | आ.नं.-274 | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 23.02.2023 |
| 24. | 202223121927939 | प. 686/22/दा.खा. | आ.नं.-159 | कोनिया | [illegible] | सोनी देवी | 23.02.2023 |
| 25. | 202223121627817 | प. 685/22/दा.खा. | आ.नं.-231 | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 23.02.2023 |
| 26. | 202223020230168 | प. 805/22/दा.खा. | प. 10/43-1-ए. | प्रहलादघाट | चन्द्रभूषण | [illegible] | 24.02.2023 |
| 27. | 202223013130071 | प. 809/22/दा.खा. | प. 34/100-बी.-8-बी. | तेलियाना | [illegible] | [illegible] | 27.02.2023 |
| 28. | 202223120828577 | प. 750/22/दा.खा. | प. 38/42-बी.-15.-आर.-बी. | तेलियाना | [illegible] | [illegible] | 27.02.2023 |
| 29. | 202223022441233 | प. 116/22/दा.खा. | प. 13/166-ए-1 | भगतपुरी? | [illegible] | [illegible] | 25.02.2023 |
| 30. | 202223060118668 | प. 114/22/दा.खा. | आ.नं.-2 | अमरपुर | [illegible] | [illegible] | 01.03.2023 |
| 31. | 202223020930520 | प. 825/22/दा.खा. | प. 39/7 | सरैया | [illegible] | [illegible] | 01.03.2023 |
| 32. | 202223121827517 | प. 742/22/दा.खा. | प. 39/27-1-ए. | सरैया | [illegible] | [illegible] | 13.02.2023 |
| 33. | 202223121029203 | प. 748/22/दा.खा. | प. 39/197-ए.-एम.-के. | सरैया | [illegible] | [illegible] | 21.02.2023 |
| 34. | 202223122928559 | प. 694/22/दा.खा. | प. 40/31-ए.-एम.-के. | अमरपुर | [illegible] | [illegible] | 10.02.2023 |
| 35. | 202212208275785 | प. 210/21/दा.खा. | प. 21/3 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 07.02.2023 |
| 36. | 202223122828473 | प. 701/22/दा.खा. | प. 32/55-ए-1 | छित्तनपुरा | [illegible] | [illegible] | 07.02.2023 |
| 37. | 202223121829512 | प. 743/22/दा.खा. | प. 34/46-बी.-2.-ए. | तेलियाना | [illegible] | [illegible] | 07.02.2023 |
| 38. | 202223121829513 | प. 743/22/दा.खा. | प. 15/21-बी. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 07.02.2023 |
| 39. | 202223102125751 | प. 762/22/दा.खा. | प. 34/10-बी. | तेलियाना | [illegible] | [illegible] | 07.02.2023 |
| 40. | 202223121328612 | प. 690/22/दा.खा. | प. 39/337-एम.-4 | सरैया | [illegible] | [illegible] | 07.02.2023 |
| 41. | 202223120627375 | प. 609/22/दा.खा. | प. 19/14-ए-1 व 14-1-के. | चौहट्टा | [illegible] | [illegible] | 08.02.2023 |
| 42. | 202223121227521 | प. 647/22/दा.खा. | प. 35/41-बी.-5-के.-एल.-ए. | जलालीपुरा | [illegible] | [illegible] | 08.02.2023 |
| 43. | 202223121127520 | प. 670/22/दा.खा. | प. 35/41-बी.-5-एल. | जलालीपुरा | [illegible] | [illegible] | 08.02.2023 |
| 44. | 202223121427657 | प. 675/22/दा.खा. | प. 19/23-ए-3 | चौहट्टा | [illegible] | [illegible] | 07.02.2023 |
| 45. | 202223090122610 | प. 582/22/दा.खा. | प. 19/2 | चौहट्टा | [illegible] | तौसीफ अहमद | 08.02.2023 |
| 46. | 202223014029856 | प. 749/22/दा.खा. | प. 34/120-डी.-5.-1 | तेलियाना | मो0 कैफ | [illegible] | 08.02.2023 |
| 47. | 202223091924355 | प. 492/22/दा.खा. | प. 36/26-बी.-1 | राजघाट | राम कमल दास | विष्णु दास पोद्दार? | 08.02.2023 |
| 48. | 202223101226391 | प. 740/22/दा.खा. | प. 35/41-ई-के.-3 | जलालीपुरा | [illegible] | मो0 रिजवान | 08.02.2023 |
| 49. | 202223111826585 | प. 595/22/दा.खा. | प. 35/74 | जलालीपुरा | मो0 अहमद | इरशाद अहमद | 08.02.2023 |
| 50. | 202223122228200 | प. 713/22/दा.खा. | प. 24/19 | ओंकालेश्वर | सूरज प्रसाद | नगमा बेगम? | 07.02.2023 |
| 51. | 202223010328816 | प. 737/22/दा.खा. | प. 39/111-एम.-एन. | सरैया | नजमुद्दीन अंसारी | साकिब अंसारी | 09.02.2023 |
| 52. | 202223091929030 | प. 447/22/दा.खा. | आ.नं.0-556 | कोनिया | रफीउद्दीन | कमरुद्दीन | 09.02.2023 |
| 53. | 202223121722871 | प. 699/22/दा.खा. | आ.नं.0-274 | कोनिया | सीमा श्रीवास्तव | प्रमोद जायसवाल | 23.02.2023 |
| 54. | 202223121927939 | प. 686/22/दा.खा. | आ.नं.0-159 | कोनिया | गणेश प्रसाद | सोनी देवी | 23.02.2023 |
| 55. | 202223121627817 | प. 685/22/दा.खा. | आ.नं.0-231 | कोनिया | कृष्णावती देवी | मन्नू देवी | 23.02.2023 |
| 56. | 202223020230168 | प. 805/22/दा.खा. | प-10/43-1-ए | प्रहलादघाट | चन्द्रभूषण | सतीश कुमार पाण्डेय | 24.02.2023 |
| 57. | 202223013130071 | प. 809/22/दा.खा. | प-34/42-सी-8-बी | तेलियाना | चन्दा देवी | मधु देवी | 27.02.2023 |
| 58. | 202223123028577 | प. 750/22/दा.खा. | प-38/100-सी-8-बी | कोनिया | रुक्मणी देवी | राजेश | 27.02.2023 |
| 59. | 202223022441233 | प. 116/22/दा.खा. | प-13/166-ए-1 | भगतपुरी? | गीता देवी | मीरा देवी | 25.02.2023 |
| 60. | 202223061118668 | प. 114/22/दा.खा. | आ0 नं0-2 | अमरपुर | गफ्फार उर्फ कबीर? | [illegible] | 01.03.2023 |
| 61. | 202223020930520 | प. 825/22/दा.खा. | प-39/7 | सरैया | फगुलाल | आशा देवी | 01.03.2023 |
| 62. | 202223021130621 | प. 835/22/दा.खा. | प-25/103-ए-एम | मदनपुरा | कुतबुद्दीन | मोहम्मद तौफ | 02.03.2023 |
| 63. | 202223061419586 | प. 291/22/दा.खा. | प-9/28 | कायस्थ टोला | शम्भु नाथ | संतोष कुमार | 02.03.2023 |
| 64. | 202223011529401 | प. 846/22/दा.खा. | प-34/20-क | तेलियाना | अ0 कलाम, फतानाथ? | [illegible] | 02.03.2023 |
| 65. | 202223061419581 | प. 290/22/दा.खा. | प-9/27-ए | कायस्थ टोला | भोला नाथ, शम्भु नाथ | आलोक कुमार | 02.03.2023 |
| 66. | 202223100325083 | प. 527/22/दा.खा. | प-39/308-1-ख | सरैया | तुम्मा बीबी | मास्टर सफीउल्ला | 02.03.2023 |
| 67. | 202223061019420 | प. 292/22/दा.खा. | प-39/334 | सरैया | अमरनाथ | संतोष कुमार | 03.03.2023 |
| 68. | 202223012929994 | प. 833/22/दा.खा. | प-34/64-बी-5-आर | तेलियाना | जैबुन्ना बीबी | शाहजहां बीबी | 03.03.2023 |
| 69. | 202223012729937 | प. 288/22/दा.खा. | प-23/41-ए-3 | [illegible] | [illegible] | खलील अहमद | 03.03.2023 |
| 70. | 202223022141027 | प. 842/22/दा.खा. | प-5/59-ए-1 | मुकीमगंज | सोनी यादव | मीरा देवी | 03.03.2023 |
| 71. | 202223121327586 | प. 683/22/दा.खा. | प-35/42-1-ए-एच | जलालीपुरा | हसीनुन्निसा | गुलफिशा तबस्सुम | 03.03.2023 |
| 72. | 202223090123564 | प. 585/22/दा.खा. | प-20/68+69 | जैतपुरा | [illegible] | [illegible] | 03.03.2023 |
| 73. | 202223010328847 | प. 751/22/दा.खा. | आ0 नं0-200/1 | कोनिया | विश्वनाथ | गोविन्द कुमार | 03.03.2023 |
| 74. | 202223013030020 | प. 843/22/दा.खा. | प-4/10 | मुकीमगंज | सोनी यादव | मीरा देवी | 03.03.2023 |
| 75. | 202223022341168 | प. 848/22/दा.खा. | प-16/1-महल-1/45 | आदमपुर | दुर्गा देवी | राजेश सिंह | 03.03.2023 |
| 76. | 202223022241157 | प. 859/22/दा.खा. | प-20/58-ए-1 | जैतपुरा | मुश्ताक अहमद | बेबी बानो | 03.03.2023 |
| 77. | 202223022241156 | प. 860/22/दा.खा. | प-20/58-ए-ई | जैतपुरा | अनिशा बेगम | [illegible] | 03.03.2023 |
| 78. | 202223012529816 | प. 863/22/दा.खा. | प-40/57-महल-क | अमरपुर | आबिदहुसैन | अमीनुल हसन | 03.03.2023 |
| 79. | 202223020830439 | प. 868/22/दा.खा. | प-26/26-ए-4 | [illegible] | [illegible] | माधव सिंह? | 03.03.2023 |
| 80. | 202223022841423 | प. 880/22/दा.खा. | प-29/141 | बलुआबीर | [illegible] | हाफिज अब्दुल मतीन | 03.03.2023 |
| 81. | 202223072021501 | प. 467/22/दा.खा. | प-38/50 | कोनिया | रमेश प्रसाद | मनोज कुमार | 06.03.2023 |
| 82. | 202223070820990 | प. 525/22/दा.खा. | प-19/77 | [illegible] | जैकिया सुल्तान | [illegible] | 06.03.2023 |
| 83. | 202223111826591 | प. 634/22/दा.खा. | प-39/323-आर-ई | सरैया | सुनील कुमार जायसवाल | प्रमिला | 06.03.2023 |
| 84. | 202223120527328 | प. 666/22/दा.खा. | प-38/30-बी-क | कोनिया | श्याम बाबू पाण्डेय | गोपाल राम | 06.03.2023 |
| 85. | 202223112028564 | प. 695/22/दा.खा. | आ0 नं0-327 | कोनिया | ललिता देवी | पुष्पवती | 06.03.2023 |
| 86. | 202223010129692 | प. 759/22/दा.खा. | प-38/5-2-ए | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 06.03.2023 |
| 87. | 202223090123516 | प. 445/22/दा.खा. | प-40/57-के-24-ए | अमरपुर | मंसूर अहमद | अब्दुल गफ्फार | 06.03.2023 |
| | 202223090123517 | प. 445/22/दा.खा. | प-40/57-के-24-ए | अमरपुर | नफीस अहमद | इम्तियाज अहमद | 06.03.2023 |
| | 202223090123518 | प. 445/22/दा.खा. | प-40/57-के-24-ए | अमरपुर | मुख्तार अहमद | मो0 आरिफ | 06.03.2023 |
| 88. | 202223012729918 | प. 786/22/दा.खा. | प-40/40-एम-आर-1 | अमरपुर | एकरामुद्दीन | [illegible] | 06.03.2023 |
| 89. | 202223012329748 | प. 796/22/दा.खा. | आ0 नं0-79 | कोनिया | शैल प्रभा देवी | [illegible] | 06.03.2023 |
| 90. | 202223020930516 | प. 812/22/दा.खा. | आ0 नं0-331/3 | कोनिया | रीता देवी | [illegible] | 14.03.2023 |
| 91. | 202223092624733 | प. 521/22/दा.खा. | प-39/302-एच | सरैया | मोइनुद्दीन | मोहम्मद शमीम | 14.03.2023 |
| | 202223092624735 | प. 519/22/दा.खा. | प-39/302-ए-आर | सरैया | नियाज अली | मोहम्मद शमीम अख्तर | 14.03.2023 |
| 92. | 202223070620873 | प. 322/22/दा.खा. | प-39/249 | सरैया | नसीरुद्दीन | अब्दुल्ला | 14.03.2023 |
| | 202223070620880 | प. 323/22/दा.खा. | प-39/249 | सरैया | नसीरुद्दीन | [illegible] | 14.03.2023 |
| 93. | 202223111186586 | प. 596/22/दा.खा. | प-35/74 | जलालीपुरा | मो0 अहमद | हिना तबस्सुम | 14.03.2023 |
| 94. | 202223111186584 | प. 597/22/दा.खा. | प-35/74 | जलालीपुरा | मो0 अहमद | [illegible] | 14.03.2023 |
| 95. | 202223050441670 | प. 892/22/दा.खा. | प-1/70 | [illegible] | दर्शनमुनी उदासीन सेवा | चन्द्रमौली मुनि | 06.03.2023 |
| 96. | 202223012841398 | प. 878/22/दा.खा. | प-29/131-ए-1 | बलुआबीर | [illegible] | मोहम्मद अहमद | 06.03.2023 |
| 97. | 202223021540812 | प. 861/22/दा.खा. | प-13/56 | भगतपुरी? | ललिता देवी | राजेश कुमार गुप्ता | 06.03.2023 |
| 98. | 202223022264130 | प. 870/22/दा.खा. | प-40/60-ए-1-बी | अमरपुर | [illegible] | मोहम्मद जुबैर | 06.03.2023 |
| 99. | 202223030141456 | प. 879/22/दा.खा. | प-29/133 | बलुआबीर | जैनुल आबदीन | जमील अहमद | 06.03.2023 |
| 100. | 202223012529849 | प. 797/22/दा.खा. | आ0 नं0-260 | कोनिया | [illegible] | [illegible] | 15.03.2023 |
| 101. | 202223022040969 | प. 837/22/दा.खा. | प-36/49आर-जी-के | राजघाट | मुरली चौरसिया | विक्रम सिंह | 15.03.2023 |
| 102. | 202223111626491 | प. 606/22/दा.खा. | प-13/174 | भगतपुरी? | शफीकुन्निशा | [illegible] | 15.03.2023 |
| 103. | 202223082022839 | प. 425/22/दा.खा. | प-24/40 | कोयला बाजार | रामचन्द्र | कमला देवी | 15.03.2023 |
| 104. | 202223063020609 | प. 281/22/दा.खा. | प-32/114-जी-1-ख | छित्तनपुरा | अलाउद्दीन | नेयाज अहमद | 26.07.2022 |
| 105. | 202223010628995 | प. 728/22/दा.खा. | आ0 नं0-304 | कोनिया | तुलसी | [illegible] | 15.03.2023 |
| 106. | 202223022341166 | प. 850/22/दा.खा. | प-32/75-ए | छित्तनपुरा | हमीदुल्ला | आफताब अहमद | 16.03.2023 |
| 107. | 202223030341609 | प. 888/22/दा.खा. | प-33/106-ए | ओंकालेश्वर | कल्लो बीबी | [illegible] | 15.03.2023 |
| 108. | 202223120727388 | प. 644/22/दा.खा. | प-38/56-ए-के | कोनिया | [illegible] | अरविन्द विश्वकर्मा | 16.03.2023 |
| 109. | 202223120827439 | प. 789/22/दा.खा. | प-13/114-ए | ओंकालेश्वर | सैयद गुलाम हैदर जैदी | [illegible] | 16.03.2023 |
| 110. | 202223121227544 | प. 652/22/दा.खा. | प-3/29-ए-1 | कामेश्वर महादेव | हीरालाल व मोतीलाल | संगीता गुप्ता | 16.03.2023 |
| 111. | 202223021120636 | प. 895/22/दा.खा. | प-11/7-ए-1 | नया महादेव | पन्नालाल यादव | अनूप गुप्ता | 17.03.2023 |
| 112. | 202223030541684 | प. 890/22/दा.खा. | प-34/61-एम-आर | तेलियाना | रफीउद्दीन | रफीउद्दीन | 17.03.2023 |
| 113. | 202223030099417 | प. 896/22/दा.खा. | प-40/28-आर-एस | कोनिया | रामजी दास | गुड़िया | 17.03.2023 |
| 114. | 202223030841744 | प. 898/22/दा.खा. | प-35/74-डी-एम | जलालीपुरा | [illegible] | [illegible] | 17.03.2023 |

### जैतपुरा वार्ड के धारा 213 नोटिस

| क्र0 सं0 | आईडी नं0 | संचिका संख्या | भवन संख्या | मोहल्ला | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 23093024979 | जे. 386/22/एम. | जे. 21/129 | रसूलपुरा | मुन्ने खां | इकबाल | 10.02.2023 |
| 2. | 23020514187 | जे. 138/22/एम. | आ0 नं0-674 | अलईपुर | [illegible] | [illegible] | 10.02.2023 |
| 3. | 23010328846 | जे. 533/22/एम. | जे. 23/25-बी | कमालपुरा | [illegible] | शमशेर आलम | 10.02.2023 |
| 4. | 230908239003 | जे. 345/22/एम. | आ0 नं0-9 | अलईपुर | [illegible] | मोहनलाल | 04.02.2023 |
| 5. | 23121927976 | जे. 487/22/एम. | आ0 नं0-29 | अलईपुर | कमर हुसैन | [illegible] | 08.02.2023 |
| 6. | 23091924138 | जे. 539/22/एम. | जे. 19/108 | कमलगढ़हा | अब्दुल हक | मो0 यासीन | 14.02.2023 |
| 7. | 23123028662 | जे. 526/22/एम. | जे. 2/27-29 | [illegible] | [illegible] | मो0 अहमद | 16.02.2022 |
| 8. | 23121727868 | जे. 490/22/एम. | जे. 2/27 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 16.02.2023 |
| 9. | 23123128674 | जे. 524/22/एम. | जे. 2/27 | [illegible] | [illegible] | जमालुद्दीन | 16.02.2023 |
| 10. | 23111126239 | जे. 414/22/एम. | जे. 17/183-ए-एन.-1 | अलईपुरा | गुलाम रसूल | रूबी परवीन | 16.02.2023 |
| 11. | 23111026259 | जे. 565/22/एम. | जे. 3/112-ए. | [illegible] | [illegible] | नुरुल हसन | 21.01.2023 |
| 12. | 23111626664 | जे. 433/22/एम. | आ0 नं0-712 | अलईपुरा | [illegible] | [illegible] | 19.12.2022 |
| 13. | 23120727396 | जे. 473/22/एम. | जे. 12/14 | धूपचण्डी | अजय भसीन | डा0 सुमित्रा अग्रवाल | 03.02.2023 |
| 14. | 23121227564 | जे. 489/22/एम. | जे. 17/129-बी. | अलईपुर | [illegible] | [illegible] | 02.01.2023 |
| 15. | 2308149573 | जे. 134/22/एम. | जे. 28/69-ए.-1 | [illegible] | निजामुद्दीन | [illegible] | 07.02.2023 |
| 16. | 23123128636 | जे. 540/22/एम. | आ0 नं0-25 | अलईपुर | बदरुद्दीन | मो0 ईदरीस | 20.02.2023 |
| 17. | 23072621881 | जे. 214/22/एम. | जे. 14/169 | [illegible] | [illegible] | दीपक सोनकर | 20.02.2023 |
| 18. | 23112426870 | जे. 449/22/एम. | जे. 12/140-बी. | धूपचण्डी | सुमित कुमार | पुनीत अग्रवाल | 09.02.2023 |
| 19. | 23120627343 | जे. 459/22/एम. | जे. 13/93-ए.-5 | चौकाघाट | मोहन | [illegible] | 13.02.2023 |
| 20. | 23122228206 | जे. 512/22/एम. | आ0 नं0-774/1 | अलईपुर | [illegible] | [illegible] | 21.02.2023 |
| 21. | 23120227244 | जे. 476/22/एम. | जे. 28/118 | [illegible] | राम कृष्ण | सुरेश चन्द्र जायसवाल | 08.02.2023 |
| 22. | 23022023185 | जे. 598/22/एम. | जे. 25/39-ए.-2 | अलईपुर | कमरुद्दीन | शेर बहादुर | 22.02.2023 |
| 23. | 23010328813 | जे. 543/22/एम. | जे. 11/55-ए. | नईबस्ती | राज देवी | डा. सतीश कुमार | 25.02.2023 |
| 24. | 23023122155 | जे. 236/22/एम. | आ0 नं0-679 | अलईपुर | शोएब | [illegible] | 25.02.2023 |
| 25. | 23020830344 | जे. 596/22/एम. | जे. 4/101-क. | [illegible] | ऐनुद्दीन | अफताब अहमद | 01.03.2023 |
| 26. | 23010528979 | जे. 546/22/एम. | जे. 25/58-ए.-बी. | [illegible] | [illegible] | राकेश गुप्ता | 04.03.2023 |
| 27. | 23011129260 | जे. 559/22/एम. | जे. 26/203 | कमलगढ़हा | [illegible] | नईम | 04.03.2023 |
| 28. | 23102225769 | जे. 527/22/एम. | जे. 8/25-ए.-बी. | ढिगिया? | श्याम लाल | [illegible] | 07.02.2023 |
| 29. | 23022040979 | जे. 603/22/एम. | जे. 31/4 | [illegible] | मो0 वसीम | हसीन अहमद | 06.03.2023 |
| 30. | 23010628989 | जे. 544/22/एम. | आ0 नं0-751/2 | अलईपुर | मुन्ना देवी | [illegible] | 06.03.2023 |
| 31. | 23030141499 | जे. 615/22/एम. | जे. 35/42-2-ए. | अलईपुर | मुख्तार अहमद | नेयाज अहमद | 06.03.2023 |
| 32. | 23022641323 | जे. 617/22/एम. | जे. 4/3-ए.-के. | [illegible] | [illegible] | मो0 नजीर | 06.03.2023 |
| 33. | 23022641322 | जे. 616/22/एम. | जे. 36/31-सी.-2-एल | अलईपुरा | साजिदा बेगम | शमीम अहमद | 06.03.2023 |
| 34. | 23122928558 | जे. 517/22/एम. | जे. 14/174-बी.-1 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 06.03.2023 |
| 35. | | जे. 593/22/एम. | जे. 33/90 | [illegible] | कमरुद्दीन | नसीम अहमद | 06.03.2023 |
| 36. | 230301141457 | जे. 618/22/एम. | जे. 7/2-क-1 व 29/26 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 17.03.2023 |
| 37. | 23020830445 | जे. 599/22/एम. | जे. 12/110-के. | धूपचण्डी | मीना देवी | [illegible] | 17.03.2023 |
| 38. | 2302529841 | जे. 600/22/एम. | जे. 4/95-बी. | [illegible] | गणेश | वकील अहमद | 17.03.2023 |
| 39. | 23012529835 | जे. 601/22/एम. | जे. 2/45-बी | [illegible] | [illegible] | मो0 हुसैन | 17.03.2023 |
| 40. | 23120727401 | जे. 471/22/एम. | जे. 8/87 | ढिगिया | अशोक जायसवाल | छोटे लाल जायसवाल | 17.03.2023 |
| 41. | 23120727389 | जे. 472/22/एम. | जे. 8/100-डी.-1-के. | ढिगिया | छोटे लाल जायसवाल | अशोक कुमार जायसवाल | 17.03.2023 |
| 42. | 23021030574 | जे. 606/22/एम. | जे. 17/129-ए.-10-ए.-1 | अलईपुर | [illegible] | मुन्नू | 18.03.2023 |
| 43. | 23122628335 | जे. 509/22/एम. | आ0 नं0-774/2 | अलईपुर | [illegible] | विनोद कुमार गुप्ता | 18.03.2023 |
| 44. | 23022841426 | जे. 614/22/एम. | आ0 नं0-774/1 | अलईपुर | हसीन अहमद | [illegible] | 18.03.2023 |
| 45. | 23030241515 | जे. 620/22/एम. | जे. 21/118-ए.-1 | रसूलपुरा | अफसाना बीबी | गुलाम हसनैन | 23.03.2023 |
| 46. | 23022641317 | जे. 621/22/एम. | जे. 35/12 | अलईपुर | कौशल्या देवी | [illegible] | 23.03.2023 |
| 47. | 23123028625 | जे. 521/22/एम. | आ0 नं0-674 | अलईपुर | [illegible] | जुबैदा बीबी | 23.03.2023 |
| 48. | 23021540811 | जे. 602/22/एम. | जे. 11/4 | नईबस्ती | [illegible] | लक्ष्मी सिंह | 23.03.2023 |

सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि भवन निर्धारण पंजीयन में उपरोक्त भवन पर दर्ज स्वामी के स्थान पर प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर नामांकन हेतु नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया है। अतः उक्त भवनों से सम्बन्धित यदि कोई भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपना पक्ष साक्ष्य नोटरी शपथ पत्र के साथ विज्ञापन की तिथि से 15 दिन के अन्दर जोनल अधिकारी को प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तुत आवेदन पत्र पर नामांकन की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

**कर अधीक्षक** **जोनल अधिकारी**

पत्रांक-164/मी0प्र0वि0/2022-23, दिनांक 25.03.2023

# भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू



शहीद पार्क चौक में गांधी प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह करते कांग्रेसी

जनसंदेश न्यूज

**बोले जैनेन्द्र पांडेय**

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा के समक्ष किया सत्याग्रह

**बलिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने रविवार को जैनेन्द्र पांडेय मिंटू के नेतृत्व में शहीद पार्क चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह किया। जैनेन्द्र कुमार पांडेय मिंटू ने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है।

कहा कि अडानी-मोदी गठजोड़ पर हम सभी के नेता राहुल गांधी के सवाल से घबराकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने उनकी सदस्यता समाप्त किया है। अब कोर्ट के पीछे छुपने का ढोंग कर रहे हैं कि हमारा कोई संबंध नहीं है, जबकि सजा सुनाने वाले जज को प्रमोशन इनके गठबंधन को सिद्ध कर रहा है। पुनीत पाठक ने कहा कि जितना राहुल गांधी को रोकने का प्रयास किया जायेगा, उसका कार्यकर्ता जबाव देने का काम करेंगे।

ईडी एवं सीबीआई के बल पर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सत्य प्रकाश मुन्ना, उषा सिंह, सन्तोष चौबे, ओमप्रकाश तिवारी, हीराराम, मुखिया पांडेय, सोनम बिंद, पीएन शुक्ला, आनंद मिश्रा, अभिषेक पाठक, लल्लू सिंह, शाहिद अली, जयराम सिंह, सतीश गुप्ता, मुनिदेव ठाकुर, विजय शंकर पांडे, धीरेंद्र ओझा, अंजनी लाल चौबे, नन्हे मिश्रा, विवेक ओझा, अमित उपाध्याय, कमलेश ठाकुर, अब्दुल फैज, यश मिश्रा, प्रशांत पांडेय रिशु, राहुल चौबे, अनिल गुप्ता, सुर्यदेव यादव, निर्मला वर्मा, मनोज पाण्डेय, गोपाल, गुड्डू पांडेय, गिरीशकांत गांधी, कमालुद्दीन आजाद आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों का केन्द्र सरकार पर हमला



**रसड़ा।** नगर के गांधी पार्क के मैदान में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष प्रताप जायसवाल के नेतृत्व में सत्याग्रह किया। नगर अध्यक्ष प्रताप जायसवाल ने कहा कि आज देश में आपातकाल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध बोलने पर विपक्षी नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। राहुल गांधी नौजवानों, बेरोजगारी, महंगाई एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठा रहे है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया जायेगा। इस मौके पर मकसूद अहमद अंसारी, सूर्यकांत यादव, विशाल चौरसिया, परशुराम जी, उमाशंकर यादव, पंकज मौर्या, अजय राजभर, गौतम राजभर, दिनेश राजभर, गौतम बौद्ध, अलाउद्दीन अंसारी, शेषनाथ, अखिलेश सिंह, बेचन बरनवाल, इकबाल अहमद, नसीम, मुमताज अहमद, सुशील, लल्लन, आकाश कौशल, आशीष, इश्तियाक, कमलेश श्रीवास्तव, गौरी शंकर राजभर, विक्रम राजभर, छठु कन्नौजिया, संतोष पाल, बागीस कुमार, गुलाब पाठक आदि मौजूद रहे।

## अनिल राम अध्यक्ष महामंत्री बने सुनील गुप्त

**बलिया।** स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ पंप अटेंडेंट/टेक्निकल एवं बेलदार चौकीदार एम्प्लाइज एसोसिएशन (जलकल अनुभाग) शाखा नगर पालिका बलिया का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को जगदीशपुर स्थित पानी टंकी परिसर में हुआ। इसमें चुनाव अधिकारी राज्य कर्मचारी महासंघ बलिया के अध्यक्ष अजय कुमार यादव रहे। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हनुमानगंज श्यामजी रहे। बैठक में जलकल अनुभाग की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तत्पश्चात हुए चुनाव में भरत भूषण मिश्र को संरक्षक, अनिल राम को अध्यक्ष, सुनिल कुमार गुप्त को महामंत्री, हरेराम को उपाध्यक्ष, अंजनी कुमार को सूचना मंत्री एवं प्रीतम कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर रेनू शर्मा, रामप्रकाश श्रीवास्तव, गंगासागर, प्रेमशंकर यादव, श्वेता मिश्रा, अनिल कुमार, विमला भारती, कविन्द्र राय, ओमप्रकाश शुक्ला, गोपाल जी चौहान, संतोष वर्मा, दिनेश प्रसाद, हरिवंश राम, गोपाल पांडेय, दीप वर्मा, इम्तियाज अहमद, दिनेश, गोरख, संजय आदि मौजूद रहे। संचालन राजेश कुमार रावत ने किया।

## संक्षेप

### 345 छात्र-छात्राओं ने दी प्रवेश परीक्षा



**रसड़ा।** सन् फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रसड़ा में रविवार को प्रवेश परीक्षा हुई। इसमें 345 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। 15 कमरों में बैठकर छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज सिंह की देखरेख में हुई इसके लिए कुल 30 कक्ष निरीक्षक तैनात रहे। पूर्वाह्न 10 से 11.30 बजे तक प्रवेश परीक्षा हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। परीक्षा के दौरान विद्यालय के बहुराष्ट्रीय हाल में आए हुए छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को बैठने के साथ ही मिष्ठान व पानी का व्यवस्था किया गया था। विद्यालय के प्रबंधक एनपी श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### अवलेश सिंह ने किया मां का पूजन

**बलिया।** जिला भ्रमण के बाद जदयू के प्रदेश महासचिव अवलेश सिंह रविवार को कपूरी स्थित मां कपिलेश्वरी भवानी मंदिर में पहुंचे। यहां उन्होंने जगतजननी माता कपिलेश्वरी भवानी की पूजा अर्चना की। अवलेश सिंह के मां कपिलेश्वरी भवानी दरबार में पहुंचने पर युवा नेता भैया मुन्ना बहादुर द्वारा स्वागत किया गया। श्री सिंह ने मंदिर प्रांगण में चल रहे 11 दिवसीय अखंड हरिकीर्तन में भाग लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारत भूषण सिंह, सोनू सिंह, रोहित चौबे, पंकज सिंह, कुंवर हरिश्चंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### विश्वकर्मा समाज ने किया पूर्व मंत्री का स्वागत



**रसड़ा।** विश्वकर्मा समाज के लोगों ने पूर्व मंत्री कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा का छितौनी गांव में भव्य स्वागत किया। विदित हो कि शनिवार को पूर्व मंत्री कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा रतसर में एक कार्यक्रम में जा रहे थे। रसड़ा पहुंचने पर विश्वकर्मा समाज के लोगों ने माला पहना कर उनका स्वागत किया और भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर भेंट किया। इस अवसर पर सुनील कुमार सरदासपुरी, डा. जीसी शर्मा, डा. भुनेश्वर शर्मा, दीनदयाल शर्मा, अखिलेश शर्मा, दिनेश शर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, रामबाबू विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, उमाकांत विश्वकर्मा, हंसदेव शर्मा, कृष्णा शर्मा, लल्लन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### एकजुटता से होगा समाज का उत्थान : कृष्ण मुरारी



**रतसर।** विश्वकर्मा समिति के तत्वावधान में स्थानीय कस्बा में स्थित एक मैरिज हाल में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। कहा कि एकजुटता और शिक्षा से ही समाज का उत्थान होगा। आज जरुरत है समाज के हर घर के बच्चे शिक्षित हो, जिससे परिवार के साथ-साथ विश्वकर्मा समाज का भी उत्थान होगा। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षित बनो-संगठित बनो का आह्वान किया। इस दौरान सामाजिक गीतों के साथ ही होली के गीतों पर जमकर रंग गुलाल उड़े। इस अवसर पर लल्लन शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा, हृदया नन्द शर्मा, सियाराम शर्मा, मार्कण्डेय विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रामयश विश्वकर्मा तथा संचालन अरविंद शर्मा ने किया।

### अटेवा का मूल्यांकन केंद्रों पर तूफानी दौरा



**बलिया।** अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र राय पेंशन आंदोलन को धार देने के लिए प्रदेश में लगातार मूल्यांकन केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को सतेंद्र राय और प्रदेशीय मंत्री विजय प्रताप यादव ने जिला संयोजक समीर कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में बलिया जनपद के समस्त मूल्यांकन केंद्रों का दौरा किया। श्री राय ने जिला कमेटी के साथ राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कालेज एवं कुंवर सिंह इंटर कालेज पर मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों से सम्पर्क कर अटेवा की नीतियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसके पश्चात एनएमओपीएस/ अटेवा द्वारा 16 अप्रैल को निर्धारित कार्यक्रम पेंशन संवैधानिक मार्च को सफल बनाने हेतु जिला, ब्लाक एवं मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक पीडब्लूडी सभागार में हुई। इस अवसर पर मलय पाण्डेय, लाल बहादुर, विनय राय, अविनाश, राजेश, राजेश, निर्भय नारायण, महेश, राजकुमार, संजीव कुमार, राजीव कुमार, बीरेंद्र, ओमप्रकाश सिंह, मुकेश गुप्ता, महेश प्रताप शर्मा, सतीश, अजीत सिंह, सत्यप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रविन्द्र सिंह एवं संचालन समीर कुमार पाण्डेय ने किया।

### किसानों ने जैविक खेती करने पर दिया बल



**नगरा।** क्षेत्र के कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल सिसवार कलां में आयोजित भारतीय किसान संघ की प्रांतीय बैठक में सरकार द्वारा निर्धारित गेंहू व धान की लागत के आधार पर समर्थन मूल्य को नाकाफी बताते हुए बढाने की मांग की गयी। दो दिवसीय बैठक में मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के संगठन मंत्री शिवकांत ने जैविक खेती पर बल दिया। कहा कि जैविक खेती से ही किसान अपनी आय को दोगुनी कर सकते है। किसान आयुर्वेदिक औषधि जीवामृत का प्रयोग फसलों में करें। इससे उनकी फसले विभिन्न प्रकार के कीटों से बचेगी तथा उपज भी बेहतर होगी। गोरक्ष प्रांत के संगठन मंत्री अरविंद ने पीएम किसान निधि की धनराशि को पांच सौ रुपये मासिक से बढाकर एक हजार रुपये करने की मांग की। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष युगल किशोर मिश्र ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों का सबसे बडा संगठन है। इसका लक्ष्य भारतीय किसानों का समग्र विकास है। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारतीय किसान संघ की अगामी बैठक 13 अप्रैल को मऊमें होगी। इसके साथ ही वर्ष 2024 की सदस्यता अभियान पर चर्चा की गयी। मौके पर राजीव कुमार सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा, आत्मानंद सिंह, हरिशंकर सिंह, दिनेश सिंह, संजय पटेल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शेषनाथ तिवारी तथा संचालन अजय कुमार सिंह ने किया।

### भूमि पूजन आज

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा 27 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम बलिया डिपो कार्यशाला जीराबस्ती में भूमि पूजन किया जायेगा। यह जानकारी सहायक क्षेत्रत्रीय प्रबंधक ने दी है।

# पांच लोगों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**बलवीर हत्याकांड**

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस कर रही छापेमारी

### पुलिस तफ्तीश में सुनील सिंह तथा अभय भारती भी बनाए गए आरोपी

**बैरिया।** बहुचर्चित पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलबीर उर्फ जलेश्वर हत्याकांड में जिलाधिकारी के आदेश पर बैरिया पुलिस ने रविवार को पांच लोगों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया है। एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत बैरिया निवासी हरेराम सिंह उर्फ हरि सिंह, राजनारायण पांडे, सुनील सिंह, चांदपुर निवासी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अमृतेश सिंह उर्फ सबल सिंह तथा झंडा भारती के मठिया निवासी अधिवक्ता अभय भारती के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा कायम किया गया है।

बता दे कि सात जुलाई 2021 को बैरिया के चिरैया मोड़ के निकट कार से कहीं जा रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य जलेश्वर सिंह उर्फ बलबीर सिंह की अपराधियों ने फायरिंग कर दिनदहाड़े हत्या कर दी थी। इस मामले में पहले हरेराम सिंह उर्फ हरि सिंह, अमृतेश सिंह सबल, हरीश पासवान तथा राज नारायण पांडे को मृतक के परिजनों ने नामजद आरोपी बनाया था।

बाद में पुलिस तफ्तीश में सुनील सिंह तथा अभय भारती भी आरोपी बनाए गए। यह मामला बैरिया का चर्चित मामला है। इसको लेकर सर्वत्र चर्चा हो रही है। हरीश पासवान गत वर्ष पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। इस प्रकरण में हरेराम सिंह उर्फ हरि सिंह, अमृतेश सिंह तथा राजनारायण पांडे न्यायालय से जमानत पर है, जबकि सुनील सिंह तथा अभय भारती जेल में है।

गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा कायम होने के बाद रविवार को दोपहर के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी शुरू कर दी है। बताया कि जो आरोपी जेल से बाहर है, उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस के इस कार्यवायी से हड़कम्प मचा हुआ है।

# सामान्य व्यक्ति की तरह फील्ड में जायें अधिकारी

**बोले दयाशंकर मिश्र**

### जिला योजना समिति की बैठक में 513.82 करोड़ का परिव्यय अनुमोदित

**बलिया।** जिला योजना समिति की बैठक प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें कुल 513 करोड़ 82 लाख के परिव्यय का अनुमोदन सभी सदस्यों की सहमति के बाद हुआ। समिति के सदस्यों ने जनपद के विकास के लिए बहुमूल्य सुझाव भी दिए।

प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि जिले में बेहतर विकास के लिए सकारात्मक सहयोग के लिए सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधि व योजना समिति के सदस्यों की बात को गंभीरता से सुना जाए। अगर कोई व्यवस्था में कमियां बताता है तो उसको स्वीकार करते हुए सुधार लाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के लिए बेहतर काम करना चाहते हैं तो अधिकारी कभी सामान्य व्यक्ति की तरह फील्ड में जाएं और सामान्य व्यक्ति के दर्द को समझें। इससे निश्चित रूप से जनता की समस्याओं का निराकरण ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक करने की प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बैठक में मिले निर्देशों को गंभीरता से लें। अगली बैठक में अनुपालन की भी समीक्षा होगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी, एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू, बांसडीह विधायक केतकी सिंह, बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद शंकर दूबे, डीएम रवींद्र कुमार, एसपी राजकरण नैय्यर, सीडीओ प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।



जिला योजना समिति की बैठक लेते प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु

### वेंडिंग जोन व साफ-सफाई पर दिया जोर

**बलिया।** प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि बेतरतीब तरीके से सड़क किनारे गाड़ी खड़ी होना और दुकान लगा देना जैसे हालात ठीक नहीं है। इसके लिए वेंडिंग जोन शहर में बनाया जाए। साफ-सफाई के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जाए। पहले सरकारी कार्यालयों तथा उसके बाद मोहल्ला और गली की सफाई अभियान चलाकर कराएं। बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल ने बाढ़ से बचाव के लिए आवश्यकतानुसार जगह पर प्रोजेक्ट स्वीकृत करने की मांग की। इस पर प्रभारी मंत्री ने एक्सईएन बाढ़ को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधि से संपर्क स्थापित कर संवेदनशील जगहों का भ्रमण कर लें। जो कार्य चल रहे हैं, अधिकतम मई तक जरूर पूरे हो जाएं।

### शादी अनुदान एवं पेंशन में न बरते लापरवाही : एमएलसी

**बलिया।** एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू ने कहा कि गांवों को जोड़ने वाली सभी सड़क को दुरुस्त किया जाए। बेहद कमजोर लोगों के लिए संचालित शादी अनुदान और पेंशन योजना में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अधिकारी जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करें तो और बेहतर काम होगा। उन्होंने नगरीय पेयजल योजना से संबंधित पूछताछ करते हुए कहा कि जल निगम द्वारा सीवर चालू होने के नाम पर धनराशि के भुगतान में अनियमितता की शिकायत सही है तो जिम्मेदार पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### हर अस्पताल पर हों चिकित्सक

**बलिया।** फेफना विधायक संग्राम सिंह यादव ने ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में डाक्टर व स्टाफ की उपस्थिति नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। इस पर प्रभारी मंत्री ने सीएमओ को निर्देश दिया कि इस समस्या को प्राथमिकता पर लें। कम से कम हर अस्पताल पर एक डाक्टर जरूर रहें। अगर कोई ऐसा अस्पताल मिला, जहां किसी चिकित्सक की तैनाती नहीं है तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अस्पतालों में मरम्मत आदि करा कर व्यवस्था दुरुस्त करा दें।

# 19 को पूर्व पीएम की जयंती पर होगा हाफ मैराथन

**आयोजन**

### राष्ट्रनायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर की 96वीं जयंती के उपलक्ष्य में 19 अप्रैल को पांचवे चन्द्रशेखर हाफ मैराथन में देश के अलग-अलग राज्यों के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय धावक भी दौड़ेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन को लेकर रविवार को पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर राष्ट्रनायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। मैराथन समिति की बैठक में 21 किलोमीटर की दौड़ को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

समिति के सचिव उपेन्द्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन से सम्बद्ध चन्द्रशेखर हाफ मैराथन का प्रारंभ स्थल शारदा आटोमोबाइल पचखोरा से होगा। समापन वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में होगा। कहा कि इस बार के मैराथन में प्रतिभागियों की संख्या हजारों में रहेगी। केन्या व बांग्लादेश समेत कई अन्य देशों से ख्यातिलब्ध धावक आएंगे। पुरस्कार राशि भी बढ़ाई गई है।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कार राशि एक लाख रुपये दी जाएगी, जबकि द्वितीय पुरस्कार 51 हजार, तृतीय पुरस्कार 25 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 15 हजार, पंचम पुरस्कार 8 हजार, छठा पुरस्कार 4 हजार, सातवां पुरस्कार दो हजार, आठवें से पंद्रहवें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को एक-एक हजार व सोलहवें से 21वें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को पांच-पांच सौ रुपये बतौर पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रवेश शुल्क दो सौ रुपए लिया जाएगा। इस बार पांच से 17 अप्रैल तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। 18 अप्रैल को डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम में आफलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। सभी खिलाड़ियों को बसों से प्रारंभ स्थल तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए कई समितियों का गठन किया गया, जो विभिन्न संगठनों से संपर्क कर आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रेरित करेंगी। जिले भर में होर्डिंग लगाए जाएंगे।



बैठक को संबोधित करते उपेन्द्र सिंह

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

**बलिया।** बैठक में जितेन्द्र सिंह, कमला सिंह, मंटू सिंह, अजीत सिंह, अजय मिश्रा, मनोज शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, संजय दुबे, देवब्रत दूबे, मनीष सिंह, संतोष सिंह, संजय सिंह, धीरेन्द्र राय, ज्ञानेंद्र यादव, शैलेन्द्र यादव, नवीन सिंह, प्रदीप यादव, नीरज राय, मिंटु सिंह, अनूप सिंह, व्यासजी, अखिलेश सिंह शक्ति, धनंजय सिंह बिशेन, विकास सिंह, उमेश सिंह, भीम यादव, शैलेन्द्र सिंह, अजीत प्रताप, अभय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सुधीर सिंह ने किया।

### 18 को होगा नाटक का मंचन

**बलिया।** 19 अप्रैल को होने वाले चंद्रशेखर हाफ मैराथन की पूर्व संध्या पर 18 अप्रैल को मशहूर रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी और उनकी टीम पूर्व पीएम चन्द्रशेखर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर नाटक का मंचन करेगी। रंगकर्मी आशीष की सांस्कृतिक व साहित्यिक संस्था संकल्प के द्वारा 19 अप्रैल को गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# ट्रैक्टर और चालक पर मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

### दुर्घटना में घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान हो गई मौत

**बेल्थरारोड।** उभांव पुलिस ने ग्राम हल्दी रामपुर निवासी अवधेश सिंह पुत्र रामानन्द सिंह की तहरीर पर दुर्घटना का मुकदमा ट्रैक्टर नं. यूपी 52 एवाई 4757 एवं चालक सुधीर कुमार वर्मा के विरुद्ध दर्ज किया है। इसकी विवेचना उप निरीक्षक संदीप यादव को सौंपी गई है। इस घटना में मुकदमा वादी के इकलौते पुत्र की इलाज के दौरान मौत होने की खबर है। घटना बीते 10 मार्च की है।

मुकदमा वादी का पुत्र विश्वजीत सिंह (24) बीते 10 मार्च को अपराह्न 12 बजे बाईक पर सवार होकर किसी कार्य वश माल्दह चट्टी जा रहा था। अभी नदुआ ढाला ही पार किया था कि पीछे से सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरनाटार निवासी आरोपी ट्रैक्टर नं. यूपी 52 एवाई 4757 व चालक सुधीर कुमार वर्मा ने धक्का मार दिया। इससे बाइक चालक विश्वजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर में कराया गया था।

चिकित्सक ने विश्वजीत को गम्भीरावस्था में रेफर दिया, जिसके कारण उसका इलाज मऊव उसके बाद ट्रामा सेन्टर वाराणसी में कराया जा रहा था। उपचार के दौरान बीते 16 मार्च को उसकी मृत्यु हो गयी थी। उसका पोस्टमार्टम वाराणसी पुलिस द्वारा कराया जा चुका है।

मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। मुकदमा दर्ज होने में देरी कारण मृतक के अंतिम संस्कार के कर्मकाण्ड को बताया गया है।

# साढ़े चार माह से खाली है चेयरमैन की कुर्सी

**यह है हाल**

### बिना चेयरमैन के सूनी है नगर पालिका व पंचायतें

रोशन जायसवाल

**बलिया।** यह बात सही है कि जब कोई जनता द्वारा चुना गया चेयरमैन जनहित में कोई कार्य करता है तो जनता की आधी समस्या वैसे ही समाप्त हो जातीं है। साथ ही कार्यालयों में तैनात कर्मचारी और बाबू के अंदर यह डर भी सताता है कि यदि हम जनता का कोई काम नहीं करते है तो हमारी शिकायत भी हो सकती है। ऐसी स्थिति में चेयरमैन के संज्ञान में यदि कोई बात आती है तो हम दंडित भी हो सकते है। इसलिए यह जरुरी होता है कि जनता द्वारा चुने गए चेयरमैन की सख्त जरूरत है, लेकिन 12 दिसंबर 2022 को जिले के नगर पालिका और नगर पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के बाद अभी तक इसलिए चुनाव नहीं हो सका कि चुनाव के जारी ओबीसी आरक्षण का मामला न्यायालय में चला गया। इसके कारण अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं सकी है। ऐसी स्थिति में लगभग साढ़े चार माह से बिना चेयरमैन का नगर पालिका और नगर पंचायत चल रही है। हालांकि शासन ने प्रशासक को जिम्मेदारिया दी है, लेकिन जनता उनसे संतुस्ट नहीं हो पा रही है।



### कहां है चेयरमैन की कुर्सी?

**बलिया।** जिस कुर्सी के लिए जनता अपना चेयरमैन चुनती है, वही कुर्सी नगर पालिका बलिया के चेयरमैन कार्यालय में नहीं दिख रही है। करीब तीन वर्ष से कार्यालय खंडहर में तब्दील है। अभी तक चेयरमैन का कार्यालय बन नहीं पाया है।



### समय से नहीं पहुंच रहे बाबू व कर्मचारी

**बलिया।** जनता तो समय से काम के लिए नगर पालिका और नगर पंचायतो में पहुंच रही है, लेकिन बाबू और कर्मचारी समय से कार्यालय पर नहीं पहुंच रहे है। इसके चलते जनता निराश होकर वापस लौटने को मजबूर है। इसलिए जरुरी यह कि जितना जल्द हो सके चेयरमैन और सभासद का चुनाव हो, ताकि जनता की समस्या का समाधान हो सके।

### रामभरोसे चल रहा नपा कार्यालय

**बलिया।** बलिया नपा का कार्यालय रामभरोसे चल रहा है। न तो यहां जनता का ठीक से काम हो रहा है और न हीं साहब और बाबू व कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंच रहे है। ऐसी स्थिति में अपनी समस्या लेकर नपा कार्यालय पहुंच रही जनता परेशान है।

### आप चक्कर लगाते-लगाते थक जायेंगे

**बलिया।** यदि आपका कोई जुगाड़ यहां नहीं है तो आपका काम समय से नहीं हो पायेगा। क्योंकि समय से कोई काम नहीं होता है। बलिया नगर पालिका में अक्सर देखा जाता है कि यहां व्यापारी, नेता, अधिवक्ता, समाजसेवी, पत्रकार किसी काम के लिए आते है, लेकिन निराश हो जाते है। क्योंकि उनका काम समय से नहीं होता है।

### हमेशा जांच की आंच में रहा नपा बलिया

**बलिया।** नपाप हमेशा जांच के आंच में रहा। क्योंकि हमेशा कोई न कोई जांच चलती रही है। कभी बाबू की आलमारी सील हुई तो कभी लेखाकार का चैंबर में जांच चलती रही। इसका पता आज तक जनता को नहीं चल सका।

### लाभार्थियों में किया टूल किट का वितरण

**बलिया।** प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें एक जनपद-एक उत्पाद के अंतर्गत लाभार्थियों को टूल कीट वितरित किया गया। इसके अंतर्गत प्रभारी मंत्री ने प्रियंका, फुलवंती देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, सावित्री देवी, रंजना भारती, रीता देवी, प्रियंका कुशवाहा, आशा वर्मा, गणेश प्रसाद गुप्ता, राकेश वर्मा, तारकेश्वर प्रसाद, राधेश्याम को बिंदी उद्योग के लिए टूल कीट का वितरण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत रोहित कुमार सिंह, बंशीधर गुप्ता, विकास चौबे, शहीद राजा, रामजी जायसवाल को ऋण राशि का वितरण किया गया, जिससे यह उद्योग स्थापित कर स्वावलंबी बन सकेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर, सीडीओ प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा के स्तर में सुधार को उठायें ठोस कदम

**बैरिया।** सूबे की सरकार प्राथमिक शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रयासरत है, लेकिन अभी आमूल-चूल परिर्वतन नही हो पाया है। शिक्षा के ढांचे में अगर सरकार सुधार चाहती है तो उसे ठोस कदम उठाने होंगे। सरकार को समय पर शिक्षण सामग्री एवं विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षकों की तैनाती जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देना होगा।

प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति कैसी है? इससे आज कोई भी अनभिज्ञ नहीं है। स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए टाट-पट्टी तक दुरुस्त नहीं होती हैं। इसके साथ ही कमरों में गंदगी, शिक्षकों की कमी, शिक्षण सामग्री का देर से पहुंचना समेत अनेक समस्याएं हैं। इससे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाना पसंद करते हैं। सरकार चाहती है कि प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार आए। इस संबंध में दोकटी निवासी पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार, दलन छपरा के शिक्षक आरपी चंद्रात्रेय ने बताया कि शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इसमें सबसे पहले स्कूलों में खाली कर्मियों के पदों को भरा जाए तथा शिक्षण सामग्री समय से स्कूलों में पहुंचाई जाए। अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्य जैसे मिड-डे-मील बनवाना, बीएलओ ड्यूटी, सर्वे, पल्स पोलियो जैसे कार्य न लिए जाएं। अप्रैल में होने वाली दस दिन की छुट्टी को मई के अंत में किया जाए। स्कूलों में स्वीपर, चौकीदार व माली के पद सृजित हों। ऐसा करने से शिक्षा के स्तर में सुधार लाया जा सकता है।

# ग्यारह आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन मालगोदाम रोड स्थित अपने दुकान में फेसबुक लाइव आकर एक फरवरी 2023 को गन व्यवसायी नन्द लाल गुप्ता ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया था। इस मामले में मृतक व्यापारी की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने 13 नामजद सहित 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसमें से सात आरोपितों को जिला जज द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने 11 मुख्य आरोपितों के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्रवाई कर जांच में जुट गई है।

एक फरवरी 2023 को गन व्यापारी नंदलाल गुप्ता सूदखोरों के आतंक से पीड़ित होकर फेसबुक पर लाइव हुए और गोली मारकर सुसाइड कर लिया था। इस मामले में उनकी पत्नी ने कोतवाली में 13 नामजद एवं अन्य के विरुद्ध लिखित तहरीर दिया था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसमें से सात आरोपितों को जिला जज की अदालत ने सुनवाई करते हुए जमानत पर रिहा कर दिया था, जबकि अधिवक्ता ग्राम न्यायालय को लेकर हड़ताल पर चल रहे थे। इसकी जानकारी होते ही अधिवक्ताओं एवं आम लोगों ने जमकर विरोध जताया था। इसके बाद जिला प्रशासन की जमकर किरकिरी हुई थी। कोतवाली पुलिस ने देव नारायण सिंह उर्फ पुना सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह निवासी नेवरी, थाना कोतवाली, हनुमान सिंह पुत्र स्व. नारायण सिंह निवासी रामपुर महावल, थाना कोतवाली, शैलेंद्र सिंह पुत्र सभापति सिंह निवासी ताखा, थाना गड़वार, अजय सिंह सिंघाल पुत्र स्व. नेपाल सिंह निवासी भृगु आश्रम, थाना कोतवाली, सहजानंद सिंह पुत्र शंभुनाथ सिंह निवासी जापलिनगंज, थाना कोतवाली, अनिल चौबे पुत्र स्व. भरत चौबे निवासी पीपरपाती, थाना बांसडीह रोड, राहुल चौबे पुत्र स्व. उदय नारायण चौबे निवासी पीपरपाती, थाना बांसडीह रोड, अखिलेश प्रताप सिंह पुत्र स्व. रामजी सिंह निवासी दुबहर, थाना दुबहर, आलोक सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह निवासी मिड्ढ़ी, थाना कोतवाली, सुनील मिश्रा पुत्र स्व. पारसनाथ मिश्रा निवासी परिखरा, थाना बांसडीह रोड, राजू उर्फ राजीव मिश्रा पुत्र स्व. पारस नाथ मिश्रा निवासी परिखरा, थाना बांसडीह रोड के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्रवाई करते हुए छानबीन में जुट गई है। इसके बाद सूदखोरो में हड़कंप मचा हुआ है। वही, पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद जगी है।

## विधायक ने जन चौपाल में लोगों की सुनी समस्याएं

**बांसडीह।** बेरुआरबारी विकास खण्ड के ग्राम सभा मिश्रवलिया में रविवार के दिन जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित जन चौपाल में भाजपा विधायक केतकी सिंह को लोगों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। जन चैपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को विधायक के समाने रखा, विधायक केतकी सिंह ने लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना एवं तत्काल समस्याओं के निराकरण के लिए सार्थक आश्वासन भी दिया। विधायक केतकी सिंह सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से भी लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश विकास की पथ पर अग्रसर है। सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ कार्य कर रही है। इस मौके पर ग्राम प्रधान इरफान अहमद, केके पाण्डेय प्रधानाचार्य, ओमप्रकाश मिश्रा, आदित्य नरायन ओझा, दिनेश मिश्रा, केशव शुक्ला, दयाशंकर ओझा, दया शंकर तिवारी, आशातोष तिवारी अंगद, अरविंद पाण्डेय, त्रिभुवन मिश्रा, अनिल ओझा, विजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## शोभायात्रा की सफलता को बनायी रणनीति


विहिप की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी

**बलिया।** विश्व हिंदू परिषद बलिया के कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक प्राथमिक विद्यालय खोरीपाकड़ में हुई। इसमें 30 मार्च को रामनवमी के दिन निकलने वाले भव्य शोभायात्रा को सफल बनाने की रणनीति बनायी गई। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री मंगल देव चौबे ने कहा कि 30 मार्च को रामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए अपने कैम्प कार्यालय पर प्रभु श्रीराम की भव्य आरती के साथ संपन्न होगा। सभी प्रखंडों के समस्त पदाधिकारी एवं सभी दायित्वधारी कार्यकर्ता शोभायात्रा में आम जनमानस के साथ प्रतिभाग करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक विशाल जी ने कार्यकर्ताओं में सकारात्मक ऊर्जा भरते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में जुटकर प्रभु श्रीराम के गगनभेदी नारो से पूरे जनपद को गुंजायमान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करना है। जिला कार्याध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक यात्रा होगी। इस अवसर पर तरुण, रुद्रशेखर, सत्यप्रकाश वर्मा, रवि सिंह, आदित्य खरवार, समर तिवारी, चेतन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### संक्षेप

## फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने में तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** बांसडीह पुलिस ने फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने तथा बैंक से ऋण लेने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको चालान न्यायालय कर दिया।पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को बांसडीह कोतवाली के निरीक्षक अपराध अमित कुमार सिंह को मूखबीर से सूचना मिली कि 23 मार्च को थाना बांसडीह पर पंजीत मुअसं.-144/23 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 506 भादवि से संबंधित तीन अभियुक्त रमाशंकर पुत्र मथुरा सिंह निवासी विद्या भवन नरायनपुर, थाना बांसडीह, बिजेन्द्र राम पुत्र लक्ष्मण प्रसाद निवासी कस्बा बांसडीह को बांसडीह-बलिया स्टैण्ड के पास दुर्गा मंदिर के पास से गिरफऊ़तार किया गया। वहीं, विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्त मुकेश यादव पुत्र हरेराम यादव निवासी हसनपुरा, थाना सहतवार को केवरा चट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि 23 मार्च को खादीपुर, बांसडीह के शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी नानी तिलेश्वरी देवी का निधन एक जून 1984 को हो गया था। उनके नाम का फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाकर एक नवम्बर 2022 को अभियुक्तों ने मृतक महिला तिलेश्वरी देवी के स्थान पर दूसरी महिला को खड़ा कर फर्जी तरीके से बैनामा किया। बैनामा के उपरांत इंडियन बैंक शाखा बासंडीह से ऋण प्राप्त किया गया है। थाना बांसडीह पर कुल 05 नामजद व 01 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध अमित कुमार सिंह, हेकां. दिनेश यादव, कां. शशांक यादव शामिल रहे।

## पूर्व शिक्षक विधायक ने किया मूल्यांकन केंद्रों का भ्रमण



**बलिया।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ वाराणसी के पूर्व शिक्षक विधायक डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र ने रविवार को स्थानीय शिक्षक नेताओं के साथ जिले के चारों मूल्यांकन केंद्रों का भ्रमण करके मूल्यांकन कार्य में लगे हुए शिक्षकों की समस्याओं की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान शिक्षक नेता ने आगामी पांच व छह अप्रैल को लखनऊके केसरबाग स्थित सेन्टीनियल इण्टर कालेज में आयोजित दो दिवसीय राज्य सम्मेलन एवं शैक्षिक विचार गोष्ठी में सम्मिलित होने का आह्वान किया।कुंवर सिंह इण्टर कालेज के प्रवेश द्वार पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए डॉ. मिश्र ने बताया कि आगामी राज्य सम्मेलन में शिक्षक व कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी लम्बित मांगों के त्वरित निस्तारण हेतु आगे की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने परिषदीय परीक्षाओं एवं बोर्ड की उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बकाये पारिश्रमिक का यथा-शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई। इस दौरान पूर्व शिक्षक विधायक के साथ नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह, जिला मंत्री जगत नारायण मिश्र, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, रमेश चन्द्र ओझा, सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय, अनुज सिंह, केके पाण्डेय, धर्मनाथ सिंह, अरविन्द राय, डॉ. राघवेन्द्र नारायण सिंह, विजय बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंह, चन्द्रशेखर विश्वकर्मा, यादवेन्द्र उपाध्याय, हरेन्द्र सिंह, प्रेमशंकर राय, राजेश प्रसाद, शशिप्रेम देव, मयंक शेखर राय, शैलेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## गंगा को स्वच्छ रखना सबकी जिम्मेदारी: बोले विमल कुमार आनंद



**बैरिया।** गंगा स्वच्छता पखवारा के तहत सम्पूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट जयप्रकाश नगर के परिसर में रविवार को गोष्ठी एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला वन संरक्षण अधिकारी विमल कुमार आनंद एवं विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजकीय बालिका इंटर कालेज जयप्रकाश नगर की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और लोगों को गंगा स्वच्छता तथा पर्यावरण रक्षा के प्रति जागरूक किया। जिला वन संरक्षण अधिकारी विमल कुमार आनंद ने कहा कि बिना वन जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। वही, गंगा इस देश की स्मिता है। इन्हें हर हाल में हमें स्वच्छ बनाना है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। वन को बढ़ाना एवं गंगा को स्वच्छ रखना सबकी जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने अपने संबोधन में लोगों को संकल्प दिलाया कि वह पौधे लगाएंगे और गंगा में प्रदूषण नहीं फैलायेंगें। कहा कि गंगा देश की जीवन रेखा है। वही, जीव मात्र के लिए वन बेहद उपयोगी है। इसकी रक्षा सबको करनी होगी। इस अवसर पर ट्रस्ट के व्यवस्थापक अशोक कुमार सिंह, विजय बहादुर सिंह, वन क्षेत्राधिकारी राजेश श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज गुरु प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे। सभी का आभार वन क्षेत्राधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

## ढेकवारी में शो-पीस बना एएनएम सेंटर



**नगरा।** क्षेत्र के ढेकवारी गांव में डेढ दशक पूर्व आधा-अधूरा बना एएनएम सेंटर शो-पीस बन गया है। उक्त सेंटर पर अभी तक किसी एएनएम की तैनाती नही हो सकी है। क्षेत्र की महिलाओं को गांव स्तर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित यह सेंटर वर्ष 2006-07 में बना था। तत्कालीन बसपा सरकार में राजनीति में गहरी पैठ रखने वाले ठेकेदारों ने क्षेत्र में कई एएनएम सेंटर का भवन बनवाया था। एक भवन पर 7 लाख रुपये से भी अधिक की धनराशि खर्च की गई। तत्कालीन एएनएन व तत्कालीन ग्राम प्रधान के संयुक्त खाते में धनराशि मिली थी। आरोप है कि उस समय की एएनएम व ग्राम प्रधान ने भवन निर्माण की धनराशि में जमकर बंदरबांट किया था। स्थिति यह है कि एएनएम सेंटर का भवन अब तक स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित ही नही किया गया। सूत्र तो बताते हैं कि इन भवनों का स्थानीय पीएचसी पर कोई अभिलेख ही उपलब्ध नही है। इससे प्रतीत होता है कि ठेकेदारों ने अपने रसूख के बल पर भवन स्वीकृत करा लिया। इस भवन में भूसा रखा जा रहा है। यहां तक कि भवन के सामने उपले बनाये जा रहें हैं। जबसे इस भवन का निर्माण हुआ, तबसे आज तक न तो इसकी साफ-सफाई हुई और न ही इसकी रंगाई-पुताई ही की गयी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राहुल सिंह का कहना है कि ढेंकवारी में बने एएनएम सेंटर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोई रिकार्ड ही नही है। न ही वहां एएनएम की कोई जगह ही है। इसी कारण वह भवन बेकार पड़ा हुआ है।

## क्षेत्रीय अक्ष्यक्ष सहजानंद राय का गृह जिले में हुआ स्वागत



**बलिया।** गोरखपुर प्रांत क्षेत्र के नवागत क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय रविवार को अपने गृह जनपद आजमगढ़ पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक बलिया के अध्यक्ष विनोद शंकर दुबे व भाजपा नेता अभिषेक गुप्ता सेठु मौजूद रहे। इसी क्रम में गोरखपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय मिश्रा ने भी क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय को बधाई दी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी ने भाजपा के कई बड़े नेताओं को बढ़ी जिम्मेदारी सौंपी।

## तुरैहा सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

**बलिया।** जिले के रामलीला मैदान में रविवार को विशाल तुरैहा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में तुरैहा समाज के लोग मौजूद रहे। मंच के माध्यम से स्वजातियों में यह संदेश दिया गया कि आने वाले चुनाव में अपने समाज के लोगों को ही वोट देना है, ताकि हमारे समाज से जुड़े लोग राजनीत में सक्रिय रूप से आगे बढ़ सके। सुबह से शाम तक रामलीला मैदान में कार्यक्रम चलता रहा। इस कार्यक्रमें पूर्वांचल ही नहीं पूदे प्रदेश के तुरैहा समजा के लोग मौजूद रहे।




# सांसद ने जिम व्यायामशाला का किया भूमि पूजन



**सिकन्दरपुर।** स्थानीय क्षेत्र के कटघरा स्थित कठमुक्तेश्वर धाम के प्रांगण में रविवार को ओपन जिम व्यायामशाला का भूमि पूजन रविवार को मुख्य अतिथि लोकसभा सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने किया। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह व्यायामशाला खुल जाने से अब युवाओं को आर्थिक बोझ का सामना नहीं करना पड़ेगा। गांव के युवा भी अपने शरीर के फिटनेस का ध्यान रख पाएंगे। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार कृत संकल्पित है। पूर्व मंत्री राजधारी ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं की बढ़ती हुई जिज्ञासा को देखते हुए कठमुक्तेश्वर धाम के प्रांगण में ओपन जिम खोल दिया गया है, जिसका भूमि पूजन किया गया है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से भगवान, गणेश सोनी, संजय व अन्य भाजपा ने भी संबोधित किया। इस दौरान ज्ञानकुंज एकेडमी के प्रबंधक डॉ. डी एन सिंह, अखिलेश सिंह गुड्डू, ग्रामप्रधान तूफानी, शशि, विनोद शंकर, शोभन, सन्तोष व डॉ. उमेशचन्द सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कार्यक्रम**

## सीएमबी इंटरनेशनल स्कूल की नई शाखा का उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज

**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर में स्थापित सीएमबी इण्टरनेशल स्कूल का वार्षिकोत्सव पिपरौली, बड़ागांव में स्कूल की नई शाखा के उद्घाटन के मौके पर रविवार को अत्यन्त ही धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि विधायक जयप्रकाश अंचल ने अपने पिता पूर्व मंत्री स्व. शारदानन्द अंचल की शिक्षा के प्रति सोच की चर्चा करते हुए कहा कि कभी ऐसा भी समय ऐसा रहा, जब बच्चे तो दूर, बच्चियों को स्नातक स्तरीय शिक्षा के लिए तरसना पड़ता था।

कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में बलिया ही नही, बल्कि पूरे प्रदेश के सुदूर अंचलों में भारी पैमाने पर स्कूल व कालेज की स्थापना कराकर शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया। इसका लाभ यहां के बच्चे-बच्चियों को मिल रहा है। कहा कि समाजबादी पार्टी की सरकार में कन्या विद्या धन वितरित करके बच्चियों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया था। इसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। उन्होंने ग्राम पिपरौली, बड़ागांव में सीएमबी इण्टरनेशनल स्कूल की नई शाखा के शुभारम्भ पर स्कूल प्रबन्धन को धन्यबाद देते हुए निरन्तर प्रगति करने की शुभकामना दी। इधर, स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

स्कूल के प्रबन्धक श्रीकान्त यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला देवी ने फीता काटकर स्कूल का उद्घाटन किया। समारोह का शुभारम्भ इण्डियन बैंक शाखा तेन्दुआ के मैनेजर अभिषेक सिंह ने स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती संहिता सिंह संग दीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह, रितेश जायसवाल, बनारसी यादव, रमेश यादव, बीरबहादुर यादव पहलवान, अंगद यादव, रामाश्रय यादव फाईटर, अनिल यादव, सुमन्त राय, नागेन्द्र यादव, श्याम विहारी यादव, उमर, अमरजीत कुमार, नागेन्द्र कुमार यादव, रितेश श्रीवास्तव, गुलाब चन्द, आरती सिंह, सुष्मिता, निशा जैनम, मनिषा, अकांक्षा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मोहन लाल यादव एडवोकट तथा संचालन कन्हैया लाल यादव एवं अमरजीत भारद्वाज ने संयुक्त रुप से किया। सभी का आभार प्रबंधक श्रीकांत यादव ने व्यक्त किया।


समारोह को संबोधित करते विधायक जयप्रकाश अंचल

### संक्षेप

## आयुष्मान भारत मेला में 502 लाभार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 67 लाभार्थियों का होगा उपचार



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही गोल्डन कार्ड धारकों के उपचार की सुविधा हेतु लगने वाले आयुष्मान भारत मेला में आज जनपद के सभी 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 502 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 67 लाभार्थियों को उपचार की सुविधा प्रदान करने हेतु निकटतम सरकारी एवं संबद्ध प्राइवेट अस्पतालों हेतु चिन्हित किया गया। ज्ञातव्य है कि पिछले पांच आयुष्मान भारत मेले में कुल 3699 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ था, जिनमें से 565 लाभार्थियों को उपचार हेतु चिन्हित कर इलाज की सुविधा भी प्रदान की जा चुकी है। इनमें से ज्यादातर मरीज हर्निया, हाइड्रोसील, मोतियाबिंद, गाल ब्लैडर स्टोन, अपेंडिक्स आदि के थे। वर्तमान में जनपद में सरकारी अस्पतालों के साथ ही 24 प्राइवेट अस्पतालों में गोल्डन कार्ड धारकों के इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। जिला प्रशासन के इस अनोखी पहल से आयुष्मान कार्ड धारकों को आयुष्मान भारत मेले का आयोजन से बेहतर इलाज की सुविधा प्राप्त हो रही है।

## देवी जागरण में पहुंचे परिवहन मंत्री



**बलिया।** शास्त्री नगर बड़ा गड़हा मोहल्ला में जय भारत क्लब द्वारा देवी जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी मौजूद रहे। काफी देर तक परिवहन मंत्री और देवी जागरण कार्यक्रम की सराहना की एवं आयोजन समिति के लोगों को बधाई दी। इस दौरान पूर्वांचल के जाने-माने भजन गायकों ने देर रात तक देवी जागरण किया।

## मां कपिलेश्वरी भवानी मंदिर में जुटी भक्तों की भीड़

**बलिया।** कपूरी में स्थित कपिलेश्वरी भवानी मंदिर में नवरात्र के पांचवें दिन दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ जुटी रही। जहां सुबह से देर शाम तक भीड़ लगी रही। मंदिर परिसर में 11 दिवसीय अखण्ड कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा है, जिसका समापन 31 मार्च को होगा। इस दौरान जदयू के प्रदेश महासचिव अवलेश कुमार सिंह ने मां के मंदिर में मत्था टेका व पूजन किया। वह काफी देर तक मंदिर परिसर में कार्यकताओं के साथ बैठे रहे। इस अवसर पर भईया मुन्ना बहादुर सिंह ने स्वागत किया। 31 मार्च को चैता मुकाबला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक भैया मुन्ना बहादुर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह होंगे।



# मोबाइल वेटनरी यूनिट गांवों में जाकर पशुओं का करेगी नि:शुल्क इलाज



जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 201 करोड़ की लागत से 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट को फ्लैग आफ किया।

कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोबाइल वेटनरी यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके सजीव प्रसारण को मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा कलेक्ट्रेट के एनआईसी से देखा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के अंदर 12 लाख गोवंश हैं, जिसकी जिम्मेदारी सरकार उठा रही है। 10 लाख के करीब गोवंश को रखकर उनके बेहतर जीवन के लिए सरकार काम कर रही है। इसमें विभाग की भी सहभागिता है। उन्होंने कहा कि ये सभी 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट जीपीएस से लैस हैं। प्रदेश के सभी जिलों में पशुपालकों को मेडिकल और स्वास्थ्य से संबंधित सभी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए यह बड़ा निर्णय लिया है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा कलेक्ट्रेट से मोबाइल वेटनरी यूनिट (एंबुलेंस) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक-एक मोबाइल वेटनरी यूनिट जनपद के चारों तहसीलों में लगाई गई हैं। प्रत्येक तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में जाकर पशुओं का निःशुल्क इलाज करेंगी। कोई भी पशुपालक जिसके पशु बीमार हो वह मोबाइल वेटनरी के टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करके अपने पशुओं का निःशुल्क इलाज करा सकते हैं। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**फ्लैग ऑफ**

## मोबाइल वेटनरी यूनिट को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

## सबको एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए

**दोहरीघाट, मऊ।** चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर सरयू तट पर स्थित अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में चल रहे नौ दिवसीय आदिशक्ति अखंड महायज्ञ के पांचवें दिन मातृभक्तों को उपदेश देते हुए सदगुरु महाराज ने बताया कि आधुनिकता के इस दौर में प्रत्येक घर की स्थिति विषम हो गई हैं यदि घर को वास्तव में स्वर्ग बनाना है स्वर्ग जैसा जीवन जीने के लिए घर के सभी सदस्यों को आपस में बड़े छोटो सब को सम्मान देना होगा घर में बड़ों का आदर करना उनकी सेवा करने के साथ साथ बड़ो को भी छोटों को सम्मान करना चाहिए। सास अपनी बहू को बेटी बहू अपनी सास को अपनी मां समझे बहू जो कि अपना घर परिवार छोड़कर नए घर को सवारती है उसे भरपूर सम्मान मिलना चाहिए समाज में लोग एक दूसरे की बुराई ही करते नजर आते है। यदि मनुष्य अपनी गलती को स्वतः सुधार कर ले तो सारा जग स्वतः ही सुधर जाएगा मनुष्य में कमियां होती है यह कोई बड़ी बात नहीं है गलतियां भी होती हैं। यह तभी संभव है जब हम एक दूसरे का सम्मान एवं प्रेम करते हुए सद्गुरु के सानिध्य में रहकर उस परम सत्ता मां आदिशक्ति का भजन करें मैं यह नहीं कहता कि आप अपना सारा समय भजन में खर्च करें अपने दैनिक कार्य को करते हुए उस परम सत्ता का स्मरण करें जो भी कार्य करें वह ध्यान से करें हमें कोई देखे या ना देखे परम सत्ता की नजर हमेशा आप पर रहती है।

## लूट मामले में 25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



**मऊ।** रविवार को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान नदवल मोड़ से से मु0अ0सं0 402/22 धारा 392 भदवि0 में वांछित 25 हजार रुपए का इनामिया अभियुक्त मन्नू राजभर पुत्र सुख्खु राजभर निवासी मुहम्मदपुर बाबुराम थाना कोपागंज जनपद मऊ के कब्जे से एक अवैध तमंचा व 02 अदद जिंदा कारतूस 303 बोर तथा लूट का 1300 रुपए बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 126/23 धारा 3/7/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# प्रहलाद की कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

जनसंदेश न्यूज

**इन्दारा, मऊ।** पुराण अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद्भागवत या केवल भागवत भी कहते हैं। भगवान की विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष दायिनी है। यह कथा सुनने मात्र से ही मानव का कल्याण संभव है। कोपागंज विकास खंड अदरी नगर पंचायत के इंदारा स्टेशन रोड वार्ड चार के जन कल्याण श्री दुर्गा पूजा समिति मन्नत वाली माता मंदिर के प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास आचार्य अमित पांडेय ने यह बात कही। भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप अपने भाई की मौत का बदला भगवान विष्णु से लेने के लिए ब्रह्मा जी की तपस्या करने को वट वृक्ष के नीचे बैठ गया। वहां देव गुरु बृहस्पति तोता का रूप धारण कर वृक्ष पर बैठ गए और नारायण नाम का रट लगाने लगा। आजिज हिरण्यकश्यप तपस्या छोड़ कर घर आ गया। पत्नी ने पूछा कि आप तपस्या छोड़कर क्यों चले आए तो उसने तोता की बात बताई। पत्नी ने भी भगवान के नाम का जप किया और भक्त प्रहलाद के रूप में बालक का जन्म हुआ। जब प्रहलाद गुरुकुल से घर आए तो हिरण्यकश्यप ने पूछा कि क्या शिक्षा ग्रहण किए हो। इस पर प्रहलाद भगवान का गुणगान करने लगे। इससे हिरण्यकश्यप क्रोधित हो उठा लेकिन प्रहलाद ने भगवान की आराधना नहीं छोड़ी। हिरण्याक्ष अत्याचार करता रहा। उसने बहुत सारे कष्ट दिए। अग्नि में जलाया, पहाड़ से गिराया, उबलते हुए तेल में डाला और मारने का बहुत प्रयास किया। उसकी बहन होलिका प्रहलाद को गोदी में लेकर अग्नि में बैठ गई। होलिका तो स्वयं जलकर भस्म हो गई लेकिन प्रहलाद हंसते हुए अग्नि से बाहर आ गए।हर बार भगवान प्रहलाद को बचाते रहे। एक दिन हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद से कहा कि तुम्हारे भगवान कहां हैं। प्रहलाद ने जवाब दिया कि कण-कण में हैं और इस खंभे में भी हैं। इतना सुनते ही हिरण्यकश्यप ने तलवार निकाल कर खंभे पर वार कर दिया। तब नरसिंह के रूप में प्रकट होकर भगवान ने हिरण्यकश्यप का वध कर दिया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथाव्यास ने कथा के पूर्व पूजन-अर्चन कराया। इस अवसर पर भागवत गुप्ता, बजरंगी लाल, चंदन गुप्ता, दिलिप जयसवाल, प्रिंस गुप्ता, राजेश मद्धेशिया, पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल, सुरेश मद्धेशिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




# पति ने पत्नी की पीट पीट कर की हत्या

**दुखद**

## आरोपी पति को पुलिस ने सादात स्टेशन से दबोचा

## भूत-प्रेत को लेकर पति-पत्नी में उपजा था विवाद

**जनसंदेश न्यूज**


आरोपी पति दिनेश राम।

**सादात।** थाना क्षेत्र आतमपुर छपरा की दलित बस्ती में शनिवार की देर रात भूत-प्रेत के चक्कर में पति ने पत्नी को लाठी से पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया। बस्ती के लोगों को घटना की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। लोगों ने आनन-फानन में मुकामी पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी पति के तलाश में जुट गई। पुलिस की तत्परता से आरोपी को सादात रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

आतमपुर छपरा निवासी दिनेश राम पेशे से राजगीर मिस्त्री है, जिसकी मानसिक हालत पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। शनिवार को पत्नी अर्चना से किसी बात को लेकर उसका हुआ तो दिनेश ने फरसा के बेंट से पत्नी के सिर व गर्दन पर ताबड़तोड़ प्रहार कर उसे मौत की नींद सुला दिया और घटना के बाद मौके से फरार हो गया। शोर सुनकर दम्पत्ति की दस वर्षीय दो जुड़वां पुत्रियां ज्वाला, ज्योति, सात वर्षीय जूही व एक तीन साल का पुत्र सागर रोने लगे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्रा दल-बल से पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। इस मामले में मृतका के पिता आजमगढ़ के मेहनगर थाना के रायपुर पट्टी खजुरा गांव निवासी धर्मदेव राम ने अपने दामाद के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। इधर पुलिस ने आरोपी को रविवार की भोर में कहीं भागने के लिए आये सादात रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उसका चालान भेजते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सम्राट अशोक की जयंती पर सरकार घोषित करे अवकाश

**बोले राजेश कुशवाहा**

## कुशवाहा महासभा की बैठक में संगठन को धारदार बनाने पर दिया बल

**गाजीपुर।** कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में तहसील मुहम्मदाबाद के महासभा की बैठक रविवार को एमजेआरपी डिग्री कॉलेज आदिलाबाद मुहम्मदाबाद में संपन्न हुई। बैठक में समाज के चतुर्दिक विकास व संगठन को धारदार बनाने पर विशेष बल दिया गया तथा प्रदेश सरकार से महान सम्राट अशोक की जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष रामराज सिंह कुशवाहा ने कहा कि संगठन ही एकमात्र वह तंत्र है,जिससे समाज को प्रभावशाली और मजबूत बनाया जा सकता है। संगठन से संघर्ष व संघर्ष से ही अधिकार व पहचान प्राप्त हो सकता है। संगठन मानव शरीर में रीढ़ के समान है इसलिए सामाजिक व राजनीतिक विकास व विस्तार के लिए मजबूत संगठन का होना परम आवश्यक है। बैठक में मुख्य रूप से जयप्रकाश सिंह कुशवाहा, पुरुषोत्तम सिंह, प्रिंस ,शशिकांत,अनिल, सुरेन्द्र,मनोज, अंगद, तारकेश्वर, हंसराज, लालू, कमलेश, तारा, मनोज ,रणजीत, सत्येंद्र, पवन, डॉ विजय आदि समाज के लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता तहसील मुहम्मदाबाद अध्यक्ष रामअवध कुशवाहा तथा संचालन अलगू सिंह कुशवाहा ने किया।

पूर्व सांसद जगदीश सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज हम लोगों को बाबा साहब के उन विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है । जिसमें उन्होंने अपने समाज से कहा था कि आप इतनी बड़ी संख्या में होते हुए भी भयभीत क्यों है? आप अपनी संख्या बल को पहचानो व अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करो।


एमजेआरपी डिग्री कालेज आदिलाबाद में राजेश कुशवाहा का स्वागत करते कुशवाहा महासभा के सदस्य।

सपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुशवाहा ने कहा कि यदि समाज इकट्ठा होकर एकता के सूत्र में बध जाए और हम सब अपनी शक्ति को पहचान जाए तो पुनः गौरवशाली इतिहास को दोहराया जा सकता है।भगवान बुद्ध ने भी कहा था कि जहां शील को खतरा हो संघर्ष से मत घबराओ।आज युवा पीढ़ी को शहीदे आजम भगत सिंह के वह क्रांतिकारी विचार कि पिस्तौल व बम से इंकलाब नहीं हो सकता है,बल्कि विचारों की साम पर क्रांति की तलवार की धार तेज होती है को अपनाने की जरूरत है।

## संक्षेप

### तीरंदाजी में बेटी ने स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा



**सुहवल।** युवराजपुर निवासी तीरंदाजी विनती तिवारी ने सोनभद्र में आयोजित ग्यारहवीं जूनियर प्रादेशिक तीरंदाजी प्रतियोगिता के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र व जिले का नाम रौशन किया है। इसकी जानकारी परिजनों व खेल प्रेमियों को होते ही हर्ष व्याप्त हो गया।पदक विजेता के घर पहुंचने पर लोगों ने होनहार खिलाड़ी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।मालूम हो कि सोनभद्र के तियरा स्टेडियम में यह प्रतियोगिता आयोजित रही।जिसमें युवराजपुर गाँव की बेटी ने अपने प्रतिभा का परचम लहराते गोल्ड पर कब्जा कर अपने गाँव व जिले का नाम रौशन किया। अपनी जीत का श्रेय उसने अपने माता पिता के आशिर्वाद व कोच के उचित मार्ग निर्देशन को दिया। मालूम हो कि वह अभी कक्षा आठ की छात्रा है। सोनभद्र में पिता के साथ रहकर पढ़ाई करती है। पिता सोनभद्र के पुसौली में पीजी इंटर कालेज में अध्यापक है।

### 110 ग्राम हेरोईन के साथ तस्कर गिरफ्तार



**करंडा।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस कड़ाई से पेश आ रही है। पुलिस ने एक बार फिर हेरोईन तस्करी में लिप्त तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है। पुलिस ने अभियुक्त को 110 ग्राम नाजायज हेरोईन, 200 रुपया व एक मोबाईल के साथ हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक करण्डा मय पुलिस बल द्वारा धरम्मरपुर चट्टी पर शनिवार को भ्रमणशील होकर अपराध व अपराधियों के बारे बातचीत की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर जमानिया पुल के पास से अभियुक्त धर्मेन्द्र सिंह यादव पुत्र लक्ष्मण सिंह यादव, जिवपुर थाना जमानिया को 110 ग्राम नाजायज हेरोईन मय 200 रुपया व एक मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक सम्पूर्णानन्द राय, उ.नि सुनील कुमार शुक्ला, हे.का रामप्रताप सिंह, रोहित कुमार सरोज, मयंक सिंह रहें।

### अडाणी को बचाने के लिए राहुल गांधी की सदस्यता रद्द

**गाजीपुर।** भाकपा (माले) जखनियां तहसील कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय पर हुई। जिला सचिव राम प्यारे राम ने कहा कि अडाणी घोटाले में घिरी मोदी सरकार के दबाव में राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म की गई है। संसदीय परंपरा में यह पहली दफा है जब सत्ता पक्ष ही संसद नहीं चलने दे रहा है। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष अडाणी घोटाले की जेपीसी जांच की लगातार मांग उठा रहा है। अडाणी को बचाने में लगी मोदी सरकार ने उलटे राहुल गांधी की सदस्यता ही खत्म करवा दी। यह देश के लोकतंत्र का मजाक है। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को कथित मोदी मानहानि मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन सजा को 30 दिनों तक सस्पेंड रखा गया था और राहुल गांधी को उच्चतर न्यायालय में अपील का अधिकार दिया गया था। कोर्ट की इस बात को खारिज करते हुए एक दिन बाद ही आनन-फानन में उनको लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया। इससे जाहिर होता है कि मोदी सरकार विपक्ष से कितनी भयभीत है। यह भारत के लोकतंत्र के लिए एक काला अध्याय है। बैठक में अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह, लालबहादुर बागी, शान्ति देवी, श्रीकांत राम, रामबृक्ष मौर्य, ने विचार व्यक्त किया।

### पीएम आवास योजना के तहत पात्रों को करें चिह्नित

**गाजीपुर।** राज्य मंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग विजय लक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता एंव विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल की उपस्थिती में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में श्रीमती गौतम ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, सांसद निधि, विधायक निधि से कराये गये कार्य, सांसद आदर्श ग्राम योजना, ग्रांम पंचायतों में संचालित ग्राम सचिवालय के संचालन की जानकारी, मनरेगा, खेल मैदान, अमृत सरोवर, स्वयं सहायता समूह, जल जीवन मिशन (ग्रामीण), एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों एंव उसके निस्तारण की जानकारी ली। बैठक के दौरान आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को चिहिन्त करते हुए योजना का लाभ दिया जाये,किसी भी अपात्र का चयन न हो। इसके अतिरिक्त सांसद एवं विधायक निधि से कराये जा रहे विभिन्न विकास परक कार्यो का निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष ससमय एंव मानक के अनुरूप पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त शासन के निर्देश के क्रम प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खण्डों ग्राम चौपाल का आयोजन कर शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक राजेश यादव, डीसी मनरेगा, डीसीएन आरएलएम, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एंव अन्य जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### नगीना पहलवान की मनाई गई पुण्यतिथि

**बिरनो।** पलिया निवासी स्व. नगीना पहलवान के 26 वीं पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जंगीपुर विधायक डा. वीरेंद्र यादव रहे उन्होंने स्वर्गीय नगीना पहलवान के आदमकद प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। जंगीपुर विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय नगीना पहलवान बड़े पहलवानों के श्रेणी में आते थे। इन्होंने अपने जीवन काल में कई बड़े-बड़े कुश्तियां जीती थी। इस अवसर पर मकरध्वज यादव, मुख्तार पहलवान, राजदेव पहलवान, वीरेंद्र यादव, मेवालाल, विसर्जन यादव, उमाशंकर यादव, नकुल यादव, मुलायम यादव आदि रहें। अध्यक्षता रामबली यादव व संचालन अंगद यादव ने किया। संयोजक राजदेव मंदू यादव ने आए हुए सभी आगंतुक लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पुआल से लदी ट्रैक्टर ट्राली में लगी आग

**बारा।** गहमर कोतवाली क्षेत्र के बारा-मगरखाई मार्ग पर रविवार को पुआल लदी ट्रैक्टर-ट्राली में हाईटेंशन तार टकराने से आग लग गई। गनीमत रही कि चालक तुरंत कूद गया अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। जबकि आसपास मौजूद किसानों की सहायता से ट्रैक्टर को ट्राली से समय रहते अलग कर दिया गया। लेकिन पुआल जलकर खाक हो गया। घटना को लेकर किसानों और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उनका आरोप है कि कई बार विद्युत विभाग को शिकायत की लेकिन हाईटेंशन तार को ऊंचा नहीं किया जा रहा है। किसान जफरुल्लाह खान व इस्माइल खान पुन्नू ने बताया कि मगरखाई गांव के किसान पुआल खरीदकर ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर जा रहे थे। इस संबंध में बारा उपकेंद्र के एसएसओ रवि गुप्ता ने बताया कि आग लगने की सूचना पर तीन बजे विद्युत आपूर्ति बंद की गई जिसे आधे घंटे बाद बहाल कर दिया गया।

### दूध से उत्पाद बनाने का गुर सीखकर बनें आत्मनिर्भर

**गाजीपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऑकुशपुर में आयोजित दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध उत्पाद विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण में जनपद के करण्डा, मुहम्मदाबाद ब्लाक की 40 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डा. शीव कुमार रावत ने महिलाओं को दुग्ध उत्पादन एवं दूध से उत्पाद बनाने का गुर सिखकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। इसके लिये अच्छे नस्ल के दुधारु पशुओं को पालने की सलाह दी। जिससे कि चारे-दाने के कम खर्च में अच्छा दुग्ध उत्पादन लिया जा सके। प्रशिक्षण में डा. ए.के सिंह, डा. डी.पी. श्रीवास्तव प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी। प्रशिक्षण में केन्द के अध्यक्ष डा.आर सी वर्मा ने आएं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डा. जे.पी.सिह, डा. नरेन्द्र प्रताप,डा. शशांक सिंह डा. शंशाक शेखर आदि उपस्थित रहे।

### ड्यटी से फरार चार पुलिसकर्मी निलंबित

**गाजीपुर।** एसपी ओमवीर सिंह ने रविवार को ड्यूटी से गायब चार पुलिस कर्मियों पर एक्शन लिया है। यह पुलिस कर्मी काफी दिनों से तैनाती स्थल से गायब थे। जिसके बाद एसपी ने कार्रवाई करते हुए चार पुलिस कर्मियों को तत्काल निलंबित कर दिया। एसपी के एक्शन से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। निलंबित पुलिस कर्मी जयप्रकाश भारती, चंद्रजीत पासी, महेश कुमार, आशीष कुमार सिंह रहें।

### डीएम की अध्यक्षता में बैठक आज

**गाजीपुर।** जनपद के उद्यमियों,व्यापारियों,निवेशकों,निर्यातकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु माह मार्च, 2023 की जिला उद्योग बन्धु,व्यापार बन्धु की बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में सोमवार को अपराहन 04:00 बजे राइफल क्लब में आहूत की जायेगी।

# भक्तजनों ने नगर में निकाली श्रीराम की शोभा यात्रा

## कोतवाली पुलिस सुरक्षा-व्यवस्था में रही तैनात

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत शाहनिंदा हनुमान मंदिर से रविवार की सुबह विश्व हिंदू परिषद धारानगर के तत्वावधान में भव्य झांकी के साथ श्रीराम शोभा यात्रा धूमधाम से निकाला गया।श्रीराम शोभायात्रा में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु साथ साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा शाहनिंदा हनुमान मंदिर से आरंभ हुई तथा मुख्य सदर चौक मार्ग, राम चबूतरा ,सदर रोड ,तहसील तिराहा, गोलंबर होते हुए बाजार मार्ग में रुई मंडी, सब्जी मंडी, खोवा मंडी एवं दाल मंडी होते हुए फाटक की ओर निकल गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी की भव्य झांकी को देखने के लिए सड़कों के किनारे हजारों श्रद्धालु एकत्रित थे। शोभायात्रा में श्रद्धालु श्रीराम के भक्ति गीत गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए शोभायात्रा पुनः शाहनिंदा हनुमान मंदिर पर आकर समाप्त हुई। जगह-जगह शोभायात्रा में चलने वाले लोगों के लिए पेयजल ,मिष्ठान, बिस्कुट आदि की भी व्यवस्था थी ?जिस रास्ते से झांकी गुजर रही थी हजारों की तायदाद में श्रद्धालु राम की झांकी को देखने के लिए उमड़ पड़े। क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण, कोतवाली प्रभारी घनानंद त्रिपाठी , एसएस आई राजीव त्रिपाठी, चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह सुरक्षा-व्यवस्था में तैनाती रही।


मुहम्मदाबाद बाजार में श्रीराम शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

# स्कंदमाता की पूजा कर मांगा मोक्ष

**आस्था**

## माता को लगाया भोग, नवरात्र में उमड़ रहा भक्ति का सैलाब

## घरों में भी देवी की आरती और हवन

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** नवरात्र पर्व में भक्ति का सैलाब उमड़ रहा है। पर्व के पांचवें दिन रविवार को भक्तों ने मोक्ष का द्वार खोलने वाली देवी स्कंदमाता का स्मरण कर पूजा की। भक्तों ने माता के प्रिय व्यंजन केले का भोग लगाकर मनौती मांगी। पर्व को लेकर भक्तों की भीड़ ब्रह्म मुहूर्त के साथ ही मंदिरों में उमड़ने लगी।

हाथों में जलकलश, पूजा की थाली लेकर देवी मंदिरों की ओर जाते भक्तों की भीड़ का अतिरेक देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं, युवक, युवतियां माता के दरबार में माथा टेकने के लिए पहुंचे। भक्तों ने थाली में फूल, फल, चूनर, केला, पूजा सामग्री आदि सजा रखा था। इसको माता को समर्पित किया। मंदिरों के साथ ही घरों में भी माता की आरती और हवन किए गए। देवी मंदिरों पर भक्तों ने जलाभिषेक कर माता से सुख-शांति के लिए मनौती मांगी। शाम के वक्त मंदिरों में भजन-कीर्तन किए गए। कई लोगों ने अपने घरों में भी कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए।


करहिया स्थित कामाख्या धाम पर दर्शन के लिए कतारबद्ध श्रद्धालु।

### देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**मुहम्मदाबाद।** मनोकामना देवी के मंदिर पर भक्तों ने मां का पूजन कर मंगल कामना की। मां के जयकारे से आसपास का माहौल देवीमय बना रहा। रेवतीपुर। मां भगवती, दिलदार नगर स्टेशन स्थित सायर माता, देवकली स्थित चकेरी धाम, बहरियाबाद स्थित टड़वा भवानी, सैदपुर स्थित मां काली, बहादुरगंज स्थित मां चंडी सहित अन्य मंदिरों पर सुबह से लेकर देर शाम तक पूजन-अर्चन का क्रम चलता रहा। धूप-दीप, अगरबत्ती की सुगंध से आसपास का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### मां कामाख्या धाम पर श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

**गहमर।** नवरात्र के पांचवें दिन रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजन-अर्चन के लिए मां कामाख्या देवी मंदिर में पहुंचे जहां मां दुर्गा के पांचवें रुप मां स्कंदमाता की विधि-विधान से नारियल व चुनरी चढ़ा विधिविधान से पूजा अर्चना कर मंगल कामनाएं की। इस दौरान पूरा परिसर मां के जयकारे से गूंजता रहा सुरक्षा को लेकर मंदिर में पुलिस बल तैनात रही। कामाख्या धाम मंदिर में भोर में मंगला आरती के बाद श्रद्धालु भक्त दर्शन व पूजन के लिए लंबी लाइन लगा दिए। श्रद्धालु मंदिर के गर्भगृह में पहुंच कर बारी-बारी से मां कामाख्या के चरणों में अक्षत, पुष्प, रोरी, धूप, दीप, नैवेद्य व द्रव्य चढ़ा कर पूजा का अनुष्ठान कर रहे हैं। की घरों में लोग कलश रख दुर्गा बीज मंत्र व दुर्गा सप्तसती आदिका अनुष्ठान कर रहे हैं। घरों में पूजा पाठ व आरती से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है ।भीड़ को लगी रही । नियंत्रित करने के लिए व सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। कामाख्या मंदिर के महंत आकाश राज तिवारी के अनुसार स्कंद का अर्थ भगवान कार्तिकेय और माता का अर्थ मां है, इनके नाम का अर्थ ही स्कंद की माता है। देवासुर संग्राम में कुमार कार्तिकेय यानी की भगवान स्कंद ने देवों के सेनापतिकी भूमकिा निभाई थी।

# सीएम की मंशा पशुपालकों को मिले सुविधाएं

**बोले विशाल सिंह**

## रायफल क्लब से वेटरिनरी मोबाइल यूनिट को दिखाई झंडी

**गाजीपुर।** यूपी सरकार ने पशुपालकों को बड़ा तोहफा प्रदान किया है। पशुपालकों को टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1962 पर फोन करने के उपरांत घर बैठे उनके पशुओं का उपचार की सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा लखनऊ में किया गया।

इस कड़ी में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल की अध्यक्षता में रायफल क्लब सभागार में एक कार्यक्रम आयोजन हुआ। जिसमें लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा गया। तत्पश्चात जनपद की वेटरिनरी मोबाइल यूनिट को मुख्य अतिथि विशाल सिंह चंचल, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य अतिथि ने एमएलसी विशाल सिंह चंचल हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आज पशुपालकों के लिए यह महत्वपूर्ण योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों से इस योजना को गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप संचालित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना का जनपद के समस्त पशुपालकों को भरपूर लाभ प्राप्त हो सके यही मुख्यमंत्री की मंशा है। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारियों को इस योजना के तहत टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1962 पर पशुपालकों के द्वारा जो कॉल की जाए उनका तुरंत संज्ञान लेते हुए घर बैठे पशुपालकों को पशुओं का इलाज संभव कराया जाए ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का सरलता के साथ सभी पशुपालकों को घर बैठे इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी योजना के तहत दो मोबाइल वेटरिनरी यूनिट निर्धारित रूट पर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 2 बजे तक संचालित होंगी। इसी प्रकार आपातकालीन सेवा में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 08 बजे तक सेवा प्रदान करेंगे तथा उनके जो मानक तय किए गए हैं सभी यूनिट अपने कार्यक्रम के तहत ग्रामों में पहुंचकर पशुपालकों को इस योजना का लाभ उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, पुलिस अधीक्षक (शहर), मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार रावत, परियोजना निदेशक राजेश यादव, अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।


रायफल क्लब में वेटरिनरी मोबाइल यूनिट को झंडी दिखाते एमएलसी विशाल सिंह चंचल एवं अन्य।

# परिवार परामर्श केंद्र ने चार परिवारों को किया एक

**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइंस के प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कुल सात पारिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए जिसमें चार परिवारों को एक साथ रहने के लिए राजी कर दिया गया। इसमें रुकसाना पत्नी नेसार निवासी रामपुर थाना राजपुर बक्सर बिहार की शिकायत थी उसके पति का अवैध संबंध उसके देवर की पत्नी से है। इस पर पति और उसके देवर की पत्नि को समझाकर विदाई करवाई गई मनीषा पत्नी अनिल यादव निवासी बीरपुर थाना भांवरकोल के शिकायत की थी की उसके पति उसके आभूषण को अपने पास रखे हैं। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। रेनू देवी पत्नी मनोज निवासी बहदिया थाना खानपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसके चरित्र पर शक करते रहते हैं। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई पूजा राजभर पत्नी बेचन राजभर निवासी खरगपुर थाना बिरनो की शिकायत थी कि उसके जेठ अकारण ही उसे मारते पीटते रहते हैं। इस पर पति द्वारा विरोध भी नहीं किया जाता था। इस प्रकरण में पति एवं जेठ को समझाकर विदाई करवाई गई है। दो पारिवारिक प्रकरण को विधिक कार्यवाही के सुझाव देते हुए बंद कर दिया गया है। एक पारिवारिक विवाद के प्रकरण में पति उपस्थित था। उसकी पत्नी उपस्थित नहीं हुई थी तीन पारिवारिक विवाद के प्रकरण में कुशलता के बाद बंद कर दिया गया है। निस्तारण में सरदार दर्शन सिंह, विक्रमादित्य मिश्र, वीरेंद्र नाथराम ,सरिता गुप्ता, महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी हेड कांस्टेबल अनीता सिंह, आरक्षी आलेश कुमार, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग उपस्थित थे।


पुलिस लाईन सभागार में परिवार पराशर्म केंद्र के सदस्य।

# 50 करोड़ वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन

**गाजीपुर।** जिला पंचायत की सामान्य बैठक जिला पंचायय अध्यक्ष सपना सिंह की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी। जिला पंचायत को वर्ष 2023-24 में पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत 50 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन हुआ। इसके साथ जिला पंचायत के क्षेत्राधिकार में व्यवसायियों पर विभव व सम्पत्ति कर वर्ष 2022-23, मु-81.92 लाख रू० अनुमोदन के साथ शासकीय अनुदान से होने वाले कार्यों का नामकरण जनपद में 130 शहीदों के नाम पर किये जाने का अनुमोदन किया गया। जनपद एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं का मनरेगा लेबर बजट वर्ष 2023-24 अनुमोदित हुआ।

बैठक में सदस्य विधान परिषद् विशाल सिंह चंचल, विधायक सदर जैकिशन साहू, विधायक जंगीपुर, डा वीरेन्द्र यादव, विधायक जमानियाँ ओम प्रकाश सिंह आदि रहें। बैठक का संचालन सुजीत कुमार मिश्रा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा किया गया।

# हरी सब्जियों की कीमत बढ़ने से रसोई का बजट गड़बड़ाया

## खाद्य तेलों के साथ दाल और अब सब्जियों के दाम बढ़ जाने से बढ़ी परेशानी


| सब्जी | वर्तमान मूल्य |
|---|---|
| परवल | 80 |
| करेला | 80 |
| भिंडी | 80 |
| टमाटर | 30 |
| हरी मटर | 100 |
| नेनुआ | 40 से 50 |
| बोड़ा | 60 |
| मूली | 40 |
| गोभी | 30 प्रति पीस |

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** गर्मी में तापमान बढ़ने के साथ ही सब्जियों के दाम भी बेतहाशा बढ़ गए हैं। खाद्य तेलों के साथ दाल और अब सब्जियों के दाम भी बढ़ जाने गरीब तबके की परेशानी बढ़ गई है। हालत यह है कि इन दिनों आलू और प्याज को छोड़कर लगभग सारी सब्जियों के दाम आसमान छूने लगी हैं। इन दिनों मौसम परिवर्तन की वजह से एक सीजन की सब्जियों के जाने और दूसरी सीजन की सब्जियों के आने का दौर चल रहा है। गोभी और मटर के स्थान पर नेनुआ, भिंडी, करेला और परवल जैसी सब्जियां बिक रही हैं।

सब्जी मंडी के प्रमुख व्यवसायी विकास गुप्ता, श्रीनिवास, महेंद्र सिंह और राजेश कुमार ने बताया कि सब्जियों की महंगाई के पीछे निश्चित तौर पर डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतें मानी जा सकती हैं। इसके अलावा गर्मी के दिनों में सब्जियों की आवक भी कम हो गई है।

कुछ हरी सब्जियां जो बाहर से मंगाई जाती हैं उनके रखरखाव में आने वाला खर्च भी महंगाई के पीछे का एक प्रमुख कारण है। हालांकि कुछ दुकानदारों ने यह भी माना कि आने वाले समय में गर्मी में बढ़ोत्तरी के साथ ही सब्जियों के दामों में भी अभी और तेजी आने की उम्मीद है।


सुमन।

डीजल एवं पेट्रोल के दाम बढ़ने से सारी वस्तुओं के दाम पहले से ही बढ़े हुए थे। अब सब्जियों के दाम ने भी बजट बिगाड़ रखा है। महंगाई कमर तोड़ रही है। **-सुमन सिंह**


रागनी गुप्ता।

मेरे परिवार में सब्जी का एक हफ्ते का बजट लगभग चार सौ रूपए का था अब उतनी ही सब्जी लाने में लगभग आठ सौ रूपए से भी अधिक खर्च पड़ रहा है। **रागिनी गुप्ता।**


आसिफ।

दूध का व्यापार करता हूं लेकिन सब्जियां बाजार से खरीद कर लानी पड़ती है। इन दिनों सब्जी की कीमत बेतहाशा बढ़ी है। घर चलाना मुश्किल हो रहा है। **-आसिफ**


आशुतोष।

मैं एक किसान हूं। खेतों में खुद ही सब्जियां लगा रखी हैं लेकिन उन किसानों की हालत पतली है जो खेत होते हुए भी बाजार की सब्जियों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में किसान काफी दिनों से परेशान चल रहे हैं। साथ आम लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
**-आशुतोष**

### महंगाई का तड़का, पर आलू दे रहा जायका

**गाजीपुर।** एक ओर अन्य सब्जियों पर महंगाई की मार है, वहीं आलू लोगों को राहत दे रहा है। मंडी में आलू दस रुपये किलो बिक रहा है। गर्मी और मालभाड़ा बढ़ने से सब्जियों के दाम आसमान पर हैं लेकिन आलू अब भी थाली का जायका बढ़ा रहा है।

जिले में करीब दो लाख 40 हजार एमटी ( मीट्रिक टन) आलू की पैदावार हुई है। हालांकि रेट कम होने से किसानों को बहुत अधिक फायदा नहीं हुआ है। पिछले सात साल में पहली बार इसका रेट 800 रुपये क्विंटल है। आलू के दाम इस बार बहुत कम हैं। मंडी में थोक में तो आठ रुपये किलो आलू बिक रही है। असल में मौसम के साथ देने से आलू की हर जगह बेहतर पैदावार हुई।

## जनसंपादकीय

# किसानों की चिंताएं दूर होनी चाहिए

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



पिछले दिनों से उत्तर भारत के कई राज्यों में हुई बेमौसमी बरसात से किसानों की माथे पर चिंता की गहरी लकीरें खींच दी है। किसान अनाज खलिहानों से निकालकर मंडी ले जाने की तैयारी में है। दूसरी ओर जो फसल मंडियों तक पहुंची थी, वह बारिश से भीग गयी। प्रकृति की मार ने किसानों की आशाओं और उम्मीदों पर पानी फेरने का काम किया है। वास्तव में, पिछले कुछ वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग से जो तापमान वृद्धि हुई है, उससे मौसम के मिजाज में तीव्र परिवर्तन आया है। कुल मिलाकर हमारी खाद्य श्रृंखला पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। बारिश की आवृत्ति, उसके समय और गुणवत्ता में बदलाव आया है। बारिश तेज होती है और कम समय के लिये होती है। पिछले दिनों अचानक तापमान में समय से पहले हुई वृद्धि को गेहूं की फसल के लिये नुकसानदायक माना जा रहा था।

पिछले साल भी ऐसा ही हुआ था कि समय से पहले तापमान वृद्धि से भरी-पूरी फसल के बावजूद गेहूं का दाना छोटा रह गया था। जिससे उत्पादकता में कमी आई और किसान को नुकसान उठाना पड़ा। ऐसे में जब बारिश हुई तो कयास लगाये जा रहे थे कि तापमान में कमी आना गेहूं की फसल के लिये लाभदायक रहेगा। लेकिन तेज बारिश ने किसानों के अरमान पर पानी फेर दिया है। किसान व हरियाणा में नेता विपक्ष मांग कर रहे हैं कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन करके तुरंत किसानों को राहत राशि दी जाये। निस्संदेह, यह वक्त की जरूरत भी है।

पिछले दिनों देश के विभिन्न भागों में किसान आलू-प्याज की भरपूर फसल होने के बावजूद कीमतों में आयी गिरावट का त्रास झेल रहे थे। कहीं सड़कों पर आलू बिखेरने व आलू की फसल पर ट्रेक्टर चलाने की खबरें आ रही थीं तो नासिक में प्याज उत्पादकों के आंदोलन की सुगबुगहाट थी। वहीं किसान संगठन भी अपनी पिछली मांगों पर केंद्र का सकारात्मक प्रतिसाद न मिलने के बाद दिल्ली में फिर एकजुट हुए हैं। बहरहाल, बारिश के चलते फसलों को होने वाले नुकसान ने किसानों की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं।

ऐसा नहीं है कि किसान केवल बेमौसम बारिश से ही परेशान है। उसकी तमाम दूसरे मुद्दे और समस्याएं भी हैं जिनका निराकरण होना जरूरी है। तीन कृषि कानूनों की वापसी के बाद से खेती-किसानी के मुद्दों पर लगातार बहस हो रही है। पिछले दिनों किसानों की महापंचायत भी हुई और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर के साथ बातचीत भी हुई, लेकिन नतीजा 'शून्य' रहा। किसानों की उम्मीद भी 'शून्य' बताई जा रही है। बीती जुलाई में जो कमेटी गठित की गई थी, उसकी बैठक भी संयोगवश बुलाई गई थी। फिलहाल कमेटी ने 18 राज्यों से पूछा है कि किसानों की स्थिति क्या है? 19 विश्वविद्यालयों से सुझाव मांगे हैं कि किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कैसे तय किया जा सकता है, जो उसे लाभकारी साबित हो? एमएसपी को कानूनी दर्जा देने पर अभी तक न तो विमर्श किया गया है और न ही यह कमेटी के एजेंडे में शामिल है। अलबत्ता निष्क्रिय कमेटी ने आश्वस्त किया है कि जून, 2023 में एक रपट भारत सरकार को सौंप दी जाएगी।

राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 32 संगठनों के हजारों किसान जुटे, महापंचायत का नाम दिया गया। कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर, जो खुद छोटे किसान भी हैं, से 15 किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात और बातचीत की। यह संवाद 22 जनवरी, 2021 के बाद संभव हुआ है। भारत सरकार और किसानों के बीच लंबे दो साल तक संवाद क्यों नहीं हो सका, यह सवाल चिंतित भी करता है। चूंकि एमएसपी का सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दा आज भी अनसुलझा है, सरकार और कमेटी दोनों ही खामोश हैं। हाल ही में महाराष्ट्र में प्याज किसानों ने मीलों लंबा मार्च निकाला। एक किसान के 512 किलोग्राम प्याज के दाम मात्र 2 रुपए मिले। एक किसान 1457 किग्रा बैंगन मंडी में बेचने आया, तो उसी से 125 रुपए वापस मांगे गए।

यानी फसल की कोई कीमत नहीं, बल्कि पैसे किसान के खाते में निकाल दिए। आलू 1-2 रुपए प्रति किलो के भाव से रुल रहा है। चीनी मिलों की चीनी किस भाव बाजार में बिकेगी, सरकार यह घोषणा तो तुरंत कर देती है, लेकिन गन्ने का सहयोग मूल्य तय करने में टालमटोल करती रहती है। आखिर देश में किसानों के लिए यह कौन-सी अर्थव्यवस्था है? क्या सरकारें किसानों को खेती से विमुख कर शहरों में मजदूर बनाने पर आमादा हैं? विश्व बैंक की यही योजना है। आखिर एमएसपी ऐसा क्या मुद्दा है, जो करीब 50 सालों से अनसुलझा रहा है?

बार-बार दोहराया जाता रहा है कि सरकार के ही आंकड़े हैं कि किसान की औसत आय 27 रुपए रोजाना है। नीति आयोग ने भी लगभग यही माना है। किसी भी देश के लिए यह शर्मनाक और विडंबनापूर्ण स्थिति है। किसान की माहवार औसत आमदनी आज भी 10,000 रुपए से कम है। इस आमदनी में मजदूरी का मेहनताना भी शामिल है। क्या सरकार को एहसास नहीं होता कि उसी के 'अन्नदाता' के आर्थिक हालात बदतर हैं? किसानों को दी जाने वाली 6000 रुपए सालाना की सम्मान-राशि उनकी औपचारिक आय का पर्याय या विकल्प नहीं हो सकती। फसल बीमा योजना भी कंपनियों के मुनाफे का बंदोबस्त साबित हुआ है। कमोबेश ऐसा कुछ किया जाना चाहिए, ताकि 'अच्छे दिनों' के उजाले स्पष्ट दिखने लगें। एमएसपी को वैधानिक दर्जा देने और उसके दायरे में अधिकतम फसलों को लाने का फैसला ऐतिहासिक साबित हो सकता है।

मौसम चक्र में परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, पानी की कमी और तमाम अन्य कारण हैं जो किसानों का खेती से बेरूख कर रहे हैं। बहुत संभव है कि एक सौ चालीस करोड़ की आबादी वाले देश में आने वाले दशकों में खाद्यान्न संकट पैदा हो जाये। जिसके लिये अभी से दूरगामी नीतियां बनाने की जरूरत है। चिंता की बात यह भी है कि हालिया बे-मौसमी बारिश व ओलावृष्टि से हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में गेहूं,मटर व सरसों आदि फसलों को ठीक कटाई से पहले हुए नुकसान के चलते खाद्य मुद्रास्फीति न बढ़ जाये। इससे केंद्र सरकार और आरबीआई द्वारा मुद्रास्फीति को कम करने के प्रयासों को झटका लग सकता है। साथ ही सरकार द्वारा देश के अस्सी करोड़ लोगों को दिये जा रहे खाद्यान्न सहायता कार्यक्रम पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। वहीं सरसों की फसल प्रभावित होने से खाद्यान्न तेलों के आयात का दबाव भी बढ़ सकता है। निस्संदेह, आम आदमी के लिये महंगाई की चुनौती भी बढ़ सकती है। मौसम विज्ञानी पश्चिमी विक्षोभ के चलते कुछ और दिन बारिश की भविष्यवाणी कर रहे हैं। ऐसे में जहां किसानों को फौरी राहत दिये जाने की जरूरत है, वहीं केंद्र व राज्य सरकारों को फसलों हेतु नये शोध-अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत है, जो ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से होने वाले नुकसान को रोकने में किसानों की मदद करें। निस्संदेह, लगातार मौसम की बेरुखी से किसान के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी होती जा रही हैं। दूसरे, मंडियों में कृषि उत्पादों के वाजिब दाम न मिल पाने से किसान अपनी लागत भी हासिल नहीं कर पा रहा है। यह संकट किसानों की आने वाली पीढ़ी को खेती से विमुख करने वाला है। कृषि विशेषज्ञों को चाहिए कि वो ऐसी तकनीक विकसित करें जिससे देश के हर राज्य में मौसम की बेरुखी से होने वाले फसलों के नुकसान से किसानों को बचाया जा सके, अर्थात जिस तरह मौसम का चक्र परिवर्तन हुआ है, उसी हिसाब से फसलों को पैदा किया जाए, उनकी खेती की जाए।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क-99 3624 7777)**

# 'वर्ल्ड हैप्पीनेस' में शर्मनाक रैंकिंग

## प्रसंगवश

**एच एल दुसाध**



2023 में 'अन्तर्रष्ट्रीय खुशी दिवस' के अवसर जो वर्ल्ड हैप्पीनेस की रिपोर्ट प्रकाशित हुई है, उसे देखकर अतीत की भांति ही भारत के लोग एक बार फिर सदमे में आ गये हैं क?योंकि 137 देशो में हमारे देश को 126 वीं रैंक हासिल हुई है, जबकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान (108), म्यांमार (72), नेपाल (78), बांग्लादेश (102) और चीन (64) को लिस्ट में भारत से ऊपर जगह मिली है.यानी, कि हमसे ज?यादा खुशहाल तो भारत के चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के लोग माने गए हैं. वैसे भारत को जो रैंकिंग मिली है उससे बहुत विस्मित नहीं होना चाहिए.खुशी मापने के लिए विभि-?न देशों के लोगों की लाइफस्टाइल, वहां की जीडीपी, सोशल सपोर्ट, बेहद कम भ्रष्टाचार और एक-दूसरे के प्रति दिखाए गए प्रेम को जो आधार बनाया गया है, उस आधार पर भारत के इससे बेहतर रैंकिंग पाने की उम्मीद ही नहीं की जा सकती! विगत वर्षों में मानव विकास सूचकांक, क्वालिटी ऑफ लाइफ, जच्चा-बच्चा मृत्यु दर , प्रति व्यक्ति डॉक्टरों की उपलब्धता, क्वालिटी एजुकेशन इत्यादि से जुड़ी जितने भी इंडेक्स/रिपोर्ट्स जारी हुए हैं, उनमें हमारी स्थिति स्थिति बद से बदतर ही नजर आई है.उन सभी में ही भारत अपने पिछड़े पडोसी मुल्को से सामान्यतया पीछे ही रहा है. किसी भी रिपोर्ट में सुधार का लक्षण दिखना मुश्किल है. आज लैंगिक समानता के मोर्चे पर भारत दक्षिण एशिया में नेपाल , बांग्लादेश, भूटान,म्यांमार से भी पीछे चला गया है और भारत की आधी आबादी को आर्थिक रूप से पुरुषों के बराबर आने में 257 साल लगने हैं, इसकी खुली घोषणा ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2021 में हो चुकी है.2022 के अगस्त में भारत नाईजेरिया को पीछे धकेल कर 'विश्व गरीबी की राजधानी' का खिताब अपने नाम कर चुका है; घटिया शिक्षा के मामले में मलावी नामक अनाम देश को छोड़ कर भारत टॉप पर पहुँच चुका है. इस वर्ष जनवरी में प्रकाशित ऑक्सफैम इंटरनेशनल की रिपोर्ट में यह तथ्य उभर कर आया कि 1 प्रतिशत अमीरों के पास 40% तो टॉप की 10 % आबादी के पास 72% धन-दौलत है, जबकि नीचे की 50% आबादी महज 3% वेल्थ पर गुजर-बसर करने के लिए विवश है.ऐसे में 2023 में वैश्विक खुशहाली की रिपोर्ट में भारत की जो अत्यंत निराशजनक रैंकिंग मिली है, उससे हमें जरा भी विस्मित नहीं होना चाहिए!

मोदी राज में जिस तरह वर्ग संघर्ष का इकतरफा खेल खेलते हुए मुट्ठी भर जन्मजात सुविधाभोगी लोगो के हाथ में सारा कुछ देने के इरादे से देश बेचने से लेकर बहुसंख्य लोगों को गुलामों की स्थिति में पहुचाने प्रयास हुआ है; जिस तरह नीचे की 50 % आबादी को 3% संपदा पर जीवन निर्वाह के लिए मजबूर होना पड़ा है; जिस तरह गाय के समक्ष इंसानों के जीवन को कमतर आँका गया है; जिस तरह दलित तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों को लिंचिंग का शिकार बनाया गया है; जिस तरह अदानी को लेकर भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा बना है और सर्वोपरि जिस तरह आधी आबादी को आर्थिक रूप से पुरुषों की बराबरी में आने के लिए 257 साल लगने के आंकड़े सामने आये हैं,उससे देश की 90 प्रतिशत से ज्यादे आबादी में भारी क्षोभ व्याप्त है,उस कारण खुशहाली के मोर्चे पर भारत की स्थिति शोचनीय होनी ही थी! बहरहाल वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2023 में आये चित्र को अगर बदलना है तो भारत को आर्थिक और सामाजिक विषमता के खात्मे की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाने होंगे. स्मरण रहे आर्थिक और सामाजिक विषमता मानव जाति की सबसे बड़ी समस्या है.इसी समस्या के जठर से भूख-कुपोषण, गरीबी-अशिक्षा, आतंकवाद- विच्छिन्नता, भ्रष्टाचार और परस्पर शत्रुता इत्यादि का जन्म होता और विगत वर्षों में शासकों को स्व-वर्णवादी नीतियों के कारण भारत में यह समस्या एक्सट्रीम पर पहुँच गयी है.

भारत में व्याप्त भीषणतम विषमता से पार पाने के लिए जरुरी है कि सरकारों का कार्यक्रम गरीबों : दलित, आदिवासी,पिछड़े और इनसे धर्मान्तरित तबको के साथ महिलाओं को लक्षित हो! इसके लिए जरुरी है कि हम नॉर्डिक मॉडल का मोह विसर्जित कर अमेरिका और खासतौर से दक्षिण अफ्रीका के डाइवर्सिटी मॉडल से प्रेरित 'बहुजन डाइवर्सिटी मिशन'(बीडीएम) के विविधता फार्मूले को अंगीकार करें!

बीडीएम वंचित वर्गों के लेखकों का संगठन है और इससे जुड़े लेखकों का यह दृढ मत रहा है कि आर्थिक और सामाजिक गैर-बराबरी ही मानव-जाति की सबसे बड़ी समस्या है तथा शक्ति के स्त्रोतों(आर्थिक-राजनीतिक-धार्मिक-शैक्षिक)में सामाजिक और लैंगिक विविधता के असमान प्रतिबिम्बन से ही सारी दुनिया सहित भारत में भी इसकी उत्पत्ति होती रही है, इसलिए ही बीडीएम ने शक्ति के समस्त स्त्रोतों में सामाजिक और लैंगिक विविधता का वाजिब प्रतिबिम्बन कराने की कार्य योजना बनाया. इसके लिए इसकी ओर से निम्न दस सूत्रीय एजेंडा जारी किया गया है. 1-सेना व न्यायालयों सहित सरकारी और निजीक्षेत्र की सभी स्तर की,सभी प्रकार की नौकरियों व धार्मिक प्रतिष्ठानों अर्थात पौरोहित्य; 2-सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा दी जानेवाली सभी वस्तुओं की डीलरशिप; 3-सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा की जानेवाली सभी वस्तुओं की खरीदारी;4-सड़क-भवन निर्माण इत्यादि के ठेकों,पार्किंग,परिवहन; 5-सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा चलाये जानेवाले छोटे-बड़े स्कूलों, विश्वविद्यालयों,तकनीकि-व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं के संचालन,प्रवेश व अध्यापन; 6-सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा अपनी नीतियों,उत्पादित वस्तुओं इत्यादि के विज्ञापन के मद में खर्च की जानेवाली धनराशि;7-देश झविदेश की संस्थाओं द्वारा गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) को दी जानेवाली धनराशि; 8-प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया एवं फिल्म-टीवी के सभी प्रभागों; 9-रेल-राष्ट्रीय मार्गों की खाली पड़ी भूमि सहित तमाम सरकारी और मठों की खाली पड़ी जमीन व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए अस्पृश्य-आदिवासियों में वितरित हो एवं 10- ग्राम-पंचायत,शहरी निकाय, संसद-विधानसभा की सीटों; राज्य एवं केन्द्र की कैबिनेट;विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों; विधान परिषद राज्यसभा;राष्ट्रपति,राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यालयों इत्यादि में लागू हो सामाजिक और लैंगिक विविधता!

**मोदी राज में जिस तरह वर्ग संघर्ष का इकतरफा खेल खेलते हुए मुट्ठी भर जन्मजात सुविधाभोगी लोगो के हाथ में सारा कुछ देने के इरादे से देश बेचने से लेकर बहुसंख्य लोगों को गुलामों की स्थिति में पहुचाने प्रयास हुआ है; जिस तरह नीचे की 50 % आबादी को 3% संपदा पर जीवन निर्वाह के लिए मजबूर होना पड़ा है; जिस तरह गाय के समक्ष इंसानों के जीवन को कमतर आँका गया है; जिस तरह दलित तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों को लिंचिंग का शिकार बनाया गया है; जिस तरह अदानी को लेकर भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा बना है और सर्वोपरि जिस तरह आधी आबादी को आर्थिक रूप से पुरुषों की बराबरी में आने के लिए 257 साल लगने के आंकड़े सामने आये हैं,उससे देश की 90 प्रतिशत से ज्यादे आबादी में भारी क्षोभ व्याप्त है,उस कारण खुशहाली के मोर्चे पर भारत की स्थिति शोचनीय होनी ही थी!**

भारत में विषमताजन्य समस्या इसलिए विकराल रूप धारण की क्योंकि आजाद भारत के शासक वर्ग ने, जो जन्मजात सुविधाभोगी से रहे,अपनी वर्णवादी सोच के कारण विविध सामाजिक समूहों के स्त्री और पुरुषों के मध्य शक्ति के स्त्रोतों के वाजिब बंटवारे से परहेज किया , जिसकी मोदी राज में इन्तेहां हो गयी है.इस कारण ही टॉप की 10 % आबादी ,जो जन्मजात सुविधाभोगी से है, का धन-दौलत पर 72 % कब्जे के साथ अर्थ- राज- ज्ञान और धर्म सत्ता के साथ फिल्म-मीडिया इत्यादि पर औसतन कब्जा हो गया है.बीडीएम का दस सूत्रीय एजेंडा इस ऐतिहासिक भूल का गारंटी के साथ सुधार करता है. अगर वर्ल्ड हैप्पीनेस की ताजी रिपोर्ट भारत का बुद्धिजीवी वर्ग चिंतित है तो उन्हें अवसरों और संसाधनों के बंटवारे में अनिवार्य रूप से दो उपायों पर अमल करना होगा. सबसे पहले यह करना होगा कि अवसरों और संसाधनों के बंटवारे में सवर्ण पुरुषों को , जिनकी आबादी बमुश्किल 7-8 प्रतिशत होगी, उनको उनकी संख्यानुपात पर लाना होगा ताकि उनके हिस्से का औसतन 70 प्रतिशत अतिरक्त(सरप्लस) अवसर खुशहाली से महरूम वंचित वर्गो, विशेषकर आधी आबादी में बंटने का मार्ग प्रशस्त हो.अवसरों के बंटवारे में सवर्ण पुरुषों को उनके संख्यानुपात में सिमटाने के बाद दूसरा उपाय यह करना होगा कि अवसर और संसाधन प्राथमिकता के साथ पहले प्रत्येक समुदाय की आधी आबादी के हिस्से में जाय.इसके लिए प्राथमिकता के साथ क्रमशः सर्वाधिक वंचित तबकों की महिलाओं को अवसर सुलभ कराने का प्रावधान करना होगा.

उल्लिखित- सेना व न्यायालयों सहित सरकारी और निजीक्षेत्र की सभी स्तर की,सभी प्रकार की नौकरियों, पौरोहित्य,डीलरशिप; सप्लाई,सड़क-भवन निर्माण इत्यादि के ठेकों,पार्किंग,परिवहन; शिक्षण संस्थानों, विज्ञापन व एनजीओ को बंटने वाली राशि,ग्राम-पंचायत,शहरी निकाय, संसद-विधानसभा की सीटों; राज्य एवं केन्द्र की कैबिनेट;विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों; विधान परिषद-राज्यसभा;राष्ट्रपति,राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यालयों इत्यादि के कार्यबल में क्रमशः दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक और सवर्ण समुदायों की महिलाओं को इन समूहों के हिस्से का 50 प्रतिशत भाग प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराने में सफल हो जाते हैं तो भारत नाखुशी की जड़ आर्थिक और सामाजिक विषमता से शर्तिया तौर पर पार पा लेगा और वर्ल्ड हैप्पीनेस रैंकिंग की शर्मनाक स्थिति से उबर कर दुनिया के टॉप देशों में जगह बना लेगा!

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. संपर्क : 9654816191)**

# सूचकांकों से ही नहीं आंकी जा सकती खुशी

## सामयिकी

**मनीष कुमार चौधरी**



खुशी से संबंधित जितने भी हैप्पीनेस इंडेक्स या खुशहाली के सूचकांक तैयार किए जाते हैं, तो अक्सर देखने में आता है कि नार्डिक देशों (स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड, आइसलैंड व डेनमार्क) में से कोई न कोई देश प्रायः इन सभी सूचकांकों में शीर्ष पर पाया जाता है। लेकिन इन देशों में वैश्विक आबादी का मात्र एक फीसदी हिस्सा ही रहता है। वर्ष 2023 वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट यह दशार्ती है कि फिनलैंड लगातार छठे साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना हुआ है। डेनमार्क, आइसलैंड, इजराइल और नीदरलैंड अगले सबसे खुशहाल देश हैं। अन्य यूरोपीय देशों जैसे स्वीडन, नॉर्वे, स्विटजरलैंड और लक्जमबर्ग भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। रिपोर्ट में भारत की स्थिति 136 से सुधर कर 126 हो गई है, हालांकि यह अभी भी नेपाल, चीन और बांग्लादेश जैसे अपने पड़ोसी देशों से पीछे है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के बावजूद, दोनों देश हैप्पी इंडेक्स में भारत से ऊपर हैं। रूस 70वें स्थान और यूक्रेन 92वें स्थान पर है।

सर्वे में शामिल 137 देशों में अफगानिस्तान को सबसे दुखी राष्ट्र के रूप में स्थान दिया गया। लेबनान, जिम्बाब्वे और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य जैसे अन्य देशों को भी सबसे ज्यादा दुखी देशों में शामिल किया गया है, जो मुख्य रूप से भ्रष्टाचार के उच्च स्तर और कम जीवन प्रत्याशा जैसे कारकों के कारण हैं। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट घरेलू और वैश्विक दोनों कारकों सहित विभिन्न मानदंडों के आधार पर दुनिया भर में खुशी के स्तर का आकलन करती है। यह रिपोर्ट लोगों के वर्तमान जीवन संतुष्टि स्तरों के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि नमूने के फीडबैक के आधार पर खुशी को आंकती है। खुशी को अब सार्वजनिक नीति के लक्ष्य के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। इसने खुशी और शासन को जटिल रूप से परस्पर जोड़ा है। कई देशों के अनुभव इस बात की पुष्टि करते हैं कि उच्च सकल घरेलू उत्पाद और प्रति व्यक्ति उच्च आय वाले देश सबसे खुशहाल देश नहीं हैं और खुशी की स्थिति और कानून के शासन के बीच एक लिंक मौजूद है। खुशी पर तथ्यात्मक शोध और अनुसंधानों में इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है कि किसी देश के लोग ज्यादा खुश रहते हैं, किसी देश के कम क्यों! यह एक रोचक तथ्य है कि जिन नार्डिक देशों को सबसे खुशहाल बताया जाता है, वहां तलाक की दर 35 से 60 प्रतिशत तक है। कहें कि हर दूसरे या तीसरे विवाह का अंत यहां तलाक होता है। इस संबंध में कुछ समाजशास्त्रियों का मानना है कि तलाक जैसे मुद्दों का जीवन की खुशी या प्रसन्नता पर कोई खास प्रतिकूल असर नहीं पड़ता। उनका नजरिया है कि यह तो दो लोगों की आजादी का मुद्दा है कि वे किसी रिश्ते में तब तक ही रहें, जब तक कि उसमें खुशी हैं। इसलिए आंकड़ों से परे हट कर खुशी को व्यक्ति की मानसिकता और सामाजिकता के पहलू में तौलें तो हमें बेहतर परिणाम मिलेंगे। दरअसल खुशी किसी चीज की देन नहीं होती। यह तो एक मानसिक अवस्था है, जो सांसारिक सुख-साधनों की गैर मौजूदगी में भी प्राप्त की जा सकती है। आपकी उम्मीदें भी खुशी से जुड़ी हैं। हम अक्सर सोचते हैं कि जब चीजें बदलेंगी, हम खुश हो जाएंगे। पर सच ये है कि जब हम खुश होते हैं और उस हिसाब से काम करते हैं तो चीजें भी बेहतर हो जाती हैं।

मनोवैज्ञानिकों व दार्शनिकों का निष्कर्ष है कि खुशी 'कृत्रिम' है या हमारे मस्तिष्क द्वारा गढ़ी हुई होती है। कवि जॉन मिल्टन के अनुसार, 'दिमाग अपनी जगह है और वह स्वयं ही नर्क को स्वर्ग और स्वर्ग को नर्क बना सकता है।' कुछ लोग भाग्यशाली होते हैं और स्वभाव से ही खुश रहते हैं। उनके पास एक गुण होता है, जिसे मनोवैज्ञानिक 'हाई सेट पॉइंट' कहते हैं। बाकी लोगों को खुशियां ढूंढनी पड़ती हैं। जीवन की शुरूआत में ही हम खुशी का अपना सिद्धांत विकसित कर लेते हैं। किसी व्यक्ति को कौनसी चीज खुशी प्रदान करेगी, यह उस व्यक्ति की प्रकृति, मनोवृत्ति, इच्छा और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। खुशी न तो प्रायोजित होती है और न ही खरीदी जा सकती है। हम अक्सर सोचते हैं कि जब चीजें बदलेंगी, हम खुश हो जाएंगे। पर सच ये है कि जब हम खुश होते हैं और उस हिसाब से काम करते हैं तो चीजें भी बेहतर हो जाती हैं। खुशी की कोई टाइम लिमिट नहीं होती। खुशी पर किये गए कुछ अध्ययन बताते हैं कि खुशी का 50 प्रतिशत हिस्सा आपके जीन पर निर्भर करता है। जीवन से जुड़े कुछ मुद्दे, जैसे आपका लुक, सेहत और आय जैसी चीजें इसमें सिर्फ 10 प्रतिशत भूमिका निभाती हैं। बाकी 40 प्रतिशत आपके हाथ में होता है। इस 40 प्रतिशत हिस्से को आप खुद कंट्रोल कर सकते हैं। उम्र को हम खुशी के स्तर और मात्रा से जोड़ें तो वैज्ञानिक अनुसंधानों में यह देखने में आया है कि तीस साल तक इंसान के भीतर खुशी की बढ़ोतरी होती है, उसके बाद खुशी की मात्रा में कमी होने लगती है। लगभग पचास के बाद खुशी का स्तर फिर से बढने लगता है। वैज्ञानिक भाषा में इस अवस्था को खुशी का 'यू-बैंड' कहा जाता है।

प्रसिद्ध दार्शनिक अरस्तू के अनुसार खुशी मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य है। किसी को क्या अच्छा लगता है, वैसा करना खुशी का रहस्य नहीं है। खुशी का रहस्य तो वह कार्य करना है, जो कि किया जाना चाहिए। खुशी कोई ऐसी चीज भी नहीं है कि जिसे तश्तरी में रख कर प्रस्तुत कर दिया जाए। खुशी उतनी ही दुर्लभ है, जितनी तितली। जितना इसके पीछे भागेंगे, वह उतना ही आप से दूर होती जाएगी। अगर आप शांत, स्थिर बैठे रहेंगे तो हो सकता है वह पास आए और चुपके से आपकी हथेलियों पर बैठ जाए। अब्राहम लिंकन का कहना है, 'अधिकांश लोग उतने ही प्रसन्न होते हैं, जितना प्रसन्न होने का विचार उनके मन में व्याप्त होता है।' आपके पास क्या है या आप कौन हैं, यह सोच कर खुशी हासिल नहीं की जा सकती। यह आपके विचारों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। खुशी का रिश्ता मनुष्य के स्वभाव और संवेगों से भी होता है और स्वभाव एक ऐसी चीज है, जिसके साथ आप पैदा होते हैं। संतोषी और अपेक्षा न रखने वाले स्वभाव को इतना दुख महसूस नहीं होता, जितना अति महत्वाकांक्षी और अधीर रहने वाले को मिलता है। स्वयं पर नियंत्रण हमें ज्यादा खुश और सुखी बना सकता है, यानी अपनी खुशियों की चाबी किसी और की जेब में न रखें। जाहिर है, यह अंदर का मामला है। महात्मा बुद्ध ने कहा था, 'खुशी पाने का कोई रास्ता नहीं है, बल्कि खुश रहने से सारे रास्ते मिल सकते हैं।'

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क 9829453147)**

**कवि जॉन मिल्टन के अनुसार, 'दिमाग अपनी जगह है और वह स्वयं ही नर्क को स्वर्ग और स्वर्ग को नर्क बना सकता है।' कुछ लोग भाग्यशाली होते हैं और स्वभाव से ही खुश रहते हैं। उनके पास एक गुण होता है, जिसे मनोवैज्ञानिक 'हाई सेट पॉइंट' कहते हैं। बाकी लोगों को खुशियां ढूंढनी पड़ती हैं। जीवन की शुरूआत में ही हम खुशी का अपना सिद्धांत विकसित कर लेते हैं। किसी व्यक्ति को कौनसी चीज खुशी प्रदान करेगी, यह उस व्यक्ति की प्रकृति, मनोवृत्ति, इच्छा और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। खुशी न तो प्रायोजित होती है और न ही खरीदी जा सकती है।**

## व्यंग्य

# लोकतंत्र की चिंता



**हरिशंकर राढ़ी**

कितनी अच्छी बात हुई कि आजादी के अमृत महोत्सव के साल तमाम लोगों को लोकतंत्र की चिंता सताने लगी है। अच्छा हुआ जो अमृत महोत्सव वर्ष आजादी के मात्र पचहत्तर साल बाद आ गया। देर करता तो लोकतंत्र बचाने की चिंता भी देर से उठती। समय रहते ईलाज हो जाए तो बड़ी से बड़ी बीमारी भी ठीक हो जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि लोकतंत्र की चिंता सभी राजनीतिक दल करने लगे हैं। ऐसी राजनीतिक समरसता एवं समझदारी पहले कभी नहीं दिखी थी। यह बात अलग है कि लोकतंत्र की चिंता की अवधारणाएँ और रंग अलग-अलग हैं।

यह तो कहिए कि एक महान नेता ने इस मुद्दे को विदेश में उठा दिया और देश में लोकतंत्र बचाने के लिए वैश्विक गाँव के पश्चिमी मोहल्ले से मदद माँग ली। पंच परमेश्वर की शरण में कमजोर इंसान ही जाता है। उनको लगता है कि देश में लोकतंत्र है ही नहीं। सही बात। उस लोकतंत्र का क्या मतलब जिसमें अपनी सत्ता न हो? उससे भी बुरा कि लोकतंत्र के नाम पर ही सत्ता से बाहर हुए। आज जो सत्तासीन हैं, पहले उनके लिए लोकतंत्र नहीं था। जब लोक ने सत्ता उन्हें सौंप दी तो देश में लोकतंत्र स्थापित हो गया। यानी परिभाषा यह हुई कि स्वयं की सत्ता में होने की स्थिति को लोकतंत्र कहते हैं। स्वयं की सत्ता में कोई भी निर्णय लिया जाए, वह लोकतांत्रिक होता है। ऐसा जनता एवं विपक्ष को मानकर चलना चाहिए।

लोकतंत्र है, लोकतंत्र नहीं है। एक का बयान है कि लोकतंत्र खतरे में है, तो दूसरे का बयान कि लोकतंत्र जबरे में है। गोया स्कूल स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता है। पहले ये छात्र थे तो कहते थे कि देश में लोकतंत्र नहीं है। दूजे वाले साहब लोग तब हेडमास्टर थे, वे कहते थे कि लोकतंत्र है। छात्र महोदय हेडमास्टर हो गए, वे कहते हैं कि अब जाकर लोकतंत्र आया है। उधर हेडमास्टर साहब रिटायर हो गए। पेंशन पर जी रहे हैं। वे कहते हैं कि लोकतंत्र नहीं है। नए वाल हेडमास्टर साहब याद दिलाते हैं कि आपातकाल का उपहार देने वाले लोकतंत्र की बात करते हैं। रिटायर वाले बोल रहे हैं कि आपने हमारी पेंशन भी बंद कर दी और अब जेल में भी डाल रहे हैं, कहाँ का लोकतंत्र? गोया लोकतंत्र-लोकतंत्र का खेल हो रहा है। लेकिन इतना खेल हो रहा है तो क्या पता लोकतंत्र ठीक भी हो जाए। हो सकता है कि सभी राजनीतिक दल अपना लोकतंत्र बहाल कर लें। हो सकता है कि निकट भविष्य में दल के अध्यक्ष पद के चुनाव में वास्तविक प्रत्याशी खड़े हों, वास्तविक मतदान हो और वास्तविक अध्यक्ष चुन लिया जाए। हो सकता है कि सुप्रीमो के तमाम पद खत्म कर दिए जाएँ तथा नियमावली के अनुसार हर बार नया अध्यक्ष चुनकर आए। यह भी हो सकता है कि पार्टियाँ अपने सदस्यों को असहमत होने का भी अधिकार दे दें। चमत्कार यह भी हो सकता है कि कोई अदना-सा सदस्य अपने दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के खिलाफ खुलकर बोले और उसे देश-निकाला देने के बजाए सर्वोत्तम सदस्य होने का सम्मान मिल जाए।

यह भी हो सकता है स्वयं राष्ट्रीय दल के रूप में पेश करने वाले पैत्रिक मोहल्ला राजनीतिक दल भी लोकतंत्र समझने लग जाएँ और पिता की विरासत को जनता में बाँटने लग जाएँ। आजादी के अमृत महोत्सव पर तो कुछ भी हो सकता है। जहाँ अमृत जैसा शब्द आ गया, वहाँ क्या नहीं हो सकता? हो सकता है कि जाँच एजेंसियाँ भी लोकतांत्रिक हो जाएँ और अभियुक्त को बोलने का मौका देने लगें। यह भी हो सकता है कि एजेंसियाँ राजनीतिक अभियुक्त से दस घंटे पूछताछ करने के बजाए दो घंटे में ही छोड़ दें। यह भी हो सकता है कि वे अभियुक्त के किसी बयान पर विश्वास कर लें। आखिर लोकतंत्र की चिंता करनी है तो यह सब तो करना ही पड़ेगा।

वैसे चुनाव के माध्यम से सत्ता हथियाने की घटनाएँ देखकर तो यही लगता है कि लोकतंत्र जिंदा है। जो लोकतंत्र पर खतरा देख रहे हैं, चुनाव में वे भी कूद रहे हैं। कुछ तो दो-दो जगह से कूद रहे हैं। कुछ पिछले दरवाजे से आ रहे हैं। आगे यह भी सुधार हो सकता है कि चुनावों में दंगा-फसाद, हत्या-अपहरण न हो। यह भी हो सकता है कि चुनावों के पहले सांप्रदायिक दंगे न हों और जातिवाद का बिगुल न बजे। लोकतंत्र में धुले नेता चुनाव रैलियों में सीना ठोंककर बोलें- ह्लइस बार आपको वोट लोकतंत्र को देना है, बिना भय के देना है। और हाँ, जिस प्रत्याशी पर जरा-सा भी दाग है, उसे वोट नहीं देना है।ह्व लोकतंत्र की चिंता है तो इतना तो बोलना ही पड़ेगा, भले ही सारे पुराने प्रत्याशी अयोग्य घोषित हो जाएँ।

लेकिन फिलहाल पता नहीं लोकतंत्र खतरे में है या जबरे में!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 09654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कार्रवाई**

### मां की तहरीर पर सात के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**



घटना की जांच पड़ताल करती पुलिस।

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के राजीव पट्टी गांव में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। नवविवाहिता की माता ने जीयनपुर थाना पर तहरीर देकर पति, सास, दो बड़े भाई भाभी और ननद पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जीयनपुर पुलिस ने तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया। शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। राजीवपट्टी गांव में अंशु गुप्ता पत्नी संजय गुप्ता की दुपट्टा से फांसी लगाने से हुई मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं सास भाना देवी ने बताया कि अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी अंशु गुप्ता छोटी बहू ने लगा लिया। इस दौरान फांसी लगाते हुए देखने पर बगल से बुलाकर कैंची से काट कर आनन-फानन में उसे पकवा इनार स्थित हॉस्पिटल ले जाया गया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। लगभग चार महीने पहले चार भाई-बहनों में सबसे छोटी अंशु गुप्ता निवासी बाबूपुर इंदारा जनपद मऊ का विवाह 2 दिसंबर को धूमधाम से चार भाइयों में सबसे छोटे संजय गुप्ता से हुआ था। विवाह के बाद उसके पति संजय गुप्ता सूरत शहर में गैस पाइप लाइन लगाने का कार्य कने चला गया। मौत की सूचना अंशु गुप्ता के मायका स्थित परिजनों को दी गई। जीयनपुर थाने पर पहुंची माता उर्मिला देवी ने जीयनपुर थाने पर तहरीर देकर सास भाना देवी दो बड़े भाई अनिल व मनोज और उनकी पत्नी गीता व मीरा और ननद आशा देवी को विवाह के बाद से मारने पीटने व दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मृतका की माता ने बताया कि बीती रात में लगभग 10 बजे बेटी ने अपने पति को लाइन पर ले कर फोन किया और शिकायत की कि पति उससे ज्यादा अपनी भाभी को मानते हैं उससे अवैध संबंध है। पुत्री की मौत पर पिता सोहन गुप्ता माता उर्मिला देवी भाई व भाभी जीयनपुर थाने पर पहुंचकर रोते बिलखते रहे।

## फसल ग्रोथ बेहतर बनाने पर हुई चर्चा



फसल के बारे में जानकारी लेते किसान।

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड के कैथी शंकरपुर गांव में किसान इन्द्रसेन के आवास पर एक गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमे मोटा अनाज सहित गेहूं, धान व अन्य फसलों के बेहतर ग्रोथ के लिए खेती में अग्रसर दयाल काम्बी डोज के उपयोग की जानकारी दी गयी।

सतीश कुमार मिश्र दयाल ग्रुप कृषि वैज्ञानिक ने गेहूं के खेत में दयाल काम्बी डोज लगाया है। किसानो को खेत में ले जाकर दिखाते हुए बताया कि गेहूं में इसका बेहतर परिणाम है। बेहतर कल्ला, बेहतर ग्रोथ, गेहूं के बाली की अच्छी साइज है। गेहूं के फसल को देखकर दिवाकर सिंह, प्रवीण सिंह, अतुल कुमार सिंह, विनय सिंह, सत्यप्रिय सिंह, बसन्त वर्मा, गंगा प्रसाद यादव, प्रशान्त वर्मा, विजय सरोज, कवलदेव सिंह, जहीर अहमद, श्याम कहैया सिंह, अशोक कश्यप, आशुतोष सिंह, फैजुरहमान, सुनील सिंह, सत्येन्द्र सिंह सहित गांव के अन्य किसान व आसपास के किसान उत्साहित दिखे। कृषि वैज्ञानिक श्री मिश्रा ने बताया कि खेती की मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी होती जा रही है। इसमें काम्बी डोज काफी प्रभावी होगा। किसान मोटा अनाज अवश्य पैदा करें। मोटा अनाज के सेवन से किसान स्वास्थ्य रहेगा। इस अवसर पर रमेश सिंह, दुर्गेश तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, रमेश यादव आदि उपस्थित रहे। किसान इंद्रसेन सिंह ने सभी अतिथियों व किसानो का आभार व्यक्त किया।

## शिक्षा की बदौलत ही हो सकता है सशक्त राष्ट्र का निर्माण

**जनसंदेश न्यूज**

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के सरैया स्थित मदर शारदा कान्वेंट स्कूल का रविवार को उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता सहजानंद राय ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हमारे पार्टी के कौड़िया मंडल अध्यक्ष आशुतोष चैबे की बड़ी ही सराहनीय पहल है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शहरी तर्ज पर शिक्षा देने का जो इन्होंने संकल्प लिया है वह सराहनीय है।



फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन करते सहजानन्द राय

श्री राय ने कहा कि शिक्षा की बदौलत ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि लालगंज लोक सभा जिलाध्यक्ष ऋषि कांत राय ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी आधारशिला है जिसके द्वारा राष्ट्र निर्माण से लेकर संस्कार निर्माण का कार्य किया जाता है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य भगत सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी शिक्षा के लिए ऐसे विद्यालयों का काफी अभाव रहा है कॉन्वेंट की तर्ज पर शिक्षा लेकर के देहात के बच्चे भी अब शहरी बच्चों के मुकाबले अपना भविष्य बेहतर बना सकेंगे। कम फीस में अच्छी शिक्षा मिले यह सब का सपना है।

कार्यक्रम को प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव, बीजेपी नेता रमाकांत मिश्रा, हरीश तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, रमाशंकर वर्मा, संतोष चैबे, उदय राज यादव, उपेंद्र मिश्रा, रुद्र शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। आशुतोष चैबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### दान पेटिका तोड़ हजारों की चोरी

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के तमसा नदी के किनारे पखनपुर ग्राम सभा में स्थित प्राचीन शिव मन्दिर पर लगे दानपात्र को शनिवार रात चोर तोड़कर उसमें जमा दान का पैसा उठा ले गए। रविवार की सुबह जब बाजारवासी मंदिर की साफ सफाई व पूंजा करने पहुंचे तब चोरी की जानकारी हुई। घटना को लेकर बाजार वासियों में आक्रोश व्याप्त हो गया और बड़ी संख्या में ग्राम वासी अहरौला थाने पर विंध्याचल अग्रहरी के नेतृत्व में सामूहिक रूप से तहरीर दी। तमसा नदी के तट पर बहुत ही प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। जहां की देखभाल मतलूबपुर कस्बा निवासी विंध्याचल अग्रहरी व बाजार वासी मंदिर की देखभाल करते हैं। मंदिर पर दानपात्र लगाया गया था। बाजार वासियों की मानें तो दानपात्र 6 महीने में एक बार खोला जाता है जिसमें से प्राप्त धनराशि मंदिर के विभिन्न कार्यों में लगाई जाती है। बाजार वासियों की माने तो छठ पूजा में दान पात्र खोला गया था तब से उस में जमा दान अभी तक निकाला नहीं गया था। दानपात्र में 8 से 10 हजार हजार रुपए जमा रही होगी। लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में आक्रोश है। मन्दिर पर दानपात्र के आसपास शराब की बोतल और गिलास भी पाए गए हैं।

# डीएम ने हरी झंडी दिखा कर किया मोबाइल वेटनरी यूनिट को रवाना

**पहल**

### जनपद को मिला 8 मोबाइल वेटनरी यूनिट

**जनसंदेश न्यूज**



मोबाइल वेटनरी यूनिट को झंडी दिखा कर रवाना करते डीएम विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पशुधन स्वस्थ्य एवं पशु रोग नियन्त्रण योजना अन्तर्गत, 201 करोड़ रुपए की लागत से 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट टोल फ्री हेल्पलाइन-1962 का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की उपस्थिति में एनआईसी आजमगढ़ में किया गया।

कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की समाप्ति के पश्चात जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के सामने मोबाइल वेटनरी यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मोबाइल वेटनरी यूनिट के माध्यम से जनपद के समस्त पशुपालकों को उनके पशुओं का उपचार उनके द्वार पर ही उपलबध हो सकेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद को 8 मोबाइल वेटनरी यूनिट का आवंटन किया गया है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.धर्मेंद्र पांडेय ने बताया कि प्रत्येक मोबाइल वेटरनरी वाहनों पर एक पशु चिकित्साविद्, एक मल्टी टास्किंग पर्सनल (पैरा-वेटेरिनेरियन), एक वाहन चालक (सह सहायक) की तैनाती होगी। पशुपालकों द्वारा टोल फ्री नम्बर 1962 पर कॉल करने पर डायल 112 की तर्ज पर अस्वस्थ पशुओं के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। वाहन के अन्दर उपचार हेतु शेल्य चिकित्सा की सुविधा के साथ-साथ अन्य उपचार के लिये दवाईयां एवं उपकरण उपलब्ध होगें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे।

# समाज में फैल रही विकृतियों का मूल है संस्कारों का अभाव

**श्रीराम कथा**

### पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण सर्वथा परित्याज्य

**जनसंदेश न्यूज**



श्रीराम कथा का रसपान कराते महामंडलेश्वर स्वामी उमाकांतानन्द सरस्वती

**आजमगढ़।** सगड़ी तहसील के हरसिंहपुर गांव में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन भक्तजनों को राम रस का पान कराते हुए महामंडलेश्वर स्वामी उमाकांतानंद सरस्वती ने कहा कि संस्कारों के अभाव के चलते समाज में अनेक प्रकार की विकृतियां पैदा हो रही हैं। यदि हम भारतीयों ने पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण नहीं छोड़ा तो सनातन संस्कृति पर ही संकट छाने लगेगा।

रविवार को भगवान राम के गुरुकुल शिक्षा प्रसंग पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरुकुल की परंपरा रही है। संस्कारवान शिक्षा के लिए राजा भी अपने पुत्रों को गुरुकुल में भेजा करते थे। जहां उन्हें शस्त्र शास्त्र और सदाचार की शिक्षा दी जाती थी। बाल्यकाल में दी गई शिक्षा जीवन पर्यंत समाज हित में प्रयुक्त होती है। जीवन क्या है, जीवन की मूल लक्ष्य क्या है, जीवन की उत्पत्ति का उद्देश्य और कारण क्या है। इन सारी बातों के ज्ञान के बिना व्यक्ति अधूरा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के प्रति समाज के लोग सतर्क नहीं है। ज्ञान, भक्ति और कर्म के लिए चल कर जाना पड़ेगा। एक समर्पण ही ऐसा है जिसमें हमें कहीं जाने की जरूरत नहीं है बल्कि पूरी तरह से भगवान के भक्ति में आत्मसमर्पण कर देने से ही उनकी प्राप्ति और जीवन लक्ष्य मिलता है। ज्ञान हीन व्यक्ति न तो अपने लिए न ही समाज के लिए कुछ कर सकता है। सुरेश शुक्ला, डॉ.भगत सिंह, पंकज त्रिपाठी, रणविजय सिंह, अपथ नारायण मिश्रा, सत्य विजय, नारायण राय, डॉ.परिजात, मनीष त्रिपाठी, रामकृष्ण मिश्रा, पीयूष त्रिपाठी, महेश, राधा मोहन गोयल, भुवनेश्वर सिंह, अभिषेक पांडेय, विशाल सिंह, जगदंबा सिंह, विपिन सिंह रितिक अग्रवाल, अनिल, सत्य गुरु, विजय पांडेय, नीरज राय, रवि प्रताप सिंह, शिवम, श्रीकृष्ण, डॉ. परमानंद, अभय दत्त और नगर संचालक विजय आदि ने माल्यार्पण कर महामंडलेश्वर का स्वागत किया।

## सपा नेता के निधन से शोक की लहर

**मेहनगर (आजमगढ़)।** समाजवादी पार्टी के मेहनगर विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव का इलाज के दौरान रविवार की सुबह निधन हो गया। विधानसभा मेहनगर के वजीरमलपुर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह यादव लंबे समय तक सक्रिय राजनीति से जुडे रहे। स्व. वीरेंद्र पार्टी के कर्मठ एवं जुझारू नेता थे। इनके निधन से पार्टी की अपूर्णीयक्षति हुई है। सपा ने एक सिपाही खो दिया जिसकी क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती। उनका शव पैतृक गांव आते ही शोक संवेदना ब्यक्त करने वालो का तांता लग गया। स्व.यादव के दो पुत्र व एक पुत्री थी। इनका अंतिम संस्कार मंगई नदी श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े बेटे अरविंद यादव ने दी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज, पूर्व मंत्री विद्या चौधरी, पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव, पूर्व विधायक वृजलाल सोनकर, सपा नेत्री सुनीता सिंह, प्रमुख विजय विश्वकर्मा, पूर्व प्रमुख इसरार अहमद, सपा नेता बुद्धिराम सरोज, अशोक यादव, अध्यक्ष हंसराज यादव आदि शामिल हैं।

## सेंट जेवियर हाई स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

### अव्वल छात्र, छात्राओं को मेडल से किया गया सम्मानित

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल एलवल का रविवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया।



एक छात्र को मेडल प्रदान करते प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक प्रशान्त चंद्रा, आवासीय प्रबन्धक अनिरुद्ध जायसवाल एवं प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक कक्षाओं के सभी सेक्शन से प्रथम, द्वितीयएवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी कक्षाओं से शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले सभी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। प्रत्येक कक्षा के सभी सेक्शन (वर्ग) में सामूहिक रुप से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उनके प्रमाण पत्रों के साथ मेडल भी स्मृति-चिह्न के रुप में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह परीक्षाफल शिक्षकों एवं बच्चों के कठिन परिश्रम का उत्कृष्ट परिणाम है। प्रबन्धक ने बच्चों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की।

## सेक्रेड हार्ट इंटरनेशनल स्कूल का पूर्व मंत्री ने किया शुभारंभ

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर जमीन हरखोरी धनछुला गांव में सेक्रेड हार्ट इंटरनेशनल स्कूल का पूर्व मंत्री श्रीराम सोनकर ने फीता काटकर एवं विद्यालय परिसर में सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व



फीता काटकर विद्यालय का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री श्रीराम सोनकर

माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्रीराम सोनकर में कहा कि नई शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति है। नई शिक्षा नीति से शिक्षा के प्रसार व विकास को बल मिला। ग्रामीण क्षेत्र में सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित आधुनिक तकनीक से युक्त विद्यालय के खुलने से स्थानीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन व सुधार होगा। विशिष्ट अतिथि ईश्वर चंद बरनवाल एडीएम मथुरा ने वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार पर बल दिया। उत्तर प्रदेश सीबीएसई बोर्ड सचिव हरीकृष्ण बरनवाल ने कहा कि सगड़ी क्षेत्र में शिक्षा के स्तर ऊपर उठाने के उद्देश्य से विद्यालय खोला गया है। कार्यक्रम का संचालन दीपक गुप्ता ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ.किरण कृष्ण, उप प्राचार्य सतीश राघवन व अनुरा चेरियन डॉ.यश कृष्णन सहित भाजपा नेता अरविंद जायसवाल व मनीष मिश्रा पिंटू आदि उपस्थित रहे।

## मंड़ई में लगी आग हजारों की क्षति

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टेकमलपुर गांव स्थित मुख्य मार्ग के पटरी पर मंडई में चाय की दुकान में रविवार को गर्म तेल में पकौड़ी डालते समय आग पकड ली और मडंई समेत अन्य सामान जल गये। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया।

टेकमलपुर गांव निवासी पप्पू सोनकर की मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के बगल में मंडई में चाय की दुकान है। रविवार को दिन में तकरीबन 12 बजे पप्पू की पत्नी सबिता दुकान पर थी। उसी समय भट्टी पर रखे गर्म तेल की लपटों से मडंई में आग पकड़ ली। जब तक लोग जान पाते आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग पर काबू पा लिया। अगलगी में तकरीबन चालीस हजार की क्षति बतायी जा रही है। पीड़िता ने सूचना पुलिस को भी दे दी है।

# आरसी की वसूली में लायें तेजी

**जनसंदेश न्यूज**

**बोले मंडलायुक्त**

### मंडलायुक्त ने की कर करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा

**आजमगढ़।** मंडलायुक्त मनीष चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को देर शाम उनके कार्यालय सभागार में मंडलीय कर करेत्तर राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यों की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त श्री चौहान ने आबकारी विभाग को आरसी की वसूली को बढ़ाने तथा तथा उसकी ऑनलाइन फीडिंग समय से कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आरसी की वसूली लक्ष्य के अनुरूप करना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आजमगढ़ को स्टाम्प देयों की आरसी की ऑनलाइन फीडिंग लक्ष्य के अनुरूप कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 5 साल एवं 3 साल की पुरानी आरसी को चेक करने के निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त ने कहा कि जो आरसी वसूली योग्य नहीं है, उसे तत्काल वापस कर दिया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग बलिया द्वारा लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया तथा निर्देश दिया मार्च माह में जितने दिन अवशेष हैं उसमें पूरी क्षमता से कार्य करते हुए लक्ष्य को प्राप्त किया जाय। मंडलायुक्त श्री चौहान ने सभी विभागों को बड़ी आरसी की वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग 10 बड़े बकायेदार को चिन्हित कर वसूली सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जो वसूली में सहयोग न करें उसकी प्रॉपर्टी को अटैच कर लिया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि राजस्व वसूली में वृद्धि के लिए अमीनो की कमी को पूरा करने के लिए नहर विभाग एवं नलकूप विभाग से डेपुटेशन पर कर्मचारियों को अटैच किया जाए।

उन्होंने घरौनियों के वितरण एवं रियल टाइम खतौनी के कार्यों में सभी एसडीएम तहसीलदार एवं लेखपालों की ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया। राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि 5 साल से पुरानी राजस्व वादों का निस्तारण तेजी से कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने चकबंदी के पुराने वादों के निस्तारण में भल तेजी लाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। मण्डलायुक्त श्री चैहान ने अवैध कब्जे से सम्बन्धित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित का निर्देश देते हुए यह भी कहा कि तालाबों से अवैध अतिक्रमण हटाने में तेजी लाई जाय। उन्होंने कहा कि भूमाफियाओं द्वारा किए गए अवैध कब्जे से जमीन को मुक्त कराने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए तथा जो भी जमीन भू-माफियाओं के कब्जे में उसे मुक्त कराया जाय।

मंडलायुक्त मनीष चौहान ने मंडल के सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया की स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विशेष अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंडलायुक्त ने तीनों जनपद के अपर जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि विगत दिनों हुई बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे तत्काल करा लिया जाए तथा प्रभावित किसानों को हुए नुकसान की अनुमन्य धनराशि समय से उपलब्ध कराई जाए।

## संक्षेप

### जागरण में भक्ति गीतों पर झूमे लोग



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** नवरात्रि के अवसर पर माता रानी का जागरण भगतपुर गांव में भाजपा नेता नवीन सिंह के आवास पर किया गया। इस दौरान अयोध्या से आए कलाकारों द्वारा राम लक्ष्मण सीता एवं बजरंगबली गणेश की मनमोहन झांकी निकाली गई एवं भगवान शिव एवं माता पार्वती की भी झांकी निकाली गई। अयोध्या से आये कलाकारों द्वारा की गई प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्र के लोग माता रानी के जागरण में उपस्थित रहे। पूरी रात भक्ति जागरण में देवी गीतों एवं झांकी पर लोग झूमते नजर आए। कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकी व भक्तिमय गीतों पर देर रात तक लोग आनंद लेते रहे। इस मौके पर भाजपा नेता नीरज तिवारी, पद्माकर तिवारी, संतोष यादव, गौरव सिंह, आनंद तिवारी,हरीश तिवारी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।भाजपा नेता नवीन सिंह ने आए हुए अतिथियों का एवं जागरण कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रतिबंधित गोमांस के साथ एक गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना अहरौला पुलिस ने 75 किलोग्राम गोमांस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। अहरौला पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति कस्बा माहुल के पश्चिम में तालाब के किनारे प्रतिबंधित गोवंश को काट रहे हैं। इस सूचना पर विश्वास कर पुलिस वहां पहुंच गयी। पुलिस ने एक व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया जबकि 3 व्यक्ति मौके से भाग गये। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम रिजवान अहमद पुत्र अब्दुल रशीद निवासी ग्राम वार्ड नंबर 8 कस्बा माहुल थाना अहरौला बताया। उसने फरार अभियुक्तो का नाम क्रमशः लल्लू पुत्र मुस्ताक निवासी वार्ड नंबर 8 कस्बा माहुल, काशी नोना पुत्र लल्लू व सरोज नोना पुत्र हरीलाल निवासीगण टैनी थाना पवई बताया।

### कोविड कमरा निर्माण में घटिया ईंट का प्रयोग



**संजरपुर (आजमगढ़)।** मिजार्पुर ब्लाक अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संजरपुर के परिसर में कोविड मरीजों के लिए बन रहे कमरे के निर्माण में दोमा ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। घटिया निर्माण को देखते हुए क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। क्षेत्र के फरीदूनपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान राजाराम यादव, विकास पाठक, कैलाश पाठक ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर कहा है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संजरपुर में बन रहे कोविड मरीजों के लिए कमरे में तीसरे दर्जे के ईंट से निर्माण कराया जा रहा है जिसको तत्काल रुकवाया जाय। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी आइएन तिवारी ने बताया कि यह शासन से ही नामित है वही लोग काम करते हैं इसको देखवा कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

**संजरपुर (आजमगढ़)।** विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने व सहजानंद राय को गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। क्षेत्र के यचएस इंटरनेशनल स्कूल मोहनाठ में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कृष्ण कांत पाठक मंडल अध्यक्ष सरायमीर अनुपम पांडेय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने व सहजानंद राय को गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंडल अध्यक्ष अनुपम पांडेय ने कहा कि प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार का फैसला सराहनीय है। दोनों नेता कार्यकर्ताओं के सुख दुख में शामिल रहते हैं। व्यस्त होने के बाद भी क्षेत्र में उनकी भागीदारी पूरी जिम्मेदारी के साथ रहती है। किसी भी समय किसी भी वक्त दोनों नेताओं को याद किया जाए तो आपके साथ मिलते हैं। ऐसे में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा फैसला बहुत ही सराहनीय है। हम लोग केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मंडल अध्यक्ष अनुपम पांडेय ने बताया कि केंद्र सरकार प्रदेश सरकार ने हम लोगों का कद ऊंचा कर दिया है। इस अवसर पर पंकज सिंह, डा. बृजेश यादव, मीडिया प्रभारी संदीप अस्थाना, शैलेश प्रजापति, जेपी जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, विकास पाठक, राजू पाठक, राधेश्याम पांडेय, अखिलेश पाठक आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह सम्पन्न

**फरिहां (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील के शारदा शिक्षण संस्थान फरिहा के प्रांगण में आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा रविवार को होली मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष विवेकानन्द पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में एसडीएम निजामाबाद कुंदन राज कपूर, व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक जय प्रकाश पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संजय कुमार पांडेय ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है, व्यवसाय नहीं। श्री पांडेय ने अपने शेर शायरी से माहौल को खुशनुमा बना दिया। उन्होंने कहा कि आए दिन पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं सुनने को मिल रही हैं। ऐसे परिवेश में संगठन की मजबूती आवश्यक है। निजामाबाद एसडीएम ने कहा कि, क्षेत्र की बहुत सी समस्याओं का पत्रकार के माध्यम से आसानी से पता चल जाता है, जिससे उसका निराकरण हो जाता है तथा पत्रकार समाज को आईना दिखाता है, जिससे शासन प्रशासन अच्छा कार्य कर सके। चेयरमैन जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि पत्रकार निःस्वार्थ भाव से सेवा करता है। हम एक दूसरे का सम्मान करते हैं और सहयोग भी आदान प्रदान करते हैं, जो सराहनीय है। जिलाध्यक्ष विवेकानंद पांडेय ने कहा कि आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकार संगठन पत्रकार हित में मजबूती से कार्य कर रहा है और हमेशा करता रहेगा। इस अवसर पर श्याम जी उपाध्याय, मनोज गुप्ता, जय प्रकाश श्रीवास्तव, नुरुलऐन फिरोजी, विजय विश्वकर्मा, मनोज बौद्ध, बृजेश यादव, बेलाल, जावेद, पदमाकर पाठक, रामभवन, दुर्गेश मिश्रा, बृजभान विश्वकर्मा, रिंकू चौहान, शिवशंकर यादव, विजय शंकर यादव, शिव प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित रहे। संचालन विनोद कुमार यादव ने किया।

### पुलिस संरक्षण में खुलेआम चल रहा जुआ

**गाजीपुर।** शहर सहित आसपास के इलाके में खुलेआम चल रहे जुआं के अड्डे कानून व्यवस्था का खुला मजाक उड़ा रहे हैं। पुलिस की संरक्षण में चल रहे इस खेल से युवा पीढ़ी तबाह हो रही है, जिनके भविष्य को लेकर अभिभावक भी चिंतित व परेशान हैं। जबकि अवैध रूप से खेले जा रहे खेल से पुलिस खुद को अनजान बता रही है। पुलिस के नाक के नीचे अवैध कारोबार का खेल खेला जा रहा है। गोराबाजार सब्जी मंडी के अलावा क्षेत्र के कई जगहों पर जुआं का खेल खुलेआम हो रहा है। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र के फुल्लनपुर और कुछ गांवों में जुए का खेल निर्बाध गति से चल रहा है। ऐसा भी नहीं कि इसकी जानकारी पुलिस को नहीं है। इसके बाद भी इस पर रोक या कार्रवाई की बात सामने नहीं आई है। इतना ही नहीं पुलिस इस तरह का कारोबार होने से इंकार कर देती है। लोगों का कहना है कि इसके चक्कर में युवा पीढ़ी खुद को बर्बाद कर रही है। इसकी वजह से उनके मां बाप भी उनके भविष्य को लेकर परेशान हैं। इस खेल के संचालकों की पकड़ दूर तक है। इसमें कोई अड़चन ना पड़े, इसके लिए मोटी रकम भी बंधी है। इसलिए कानून के हाथ इनके गिरेबान तक नहीं पहुंच पाते। कभी कभार कार्रवाई हुई भी तो दो चार को कुछ घण्टे थाने में बैठा कर छोड़ दिया जाता है। इससे इनके हौसले और बुलन्द हो जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इनके डर से सामने से कोई शिकायत करने की हिम्मत नहीं करता। चौकी प्रभारी गोराबाजार अभिषेक सिंह से इस बारे में जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि मौके पर साथ में लेकर चले तब छापेमारी की जायेगी।

### कैशपार माइक्रो क्रेडिट जागरूकता वर्क शाप का किया गया आयोजन

**अहरौरा।** नगर के पोखरा सहुवाइन स्थित कृष्णा मैरिज लॉन में कैश पार माइक्रो क्रेडिट जागरूकता वर्क शाप रविवार को आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर चेयरमैन गुलाब दास मोर्या रहे। कैश पार्क के मैनेजर ने अंगवस्त्रम माला पहनाकर स्वागत किया। जागरूकता में आई दूर दूर गाँव की महिलाओं ने बताया कि कैश पार माइक्रो फाइनेंस ने हम लोगों के जीवन को सुखमय बनाया। दुर्गावती देवी खाजगीपुर की निवासी महिला ने बताया कि मेरे पति ठेला चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे लेकिन कैश पार माइक्रो फाइनेंस ने हमे लोन दिया।

# पांच लाख भक्तों ने किया मां विंध्यवासिनी का दर्शन

## पंचमी पर विंध्यधाम की गलियों में लगा श्रद्धालुओं तांता


दर्शन को उमड़ा भक्तों का जत्था

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि पर रविवार को विंध्याचल धाम में भोर से लेकर देर रात तक करीब 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अपनी हाजिरी लगाई। मां विंध्यवासिनी का गुड़हल कमल एवं गुलाब के पुष्प चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। वहीं घंटा घड़ियाल शंख नगाड़ा एवं मां विंध्यवासिनी के जयकारे से पूरा माहौल भक्ति में डूबा रहा। पांचवें दिन स्कंदमाता के रूप में श्रद्धालु दर्शन पूजन किए। विंध्याचल में चल रहे चैत्र नवरात्र मेले के पांचवें दिन भी देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में आस्थावान अपनी हाजिरी लगाने को पहुंचे थे। रविवार दिन छुट्टी होने के नाते एवं नवरात्र मेला के कारण पूरा विंध्याचल धाम श्रद्धालुओं से पटा नजर आया।

सुबह लगभग 11 बजे तक डेढ़ लाख से अधिक भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाया। इसके अलावा गंगा घाट हो या गली पहाड़ हो या सड़क हर जगह भक्तजन दिखाई दे रहे थे। भोर में मंगला आरती के पूर्व से ही मंदिर परिसर एवं गंगा घाटों पर नर नारियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंगला आरती के भव्य स्वरूप का दर्शन करने के लिए श्रद्धालु लालायित नजर आए। गंगा स्नान करने के बाद मंदिर पहुंचे भक्तों ने मां के भव्य स्वरूप का दर्शन पूजन किया और मंगल कामना की मंदिर के बाहर न्यू वीआईपी रोड एवं पुरानी वीआईपी रोड बच्चा पाठक की गली जयपुरिया गली सदर बाजार गली में भक्तों की लंबी कतारें भोर से ही लगनी शुरू हो गई थी।

### नवरात्र

### घंटों इंतजार करने के बाद भक्तों ने किया मां का दीदार

### वीआईपी दर्शन के लिए मची रही होड़

कतार में खड़े श्रद्धालु मां का जयकारा लगाते हुए मंदिर की तरफ बढ़े चले जा रहे थे। देवी धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी के भव्य स्वरूप का दर्शन करके भाव विभोर हो उठे।

देवी मां का दर्शन पूजन करने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में विराजमान समस्त देवी देवताओं के मंदिरों में भी जाकर मत्था टेका और घर परिवार में खुशहाली की कामना की। मंदिर के छत पर दूर-दराज से आए संत महात्मा वैदिक मंत्रोचार बीच अनुष्ठान पूजन करने में तल्लीन दिखाई दिए।

वहीं मंदिर का गुंबद एवं हवन कुंड का परिक्रमा करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। विंध्याचल के गंगा घाटों पर स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोर से ही जुट गए थे। गंगा स्नान करने के बाद भक्तों ने प्रसाद की दुकानों से नारियल चुनरी माला फूल रोरी रक्षा लाची दाना एवं प्रसाद लेकर मां को चढ़ाया। वहीं महिलाओं ने कढ़ाई चढ़ाकर मां के लिए हलवा पूरी बनाया और मां को भोग लगाकर विधिवत पूजन किया। नवरात्र मेले के दौरान विंध्याचल में उमड़ी भारी भीड़ के चलते पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी एवं मंत्री भानु पाठक सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की सेवा में तल्लीन दिखाई दिए। श्री विन्ध्य पंडा समाज अध्यक्ष पंकज द्विवेदी के मुताबिक करीब पांच लाख भक्तों ने दर्शन पूजन किए।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रहे थे भक्त

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान उमड़ी आस्थावानों की भीड़ को देखते हुए श्रद्धालु सीसीटीवी कैमरे की नजरों से कैद होते रहे। मंदिर परिसर में में भीड़ को नियंत्रित के लिए ध्वनि विस्तारक के माध्यम से अवगत कराए जा रहा था जबकि दोपहर 12 मां का कपाट बंद हुआ तो कतार में खड़े श्रद्धालु जिस स्थान पर खड़े थे। उसी स्थान पर बैठे रहे जब मां का जब कपाट खुला तो मां का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ते चले जा रहे थे। मंदिर परिसर में आयोजित नव दिवसीय अखंड पाठ ब्राह्मणों मंत्रोच्चारण के साथ पाठ किए जा रहे थे।

### रविवार को छुट्टी पर बढ़ी भक्तों की भीड़

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान पांचवे दिन रविवार के दिन छुट्टी होने के नाते अपार भीड़ उमड़ पड़ी। किसी ने झांकी तो किसी ने गर्भ गृह में दर्शन पूजन करने के लालाहित रहे। वीआईपी दर्शन के लिए होड़ मची रही। श्रद्धालु अपने अपने जुगाड़ में जुटे रहे कि कैसे जल्द दर्शन हो जाय लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से व्यवस्था तगड़ी कर दी गई थी। किसी प्रकार से वीआईपी दर्शन के लिए जारी प्रोटोकॉल के अनुसार ही सुविधा दी जा रही थी। जुगाड़ तंत्र लोगों को वीआईपी मार्ग से प्रतिबंधित कर दिए गए थे। नई वीआईपी मार्ग की तरफ से आम श्रद्धालु एवं तीर्थ पुरोहितों की कतार बनाए गए हैं पंक्ति बंद होकर श्रद्धालु दर्शन पूजन करने के लिए मंदिर परिसर में प्रवेश कर रहे हैं।

### घर के खातिर पर्वत पर घरौंदा बना रहे भक्त

चैत्र नवरात्र मेला में विंध्य त्रिकोण पथ पर पत्थरों से रोजाना हजारों घरौंदे बनाए जाते हैं। लोक मानता है कि काली खोह पहाड़ी एवं अष्टभुजा पहाड़ पर त्रिकोण परिक्रमा के दौरान घरौंदा बनाने से अपना घर बनाने की लालसा देवी मां से करते हैं। कामना एवं लालसा देवी पूरी करती हैं। उसके घर पर हमेशा मां का आशीर्वाद बना रहता है। इसी के चलते काली खोह पहाड़ी से अष्टभुजा मंदिर तक त्रिकोण परिक्रमा के अंतर्गत सड़क के दोनों तरफ पत्थरों से घर घरौंदे बनाए जाते हैं। नवरात्र मेले के दौरान मां विंध्यवासिनी माता का दर्शन पूजन करने के बाद हजारों आस्थावान रोजाना त्रिकोण परिक्रमा करते हैं। यात्रा के दौरान वे पत्थरों के टुकड़ों को सजा कर सपनों के घर का प्रतिरूप बनाते हैं। मां विंध्यवासिनी महाकाली मां अष्टभुजा देवी के दर्शन पूजन करने के बाद भक्त अष्टभुजा पहाड़ पर पहुंचकर वहां पहले से पढ़े पत्थरों से घरौंदा बनाकर मां से अपना मकान बनाने की मनौती मांग रहे हैं। बड़े बुजुर्ग महिलाएं को देखा देखी बच्चे भी घरौंदा बनाते हुए देखे जा रहे थे। पुराणों में इस परंपरा का कहीं जिक्र नहीं है लेकिन इस लोक मान्यता पर दूरदराज से आने वाले आस्थावान भी घरौंदा बनाना नहीं भूलते।

### भक्तों की सेवा में चल रहा है भण्डारा : अमरदीप सिंह


भक्तों को प्रसाद वितरित करते अमरदीप सिंह

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि के पांचवे दिन डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में डैफोडिल्स,अमेरा व द रिट्रीट के सौजन्य से लगातार निःशुल्क प्रसाद का वितरण किया जा रहा है । भक्ति भाव से परिपूर्ण डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अमरदीप सिंह व अपराजिता सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष किया जाता है। साथ ही नवरात्रि के अवसर पर दूर दूर से माँ का दर्शन करने आये श्रद्धालुओं को यह सेवा प्रदान किया जाता है।अपराजिता सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा करके मन को शांति मिलती है । प्रसाद वितरण के दौरान कई श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहणकर माँ का जयकारा लगते हुए अपने अपने घरों के लिए निकल पड़े।

## दरोगा की हेकड़ी पड़ गई भारी, एसपी ने किया निलम्बित

**रोपवे कर्मी से जमा रहे थे भौकाल वीडियो हुआ वायरल**

**मीरजापुर।** जिले के कालीकोह रोपवे पर तैनात इंस्पेक्टर साहब को जब कर्मचारी ने थोड़ा साइड में हटने को लेकर बात कही तो इंस्पेक्टर साहब नाराज हो गए। आग बबूला हुए इंस्पेक्टर साहब ने कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई किए जाने के बाद नाराज रोपवे के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया, जिसके बाद एसपी ने दोषी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है। रविवार को कालीखोह रोपवे के पास इंस्पेक्टर साहब खड़े हुए थे। इस दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए कर्मचारी ने थोड़ा साइड में हटने को लेकर बात कही। कर्मचारी के द्वारा दरोगा जी को हटने को लेकर बात कही ही थी जो दरोगा जी को यह नागवार गुजर गया, जिसके बाद उन्होंने कर्मचारी के साथ जमकर गाली गलौज की। गाली गलौज के बाद जब दरोगा जी का मन नहीं भरा तो फुटबॉल के खिलाड़ी बनते हुए कर्मचारी के ऊपर लात बरसाने लगे। पुलिसकर्मी के दुर्व्यवहार से नाराज कालीखोह के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी ने आनन-फानन में पुलिसकर्मी को निलंबित करते हुए इस पूरे मामले की जांच एसपी सिटी को सौंप दी गई है। पुलिसकर्मी के निलंबन हो जाने के बाद रोपवे के कर्मचारियों ने काम शुरू किया।

### मुंडन में व्यस्त दिखे भक्त

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान रविवार के दिन छुट्टी होने के कारण देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार परकोटा के अंतर्गत बनाए गए नाई समाज द्वारा बनाए गए निर्धारित कैंप में ही मुंडन संस्कार होते रहे। वही बड़ी संख्या में गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं ने अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया।

### खोया पाया केंद्र ने हजारों भक्तों को मिलाया

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान जिला प्रशासन की ओर से कोतवाली परिसर में मां विंध्यवासिनी मंदिर के छत पर कैम्प बनाए गए है। खोया पाया केंद्र में धाम क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए छोटे बच्चे और बुजुर्ग महिलाएं को परिवार के साथ बिछड़ जाने पर पुलिस प्रशासन एवं स्काउट गाइड की टीम की मदद से बिछड़े हुए परिवार को मिलाने का कार्य किए जा रहे हैं। जबकि नवरात्र में लेकर प्रथम दिन से लेकर पंचमी तिथि तक हजारों श्रद्धालुओं को उनके परिवार से मिलाए गए।

# ना किसी की नजर लागे मेरे राम की नगरिया को...

### आयोजन

### विंध्य महोत्सव में लोक कलाकारों ने बिखेरा जलवा


मंच पर कलाकारों को सम्मानित करतीं डीएम व एमएलसी

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि विंध्याचल में डीएम दिव्या मित्तल के विशेष प्रयास से विंध्याचल रोडवेज परिसर में आयोजित विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम विंध्याचल नवरात्र मेले में आने वाले देश के कोने कोने के तीर्थयात्रियों को लुभा रहा है। भजन संध्या, देवी गीत कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने देवी मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विंध्य महोत्सव के चतुर्थ दिवस के अवसर पर लखनऊ से पधारे विभु वाजपेई के गीतों पर लोग झूमने को विवश हुए, वाराणसी से आए कथक नृत्य के फनकार विशाल कृष्णा ने अपने कथक नृत्य के जरिए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या देवी गीतों के क्रम में जौनपुर से आए भजन कीर्तन रामायण के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध लोक कलाकार आशीष पाठक ने अपनी टीम के साथ जय हो गणपत राजा, मेरी विनती सुन कर आजा.... प्रस्तुत कर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। प्रभु श्री राम की नगरी का वर्णन करते हुए उन्होंने सुनाया ना किसी की नजर लागे, मेरे राम की नगरियां को... लोक कलाकार आशीष पाठक के भजनों पर झूमने के लिए विवश हुए देवी भक्तों की आस्था उत्साह और मांग पर उन्होंने पुनः शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विशाल वैभव का वर्णन करते हुए अपने गीतों के माध्यम से शेर पर सवारी, हथवा में कटारी...... प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम के पश्चात डीएम दिव्या मित्तल, अपर डीएम वि./रा. शिव प्रकाश शुक्ल द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं माता की चुनरी प्रदान कर उनका मंच पर सम्मान किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी गण, गणमान्य जन मौजूद रहे।

### मौसम ने फिर बदला मिजाज चमक गरज के साथ हुई बूंदाबांदी

**रबी सीजन की फसलों पर गहरा रहे संकट के बादल**

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र में एक बार पुनः मौसम का रुख बदल रहा है। दिन के लगभग चार बजे आसमान में घने बादलों की वजह से तेज चमक गरज के साथ बूंदाबांदी होने लगी। जिससे किसानों में रबी सीजन की फसलों पर संकट आने का खतरा मंडराने लगा।

मौसम के मिजाज को देखकर ऐसा लग रहा था कि बारिश की धार अत्यधिक तेज हो सकती है लेकिन कुछ ही देर बाद मौसम सुहाना हो गया और आसमान के बादल छंट गए। तब किसानों ने राहत की सांस ली। बीते दिनों क्षेत्र में हुई बरसात से गेहूं तथा दलहन एवं तिलहन की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था जिसमें सबसे अधिक कोन गढ़वा, धनसीरियां, सेमरा खोराडीह, तालर आदि क्षेत्रों में बरसात का असर दिखाई दिया। वहीं भीटी, राजगढ़, दरवान, भवानीपुर चौखड़ा आदि क्षेत्रों में बेमौसम हुई बरसात का मिला जुला असर दिखाई दिया।

## दहेज हत्या मामले में पति सास व ससुर गिरफ्तार


पकड़े गये आरोपी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पर 20 मार्च को वादी गुलाबशंकर यादव पुत्र स्व0 फागु यादव निवासी फत्तेहपुर खुर्द शहाबगंज चन्दौली द्वारा नामजद के विरूद्ध बावत की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी।

एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में उ.नि. सुरेश भारती व म.आ. पारुल श्रीवास्तव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अदलहाट क्षेत्र से नामजद पुरुष व महिला आरोपी दीपक यादव(पति) पुत्र रामबृक्ष, जीरादेवी(सास) पत्नी रामबृक्ष, रामबृक्ष यादव(ससुर) पुत्र स्व. ज्ञानदास यादव निवासीगण खिरौड़ी थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

## आरएसएस ने निकाला वृहद पथ संचलन


पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक

**अहरौरा।** भारतीय नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में बृहद पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र ग्राम विकास प्रमुख चंद्रमोहन पाथेय स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। स्वयंसेवकों के बीच उद्बोधन में मुख्य वक्ता ने डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार के जीवन संघर्षों की चर्चा करते हुए राष्ट्र कल्पना की सचेत भावना के साथ भारत राष्ट्र को विश्व गुरु बनाना तथा समाज के नैतिक मूल्य का निर्वहन करते हुए अपने राष्ट्र समाज के लिए गरीब निस्सहाय की मदद कर अपने देश को विश्व गुरु के पायदान पर पहुंचाएं। समाज में स्वयंसेवकों की भूमिका का सार्थक सहयोग कर धर्म राष्ट्र को उच्च श्रेणी में पहुंचाना यह हमारा नैतिक कर्तव्य है। पथ संचलन पट्टीकला अनमोल एकेडेमी (नारायण टेंट हाउस) से प्रारंभ होकर त्रिमुहानी से होते हुए आर्य शिशु मंदिर, पुलिस चौकी से गोला कन्हैया लाल, सम्मेत्तर, गोला सहुवाईन, खरंजा से होते हुए तकिया, चौक बाजार से कुशवाहा नगर, अस्पताल नई बाजार चुंगी से बूढ़ादेई रवानी टोला, मेंहदीपुर चौराहा, महुली चौराहा से होते हुए सहुवाईन का पोखरा, सत्यानगंज इलाहाबाद बैंक से टिकरा खरंजा अहरी से पुनः अनमोल एकेडमी नारायण टेंट हाउस में समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्ण गणवेश धारी स्वयं सेवकों ने अधिक संख्या में स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रमोहन कलाधर, जितेंद्र कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, अखिलेश कुमार, विवेक कुमार, डॉ मुकेश श्रीवास्तव, विकास चंद्र अग्रहरि, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लहंगपुर राजवाहा को बाणसागर नहर खंड 7 में जोड़ने को दिया पत्रक

**लालगंज।** विकासखंड के पटेल नगर में रविवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल का अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं पर क्षेत्रीय किसानों ने केंद्रीय राज्य मंत्री को पत्रक देते हुए बताया कि सिरसी बांध प्रखंड लहंगपुर राजवाहा को बाणसागर नहर खंड 7 में जोड़ने का आग्रह किया। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्या को बताते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री से कहा कि अगर सिरसी बांध से निकली लहंगपुर राजबाहा को बाणसागर नहर खंड 7 से जोड़ दिया जाए तो हम लोगों के खेत की सिंचाई समय से हो जाए। पत्रक में क्षेत्र के कई प्रधानों ने अपने लेटर पैड पर लिखकर भी दिया है कि हम लोगों के परिवार का भरण पोषण का माध्यम सिर्फ खेती है। सिंचाई के लिए पानी न मिलने से खेत में बोई गई फसल हर वर्ष सूख जा रही है। पत्रक देने वालों में मनीष कुमार पटेल, धन्नु पटेल, घनश्याम बौद्ध, लक्ष्मण मौर्य, रामनरेश मौर्य, उमेश कुमार शांति देवी के साथ भारी संख्या में किसान एवं अपना दल एस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज के परिवेश में भी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं स्वामी विवेकानन्द


कार्यक्रम में शामिल छात्र व शिक्षक

**मीरजापुर।** राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने रंगोली के माध्यम से बरकछा खुर्द एवं अटारी गांव का सामाजिक व संसाधन मानचित्रण किया। जिसका डॉ त्रिभुवन नाथ द्वारा विश्लेषण भी प्रस्तुत किया गया। मानचित्र में सड़क, गांव के अंदर का नाला, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल भवन, चापाकल, सामुदायिक नल-जल प्रणाली व सार्वजनिक शौचालय को दशार्या गया। मानचित्र बनाते समय ग्रामीणों से गांव व टोले में प्राकृतिक संसाधन की उपलब्धता, जमीन का प्रकार, प्राकृतिक संसाधनों का वर्तमान में उपयोग, वर्षा जल का संचयन पर विचार कर उसे कॉपी में दर्ज किया गया। स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम का मौसमी विश्लेषण भी प्रदर्शित किया गया। तत्पश्चात द्वितीय सत्र में डी० ए० वी० पी० जी० कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ० शांतनु सौरभ ने युवा सशक्तिकरण पर स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि, स्वामी विवेकानन्द भारत के युवा को अपने गौरवशाली अतीत और वैभवशाली भविष्य की एक मजबूत कड़ी के रूप में देखते थे। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि भारत का आज का नौजवान इस बात को भलीभांती समझ रहा है, खुद पर विश्वास करते हुए आगे बढ़ रहा है। आज नवाचार, ऊष्मायन और स्टार्ट-अप की नई धारा का नेतृत्व हमारे देश के युवा कर रहे हैं। आज अगर भारत दुनिया के स्टार्ट अप इको सिस्टम में प्रमुख देशों में आ गया है तो इसके पीछे देश के युवाओं का परिश्रम है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पदाधिकारी डॉ विनीता सिंह ने कहा कि, मेरा विश्वास है कि देश की प्रगति, विकास तथा उसका उज्ज्वल भविष्य केवल तभी संभव है जब हमारे देश के मेहनती और प्रगतिशील युवा को मजबूत नैतिक मूल्य और उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जाए। कार्यक्रम का संचालन डॉ त्रिभुवन नाथ ने किया।

## संक्षेप

### मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट को एमएलसी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**मीरजापुर।** ई.एस.वी.एच.डी. योजनान्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट (वैन) का सदस्यविधान परिषद श्यामनारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया व सांसद अरुण सिंह के प्रतिनिधि धनन्जय पण्डेय तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व एन.आई.सी. में सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री का सम्बोधन श्रवण किया गया एवं तदोपरान्त सभी जनप्रतिनिधियों का बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा सबसे पहले यामनारायण सिंह विधान परिषद सदस्य, उत्तर प्रदेश का बुके देकर स्वागत किया गया एवं इस योजना की समस्त जानकारियों जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनता को दी गयी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद अरूण सिंह के प्रतिनिधि धनन्जय पण्डेय का बुके देकर स्वागत किया गया। जनपद में प्राप्त 02 मोबाईल वैन का उद्घाटन करते हुए मूक पशुओं की सेवा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी पशुचिकित्साधिकारियों, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संचालित हुआ। फ्लैग आफ कार्यक्रम का समापन मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार सिंह के आभार प्रकटीकरण के साथ सम्पन्न हुआ। जनपद में 06 वैन और अतिशीघ्र आज ही प्राप्त हो जायेगी। इस प्रकार कुल 08 वैन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत पशुपालकों के द्वार पर पशुचिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध करायी जायेंगी। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख मझवां, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार उपस्थित रहें।

### दिलीप के क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों में हर्ष



**अदलहाट।** भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के वर्तमान उपाध्यक्ष को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता व्याप्त हो गयी। नरायनपुर में दिलीप पटेल का स्वागत किया गया। भाजपा नेता मिथिलेश पाठक ने दिलीप पटेल को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी एक नए आयाम को छुयेगी और 2024 के लोकसभा के चुनाव में काशी क्षेत्र की सभी सीटें जीतकर पार्टी को मजबूत बनायेगी। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित जायसवाल, मीडिया प्रभारी आशुतोष दुबे, अजित कश्यप, संतोष कुमार चौरसिया, शिव कुमार जायसवाल, गंगेश्वर पटेल, भरत विश्वकर्मा, आशीष सिंह पटेल, आशीष जायसवाल, बेलाल सिद्दीकी, तौकिर अहमद आदि ने बधाई दी।

### महिला ने पोस्ट आफिस कर्मी पर जमा पैसा हड़पने का लगाया आरोप

**कलवारी।** राजगढ़ थाना क्षेत्र दूबेपुर गांव की एक वृद्ध महिला ने पोस्ट आफिस रामपुर 38 गांव में कार्यरत कर्मचारी पर धोखाधड़ी कर रुपया हड़पने का आरोप लगाते हुए राजगढ़ थाना पर तहरीर देकर कार्यवाही का मांग किया है। थाना क्षेत्र के रामपुर 38 गांव में ग्रामीण पोस्ट ऑफिस में गांव का ही एक व्यक्ति पोस्टमैन के पद पर कार्यरत है। इसी ग्राम पंचायत के दूबेपुर बस्ती निवासी दुधनी पत्नी स्व भोला ने आरोप लगाया कि रामपुर 38 के डाकघर पर पासबुक लेकर खाता चेक कराने पहुंची, तो स्थानीय पोस्ट आफिस में कार्यरत पोस्ट मैन अरूण कुमार पाण्डेय का पुत्र अमित पांडेय महिला के अंगूठा का निशान लगावाकर 1200 रुपए निकाल लिए और वृद्ध महिला को पैसा नही दिया। महिला के पूछने पर अमित ने बताया कि अभी आप के खाते में पैसा नहीं है। दूसरे दिन महिला ने बैंक जाकर अपना खाता चेक कराया तो बैंककर्मियों ने बताया कि अभी दो दिन पहले ही तुम्हारे खाते से 1200 रुपया निकला गया है। जिसके बाद महिला दूसरे दिन पोस्ट मैन के घर पूछने के लिए पहुंची तो उसे डांट फटकार कर भगा दिया गया। इस घटना से आहत महिला ने राजगढ़ थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव को लिखित तहरीर देकर पोस्ट मैन तथा उनके पुत्र के विरुद्ध कार्यवाही करने का मांग किया है।

### नई शिक्षा नीति से छात्र-छात्राओं को पढ़ने को मिलेगा मनपसंद विषय

**लालगंज।** लालगंज पंचायत भवन परिसर में रविवार को नई शिक्षा नीति शिक्षा की आधुनिक मॉडल विषयक विचार गोष्ठी में पुरस्कार वितरण किया गया। नई शिक्षा नीति पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत की भविष्य नई शिक्षा नीति करेगी क्योंकि इसके लागू होने से छात्र छात्राओं को मनपसंद भाषा और विषय पढ़ने को मिलेगा। कहा कि शिक्षा समाज को सर्वांगीण विकसित करने के साधन है और नई शिक्षा नीति पूरी तरह से समर्थ है। सामाजिक कार्यकर्ता संतोष केसरी ने कहा कि आधुनिक वैश्विक युग में व्यवसायिक शिक्षा का महत्व है और नई शिक्षा नीति में व्यवसायिक शिक्षा के विभिन्न सोपान तय करेंगे। पूर्व प्रधानाध्यापक कमला शंकर दुबे ने कहा कि संपूर्ण परिवर्तन का आधार शिक्षा तय करती है। खैरही पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद उपाध्याय ने कहा कि कक्षा एक से लेकर आठ तक की शिक्षा नींव का काम करती है। जिसमें विभिन्न प्रकार की बेसिक मूलभूत शिक्षा की गुणवत्ता नींव में समायोजित है। बसही गांव के प्रधान रहीस अहमद ने कहा कि विषय वस्तु की संरचना पर भविष्य की बुलंद इमारत की रूपरेखा निर्धारित होती है। कहा कि बच्चों में नैतिक शिक्षा के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित नई शिक्षा नीति करेगी। पूर्व ग्राम प्रधान मनोज केसरी ने कहा कि शिक्षा समाज में एक नए संबंध और परिवर्तन लाने का काम करती है। इसके बल पर आर्थिक सामाजिक राजनैतिक समृद्धि का वातावरण तैयार होता है। इस अवसर पर शशांक यादव, श्रेयांश केसरी, नंदिनी सोनी, अर्पण दुबे, अर्पिता दुबे, रूद्र गोड़ आदि बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

### भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

**जिगना।** प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात का 99 संस्करण शक्ति केंद्र बजटा पर लोगों द्वारा सुना गया। इस दौरान भाजपा नेता सुधाकर उपाध्याय, कृष्ण शंकर उपाध्याय, ह्रदय शंकर उपाध्याय, शशांक शेखर उपाध्याय, राधेश्याम गुप्ता, लाल बहादुर हरिजन, उमाशंकर उपाध्याय, संतोष कुमार सहित भारी संख्या में लोगों ने मन की बात सुनी। आज के संस्करण में महिला सशक्तिकरण के बारे में प्रधानमंत्री ने विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं द्वारा देश का नाम खेल क्षेत्र से लेकर हर क्षेत्र में अपना योगदान देकर भारत का मान भारत सहित पूरे विश्व में नाम ऊंचा कर रही है।

### विधायक ने विद्यार्थियों को को दिया स्मार्ट फोन

**अहरौरा।** नगर के वनस्थली स्नाकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फ्री टेबलेट विक्रम के अंतर्गत गांव के बीच आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने महाविद्यालय में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की छात्रा आकांक्षा मिश्रा, विभा कुमारी, अनिल कुमार, दिवाकर केशरी समेत सभी विद्यार्थियों को टैबलेट दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक संजय पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश तुल्यस्यान, संस्थापक मोहनलाल गुप्त, सुरेश सिंह, महेंद्र अग्रहरी, समेत प्रबंध समिति के पदाधिकारी व छात्र छात्राएं समेत राघवेन्द्र परताप सिंह, प्राचार्य देवी प्रसाद, रमेश सिंह, विनोद, समेत सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

### महिलाओं को बनायें सशक्त : थानाध्यक्ष

**अदलहाट।** स्थानीय बाजार स्थित एक लान में रविवार को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन करते हुए थाना प्रभारी अदलहाट विजय कुमार चौरसिया ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐसे कार्य शाला निरंतर आयोजित होने चाहिए। जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके। कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। इसलिए अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उनके विकास में भागीदार बनना होगा। इसके पूर्व अतिथि का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर संस्था की ओर से स्वागत किया गया।

### छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना ड्रमण्डगंज पर 20 मार्च को थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जहां एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को थानाध्यक्ष ड्रमण्डगंज विरेन्द्र सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना ड्रमण्डगंज पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित आरोपी बसंतलाल पुत्र रामकिशन निवासी मलिपुर नौगवां थाना ड्रमण्डगंज मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

### अतुल पांडेय को मीरजापुर का बनाया जिला उपाध्यक्ष

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक रविवार को संघ भवन रामबाग में सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कर्मचारी नेता, राज्य कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न मांगों पर कर्मचारी नेताओं ने विचार विमर्श किया गया। संगठन को गतिशील बनाने और अधिक मजबूती देने के लिए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन को गतिशील और विस्तार देने के क्रम में सुनील कुमार कन्नौजिया को जिला संयुक्त मंत्री, कन्हैया प्रसाद संगठन मंत्री, सुरेन्द्र कुमार संगठन मंत्री तथा अतुल कुमार पाण्डेय को जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया। इस मौके पर बैठक में मोहन लाल यादव, बबलू खान, सुनील कुमार कन्नौजिया, कन्हैया प्रसाद, लवकुश, राज कुमार यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

# तेज आंधी पानी के साथ पड़े ओले, जनजीवन अस्त व्यस्त

**रबी की तैयार फसल हुई बर्बाद किसानों की बढ़ी चिंता**



बारिश से बर्बाद हुई फसल

**सोनभद्र/चोपन।** जिले में रविवार को हवा के साथ बारिश होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। गेहूं और सरसों की फसलों के साथ ही सब्जियों को काफी नुकसान हुआ है।

आम का बोर भी खराब होने का डर सता रहा है। दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया और हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे किसानों की गेहूं की फसल गिर गई। गेहूं में बाली आई हुई और बारिश के साथ हवा फसल नुकसानदायक रही। इससे गेहूं की पैदावार कम हो सकती है। सरसों की फसल भी पककर तैयार है और बारिश के कारण उसके दाने गिर गए। इससे भी काफी नुकसान किसानों को हुआ है। बारिश के कारण आम के बोर में फफूंदी लगने का डर है और आम पर काफी बोर आने से उत्साहित बागवानों के चेहरे पर उदासी आ गई है। वहीं जिस आलू की अभी खोदाई नहीं हुई है, उसमें गलाव शुरू हो जाएगा। इसके अलावा भी तोरई व खीरा की फसल भी बारिश के कारण प्रभावित हुई है। चोपन संवाददाता के अनुसार-क्षेत्र में रविवार को अचानक फिर से मौसम बदल गया, करीब एक घंटे की तेज बारिश होने के साथ ही हवा के साथ ओले गिरे। नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश व हवा के साथ ओले पड़ने के बाद किसानों की चिंता फिर से बढ़ गई। खेत में खड़ी फसल लगभग बारिश के कारण बर्बाद हो गई। नगर समेत आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश का जोर दिखा, जिसमें करीब आधे घंटे से ज्यादा ओले के साथ तेज बारिश हुई। गेहूं की फसल कटने को तैयार है। इस समय बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों को एक बार फिर से चिंता में डाल दिया। बारिश के बाद गेहूं की तैयार फसलें खेत में झुकी हुई नजर आई, जहां ओलावृष्टि से फसल खराब होने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब हो कि सुबह अचानक मौसम में बदलाव आया और दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे किसानों की गेहूं की फसल गिर गई। गेहूं में बाली आई हुई और बारिश के साथ हवा फसल नुकसानदायक रही। वहीं सरसों अरहर की फसल भी पककर तैयार है, बारिश के कारण उसके दाने गिर गए। बारिश के कारण आम के बौर में फफूंदी लगने का डर है और आम पर काफी बौर आने से उत्साहित किसानों के चेहरे पर उदासी आ गई है। इसके अलावा हरी सब्जियों पर भी बारिश का खासा असर पड़ा है। मौसम सुबह से ठीक था, लेकिन दोपहर बाद मुसलाधार बारिश होने से शाम को मौसम में ठंडक महसूस की गई।

## रेलवे फाटक टूटने से अफरा-तफरी

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ओबरा से डाला जा रहे मुख्य मार्ग के बीच रेलवे क्रॉसिंग का फाटक रविवार को टूट जाने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान रेलवे फाटक बंद कर रहा कर्मचारी परेशान हो गया। आसपास के लोगों ने बताया कि रविवार की सुबह किसी ट्रेन के आने की सूचना पर रेलवे फाटक पर तैनात कर्मचारी द्वारा फाटक को बंद किया जा रहा था। इसी बीच डाला स्थित एक निजी कंपनी में चल रही हैवी हाईवा वाहन द्वारा तेज रफ्तार में फाटक को धक्का मारते हुए मौके से फरार हो गया। उसके चलते एक तरफ का रेलवे फाटक क्षतिग्रस्त होकर सड़क के एक तरफ हट गया। थोड़ी देर बाद ट्रेक से गुजर रही ट्रेन को देखते हुए सड़क पर आने वाले राहगीरों को रोकने में रेलवे कर्मचारी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। संयोग अच्छा रहा कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं होने पायी। अखिलेश सिंह आरपीएफ इंचार्ज चोपन से बात करने पर उन्होंने बताया कि रेलवे फाटक तोड़ने की घटना की जानकारी मुझे नहीं है। लगभग 8 घंटे के पश्चात उक्त रेलवे फाटक को रेलवे विभाग द्वारा ठीक करा लिया गया था। इस बीच गुजरने वाली ट्रेनों को लेकर रेलवे के कर्मचारी बल्ली अथवा रस्सी लगाकर लोगों को रोक रहे थे।

# कांग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा के पास बैठकर किया सत्याग्रह

**विरोध**

**राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने का किया विरोध**



गांधी प्रतिमा के पास सत्याग्रह पर बैठे कांग्रेसी

**सोनभद्र।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के निर्देश पर कांग्रेसियों ने पीसीसी सदस्य आशुतोष कुमार दुबे के नेतृत्व में नगरपालिका स्थित गांधी प्रतिमा के नीचे बैठकर सत्याग्रह के रूप में रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम ईश्वर-अल्लाह तेरे नाम सबको सम्मति दे भगवान कहते हुए पार्टी के पूर्व-राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर हुई कार्यवाही को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज किया। इस दौरान आशु दूबे ने कहा कि देश के अंदर सबको यह मौलिक अधिकार है कि वह अपनी बात समाज हित में आम-जनमानस के प्रति कर सकता है। नौजवान, बेरोजगार, व्यापारी, किसान, आदिवासी, महिला, बुजुर्ग, आमजन की बातों को लगातार उठाने का काम कांग्रेस पार्टी करती है। देश में व्यापारी अपने व्यापार को लेकर परेशान हो रहा है, व्यापार में मुनाफा नहीं हो रहा है और खर्चे बढ़ते जा रहे हैं। इस पर कोई भी बात करने को तैयार नहीं है। गौतम आनंद ने कहा कि किसान परेशान है डीजल महंगा है, खाद भी महंगी होती जा रही है, अनियमित मौसम अलग किसानों को परेशान कर रहा है, उसे अपनी खेती का सही मुआवजा भी नहीं मिल पा रहा है। इस ओर कोई भी जनप्रतिनिधि/सरकार का ध्यान नहीं जा रहा है। श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि सरकार को आमजनमानस की भावनाओं से कोई मतलब नहीं है और वह दबाव की राजनीति करना चाहती है। कहा कि युवाओं पर वर्तमान समय में बोलने वाला कोई नहीं है। देश की आवाज बनकर राहुल गांधी सामने आए हैं और युवा उनका सम्मान करता है। मौके पर सूरज वर्मा, साहदाब आलम, ओम प्रकाश राम आदि मौजूद रहे।

# पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते ग्रामीण

**ओबरा।** नगर के खैरटिया गांव स्थित बालू टोला में पानी की समस्या को लेकर नाराज ग्रामीणों ने अपना दल एस जिला उपाध्यक्ष पंचायत मंच शिवदत्त दुबे के नेतृत्व में रविवार को प्रदर्शन किया। दुबे ने बताया कि बिल्ली मारकुंडी ग्राम पंचायत के टोला खैरटिया के बालू टोला में सोलर वाटर पंप लगा हुआ है, जिससे उस टोले के लोग पानी पीते हैं। बताया कि सोलर सेल का स्टार्टर जल गया है। इसके चलते वहां के लोगो को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। रहवासियों ने इसकी सूचना 15 दिन पूर्व प्रधान व सेक्रेटरी को दिया था। बावजूद इसके अभी तक सोलर वाटर का स्टार्टर नहीं बन पाया। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आम जनमानस के लिए पेयजल के लिए कटिबद्ध है। लेकिन सेक्रेटरी और प्रधान सरकार की छवि को खराब करना चाह रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दिया कि यदि अति शीघ्र स्टार्टर लगाकर पानी की समस्या को दूर नहीं किया गया तो समस्त खैरटिया वासी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी चोपन ब्लाक की होगी। प्रदर्शन में राजकुमार भारती, राम मनोज, रामाशंकर, बैजू, रामवृक्ष, महिंद्र, दशरथ साहनी, लाल बहादुर, दल श्रृंगार, बनारसी, अंजन, रामू, सियाराम समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# मुगलसराय से चोरी कर लायी गयी थी लावारिस स्कार्पियो

**डाला।** लावारिस हाल में मिली स्कार्पियो को अज्ञात चोर मंगलवार को ही मुगलसराय से चोरी करके चोपन थाना क्षेत्र के चोरपनिया में छोड़ कर फरार हो गए।

पुलिस मिले स्कार्पियो को लावारिस में दाखिल करके खानापूर्ति करके इतिश्री कर लिया। बताया गया कि मुगलसराय थाना अन्तर्गत कूडे खुर्द नियर रेलवे कालोनी से बीते 21 मार्च को भागीरथी सिंह के घर से उनकी स्कार्पियो चोरी हो गई, जिसकी सूचना संबंधित थाना को तहरीर देकर दी गयी। लेकिन चार दिन बाद जब स्कार्पियो मिली तो तेल खत्म था, बैट्री और स्टेपनी भी चोरी हो चुकी है, जबकि चार दिन पहले स्कार्पियो में बैट्री, स्टेपनी और तेल मौजूद था, तभी तो वाहन चलाकर चोरपनिया में पहुंचाया गया। लेकिन चोरी करने वाले कौन थे, वाहन मुगलसराय से यहां कैसे पहुंचा इसका खुलासा अभी तक नही हो सका।

# अंबेडकर प्रतिमा पर अराजकतत्वों ने पोती कालिख, आक्रोश

**गुस्सा**

**संविधान निर्माता की प्रतिमा से छेड़छाड़ कर संविधान की मूल भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम**

**जनसंदेश न्यूज**



अंबेडकर प्रतिमा पर पोती गयी कालिख

**रामगढ़।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के ऐलाही गांव में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अराजकतत्वों द्वारा कालिख पोत दिया गया। इस बात की जानकारी जैसे ही बसपाईयों को मिली उनमें आक्रोश फैल गया।

रविवार की सुबह बसपा कार्यकर्ताओं पुलिस को सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रतिमा को धुलवाकर साफ कराया। बसपा जिलाध्यक्ष बी सागर ने कहा कि जनपद में अराजकता बढ़ रही है, जिस प्रकार से डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोतकर अपमानित किया जा रहा है, इससे यह साबित होता है कि भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अगर प्रशासन द्वारा अपराधियों को जल्द पकड़ कर उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती है तो बहुजन समाज चुप नहीं बैठेगा और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। कई बार इस तरह की घटनाएं घट चुकी हैं। संविधान निर्माता की प्रतिमा से छेड़छाड़ कर संविधान की मूल भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जिससे पूरा बहुजन समाज दुःखी है। इस मौके पर अमन मौर्या, बलवंत रंगीला, वीरेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण राव बौध, धर्मेंद्र राव, कमलेश कुमार, मनोज प्रसाद, लालता प्रसाद, प्रभु नारायण, कमलेश कुमार, लवकुश, आशीष मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ब्लॉक प्रमुख ने किया सिंचाई कूप का शिलान्यास

**म्योरपुर।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम बभनडीहा में रविवार को ब्लाक प्रमुख मानसिंह गोंड़ ने फावड़ा चलाकर सिंचाई कूप का शिलान्यास किया। सिंचाई कूप का निर्माण हो जाने से आस पास के किसानों की पानी की समस्या दूर हो जायेगी और खेतों की सिंचाई का साधन भी उपलब्ध हो जाएगा। बता दें कि हर वर्ष गर्मी के दिनों में बभनडीहा ग्राम के ग्रामीणों के समक्ष पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। मौके पर प्रेमचन्द्र यादव, संतलाल, सुधीर कुमार, रामजीत, रामशरण, रामचन्द्र, रामसहाय, रामधनी, विश्वनाथ आदि मौजूद रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर नपं ने की बैठक

**ओबरा।** स्थानीय नगर पंचायत द्वारा प्रारंभ होने वाले संचारी रोगों की रोकथाम के लिए रविवार को बाल उद्यान में बैठक की गयी। अध्यक्षता कर रहे अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने नगर में साफ सफाई व्यवस्था, एंटी लारवा छिड़काव, मच्छरों से निजात हेतु फागिंग आदि की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर पंचायत के समस्त सफाई नायकों को निर्देशित किया। स्वच्छ भारत मिशन के डी.पी.एम नीरज कुमार ने कहा कि नगर के प्रत्येक नाले, नाली, गली, मोहल्ला आदि स्थानों पर समुचित रूप से दवा का छिड़काव कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्रमबद्ध तरीके से नगर में संचारी रोग अभियान चलाने की कार्य वृत्ति तैयार कराते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर में शौचालय एवं साफ सफाई पर भी चर्चा किया। इस अवसर पर महेंद्र कुमार, सफाई नायक सुनील कुमार मिश्रा, सत्येंद्र कुमार सिंह, आनंद यादव, मनोज सिंह, शशि भूषण, दीनू अग्रवाल, इरशाद अली मुन्नू, मुनरू पांडे, राकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### पूर्वांचल नव निर्माण मंच लगायेगा जन चौपाल

**सोनभद्र।** पूर्वांचल नव निर्माण मंच द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर नगवां ब्लाक के चिचलिक में मन्दिर पर 30 मार्च गुरुवार को एक जन चौपाल का आयोजन किया गया है। जन-चौपाल में मुख्य अतिथि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकान्त त्रिपाठी होंगे। यह आयोजन मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय जी के नेतृत्व में किया जायेगा। जिसमें दर्जनों गांवों के क्षेत्रीय वनवासी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित होंगे। समस्याओं के निराकरण हेतु पूर्वांचल नव निर्माण मंच पूरी तत्परता से जिला मुख्यालय से लेकर प्रदेश मुख्यालय तक प्रयास करेगा।

### जनप्रतिनिधिगण के साथ मासिक समन्वय गोष्ठी आयोजित

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह द्वारा कैम्प कार्यालय में जनपद के जनप्रतिनिधिगण के साथ मासिक समन्वय गोष्ठी आयोजित कर उनसे विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान विधायक सदर भूपेश चौबे, विधायक घोरावल अनिल मौर्य, विधायक दुद्धी राम दुलारे गोंड़, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सांसद पकौड़ी लाल कोल आदि उपस्थित रहे।

### जिले के प्रभारी मंत्री का आगमन आज

**सोनभद्र।** राज्यमंत्री स्टाम्प एवं पंजीयन न्यायालय शुल्क व जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल का जनपद में आगमन सोमवार को होगा। वे भाजपा कार्यालय में समन्वय समिति की बैठक में भाग लेंगे, उसके पश्चात जिला योजना की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करेंगे। जिला योजना की बैठक के पश्चात मंत्री कलेक्ट्रेट सभागार में ही प्रेस वार्ता करने के बाद जिले में हो रहे विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

### एनटीपीसी सिंगरौली में दिवंगत कर्मचारियों को दी गयी श्रद्धांजलि

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा इंडियन कॉफी हाउस के दो कर्मचारियों स्व. गिरीश वी एवं स्व. वर्गिस मैथ्यू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इंडियन कॉफी हाउस एनटीपीसी सिंगरौली परिवार का अभिन्न अंग है एवं कोविड जैसी आपदाओं में आई सी एच का कार्य सराहनीय रहा। दिवंगत आत्माओं को शांति हेतु एनटीपीसी सिंगरौली में शोक सभा का आयोजन किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने पुष्पांजलि अर्पित की एवं सभी आई सी एच कर्मियों को इस कठिन समय में एक साथ रहकर हौसला बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। शोक सभा में सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, एलके बेहरा महाप्रबंधक प्रोजेक्ट, डा. एसके खरे महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं, अशोक कुमार सिंह महाप्रबंधक ऑपरेशन, देबब्रत कर, जोसफ बास्टियन, राजेश कुमार सिंह, आई सी एच के कर्मचारी समेत तमाम लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बेलन नदी में मिला शव

**सोनभद्र।** करमा थाना क्षेत्रान्तर्गत झकाही उचका बेलन नदी के पास एक अधेड़ अज्ञात का शव मिलने से क्षेत्र में सन सनी फैल गयी। रविवार दोपहर सूचना पर पहुची पुलिस ने शव की शिनाख्त में जुट गयी। थाना प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह बताया की अज्ञात अधेड़ की उम्र 50 वर्ष रंग सावला,बगल में सायकिल खड़ी, सायकिल पर लाल गमछा टगा रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# पाक कला प्रतियोगिता में सुशीला प्रथम व दूसरे स्थान पर रहीं कलावती



विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अधिकारीगण

**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट कैम्पस में पीएम पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजनान्तर्गत रसोईयां पाक कला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता आयोजित कराये जाने का मुख्य उद्देश्य रसोईयों को पुरस्कृत कर उनका प्रोत्साहन तथा उत्साह वर्धन किया जाना तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना, पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन पकाने की विधि की समझ का आंकलन किया जाना है।

मिड डे मील प्रभारी रमेश चौरसिया ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रत्येक विकास खण्ड के तीन-तीन रसोईयां कुल 30 रसोईयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समस्त रसोईयों द्वारा एमडीएम मीनू के अनुसार तहरी बनायी गयी। प्रतियोगिता के निर्णायक समिति में जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित सदस्य जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्या जीजीआईसी रावर्ट्सगंज, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रवक्ता गृह विज्ञान जीजीआईसी रावर्ट्सगंज, महिला स्वास्थ्य अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी राबर्ट्सगंज, उदय ठाकुर द्वारा रसोईयों के पाक कला, स्वच्छता, व्यवहार व भोजन का स्वाद आदि पर अंक प्रदान करते हुए निर्णय दिया गया। प्रतियोगिता में सुशीला देवी कम्पोजिट विद्यालय दुद्धी, विकास खंड दुद्धी प्रथम, कलावती प्राथमिक विद्यालय गुल्लीडाड़ विकास खण्ड चतरा द्वितीय, ममता कम्पोजिट विद्यालय मल्टी स्टोरी, विकास खण्ड राबर्ट्सगंज तृतीय, रामप्रवेश मौर्य उच्च प्राथमिक विद्यालय नागनार हरैया, विकास खंड करमा तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली को 35 सौं रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त रसोईयां को 25 सौं रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रसोईयां को 750 रूपए का इनाम दिया गया।

# टंकी में डूबकर विवाहिता ने की आत्महत्या

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जाबर गांव में बीमारी से तंग आकर एक विवाहिता ने छत पर रखी पानी की टंकी में डूबकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को टंकी से बाहर निकलवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया। जानकारी के मुताबिक 27 वर्षीय पूजा देवी पत्नी जयवंत ने रविवार तड़के छत पर रखी पानी के टंकी में डूबकर आत्महत्या कर लिया। पति को इसकी जानकारी तब हुई जब वह सुबह घर मे अपनी पत्नी को ना पाकर खोजने लगा जब नही मिली तो ऊपर छत पर जाकर देखा तो पानी की टंकी का ढक्कन खुला था और पत्नी का शव तैयर रहा था। विवाहिता के आत्महत्या करने की खबर घरवालों को पता चली तो सभी सन्न हो गए। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने विवाहिता के पास से एक सुसाइड नोट बरामद भी किया जिसमें उसने तंग आकर यह कदम उठाने की बात कही है।

# राज्यमंत्री ने लाभार्थियों में बांटा टूल किट, प्रमाण पत्र



लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते राज्यमंत्री

**सोनभद्र।** जिले में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का समापन समारोह रविवार को आईटीआई कालेज में किया गया। इस अवसर पर श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, सांसद राज्य सभा राम सकल, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने टूलकिट का वितरण किया। राज्यमंत्री ने कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के माध्यम से लाभार्थी टूल किट के माध्यम से अपना रोजगार स्थापित करते हुए अपनी आमदनी बढ़ा रहे हैं। डीएम ने कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के ट्रेनिंग कार्यक्रम के लाभार्थियों का छह दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें लाभार्थियों को उनके ट्रेड से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। ट्रेनिंग के बाद लाभार्थियों को उनके ट्रेड से संबंधित टूल किट का वितरण किया जा रहा है। वहीं 1500 रुपये लाभार्थी के खाते में मानदेय के रूप ट्रेनिंग संस्था द्वारा प्रेषित की जाएगी।

# चैत्र नवरात्र : स्कंदमाता का लोगों ने किया दर्शन-पूजन



डाला वैष्णो मंदिर में दर्शन पूजन के लिए कतार में लगे श्रद्धालु

**सोनभद्र/डाला।** जिले में वासंतिक नवरात्र के पांचवें दिन रविवार को देवी मंदिरों में मां के स्कंदमाता स्वरूप की उपासना की गयी। इस दौरान देवी मंदिरों में भक्तों ने मत्था टेक माता को नारियल, चुनरी, फल, फूल चढ़ाकर मंगल जीवन की कामना की। वहीं जगह-जगह देवी मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

नगर के प्राचीन मां शीतला मंदिर, सातो शीतला मंदिर, प्रकटेश्वरी भवानी मंदिर मुठेर, दक्षिणेश्वरी काली मंदिर, अमिला भवानी, कुड्रारी धाम, ज्वाला देवी, जिरही भवानी समेत तमाम देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन के लिए लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार किया। बाद भक्तों ने मां के चरणों में मत्था टेककर अपने मंगल जीवन की कामना किया। भक्तों को माता रानी के दर्शन में किसी तरह की समस्या न आने पाए, इसके लिए मंदिर कमेटी व पुलिस बल मुस्तैद रहा। मंदिरों के आस-पास बैरिकेटिंग किया गया था। इसी तरह रामगढ़ क्षेत्र में शीतला मंदिर और नौगढ़ स्थित अमरा भगवती धाम में माता के दर्शन को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल सतर्क रहा।

**धर्म कर्म**

**जय माता दी के नारे से गुंजायमान हुआ वातावरण**

डाला संवाददाता के अनुसार-मां वैष्णो मंदिर पर रविवार को दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कन्दमाता की धूम धाम से पूजन किया गया। माता रानी के पांचवे स्वरूप को स्कन्द कुमार कार्तिकेय नाम से भी जाना जाता है। यह प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। मां वैष्णो शक्ति देवी पीठ के प्रधान पुजारी श्रीकांत तिवारी ने बताया कि माता रानी के पांचवें स्वरुप का पुराणों में इन्हें कुमार शौर शक्तिधर बताकर इनका वर्णन किया गया है। इनका वाहन मयूर है अतः इन्हें मयूरवाहन के नाम से भी जाना जाता है। इनकी पूजा नवरात्रि में पांचवें दिन की जाती है। इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में होता है। इनके विग्रह में स्कन्द जी बालरूप में माता की गोद में बैठे हैं। स्कन्द मातृस्वरूपिणी देवी की चार भुजायें हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कन्द को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकड़ा हुआ है। मां का वर्ण पूर्णतः शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। इसी से इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है।

### भक्तों की अगाध श्रद्धा का केंद्र है मां कुंडवासिनी धाम



मां कुंडवासिनी का सजा दरबार

**चोपन।** जनपद में ऐसे तो कई देवी मंदि हैं जहाँ नवरात्र के दिनों में तो भक्त जाते ही हैं सामान्य दिनों में भी पहुंच कर पूजन अर्चन करते हैं इन्ही में एक अतिप्राचीन मंदिर विकास खंड चोपन के पश्चिमांचल में कुड़ारी ग्राम पंचायत में सोननदी के तट पर अवस्थित सिद्ध पीठ माँ कुंडवासिनी देवी का पावन दरबार है। कुंड वासिनी धाम स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। कुंडवासिनी मंदिर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बार्डर पर सोननदी के किनारे पर अवस्थित है। हजारों साल पुराने इस मंदिर वर्ष में कई बार मेले का आयोजन किया जाता है। स्थानीय लोगों का ऐसा मानना है कि वर्तमान में जहां पर कुंडवासिनी देवी का मंदिर है वहां से पूर्व दिशा में लगभग 200 मीटर की दूरी पर एक नाले में माता कुंड वासनी पहले प्रकट हुई थी और माता कुंड वासनी के पत्थर की मूर्ति स्थानीय लोगों द्वारा देखा गया और उसे एक जगह पर लाकर स्थापित कर दिया गया। उस स्थान को कुड़ारी धाम के नाम से जाना जाता है। कुड़ारी मंदिर के इतिहास के बारे में यहां के स्थानीय लोगों को ज्यादा कुछ पता नहीं है लेकिन पूछने पर लोगों ने बताया कि उनके बुजुर्ग यह बताया करते थे कि माता कुंड वासनी की मूर्ति मिलने के बाद यहां पर लाकर एक पेड़ के नीचे रख दी गई थी और उनका पूजा पाठ शुरू कर दिया गया इसके बाद गांव के ही कुछ साधन सम्पन्न व्यक्तियों द्वारा एक मंदिर निर्माण कराया गया और मूर्ति को स्थापित कर पूजा पाठ किया जाने लगा। कुड़ारी के मंदिर के बारे में देखा जाए तो वहां के लोग बताते हैं कि यह मंदिर कब बना इसके बारे में जानकारी बहुत कम है लेकिन इस मंदिर की अनोखी खासियत यह है कि मंदिर के अन्दर की प्रारंभिक ऊंचाई लगभग11 मीटर है जिसे सिर्फ एक पत्थर द्वारा बनाया गया है तथा मंदिर के अंदर जाने का मात्र एक ही द्वार है। किदवंतियां है कि बाहर से आए प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा इस मंदिर में एक और द्वार खोलने का प्रयास किया गया लेकिन मंदिर का दूसरा द्वार नहीं खोला जा सका। लोगों का कहना है कि सोन नदी के किनारे पर बसा यह मंदिर कितनी भी तेज बाढ़ आती है लेकिन अंदर पानी नहीं घुस पाता है। बार्डर पर होने के चलते मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लोगों के आस्था का संगम देखने को मिलता है। मंदिर प्रांगण में हमेशा लोगों की भीड़ अपनी आस्था के अनुसार कथा सुनने, पूजा करवाने, मन्नत पूरी करने, पर्यटन के रूप में, वीकेंड पर घूमने, मेला करने, पिकनिक मनाने इत्यादि अवसरों पर लोग इकट्ठा होते हैं। चैत रामनवमी से बहुत ही बड़ा मेला शुरू हो जाता है और यह मेला वैशाख माह के पूरे महीने तक रहता है।

**कब किसने किया मंदिर का निर्माण, यह भी बना हुआ है रहस्य**

### बीआरसी पर शिक्षकों को दी गयी विदाई

**दुद्धी।** बीआरसी में सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सत्र में सेवानिवृत हो रहे प्रधानाध्यापक शकील अहमद खान, अशोक सिंह व रोशन आरा ने दुद्धी में बिताए अपने यादगार संस्मरण सुनाए। उन्होंने कहा कि दुद्धी हमेशा उनके यादों में रहेगा। यहां से जो प्यार व सम्मान मिला व अविस्मरणीय रहेगा। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र मौर्या ने कहा कि शिक्षक न तो कभी बूढ़ा होता है न तो कभी सेवानिवृत होता है। नौकरी की सेवावधि समाप्ति के पश्चात समाज के प्रति शिक्षक की जिम्मेदारी निरंतर जारी रहती है। शैलेश मोहन ने शकील अहमद के साथ बिताए अपने संस्मरण भी सुनाए। शिक्षक सदानंद मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। इस दौरान शिक्षक यथार्थ विष्णु, जितेंद्र चौबे और अरुण राय ने अपने गीतों से समां बांध दिया। संचालन अविनाश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर योगेश पाण्डेय, जय प्रकाश राय, रविंद्र नाथ, जयंत त्रिपाठी, मो इलियास, सलीमुल्लाह, मुसईराम, सुनील पाण्डेय, नीरज कुमार, मनीष श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, हृदय गिरि, लोकपति वर्मा, पुष्पराज, रेनू, पूजा आदि उपस्थित रहे।

# तहसील प्रशासन की मिली भगत से भू माफिया कर रहे कब्जा : भाकपा माले

जनसंदेश न्यूज



समस्याओं को लेकर सलेमपुर गांव में धरना प्रदर्शन करते भाकपा माले के कार्यकर्ता

**सकलडीहा।** सलेमपुर गांव में भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा के नेतृत्व में रविवार को तीसरे दिन भी अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रह। इस दौरान विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। माले कार्यकताओं ने इंकलाब जिंदाबाद, साम्राज्यवाद मुदार्बाद, फांसीवाद मिटाओ, लोकतंत्र बचाओ, शहीदों के सपनों का भारत बनाओ आदि का नारा लगाया।

धरने को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) नेता उमानाथ चौहान ने कहा कि सलेमपुर ग्राम सभा समेत सकलडीहा तहसील क्षेत्र के तमाम गांव में जीएस परती बंजर जमीन बड़े पैमाने पर मौजूद है। इसके बाद भी भूमिहीन किसानों गरीबों को कृषि भूमि हेतु पट्टा नही हो रहा है। भूमाफिया तहसील प्रशासन की मिली भगत से अवैध कब्जा कर रहे है। वक्ताओं ने सलेमपुर ग्राम सभा में चल रहे अखाड़े की जगह पर व्यायाम शाला का निर्माण कराया जाना चाहिए तथा खेलकूद के लिए जमीन मुहैया कराने की मांग कर रहे है। इसके बाद भी तहसील और ब्लॉक प्रशासन मौन है। सलेमपुर नहर से महेंद्र चौहान के घर तक 600 मीटर रोड निर्माण के लोकार्पण किया गया। लेकिन रास्ता का अभी तक निर्माण नही हुआ। कागजों पर विकास का दावा किया जा रहा है। समस्याओं के निदान तक धरना प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया। इस मौके पर धरने में राज्य कमेटी सदस्य शशीकांत सिंह, राजेश गिरी, रामजीत, शिवपूजन कवि, तूफानी गोंड, मुन्नीलाल, राजू चौहान, चिखुरी गुड्डी देवी, कलावती, सुशीला, चंपा, राधा देवी, दुलारी देवी, रामजीत चौहान, निठोहरा देवी, अतबारी देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता मुन्नीलाल संचालन राजेश गिरी ने किया।

# विपक्ष की भूमिका को खत्म करने का षड्यंत्र कर रही सरकारः प्रभुनारायण

**चंदौली।** सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव जिला योजना समिति की बैठक के दौरान जिला प्रशासन व सरकार पर हमलावर नजर आए। इस दौरान उन्होंने सपा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने जिले के आलाधिकारियों पर सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के जनप्रतिनिधियों का सम्मान शासन-प्रशासन नहीं कर रहा है। भाजपा सरकार में प्रशासनिक तंत्र व अधिकारी नई परम्परा को गढ़ रहे हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के दमन की ओर इशारा कर रहा है। कहा कि जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों को सरकारी कार्यक्रमों से दूर रखा जाता है। उन्हें बैठक आदि की सूचनाएं नहीं दी जा रही है। यह सबकुछ सत्ता पक्ष के इशारे पर हो रहा है। आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष की भूमिका को ही पूरी तरह से समाप्त करना चाहती है। कहा कि ऐसा पहली बार हुआ जब किसी विधायक को जिला योजना की बैठक में नहीं बुलाया गया। यह एक विधायक का विशेषाधिकार हनन है। इस मुद्दे को विस में उठाया जाएगा। इसके अलावा सरकार के 6 साल की उपलब्धियों को ढिंढोरा पीटना बताया। कहा कि चुनाव के वक्त ट्रामा सेंटर का शिलान्यास किया गया। आज तक काम चालू नहीं हो सका। सपा सरकार में कई अस्पताल का निर्माण चल रहा था, लेकिन किसी काम पूरा नहीं किया गया। चंदौली के अन्नदाता पूरी तरह से परेशान है। नहरों का पानी टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है। नहरों पर जमे सिल्ट की सफाई पहले दो बार होती थी, लेकिन अब एक बार की जाती है। यह सरकार सिर्फ विपक्ष की आवाज को लेकर दबाने में लगी है। जनता से किए वादों को पूरा करने में भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल है। सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबा देना चाहती है। यह पूरी तरह से भाजपा सरकार की तानाशाही है। जनता ने अपनी बात को सदन व सरकार तक पहुंचाने के लिए चुना है और इस दायित्व को हर हाल में पूरा किया जाएगा। जिले में सिंचाई व्यवस्था के बेपटरी होने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं व सड़कों का बुरा हाल है।

# विधायक से मिला अध्यापकों का प्रतिनिधिमंडल



मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल को पत्रक देते शिक्षक

**नियामताबाद।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी और अध्यापकों का एक प्रतिनिधिमंडल मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल से मिला। आपको बताते चलें कि प्राथमिक शिक्षक संघ की समस्याओं का निदान समय से ना होने के कारण शिक्षक परेशान रहते हैं।


इसी को देखते हुए नियमताबाद ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण कुमार कुशवाहा द्वारा शिक्षकों के कार्यों एवं समस्याओं को लेकर विधायक को अवगत कराया। प्राथमिक शिक्षकों के समस्याओं के निदान हेतु विधायक द्वारा समर्थन एवं सहयोग का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नियमताबाद प्रवीण कुमार कुशवाहा, महामंत्री रामाश्रय प्रसाद आर्य, महिला उपाध्यक्ष प्रवीणा, पद्मिनी, रीना, संदीप, उपाध्यक्ष वरिष्ठ ज्योति भूषण, वरिष्ठ अध्यापक संजय यादव, सुनील सिंह, राम अवध, राधेश्याम, प्रेम प्रकाश त्यागी, सुरेश यादव, प्रेमचंद यादव, गुलाब आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन ज्योति भूषण ने किया।

## भगवान को लालच देकर मांगा गया वर कभी पूर्ण नहीं होता : सुंदरराज

**चहनियां।** चहनिया ब्लॉक के महुआरी खास गांव में मां गंगा के तट पर चल रहे श्रीमद भागवत कथा में 12वें दिन संत सुंदरराज ने कहा कि सामर्थ्य से ज्यादा जो खर्च करता है। महामना की श्रेणी में होता। आशीर्वाद मांगा नही जाता है मिल जाता है। भगवान को लालच देकर मांगा गया वर कभी पूर्ण नहीं होता है। नदियों में मछलियों को आटे की गोली खिलाइये, पक्षियों को दाना खिलाइये। ये बड़ा दान है। हांथो की सेवा दान से है। यज्ञ में किया गया सेवा व गरीबो की सेवा से बड़ा दान कुछ नही है। भिखारी तो सारी दुनिया है देने वाले तो दाता राम है। विधि, विधान, देवी, देवताओं के बिपरिप जाने वाले हमेशा परेशान होते है। श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण ने तो कर्ण से कवच कुंडल दान में मांगा था। कर्ण जानता था कि अगर कवच कुंडल दे दिया तो मैं नही बचूंगा किन्तु भगवान ने दान मांगा है तो दान दिया। बेटों के प्रति बेटियों को सम्मान ज्यादा देना चाहिए। समाज मे बेटियां दो घरों को रौशन करती है। बेटा तो जिंदगी भर साथ रहेगा। बेटी तो कुछ वर्ष ही रहेगी। कन्या दान का सौभाग्य हर किसी को नही मिलती है।

# प्राचीन सड़सा बाबा पोखरे की सफाई का प्रभारी मंत्री ने दिया निर्देश



**चंदौली।** जिला योजना समिति की बैठक के उपरांत प्रेसवार्ता में चंदौली के प्राचीन पोखरों की साफ-सफाई व उनके सुंदरीकरण का मुद्दा एक बार फिर उठा। जिसे प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड ने गंभीरता से लिया और जिले के जिम्मेदार अफसरों को चंदौली नगर के सड़सा बाबा पोखरा व चंदौली नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष मौजूद पोखरे की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के साथ ही सुंदरीकरण के जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया।

विदित हो कि जिला मुख्यालय के किदवई नगर वार्ड स्थित सड़सा बाबा पोखरा अत्यंत प्राचीन है जो वर्तमान में गंदगी और अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। जिससे ना केवल पोखरे अस्तित्व को खतरा है, बल्कि जबरदस्त गंदगी और आसपास के घरों के नाबदान के पानी से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

कुछ ऐसा ही हाल नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष स्थित पोखरे का है, जो पूरी तरह से गंदगी की चपेट में है और आसपास के लोग अपने घरों का गंदा पानी पोखरे में बहा रहे हैं। इस पोखरों की साफ-सफाई व सुंदरीकरण को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार आवाज उठाई और जिम्मेदार अफसरों व नगर पंचायत को अवगत कराया। लेकिन आज भी दोनों पोखरे यथावत स्थिति में है।

गर्मी और बरसात का मौसम आने वाला है। ऐसे में यदि पोखरों की समुचित सफाई के साथ-साथ उनमें गंदगी व नाबदान के पानी का बहाव नहीं रोका गया तो आसपास संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहेगा। इसी बीच जनपद दौरे पर आए प्रभारी मंत्री के समक्ष जब इन पोखरों की साफ-सफाई का मुद्दा रखा गया तो उन्होंने इसे गंभीरता के साथ लिया और जिम्मेदार अफसरों को पोखरों की सफाई कराते हुए रिपोर्ट तलब की। इसके अलावा उन्होंने पोखरों के सुंदरीकरण के प्रति भी दिलचस्पी दिखाई। कहा कि तालाब, पोखरे भूगर्भ जल स्तर में सुधार के महत्वपूर्ण साधन है। इनकी उपेक्षा किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए।

# चौहान समाज में शिक्षा का अभाव : कमलेश

जनसंदेश न्यूज



जनता क्रांति पार्टी सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ता

**शहाबगंज।** अमांव गांव के बाबा मुरलीधर खेल मैदान पर जनता क्रांति पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश चौहान की अध्यक्षता में पृथ्वीराज चौहान पांचवा महायज्ञ व सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां संगीत कलाकारों ने गीत के माध्यम से चौहान समाज को जगाने का काम किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश चौहान ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान देश के गौरव थे, जिनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हमें अपने बच्चों को उनकी गौरव गाथा सुनानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि क्षत्रिय चौहान समाज में शिक्षा का अभाव है, इसलिए हमें अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। केंद्र व प्रदेश सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए किसानों पर काले कानून को जबरदस्ती थोप रही हैं। श्री चौहान ने कहा कि गरीबों, बेरोजगारों एवं विद्यार्थियों को एकजुट करके हो रहे अत्याचार से लड़ने की जरूरत है।जिसके लिए संवैधानिक तरीके को अपनाना होगा। वहीं जनता क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चौहान समाज के लोगों को हमेशा से छलने का कार्य किया है।

समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी व बसपा ने चौहान समाज के लोगों का वोट तो लेती है, लेकिन राजनीतिक भागीदारी नहीं देती। उन्होंने कहा कि चौहान समाज के 80 फीसद लोग अपना वोट देकर सपा, भाजपा, बसपा की सरकार बनाए है।

इस दौरान सुरेंद्र चौहान, साहब सिंह चौहान, यदुनाथ चौहान, सुनील चौहान सतीश चौहान, बसंत चौहान बलवन्त चौहान, मुन्ना चौहान, मटरू चौहन, रामधीन चौहान, उदयनारायण चौहान, पिन्टू चौहान, मेजर साहब, बिजय चौहान उपस्थित रहे। क्रार्यक्रम का संचालन बलिया जिलाध्यक्ष संजीव सिंह चौहान ने किया।

## समृद्ध भारत बनाने का सपना अभी पूरा नहीं हुआ श्याम बिहारी

**इलिया।** शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में भगत सिंह विचार मंच द्वारा भगत सिंह पार्क गांधीनगर में रविवार को संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भगत सिंह अमर रहे के नारे लगाए गए। सभा में मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम बिहारी सिंह ने कहा कि भगत सिंह का समाजवादी विकास माडल वाला आजाद, स्वतंत्र और समृद्ध भारत बनाने का सपना अभी पूरा नहीं हुआ है। उसे पूरा करने के लिए अनवरत संकल्प अभी लेते रहना होगा। देश की जनता को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व अपने हाथ में ले लेना चाहिए और ताकत के बूते सत्ता पर कब्जा कर समाजवादी विकास मॉडल वाला आजाद और समृद्ध भारत का निर्माण करना होगा। इंडियन नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सूर्यनाथ सिंह ने कहा कि महा निवेश का महाकुंभ उत्तर प्रदेश को गृह युद्ध में धकेल सकता है। और चीन के खिलाफ अमेरिका द्वारा उत्तर प्रदेश का रणनीतिक केंद्र के रूप में इस्तेमाल उत्तर प्रदेश को कुरुक्षेत्र में बदल सकता है।

# सीएम आरोग्य मेले मे 906 रोगियों का किया गया इलाज किया

**चंदौली।** जनपद के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने कुल 906 रोगियों का इलाज किया। उन्हें दवाएं भी वितरित की गई। साथ ही मरीजों को उचित मरामर्श दिया गया। वहीं आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए।

प्रदेश सरकार गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस क्रम में स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन कर गरीबों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का फरमान जारी किया गया है। सरकार के मंशा के अनुसार जिले में गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में स्वास्थ्य महकमा जुटा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के 21 ग्रामीण और 2 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान 391 पुरूष और 357 महिला एवं 158 बच्चों का उपचार किया गया। वहीं आयुष्मान योजना के 77 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए। जबकि कोविड हेल्प डेस्क पर 205 मरीजों का परीक्षण एवं 50 रोगियों का कोविड एंटीजेन टेस्ट किया गया। इसमें किसी भी मरीज की रिपोर्ट निगेटिव पाया गया। इसके अतिरिक्त मलेरिया के कुल 11 टेस्ट किए गए। इसमें भी किसी मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव नहीं मिला। मेले में टीबी के संदिग्ध 10 मरीजों को जिला अस्पताल में जांच कराने के लिए भेजा गया। मेले में आने वाले रोगियों की जांच, दवाओं के साथ ही उचित मरामर्श भी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया। सीएमओ डा. वाईके राय ने कहा कि शासन के मंशा के अनुसार मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन कर गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। मेले में निरूशुल्क जांच के अलावा दवाएं वितरित की जाती है। चिकित्सकों की ओर से मरीजों को उचित परामर्श भी दिया जाता है।

# भय व दहशत के साये में जीवन बसर कर रहे हैं बस्तीवासी



**नौगढ।** चट्टानी क्षेत्र में मानक की धज्जियां उड़ाते हुए किया जा रहा है ब्लास्ट कूप स्थापना का कार्य। जिससे गांव बस्तियों में कभी भी ह्दय विदारक घटना घटित हो जाने से इंकार नहीं किया जा सकता। इस बारे में बताया जाता है कि चट्टानी क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा के लिए शासन की प्राथमिकता में शुमार ब्लास्ट कूप योजना के तहत लघु सिंचाई विभाग के दिशा निर्देशन मे कांटैक्टर द्वारा इच्छुक किसानों को लाभान्वित किए जाने के प्रयोज्य से ब्लास्ट कूप प्रतिस्थापन का कार्य क्षेत्र में जोरों पर कराया जा रहा है।

जिसकी खुदाई मे मिट्टी की सतह तक जे सी बी मशीन का उपयोग कर-के धरा मे आसीन पत्थर की तोडाई विस्फोटक पदार्थों के जरिए धड़ल्ले से कराया जा रहा है। जानकारो की माने तो विस्फोटक पदार्थ का उपयोग किए जाने की अनुमति संबंधित विभाग से लिए बगैर ठेकेदार मनमाने ढंग से अप्रशिक्षित श्रमिकों से पत्थर उड़वा दे रहे हैं। बस्ती के समीप जो भी ब्लास्ट कूप की खुदाई जारी है। विस्फोटक सामग्री का उपयोग कर के तोड़े जा रहे पत्थरों को उड़ने से बस्तीवासी भय एवं दहसत के साए में जीवन बसर कर रहे हैं। वहीं ठेकेदारों की ब्याप्त मनमानी से मानक के अनुरूप ब्लास्ट कूपों की स्थापना होने के बारे में प्रश्न चिन्ह उठना शुरू हो गया है। थानाध्यक्ष अतुल प्रजापति ने बताया कि इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिली है। थाना क्षेत्र में ब्लास्ट कूपों की प्रतिस्थापना मे नियमानुसार मानक के तहत ही पत्थरों को तोड़े जाने की अनुमति होगी।

## पंजाब से पटना भेजी जा रही 37 लाख की अंग्रेजी शराब लदी ट्रक को पकड़ा

**सैयदराजा।** क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो स्थित नौबतपुर में वाणिज्य कर विभाग ने आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने गैर प्रांत से निर्मित अवैध शराब की खेप जो बिहार प्रांत में बिक्री के लिए जा रहा था जिसे शनिवार की अपराह्न नौबतपुर से पकड़ा जिसे पुलिस सुपुर्दगी में भेजकर आवश्यक कार्रवाई में संयुक्त रूप से जुट गयी। जब कि तस्कर भागने में सफल हो गये। ट्रक में 363 पेटी अंग्रेजी शराब पंजाब से बिहार प्रांत को भेजी जा रही थी। इसकी सेल टेक्स को भनक लगते ही पुलिस एवं आबकारी विभाग को साथ लेकर नौबतपुर स्थित चौकी के समीप वाहनों की सघन जांच करना शुरू कर दिया। उसी दौरान वाहन आती दिखाई दी और वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें अवैध ढंग से लदी अंग्रेजी शराब मिली। जबकि तस्कर वाहन से कूदकर फरार होने की बात की पुष्टि पुलिस कर रही है। पुलिस ने वाहन की तलाशी लेने 363 पेटी अंग्रेजी शराब मिली जिसे बरामद करते हुए अगली कार्रवाई मे जुट गयी। पुलिस के दावा किया कि शराब की कीमत करीब 35 लाख आंकी गई है। संयुक्त टीम में सेल टेक्स सहायक आयुक्त व प्रभारी निरीक्षक शेषधर व हमराही पुलिस तथा आबकारी निरीक्षक शरद कुमार की टीम संयुक्त रूप से सम्मिलित रही।

# अभीष्ट फल प्रदान करने वाली मां दुर्गा का पांचवां स्वरूप स्कंदमाता

जनसंदेश न्यूज



मां काली मंदिर पर पूजन अर्चन करते भक्त

**चंदौली।** नवरात्र के पांचवें दिन भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करने वाली मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा करने का विधान है। ये देवी पार्वती का ही स्वरूप है। नगर के श्री राम जानकी शिव मठ मंदिर, प्राचीन काली माता मंदिर, महावीर मंदिर सहित तमाम मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा।

बताया जाता है कि भगवान स्कंद (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। भगवान स्कंद श्कुमार कार्तिकेयश्नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्तिधर कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है, इनका वाहन मयूर है। स्कंदमाता के विग्रह में भगवान स्कंदजी बालरूप में इनकी गोद में बैठे हुए हैं। शास्त्रानुसार सिंह पर सवार स्कन्दमातृस्वरूपणी देवी की चार भुजाएं हैं,जिसमें देवी अपनी ऊपर वाली दांयी भुजा में बाल कार्तिकेय को गोद में उठाए उठाए हुए हैं और नीचे वाली दांयी भुजा में कमल पुष्प लिए हुए हैं ऊपर वाली बाईं भुजा से इन्होने जगत तारण वरद मुद्रा बना रखी है व नीचे वाली बाईं भुजा में कमल पुष्प है।इनका वर्णन पूर्णतः शुभ्र है और ये कमल के आसान पर विराजमान रहती हैं इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है।

नवरात्र पूजन के पांचवे दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। मां के श्रृंगार के लिए खूबसूरत रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। स्कंदमाता और भगवान कार्तिकेय की पूजा भक्ति-भाव और विनम्रता के साथ करनी चाहिए।

पूजा में कुमकुम, अक्षत, पुष्प, फल आदि से पूजा करें। चंदन लगाएं, माता के सामने घी का दीपक जलाएं। आज के दिन भगवती दुर्गा को केले का भोग लगाना चाहिए और यह प्रसाद ब्राह्मण को दे देना चाहिए ऐसा करने से मनुष्य की बुद्धि का विकास होता है।

## संक्षेप

### प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**नियामताबाद।** ग्राम सभा गंगेहरा भरछां में गंगेहरा प्रिमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन सहायता हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ वीरेंद्र रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ वीरेंद्र बिंद ने फीता काट कर शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच जन सहायता स्पोर्टिंग क्लब कटरिया व जय मां दुर्गा स्पोर्टिंग क्लब सिंघीताली के बीच खेला गया जिसमें जय मां दुर्गा ने स्पोर्टिंग क्लब को 26 रन पर आल आउट कर के जन सहायता स्पोर्टिंग क्लब विजय श्री हासिल किया। इस अवसर पर नसुडी यादव, धर्मेंद्र यादव, अजय यादव, दिपक यादव, छोटेलाल ठेकेदार, सोनू यादव, गुरुचरन बिन्द, कन्हैया यादव, विजय,प्रदुम, विक्की, विकास, निजाम, निरज, टुनटुन, संगम, आकाश, मोनु, गोलु आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित होकर नहर में पलटी कार

**कन्दवा।** सैयदराजा जामानिया मार्ग पर भदवरी गांव के समीप शनिवार की रात सिएटीयार कार अनियंत्रित होकर नहर में पलटने से जिस पर सवार छोटू 25 वर्ष गोपाल 26 वर्ष बाल-बाल बच गये। बताया जा रहा कि भभुआ बिहार कउंज निवासी माँ मुण्डेश्वरी का दर्शन कर अपने बहनोई रोशन सिंह भदवरी के यहाँ जा रहे की भदवरी गांव के समीप सिएटीयार कार अनियंत्रित होकर नहर में पलट गयी। जहा चीख पुकार सुन राहगीरों ने पलटी हुई सिएटीयार कार के पास गये। जिस में सवार दो लोगों को किसी तरह बाहर निकाले।

### अधीक्षक से मिले डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के पदाधिकारी



**चंदौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक से मिले। इस दौरान पत्रक सौंपते हुए अवगत कराया कि बीते 24 मार्च को एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी अधिवक्ता योगेश कुमार विमल प्रतिदिन की भांति सुबह घर से कचहरी आ रहे थे। तभी रास्ते में नरहन कर्मनाशा पुलिया के पास कुछ लोग असलहा दिखाकर रोक लिए। इसके बाद मुकदमा वापस करने की धमकी दिए। वहीं मुकदमा वापस न लेने पर परिवार को जान से मारने की चेतावनी दी। उक्त प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही घटना में लिप्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। घटना में संबंधित लोगों के असलहा का लाइसेंस रद्द कर दिया जाए। वहीं पीड़ित अधिवक्ता के परिवार को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान किया जाए। अन्यथा अधिवक्ता आंदोलन को बाध्य होंगे।

### भाजपा नेता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात का 99 संस्करण



**बबुरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 99 संस्करण को भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विधानसभा के बबुरी सेक्टर के बूथ संख्या 319 व 320 पर भाजपा कार्यकर्ताओं संग उत्साह से धैर्य पूर्वक सुना गया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौर ऊर्जा, आर्गन डोनेशन, अंगदान की आयु सीमा बढ़ाना, एक भारत श्रेष्ठ भारत, महिलाओं का हर क्षेत्र में योगदान महिला सशक्तिकरण, डल झील में नादरू की खेती से किसानों की आय दुगुनी, लैवेंडर की खेती सहित अन्य विषयों की चर्चा की। इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के द्वारा अंग दान की आयु सीमा बढ़ी यह सराहनीय कदम है मोदी जी के नेतृत्व में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस मौके पर पप्पू पटवा, विशाल सिंह, मुमताज, नारायण, जागेश्वर नाथ, राजकुमार, शशि गांधी, अवधेश, साधु जायसवाल, अरविंद कुमार, विख्यात, सोनू, सागर, अजय राव संतोष कुमार विनय कुमार, गया सिंह सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### आर डी मेमोरियल में 263 मरीजों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**चंदौली।** मुख्यालय स्थित आर डी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा 263 मरीजों स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। और उनको दवा वितरित कर सेहत के लिए उचित परामर्श दिया गया। कैंप में डा.शुभम सिंह ने क्षेत्र से आए मरीजों का लिवर, किडनी, सुगर, यूरिक एसिड और अन्य रोगों का जाँच किया और उनको दवा वितरित कर उचित सलाह दिया। कहा कि मौसम अभी तेजी से बदल रहा है। दिन में गर्मी और रात में ठंडक बढ़ रही है। ऐसे में सेहत का ध्यान रखना और भी जरूरी है। गर्मी को लेकर हमें खास ध्यान रखना होगा। और खानपान व सेहत को लेकर अधिक सचेत रहना होगा। इस मौसम में खानपान में जरा सी लापरवाही आपकी सेहत को बिगाड़ सकती है। इस मौमस में शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। इस दौरान डॉ एस के वर्मा, मोनिका सिंह, अमन आदि लोग मौजूद रहे।

### लापरवाहीः एसपी ने दो निरीक्षकों को किया निलंबित

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने लापरवाही पर दो निरीक्षकों को निलंबित कर दिया है। उक्त कार्यवाही से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी ने बबुरी थाने से हटाकर चकरघट्टा थाना प्रभारी बनाए गए राजेश कुमार सरोज को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं चकिया प्रभारी निरीक्षक से लाइन में भेजे गए मुकेश कुमार भी निलंबित कर दिए गए हैं। राकेश कुमार को चकरघट्टा थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। बबुरी थाना अंतर्गत उतरौत गांव में दबंगों ने युवती पर कड़ाही का गर्म तेल फेंक दिया। और दुकान में जमकर तोड़फोड़ की। उस समय राजेश सरोज बबुरी के थाना प्रभारी थे। उन्होंने इस गंभीर मामले को हलके में लिया। और फौरी कार्रवाई नहीं की। हालांकि एसपी ने उन्हें बबुरी से हटाकर चकरघट्टा भेज दिया था। इस मामले में युवती का परिवार शनिवार को एसपी से मिला। युवती ने तत्कालीन थाना प्रभारी राजेश सरोज की लापरवाही की पोल खोल कर रख दी। नाराज एसपी ने चकरघट्टा थाना प्रभारी राजेश सरोज को निलंबित कर दिया। वहीं चकिया कोतवाली प्रभारी से लाइन में भेजे गए मुकेश कुमार भी निलंबित कर दिए गए हैं। कोयला से जुड़े पुराने मामले में दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि उतरौत मामले में लापरवाही बरतने पर निरीक्षक राजेश सरोज को निलंबित कर राकेश कुमार को चकरघट्टा थाना प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक मुकेश कुमार एक जांच में दोषी पाए जाने पर निलंबित किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री से मिले पीठाधीश्वर अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम



**चहनियां।** रामगढ़ मठ में चल रहे पर्यटन स्थल बनाने का कार्य व तीनो मार्गो के चौड़ीकरण करने को लेकर रामगढ़ कीनाराम मठ के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर चर्चा किया। वही कार्य को जल्द कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने पीठाधीश्वर को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। कीनाराम महोत्सव के दौरान रामगढ़ आकर बाबा कीनाराम का दर्शन पूजन करके 225 करोड़ रुपये से यहां के विकास व पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा किया था। किन्तू कुछ कारणों से दो साल कार्य बाधित हो गया। कुछ महीने से बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के आशीर्वाद से कार्य शुरू हो गया। पीठाधीश्वर ने सेवड़ी हुदहुदीपुर के प्रधान आशुतोष कुमार सिंह को बताया कि हम मुख्यमंत्री से मिलकर यहां धीमी गति से चल रहे कार्य को तेजी से लाने के लिए मांग किया। प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के आशीर्वाद से शीघ्र ही पर्यटन स्थल बनाने का कार्य तेजी से होगा। रामगढ़ मठ जाने वाली तीनो मार्ग लक्ष्मणगढ़ वाया रामगढ़, गुरेरा वाया रामगढ़ व मारूफपुर वाया रामगढ़ के अलावा अन्य मार्गो की भी चौड़ीकरण होगी। ताकि श्रृद्धालुओ को परेशानी न हो। जल्द पर्यटन स्थल खुलने से सैकड़ो बेरोजगार युवाओं को काम धन्धा व दुकाने खोलनी की अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पीठाधीश्वर के प्रस्ताव को तेजी से ईमानदारी से कार्य पूर्ण करने व बजट स्वीकृति करने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। मठों के ब्यवस्थापक व महामंत्री अरुण सिंह,बाबा के सेवक नवीन सिंह ने भी कार्य शीघ्र पूर्ण करने का संकेत दिया।

# स्पोर्ट्स

## ऋषभ पंत से मिलने पहुंचे साथी

भारत के स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत इन दिनों रिहैब में हैं। वह कार हादसे के बाद हुई सर्जरी से रिकवर करने की कोशिश कर रहे हैं। बीच-बीच में वह सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते रहते हैं और अपना हेल्थ अपडेट देते रहते हैं। शनिवार को पंत से मिलने के लिए उनके घर कुछ मेहमान पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। यह मेहमान और कोई नहीं बल्कि भारत के पूर्व क्रिकेटर्स रहे। दरअसल, शनिवार को पंत से मिलने के लिए सुरेश रैना, हरभजन सिंह और श्रीसंत उनके घर पहुंचे। रैना ने पंत के साथ तस्वीर भी शेयर की है और साथ ही एक प्यारा मैसेज भी लिखा है। तस्वीर के कैप्शन में रैना ने लिखा- भाईचारा ही सब कुछ है। परिवार वह है जहां हमारा दिल है। हम हमारे भाई ऋषभ पंत की बहुत तेजी से स्वस्थ होने की कामना करते हैं। परिवार, जीवन, भाईचारा और समय पर विश्वास बनाए रखें भाई। हम हमेशा आपके साथ हैं।



# भारत की झोली में चार स्वर्ण, नीतू और स्वीटी के बाद निकहत-लवलीना ने किया कमाल

## बॉक्सर स्वीटी बूरा के घर हिसार में जश्न: गोल्ड जीत फोन कर बोली- पापा मैंने वादा पूरा किया, फाइनल के वक्त मां करती रही पूजा

**नई दिल्ली।** महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत को चार स्वर्ण पदक मिले हैं। लवलीना बोरगोहेन ने 70-75 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत की झोली में चौथा स्वर्ण डाला। उनसे पहले निकहत जरीन ने 48-50 किग्रा भारवर्ग, नीतू घणघस ने 45-48 किग्रा भारवर्ग और स्वीटी बूरा ने 75-81 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।



लवलीना बोरगोहेन ने 70-75 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज ऑस्ट्रेलिया की कैटलिन एन पार्कर को मात दी। इस मैच में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर थी। पहला राउंड लवलीना ने 3-2 के अंतर से अपने नाम किया। वहीं, दूसरा राउंड ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी ने जीता। तीसरे और आखिरी राउंड में दोनों के बीच कांटे की टक्कर रही और अंत में मैच का नतीजा रिव्यू के लिए गया। सभी जज ने मिलकर लवलीना को विजेता घोषित किया। इसके साथ ही देश को इस प्रतियोगिता में चौथा स्वर्ण पदक मिल गया। इस प्रतियोगिता में भारत की झोली में कुल चार स्वर्ण पदक आए हैं।

निकहत जरीन ने महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया है। उन्होंने वियतनाम की न्यूगेन थी ताम को फाइनल में मात दी। निकहत से पहले ही स्वर्ण पदक की उम्मीद की जा रही थी और उन्होंने आशा अनुसार प्रदर्शन कर देश को पदक दिलाया है। फाइनल मैच में निकहत ने शुरूआत से ही शानदार प्रदर्शन किया। पहले राउंड में उन्होंने 5-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद दूसरे राउंड में भी उन्होंने अपनी बढ़त जारी रखी। तीसरे राउंड में उन्होंने वियतनाम की मुक्केबाज को शानदार पंच जड़ा। इसके बाद रेफरी ने मैच रोककर वियतनाम की मुक्केबाज का हाल-चाल जाना। यहीं से निकहत की जीत तय हो गई थी। अंत में उन्होंने यह मुकाबला 5-0 के अंतर से अपने नाम किया और लगातार दूसरी बार बॉक्सिंग चैंपियनशिप जीत ली। शनिवार के दिन नीतू ने 45 से 48 किलोग्राम भारवर्ग में मंगोलियाई पहलवान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। नीतू ने मंगोलिया की लुत्साइखान को मात दी। स्वीटी बूरा ने महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 75-81 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्वीटी ने चीन की लिना वोंग को हराया।

## सात्विक-चिराग ने बैडमिंटन में रचा इतिहास, जीता स्विस ओपन का खिताब



**बेसल।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने स्विस ओपन के पुरुष युगल फाइनल में रविवार को चीन के रेन ज़ियांग यू और तान कियांग को हराकर 2023 का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के चैंपियन सात्विक-चिराग ने 54 मिनट चले रोमांचक खिताबी मुकाबले में चीनी युगल को 21-19, 24-22 से मात दी। इससे पहले सात्विक-चिराग ने सेमीफाइनल में मलेशिया के ओंग यू सिन और टियो ई यी को परास्त किया था। पहले गेम में भारतीय जोड़ी ने धैर्यवान शुरूआत करने के बाद आक्रामक रुख अपनाया और 18-13 की बढ़त बना ली। सात्विक-चिराग जब गेम जीतने से सिर्फ तीन पॉइंट दूर थे तब चीनी युगल ने शानदार डिफेंस का प्रदर्शन कर स्कोर 18-17 कर दिया। रेन-तान ने गेम समाप्त होने से पहले तीन अंक और स्कोर किये लेकिन चिराग के शानदार शॉट चयन ने भारत को 21-19 की जीत दिला दी। पहले गेम के अंतिम हिस्से में लय हासिल करने वाली चीनी जोड़ी ने दूसरे गेम में लगातार पॉइंट स्कोर किये, हालांकि सात्विक-चिराग ब्रेक तक 11-9 से आगे रहे। भारत जब 20-19 पर चैंपियनशिप जीतने से सिर्फ एक पॉइंट दूर था तब शटल नेट से लगकर भारतीय खेमे में गिर गयी और स्कोर 20-20 से बराबर हो गया। रेन-तान ने एक समय पर 22-21 की बढ़त भी बना ली लेकिन वह उसे जीत में तब्दील नहीं कर सके। दूसरी ओर, सात्विक-चिराग ने लगातार तीन पॉइंट स्कोर करके खिताब अपने नाम कर लिया।

## बॉलीवुड न्यूज

### महेश भट्ट ने की '7:40 की लेडीज स्पेशल' टीम की तारीफ



**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित थिएटर प्ले '7:40 की लेडीज स्पेशल' बहुत ही संसेशनल शो रहा। इस प्ले को जाने माने फिल्म मेकर महेश भट्ट द्वारा प्रस्तुत किया था और श्री संदीप कपूर द्वारा निर्मित हैं। ये प्ले, जो ट्रांसजेंडर पूजा शर्मा के अनुभवों पर फोकस करता है, को समुदाय द्वारा सामना किए गए संघर्षों और जीत की असल कहानी दर्शाने के लिए दर्शकों और आलोचकों द्वारा समान रूप से सराहा गया है। सपना बसोया और वीरेन बसोया द्वारा लिखित और वीरेन बसोया द्वारा निर्देशित 7:40 की लेडीज स्पेशल पूजा शर्मा के अनुभव को दिलचस्प औ? बारीकी से पेश करता है। आवारा थिएटर ग्रुप के अभिनेता निश्चित रूप से एक ताकत हैं, क्योंकि हर कोई अपने पलों में चमकता है। ड्रामा की सफलता काफी हद तक कलाकारों द्वारा इसके शक्तिशाली प्रदर्शन के कारण है, जो अपनी भूमिकाओं में गहराई और सच्चाई लाते हैं। इसमें ट्रांसजेंडर एक्टर और एक्टिविस्ट पूजा शर्मा लीड रोल में हैं, उनका प्रदर्शन बहुत दमदार है, क्योंकि वह एक ऐसी दुनिया में स्वीकृति पाने के लिए संघर्ष कर रहें एक किरदार को दर्शाने के लिए सूक्ष्मता और सहानुभूति लाती है जो अक्सर उन्हें देखने से इनकार करते है कि वह कौन है। फिल्म निमार्ता महेश भट्ट ने भी ग्रुप की तारीफ करते हुए कहा, कि काफी बरसों के बाद मैंने इतने ईमानदार अभिनेता और तकनीशियन देखें जो ग्रुप के इरादे को दशार्ता है। इस ड्रामा की कास्ट और क्रू में पूजा शर्मा रेखा, सपना बसोया, स्वरूपा घोष, रंजय कुमार, वैष्णव वाणी, प्रतीक्षा इंगोले, शमीम रईन, जोगेन देवासी, आयशा चौधरी, राजोर पी राज, गीता सरोहा, सिद्धार्थ नेगी, अभय मिश्रा, गायत्री नेगी और शिवम शामिल हैं, जिनकी प्रभावशाली प्रदर्शन ने प्ले को और भी दमदार बना दिया। इसका म्यूजिक प्राणिल मोरे द्वारा रचित था, वहीं लाइटनिंग चेतन चंद द्वारा डिजाइन की गई थी, कॉस्टयूम गीता सरोहा द्वारा, मेक अप विनिशा चोकशी और दृष्टि डिडवानिया द्वारा और कोरियोग्राफी सयाली मोरे द्वारा की गई थी।

### अलीबाबा चैप्टर 2 में मानुल चुडासमा ने सीखी तलवारबाजी



**इंदौर।** सोनी सब का शो अलीबाबा- एक अंदाज अनदेखा: चैप्टर 2 एक पारिवारिक मनोरंजक शो है, जिसमें रखवाले अली (अभिषेक निगम) के कई एडवेंचर दिखाए जाते हैं। इस शो को दर्शक काफी पसंद करते हैं और यह अपने दिलचस्प किरदारों और दमदार कहानी के कारण प्रशंसकों का चहेता है। मरजीना (मानुल चुडासमा) को एक खतरनाक जानवर से बचाने के बाद अली अपने घर परवाज की ओर बढ़ता है। रास्ते में वे एक शादी देखते हैं, जो वैसी नहीं है, जैसी दिख रही है। अलीबाबा- एक अंदाज अनदेखा में इस हफ्ते एक शादी के रुकने और दूल्हे की जिन्दगी खतरे में पड़ने के बाद अली और मरजीना दूल्हे को बिना सिर वाली औरत से बचाने की योजना बनाते हैं। वे बिना सिर वाली औरत को लुभाने के लिये एक नकली शादी का फैसला करते हैं। हालांकि अली और मरजीना को जल्दी ही पता चल जाता है कि हालात उनकी उम्मीद से ज्यादा खराब हैं। और बिना सिर वाली औरत अली को शादी की जगह से खींच लेती है। क्या मरजीना अब अपनी तलवार उठाकर लड़ाई लड़ेगी? मरजीना की भूमिका निभा रहीं मनुल चूडासमा ने कहा, ह्लजब बिना सिर वाली औरत अली को दूर ले जाती है, तब मरजीना उसे बचाने के लिये लड़ेगी। यह मेरे लिये एक रोमांचक वक्त है, क्योंकि मैं पहली बार एक एक्शन सीक्वेंस करूंगी और तलवार उठाऊंगी।

## दिल्ली कैपिटल्स को खलेगी ऋषभ पंत की कमी सौरव गांगुली ने दिया हेल्थ अपडेट



**नई दिल्ली।** पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली का कहना है कि भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की कवायद शुरू करने से पहले अपनी चोटों से पूरी तरह ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए। पिछले साल दिसंबर में पंत एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। इस समय वह अपनी चोटों के उपचार के बाद उबरने की प्रक्रिया में हैं। पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने विकेटकीपर बल्लेबाज की कमी महसूस करेगी। पिछले कुछ सत्र से पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहे हैं। गांगुली इस टीम से क्रिकेट निदेशक के तौर पर जुड़े हैं। गांगुली ने आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि राष्ट्रीय टीम को भी उनकी कमी खल रही है। वह युवा है और उसके करियर में काफी समय बचा है। वह विशेष खिलाड़ी है और उसे पूरी तरह ठीक होने के लिए अपना पूरा समय लेना चाहिए। हम उन्हें शुभकामनायें देते हैं और मैं उससे मिलूंगा भी। गांगुली आईपीएल 2023 चरण से पहले अरूण जेटली स्टेडियम में टीम के सत्र पूर्व शिविर के दौरान सभी खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर लगाये हैं।

# दिनेश कार्तिक ने बताया कौन है टीम इंडिया का सबसे अहम खिलाड़ी

## कोहली-रोहित का नहीं लिया नाम

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में 2-1 की हार के बाद भारतीट टीम के खिलाड़ी आईपीएल 2023 की तैयारी में जुट गए हैं। लगभग दो महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के बाद टीम इंडिया को दो आईसीसी ट्रॉफी के लिए लड़ाई करनी है। जून में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलेगी। इसके बाद भारत को अपने घर में वनडे विश्व कप भी खेलना है।

आईसीसी के दो बड़े टूर्नामेंट से पहले दिनेश कार्तिक ने भारत के सबसे अहम खिलाड़ी का चयन किया है। हैरान करने वाली बात यह है कि कार्तिक ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह या शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी को सबसे अहम नहीं बताया है, जो तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं। उन्होंने



हार्दिक पांड्या को भारत का सबसे अहम खिलाड़ी बताया है, जो फिलहाल टी20 और वनडे में ही खेल रहे हैं। हार्दिक पांड्या ने पिछले साल आईपीएल से वापसी की थी और इसके बाद से वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

हार्दिक पांड्या गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले साल आईपीएल में उन्होंने अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को खिताब भी जिताया था और अब भारत के नए कप्तान की रेस में सबसे आगे हैं। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का मानना है कि एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर होने के नाते, पांड्या भारतीय लाइनअप में बेशक सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन जाते हैं। दिनेश कार्तिक ने एक स्पोर्ट्स वेबसाइट से बातचीत में कहा ₹वह बेशक भारतीय लाइनअप में सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। पहला- क्योंकि वह गेंद और बल्ले दोनों के साथ उपयोगी हैं और दोनों के साथ मुश्किल काम करने में सक्षम हैं।

मध्यम तेज गेंदबाज और बल्लेबाजी ऑलराउंडर कुछ ऐसा है जो बहुत, बहुत कठिन है। हां, 2-3 खिलाड़ी हैं जो शायद स्पिन ऑलराउंडर हैं, लेकिन तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मिलना बहुत मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई वनडे सीरीज में, पांड्या ने महत्वपूर्ण विकेट दिलाए थे और बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया था। कार्तिक ने कहा ₹वह बीच में वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं और जाहिर तौर पर जब गेंदबाजी की बात आती है, तो वह विकेट हासिल करने का एक तरीका ढूंढता है। जो चीज उन्हें खेलने के लिए वास्तव में कठिन बनाती है, वह उनकी स्वाभाविक कड़ी है।

## संक्षेप

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**ओबरा।** रेणुका पार स्थित खुलदील रोड रेलवे स्टेशन के पास रविवार की सुबह किसी ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई है ।मृतका फूलमती उम्र लगभग 55 पति जगदीश गोंड निवासी बैरपुर ग्रामसभा के टोला नौडिहवा की रहने वाली है ।बैरपुर ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि मृतका शनिवार की शाम से ही घर से गायब थी ।काफी खोजबीन करने के बाद नही मिली थी ।रविवार को सुबह खुलदिल रोड रेलवे स्टेशन के पास ही किसी ट्रेन से कटने की जानकारी परिजनों को मिली थी ।इस दौरान परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।वही घटना की जानकारी मिलने पर चोपन रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मृतका को कोई बच्चे नही थे।

### आईपीएल में प्रबल दावेदार के तौर पर प्रवेश करेगी हार्दिक पांड्या की गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस




**मुंबई।** हार्दिक पांड्या की अगुवाई में पिछले साल अपने पदार्पण में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल कर चुकी गुजरात टाइटन्स आगामी चरण में सभी सही कदम उठाने के प्रदर्शन को दोहराने के लक्ष्य से खेलने उतरेगी। गुजरात टाइटन्स की टीम सिर्फ आईपीएल 2022 की ट्राफी उठाने वाली सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं बनी बल्कि उसने सभी प्रतिस्पर्धी टीमों में अपनी योजना का बेहतरीन ढंग से कार्यान्वयन किया। टीम ने 14 में से 10 लीग मैच जीते, अंक तालिका में 20 अंक लेकर शीर्ष पर रही। आईपीएल की खिताबी जीत के बाद पांड्या के कद में इजाफा हुआ जिन्हें भारतीय टीम का टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्थायी कप्तान बना दिया और वनडे में जिम्मेदारी दी गयी जबकि उनके युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी अपने प्रदर्शन से खुद को इतना स्थापित कर दिया कि तीन में से दो अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में उनका चयन निश्चित हो गया। पांड्या और गिल दोनों ने गुजरात टाइटन्स के लिये बल्ले से दमदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें दोनों ने क्रमश: 487 और 483 रन बनाये और अपनी टीम के सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे। वहीं मोहम्मद शमी (20 विकेट) और राशिद खान (19 विकेट) गेंद से उनके मुख्य मारक गेंदबाज रहे। गुजरात टाइटन्स को अपने तेज गेंदबाज लोकी फर्ग्यूसन को जाने देना पड़ा लेकिन उनकी अनुपस्थिति से उनकी गेंदबाजी कमजोर नहीं होगी।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो: महानता की हदों को भी पार करने वाला बेहतरीन खिलाड़ी

## वह दुनिया के सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेलने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए

**नई दिल्ली।** कुछ लोगों को सफलता किस्मत से मिलती है, तो कुछ को मेहनत से, लेकिन दुनिया में ऐसे लोग भी हैं, जो कदम दर कदम सफलता की तरफ बढ़ते हुए एक दिन उस मुकाम पर पहुंच जाते हैं कि उनकी तरफ देखने से आंखें चौंधियाने लगती हैं और महानता का शब्द उनके कद के सामने छोटा पड़ जाता है। खेलों की दुनिया में थोड़ा सा भी दखल रखने वाले लोग पुर्तगाल के फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम से वाकिफ होंगे। उनके रिकार्ड और उपलब्धियां उन्हें एक ऐसे शख्स के तौर पर साबित करती हैं, जिसने खुद को हर गुजरते दिन के साथ बेहतर किया और रिकॉर्ड की किताब के सारे पन्ने अपने नाम कर लिए।

हाल ही में उन्होंने यूरो 2024 क्वालिफायर में लिचटेंस्टीन के खिलाफ मैदान में कदम रखते ही एक और



रिकार्ड अपने नाम कर लिया। रोनाल्डो का यह 197वां मैच था और इस मैच के साथ ही वह दुनिया के सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेलने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। रोनाल्डो ने 197 मैच खेलकर कुवैत के खिलाड़ी बदर अल-मुतावा को पीछे छोड़ दिया है। इस कतार में शामिल अन्य खिलाड़ियों की बात करें, तो मलेशिया के सोह चीन एन ने 195 मैच खेले हैं, वहीं मिस्त्र के अहमद हसन 184 मैच के साथ चौथे और ओमान के अहमद मुबारक 183 मैच के साथ उनसे एक पायदान नीचे पांचवें नंबर पर हैं। साल 2003 में अपना पहला अन्तरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले रोनाल्डो पांच विश्व कप में गोल करने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें, तो उनका जन्म पांच फरवरी 1985 को पुर्तगाल में एक निर्धन परिवार में हुआ। उनके पिता जोस डिनिस अवीयरो नगरपालिका में बतौर माली काम करते थे, जबकि मां मारिया डालोरेस डॉस सैंटोस अवीयरो घरों में जाकर खाना बनाने का काम करती थीं। रोनाल्डो के परिवार में इनका एक भाई और दो बहनें हैं और वह अपने भाई बहनों में से सबसे छोटे हैं। रोनाल्डो को बचपन से ही फुटबॉल खेलने का शौक था और यह शौक उनकी स्कूली शिक्षा पर भारी पड़ा। उनके बारे में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्होंने अपने एक शिक्षक पर कुर्सी फेंक दी थी, जिसकी वजह से उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया और वह पूरी तरह से फुटबॉल के हो गए। सोलह साल की उम्र तक आते आते, रोनाल्डो पुर्तगाल के स्पोर्टिंग सीपी क्लब की तरफ से खेलने लगे और अपने शानदार खेल की वजह से एक साल में ही क्लब की अंडर-16 टीम, अंडर-17 टीम, अंडर-18 और फास्ट टीम के लिए खेले। ऐसा पहली बार हुआ था कि किसी खिलाड़ी ने सिर्फ एक साल में इतनी तरक्की की हो। इस क्लब की ओर से उन्होंने अपना पहला आधिकारिक मैच साल 2002 में मोरेन्स फुटबॉल क्लब के विरूद्ध खेला और दो गोल भी किए। इसी दौरान स्पोर्टिंग क्लब और मैनचेस्टर युनाइटेड क्लब की टीम के बीच एक मैच में स्पोर्टिंग क्लब ने 3-1 से जीत दर्ज की। इस मैच में क्रिस्टियानो ने दो गोल किए।

## जिस तरह से शुभमन गिल खेल रहा है उसे खुद पर तरजीह दूंगा: शिखर धवन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने कहा कि पिछले कुछ समय में शुभमन गिल की बल्ले से फॉर्म को देखते हुए वह राष्ट्रीय टीम में शामिल करने के लिये इस युवा क्रिकेटर को खुद पर तरजीह देंगे। गिल इस सत्र में तीनों प्रारूपों में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपना स्थान लगभग पक्का कर लिया है जबकि धवन फॉर्म में गिरावट के कारण इस दौड़ में पिछड़ गये हैं।

गिल ने इस साल सभी तीनों प्रारूपों में शतक जड़ चुके हैं जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में एक दोहरा शतक और अहमदाबाद में ड्रा रहे चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शतक शामिल है। वहीं 167 वनडे के अनुभवी धवन घरेलू सरजमीं पर होने वाले वनडे विश्व कप के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो वह मौजूदा फॉर्म को देखते हुए 23 साल के खिलाड़ी गिल को ही चुनेंगे। धवन ने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से शुभमन खेल रहा है। वह दो प्रारूपों में खेल रहा था और टेस्ट और टी20 में अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। वह अंतरराष्ट्रीय सर्किट में ज्यादा मैच खेल रहा था जबकि मैं नहीं। अगर मैं चयनकर्ता होता तो मैं निश्चित रूप से शुभमन को मौका देता। शिखर के बजाय शुभमन को चुनता। धवन ने साथ ही कहा कि कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने पहले उनका समर्थन किया था और उन्हें वनडे विश्व कप पर ध्यान लगाने के लिए कहा था लेकिन उनकी फॉर्म में गिरावट के साथ गिल के शानदार प्रदर्शन करने से उन्होंने टीम में अपना स्थान गंवा दिया। धवन ने कहा, जब रोहित ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी, उन्होंने और राहुल ने मुझे कहा कि मैं अपना ध्यान सिर्फ क्रिकेट पर लगाये रखूं और अगले विश्व कप तक मेरा लक्ष्य यही होना चाहिए।

## ऐतिहासिक धरोहर को समझने के लिये छात्रों का दल रवाना

**सकलडीहा।** विकास खंड सकलडीहा के अन्तर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत रविवार को बीआरसी धरहरा से एक्सपोजर विजिट हेतु छात्रों का दल अभिभावकों के साथ रवाना हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश कुमार राय ने शैक्षणिक भ्रमण के लिये हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान शिक्षक सहित बीआरसी के स्टाप मौजूद रहे।

विशेष आवश्यकता वाले छात्र छात्राओं को बाहरी वातावरण के ज्ञान द्वारा आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास हेतु अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं एक्सपोजर विजिट का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा किया



जाता है। इस दौरान खेलकूद कार्यक्रम ऐतिहासिक स्थलों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों राज्य द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों एवं संदर्भ कक्षों, म्युजियम, चिड़ियाघर आदि स्थलों की यात्रा एवं विभिन्न गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी जाती है। इस क्रम में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत कुल 99 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। जिसमें टॉप 50 छात्रों का दल दो बसों में एक्स्पोजर विजिट हेतु बनारस सारनाथ के लिए रवाना हुआ। उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी सकलडीहा एके राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दो बसों में यह छात्र सवार होकर शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। इन छात्रों के साथ बीआरसी का पूरा स्टाफ, बच्चों के अभिभावक तथा अध्यापक भी साथ में भ्रमण के लिये गये। मौके पर बीआरसी से आशीष दूबे, शिवमंगल, अभिषेक, विवेकानंद, यशवंत, दीनदयाल, सुनील सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## इतिहास राष्ट्र का प्राण है : प्रोफेसर प्रशांत

**डीडीयू नगर।** भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी उप्र की एक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष डॉ श्रीपाल सिंह सोम की अध्यक्षता में रविवार को स्थानीय विक्रम सिंह महाविद्यालय चंदासी के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में समिति की सचिव व बीएचयू की असिस्टेंट प्रो. डॉ प्रियंका सिंह ने भारतीय संकलन समिति के उद्देश्य व कार्यो तथा इतिहास लेखन की नवीन प्रवृत्तियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समिति के 6 प्रमुख आयामों इतिहास विद्या, पुराणअंतर्गत इतिहास, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था, जनपदीय इतिहास, जनजाति इतिहास संघर्ष एवं प्रतिरोध का इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास संकलन समिति इन प्रमुख आयामों पर प्रामाणिक एवं सर्वांगीण इतिहास लेखन की दिशा में अग्रसर है।

## पशुपालन के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए सरकार कटिबद्ध

**बोले रमेश जायसवाल**

### पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**चंदौली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मुख्यालय स्थित एनआईसी में सजीव प्रसारण के दौरान जनपद के अधिकारियों को संबोधित किया। वहीं उन्होंने नें पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत मोबाइल वेटरनरी यूनिट के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में पशुओं का मौके पर जाकर उपचार करने वाली गाड़ियों क के बाबत विस्तार से चर्चा



मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट बैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक व डीएम

की। साथ ही उक्त वाहन को जिला अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखाकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान मुगलसराय के विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। प्रदेश में पशुपालन क्षेत्र बढ़ावा देने के लिए इस योजना का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री ने किया है। कहा कि पशुपालकों के द्वार पर त्वरित पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने का उद्देश्य यह योजना है। इसका लाभ पहले दिन से ही जनपद के पशुपालकों को मिलना शुरू हो जाएगा।डीएम निखिल टीकाराम फुंडे कहा कि जिले के पशुपालकों को सरकार की इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। पशुपालन के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। साथ ही किसानों को खेती के बाद पशुपालन भी करें, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह के साथ-साथ मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी रहे।

# जल्द हो सकता है सात लाख रुपये की चोरी का खुलासा

जनसंदेश न्यूज

**कामयाबी**

**ढाई वर्ष पूर्व हुई थी चोरी, कुछ सामान हुआ बरामद, मुख्य आरोपित की तलाश जारी**

**जफराबाद।** जलालपुर क्षेत्र के हुसेपुर बाजार से लगभग ढाई वर्ष पूर्व हुई सात लाख रुपये के समान की चोरी का खुलासा जल्द होने की सम्भावना है। कुछ सामान भी बरामद हो चुका है। मुख्य आरोपित की तलाश है।

नत्थनपुर गांव निवासी अवधेश राजभर पुत्र रामपत राजभर की उक्त बाजार में डीजे की दुकान थी। दुकान में छह डीजे मशीन, मिक्सर मशीन, इन्वर्टर बैटरी आदि समान था। 21 दिसम्बर 2020 की रात चोर दुकान में घुसकर सारा सामान उठा ले गए थे। सामान की कीमत लगभग साथ लाख रुपये थी। उस समय पुलिस ने काफी खोजबीन किया। सीसी टीवी फुटेज में एक बाइक से सामान लाद कर चोरों को जाते हुए देखा गया। पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। अवधेश राजभर को एक डीजे वाले ने व्हाट्सएप करके एक पुरानी डीजे मशीन खरीदने को कहा। जब वह व्हाट्सप पर मशीन भेजा तब अवधेश को झटका लगा क्योंकि अवधेश ने अपनी मशीन में कम्पनी द्वारा लगाए गए दो पँखों की जगह चार पंखे सेट किये थे जिससे मशीन हीट न हो। वह मशीन पहचान गया। वह तत्काल अपने उक्त परिचित के साथ चोलापुर थाना क्षेत्र के बहुआ गांव में पहुंच गया। वहां मशीन को पूरी तरह से पहचानने के बाद 112 डायल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने तकाल उक्त मशीन को कब्जे में ले लिया। उसके बाद अवधेश को जलालपुर थाने पर लाकर वहां की



पुलिस को साथ लाने को कहा। अवधेश जलालपुर पहुंचकर एक बोलेरो से सिपाहियों के साथ उक्त गांव में गया। वहां से मशीन किसने किससे खरीदा इसकी जानकारी करते हुए पुलिस जलालपुर क्षेत्र के कादीपुर गांव तक पहुंच गई है। अब तक दो मशीन बरामद हुई है। अवधेश के मुताबिक कादीपुर गांव का निवासी युवक पूना चला गया है। वहीं एसआई सदन प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। पूरी घटना का खुलासा जल्द होगा।

## सब्जी बेचने आए किसान को मारपीट कर मोबाइल छीना

**खुटहन।** गांव से मंडी में सब्जी बेचने आए एक युवा किसान को तीन मनबढ़ युवकों ने लात घूंसे से पीटकर उसकी मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के समय मंडी में काफी भीड़ भाड़ के बाद भी मनबढ़ बेखौफ किसान को पीटते रहे। पीड़ित ने तीनों आरोपितों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दिया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी को हिरासत में नहीं ले सकी है।

मोबारकपुर गांव निवासी किसान विवेक बिंद खेत में गाजर की फसल तैयार कर नित्य सब्जी मंडी में बेचने आता है। रविवार को वह बेचने के लिए गाजर का बोरा मंडी में रख फोन पर बात करने लगा। आरोप है कि तभी वहां पहुंचे बिपुल यादव, दीपक पाल और शुभम यादव उसे अपशब्द कहते हुए लात घूंसे से मारने पीटने लगे। लोगों के बीच बचाव करने पर उसका मोबाइल छीन कर भाग गए।



# मोबाइल वेटरनरी यूनिट को राज्यमंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मोबाइल वेटरनरी यूनिट (सचल पशु चिकित्सा इकाई) का प्रदेश मुख्यालय से 520 सचल पशु चिकित्सा इकाईयों के शुभारंभ/फ्लैग आफ कार्यक्रम का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इसी क्रम में जनपद में शुभारंभ/फ्लैग आफ हेतु आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद यादव ने कलेक्ट्रेट परिसर से मोबाइल बैटरी यूनिट का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जनपद में पशुओं के उपचार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे तत्काल उपचार किया जा सकता है जो प्रदेश सरकार का सराहनीय कदम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी साईं सीलम तेजा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी परमहंस राय, पशुधन प्रसार अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**संक्षेप**

## सात साल के मासूम बच्चे ने रखा रोजा

**महराजगंज।** मुकद्दस माहे रमजान चल रहा है। गर्मी में लोग रोजा रख अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। एक ओर जहां बड़े लोग रोजा रख रहे हैं तो दूसरी ओर छोटे बच्चे भी रोजा रख कर अपने रब की इबादत कर रहे हैं। क्षेत्र के केवटली बाजार निवासी अंसार अहमद उर्फ शेबू का परिवार अन्य लोगों की तरह ही रोजे रख रहा है, लेकिन इस परिवार को खास बनाया है 7 साल के मोहम्मद वैस उर्फ गोलू ने जिसने पहला रोजा रखा है। परिवार में सभी सदस्यों को पांच वक्त की नमाज पढ़ते देख मोहम्मद वैस उर्फ गोलू भी अदा कर रहे हैं। कम उम्र के बच्चों द्वारा रोजा रखने से लोग हैरान हैं। गोलू भी अपने परिवार वालों के साथ सुबह तीन बजे से सेहरी खाने के लिए उठा और सेहरी खाकर फिर कुरआन की तिलावत में जुट गया। बच्चों द्वारा रोजा रखा जाना अपने आप में बड़ी बात है। मुसलमानों के लिए रोजा बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस माह में अल्लाह अपने नेक बन्दों के लिए अपनी रहमत के दरवाजे खोल देता है। बच्चे भी अल्लाह का राजी करने के लिए रोजे रख रहे हैं इबादत कर रहे हैं। यह सब अल्लाह का करम है सभी उसके शुक्रगुजार हैं।



## घूस लेने के आरोप में निलंबित दारोगा पर केस दर्ज

**सीओ करेंगे मामले की विवेचना**

**बदलापुर।** कोतवाली में तैनात दारोगा प्रसिद्ध नारायण सिंह को घूस लेने के आरोप में एसपी डा. अजयपाल शर्मा ने शनिवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। मामले में रविवार को प्रभारी निरीक्षक विनीत राय की तहरीर पर निलंबित दरोगा पर धारा 7 भ्रष्टाचार अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया। एसपी ने मामले की विवेचना सीओ शुभम तोदी को सौंप दिया है। थाने में तैनात एसआई प्रसिद्ध नारायण सिंह ने कस्तूरीपुर गांव निवासी रमेशचंद से एक मामले में केस दर्ज करने के लिए घूस ले रहे थे। इसी बीच किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 13 मार्च की दोपहर उसके घर में अखिलेश पुत्र राजनाथ नाम का व्यक्ति घर में घुसकर उसकी पुत्री को तमंचा दिखाकर सोने की चेन व चार हजार नगदी लूट लिया था। विरोध करने पर उसकी पुत्री को जान से मार देने की धमकी भी दिया था।

## गेहूं की पकी फसल पर बादलों का डेरा, किसान चिंतित

**बरसठी।** पिछले सप्ताह की बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने मछलीशहर तहसील क्षेत्र में गेहूं और सरसों तथा आम के बौर को काफी नुकसान पहुंचाया था। पिछले तीन-चार दिन से मौसम खुला होने पर किसानों ने राहत की सांस ली थी। सरसों की फसल खेतों में सूख जाने के बाद किसान उसे घर लाकर मड़ाई का कार्य करना शुरू कर दिये थे लेकिन रविवार की शाम मौसम ने दुबारा टर्न ले लिया है और आसमान एक बार फिर से बादलों की गिरफ्त में आ गया है। रविवार की शाम मछलीशहर तहसील क्षेत्र में धूल भरी तेज हवाएं चल रही हैं। जमीन पर गेहूं की पकी फसल और आसमान में बादलों को देखकर किसान चिंतित हो गए हैं। विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी के किसान प्रेमचंद प्रजापति कहते हैं कि अगर मौसम ठीक ठाक रहता तो दो-चार दिन में गेहूं की फसल की मड़ाई व्यापक पैमाने पर शुरू हो जाती लेकिन अगर अब बारिश और ओलावृष्टि होती है तो किसानों को बहुत बड़ी हानि हो सकती है। गेहूं की मड़ाई के लिये हार्वेस्टर का आना जाना शुरू हो गया है। ऐसे किसान जिन्होंने सरसों की लम्बी खेती की है वह सरसों की मड़ाई भी खेतों में हार्वेस्टर से करवा रहे हैं जिससे मौसम की मार से बचा जा सके।

# मन की बात के साथ जन की बात भी सुनें कार्यकर्ता : विद्यासागर सोनकर

**मन की बात कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित**



कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते एमएलसी विद्यासागर सोनकर

**मछलीशहर।** मन की बात कार्यक्रम का आयोजन मछलीशहर मंडल के शक्ति केंद्र सूरतासापुर के प्रतापगंज बूथ संख्या 75 दिनेश जायसवाल के आवास पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के 99वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से 100वें एपिसोड के लिए सुझाव भी मांगे और लोगों को अंगदान, सौर ऊर्जा और देश में नारी शक्ति के बढ़ते सामर्थ्य पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे विधान परिषद सदन के उप नेता व विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर ने कार्यक्रम के समापन के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता मन की बात के साथ-साथ जन की भी बात सुने और उसे अमल में लाएं व सभी जनों का सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने हिंदू नव वर्ष की कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में हम लोगों का नववर्ष पड़ता है। इसे हमें बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए क्योंकि भारतीय संस्कृति को जिंदा रखने की हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. राकेश सिंह, विनोद सिंह, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, सौरभ जायसवाल, सुमित अग्रहरी, मेहीलाल गौतम, जयानंद चौबे, शोभित अग्रहरी, राकेश शुक्ला, अभिषेक सिंह, दिलीप अग्रहरी, राजेश सेठ प्रधान, गंगा सिंह, अनिल, प्रभाशंकर सिंह, संजय जायसवाल, अर्जुन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**सुइथाकला।** रविवार को पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बरऊद गांव के पास से तमंचे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल करने का मामला सामने आया है। जिसे गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय को भेज दिया गया। बताया जाता है कि रविवार सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान चौकी प्रभारी सुनील कुमार व हमराहियों द्वारा चौकी सरायमोहिउद्दीनपुर क्षेत्र के बरऊद के पास तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया जिसकी पहचान पड़ोसी जिला सुल्तानपुर के करौदी थाना क्षेत्र के हाजीपुर बरूआ गांव निवासी सुनील यादव पुत्र रामकेवल के रूप में हुई। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को भेज दिया।



# नवरात्र के पांचवें दिन मां शारदा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़

**जौनपुर।** वासंतिक चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन रविवार को मां शारदा शक्तिपीठ मैहर वाली मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक रही। भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करने वाली स्कंदमाता की पूजा करने का विधान है। नवरात्र के पांचवें दिन देवी की आराधना करने श्रद्धालु मां शारदा के दर्शन के लिए दूर स्थानों से चलकर मनवांछित फल प्राप्त करने के लिए यहां माथा टेका।

इसी क्रम में जौनपुर जिला न्यायाधीश राजेश राय ₹एडीजे प्रथम₹ सपरिवार दर्शन करने यहां पर पहुंचे। मंदिर वरिष्ठ ट्रस्टी सत्य प्रकाश एडवोकेट हाईकोर्ट मुंबई ने नारियल देकर स्वागत किया। श्रद्धालु अपने कुटुंब के साथ आस्था व दिव्य केंद्र मां शारदा मंदिर में दर्शन पूजन के लिए लंबी कतार सीढ़ियों से होते हुए अपने हाथों में प्रसाद लेकर माता के दरबार में पहुंचे। भक्तों द्वारा प्रातः काल से मां के पट खुलने के बाद आरती के उपरांत



शक्तिपीठ में मां के साथ अन्य देव विग्रह के दर्शन एवं पूजन किया। दर्शन पूजन के साथ भक्तों को मंदिर ट्रस्ट की तरफ से प्रसाद बांटे गए। प्रसाद वितरण पूरे नवरात्र भर किया जा रहा। बाकी दिनों में प्रत्येक सोमवार को बांटा जाता है। इस अवसर पर ट्रस्ट कलाविद रविकांत जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, जवाहर लाल जायसवाल, सुशील जायसवाल, असर्फी लाल, विजय, सुजीत अग्रहरी उपस्थित थे। बता दें कि चौकियां की भांति मंदिर परिसर के एक स्थान पर लोगों ने कढ़ाई चढ़ा कर माता को भोग लगाने के लिए हलवा पूरी बनाया। मंदिर परिसर के बाहर प्रसाद इत्यादि के लिए दुकाने सजी हुई हैं। जहां भक्त लोग नारियल चुनरी माला फूल इत्यादि लेकर मां के दरबार में पहुंच रहे हैं श्रद्धालुओं की भीड़ निरंतर चलती रहे जो देर रात में माता जी के आरती के बाद 9 बजे तक चलती रही।

# हार-जीत जीवन की है माला, संघर्ष कर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : सांसद

**कार्यक्रम**

**कुटीर पीजी कालेज चक्के में आयोजित हुआ युवा उत्सव कार्यक्रम**

**पराऊगंज।** नेहरू युवा केंद्र जौनपुर एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में युवा उत्सव कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, संस्थापक के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर हुआ।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते सांसद

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मछलीशहर लोकसभा सांसद बीपी सरोज ने युवा उत्सव कार्यक्रम के प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहाकि हार जीत जीवन की माला है सभी विद्यार्थी अपने जीवन मे संघर्ष कर राष्ट्र निर्माण में अप्रतिम योगदान दे सकते हैं। मैंने अपने जीवन में चौकीदारी कर सांसद बना इसलिए जीवन में संघर्षों से पीछे नहीं हटना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र जौनपुर संजीव सिंह ने युवा उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कुटीर संस्थान की ओर से आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुटीर संस्थान के व्यवस्थापक डॉ. अजयेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि जीवन व्यवहारिक होना चाहिए। युवा की प्रतिभा का उलंघन ही समाज की सबसे बड़ी जटिलता है इसलिए युवाओं को आदर्श प्रदान करने की आवश्यकता है। संकल्पपूर्ती के लिए युवाओं का आह्वान एवं युवाओं को संस्कार प्रदान करने की आवश्यकता है।

पूर्व विधायक गुलाबचंद सरोज ने कहा कि युवाओं में चरित्र निर्माण ही देश के विकास में सहयोगी होते हैं अतः युवाओं में प्रतिभा निर्माण की आवश्यकता है जिसके बल पर परिश्रम से सफलता की प्राप्ति होती है। इसके पूर्व जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया जिसमें निर्णायक मंडल के द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान का निर्धारण किया गया। भाषण प्रतियोगिता में एकता सिंह प्रथम, आयुषी श्रीवास्तव द्वितीय, गणेश भारती तृतीय, कला प्रतियोगिता में दिव्या सिंह प्रथम, प्रिंसी मिश्रा द्वितीय, प्रिया मौर्य तृतीय स्थान, मोबाइल फोटोग्राफी में धीरज पटेल प्रथम, वैभव शुक्ला द्वितीय तथा अर्पिता मिश्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। युवा काव्य लेखन में पूजा यादव प्रथम, श्रेया द्वितीय, आराध्या को तृतीय स्थान मिला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुटीर पीजी कॉलेज चक्के ने प्रथम, कुटीर संस्थान द्वितीय, मड़ियाहूं पीजी कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारा स्मृति चिन्ह, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर डॉक्टर आरके पांडे ने किया। इस अवसर पर पंडित श्रीभूषण मिश्र, डॉ. मनोज मिश्र जनसंचार विभागाध्यक्ष, पूर्व कुलपति डीडी दुबे, संगीता मिश्र, त्रिवेणी वेलफेयर डॉक्टर राजेश त्रिपाठी, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर रामजीत यादव, डॉ. विजय कुमार मौर्य, चौकी प्रभारी सुरेंद्र भाई पटेल रहे। संचालन छवी गुप्ता ने किया। इस मौके पर डॉक्टर नीता तिवारी समेत महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षणेत्तर एवं क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विवाहिता को जलाकर मार डालने का प्रयास

**जौनपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला भौराजीपुर में एक विवाहिता संदिग्ध अवस्था में जल गई। उक्त मोहल्ला निवासी धर्मराज की 27 वर्षीय पत्नी सुमन रविवार दिन के लगभग 10 बजे बुरी तरह झुलस गई। मायके वालों का आरोप है कि जेठ और सास से अक्सर झगड़ा हुआ करता था और दोनों छोटी-छोटी सी बात को लेकर उसे प्रताड़ित किया करते थे। रविवार के दिन दोनों ने उस समय उसके ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दिया जब वह घर का घरेलू काम निपटा रही थी। जिस समय विवाहिता जलने लगी उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए। महिला के मायके वालों को सूचना दी गई। झुलसी हुई महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर दिया है। चिकित्सक के अनुसार महिला 60% जली हुई है। महिला की शादी लगभग 7 साल पूर्व हुई थी। उसका मायका जफराबाद थाना क्षेत्र हरजुपुर गांव में बताया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन का आयोजन

**शाहगंज।** नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित राजकीय महिला चिकित्सालय से रविवार को पूर्ण गणवेश पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन के पूर्व एकत्रीकरण के दौरान पूर्ण गणवेश में 6 वर्ष से लेकर 75 वर्ष तक के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। क्षेत्रीय मार्ग प्रमुख पूर्वी उप्र राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि पथ संचलन सामाजिक एकता के साथ समाज में शक्ति के संचार का माध्यम भी है।

**कार्यक्रम**

**पूर्ण गणवेश में निकले सैकड़ों स्वयंसेवक, संघ धोष संग नगर भ्रमण कर पहुचें उदगम स्थल**

अध्यक्षता डा. एसएल गुप्ता ने किया। पथ संचलन चिकित्सालय से निकल स्वामी विवेकानंद तिराहा पुरानी बाजार घासमंडी चौक चूड़ी मोहल्ला, पुराना चौक, एराकियाना चौक, कोतवाली चौक, जेसीज चौक, नई आबादी, योगीनाथ तिराहा होते हुए अपने उद्गम स्थल पर पहुंच समापन हुआ। इस दौरान शाहगंज खुटहन एवं सुईथाकला ब्लाक के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में हिस्सा लिया।



संघ धोष के साथ स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुये नगर भ्रमण किया। इस दौरान जिला सामाजिक समरसता प्रमुख जौनपुर अवधेश कुमार पाण्डेय, तहसील पथ संचलन प्रमुख मुकेश, नगर शारीरिक प्रमुख संचलन सह प्रमुख एवं खण्ड प्रचार प्रमुख सोंधी आनन्द बरनवाल, नगर संघचालक दिलीप कुमार, जिला कार्यवाह रजनीश उपाध्याय, संघचालक सर्वेश चन्द्र, खण्ड कार्यवाह हनुमान प्रसाद, अखिलेश चन्द्र मिश्र, रामसागर, धर्मेन्द्र कुमार और नगर प्रचारक नरेन्द्र समेत सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेवक सम्मिलित रहे।

# श्रीकृष्ण बाल लीला से भक्ति रस में डूबे दर्शक

जनसंदेश न्यूज

**आस्था**

**प्राचीन गौरी शंकर मंदिर चंदापुर में बह रही है भक्ति की रसधार**

**बदलापुर।** क्षेत्र के प्राचीन गौरी शंकर मंदिर चंदापुर में भक्ति की रस धार बह रही है। दिन में मानस व भागवत कथा तो रात में रासलीला की मधुर झांकियों से लोग निहाल हो रहे हैं। शनिवार की रात वृंदावन से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की जीवंत प्रस्तुति कर भक्ति रस की ऐसी त्रिवेणी बहाई कि श्रोता डूबते-उतराते रहे। मथुरा के राजा को आकाशवाणी से सुनाई पड़ी कि तुम्हारा काल गोकुल में पैदा हो चुका है। यह सुन उसके माथे पर चिंता की लकीरें खींच गईं। उसे पता था कि पूरा ब्रज मंडल चौरासी कोस में बसा है। ऐसे में यह पता लगाना कठिन था कि उसका काल किसके घर पैदा हुआ है। मंत्रियों ने सलाह दी कि एक साल तक के सभी बच्चों को मार दिया जाय। अंत में पूतना को कृष्ण भगवान को मारने हेतु भेजा गया। उल्टे प्रभु ने उसकी ही जीवन लीला समाप्त कर दी। लीला को आगे बढ़ाते हुए माखन चोरी, चंदा के लिए रूठना, मां यशोदा द्वारा मिट्टी खाने पर प्रभु को रस्सी से बांधने जैसी कई लीलाओं का कलाकारों ने जीवंत मंचन किया। रास लीला का निर्देशन स्वामी श्रीचंद शास्त्री ने किया। इस अवसर पर सुदाम कुटी कै महंत अमर दास जी, प्रेम दास जी, सुभाष चन्द्र तिवारी, उन्नत सिंह, गोविंद तिवारी, राजेंद्र सिंह, कमलेश यादव, बृजेश सिंह आदि रहे। आयोजक मंदिर के पुजारी दया शंकर दास त्यागी ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।



श्रीकृष्ण लीला का मंचन करते कलाकार

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी।

क्षेत्र के केशवपुर गांव के राजेन्द्र मौर्या व संतोष कुमार में पुराना भूमि विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवादित जमीन पर रविवार को दोपहर बाद एक पक्ष द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। जिस पर दूसरे पक्ष को जानकरी हुई तो उसने निर्माण कार्य करने से रोक दिया। जिसको लेकर दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गया। गाली-गलौज धीरे-धीरे मारपीट में तब्दील हो गया। मारपीट की सूचना पर मौके पर डायल 112 की पुलिस भी पहुंच गयी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर किसी तरह शांत कराया।

इस मामले में पूछे जाने पर थाने के उप निरीक्षक रमाशंकर पांडेय ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष द्वारा लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट परिवार ने वितरित की पोषण पोटली

**जौनपुर।** अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार द्वारा धमार्पुर ब्लाक में चिन्हित सभी टीबी रोगियों को गोद लिया गया। उनके द्वारा क्षेत्र के टीबी रोगियों को प्रतिमाह पौष्टिक आहार किट का वितरण भी किया। संकल्प लिया कि इनकी देखरेख की जिम्मेदारी हमारी रहेगी। इस सम्बन्ध में एक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को मालती देवी शिक्षण संस्थान धमार्पुर ब्लॉक पर किया गया।



क्षय रोगी को पोषण पोटली देते ट्रस्ट के लोग

कार्यक्रम के विषय पर जानकारी देते हुये ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास प्रधानमंत्री भारत सरकार के 2025 तक भारत से क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को निर्धारित किया गया है। प्रत्येक टीबी रोगी को दवाइयों के साथ साथ कुछ पोषण सामग्री की आवश्कता होती है। हम टीबी मरीजों को पौष्टिक सामग्री जैसे- गुड़, मूंगफली दाना, दाल, भुना चना, सत्तू, बोर्नबीटा के साथ साथ सोयाबीन उपलब्ध करा रहे हैं। एक माह तक मरीज को देने के बाद हम उसकी मॉनिटरीग भी करते हैं कि क्या मरीजो की दी जाने वाली पोषण सामग्री का लाभ उन्हें हो रहा है इसका पता हम मरीजो के वजन/बीएमआई द्वारा पता करते हैं। इसकी शुरूआत हमने धमार्पुर ब्लॉक से शुरू पिछले साल से ही कर दिया है। अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट की तरफ से डॉ. समर बहादुर सिंह ने बताया कि महामहिम राज्यपाल की मंशानुरुप जनपद में समस्त टीबी रोगियों को गोद देने की प्रक्रिया जारी है। कनक सिंह ने कहाकि अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट परिवार की यह पहल सकारात्मक है। मीरा अग्रहरी ने कहा कि जनपद में धमार्पुर ब्लाक को टीबी फ्री ब्लाक के लक्ष्य के साथ चुना गया है जिसमें हमारा उद्देश्य है कि हम प्रत्येक चिन्हित रोगी को दवाईयों के साथ कुछ पोषण भी उपलब्ध करवा सकें। अभी तक ट्रस्ट परिवार ने 98 मरीज गोद ले चुके हैं। अमर जौहरी ने बताया कि टीबी रोगियों के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए पौष्टिक आहार किट उपलब्ध कराई जा रहीं है। ट्रस्ट की ज्योति श्रीवास्तव ने कहाकि गोद लेने को सामाजिक संस्थाएं स्वयं आगे आ रही हैं जो कि अच्छी बात है। ट्रस्ट के आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि एक समय ऐसा था जब घर का कोई सदस्य क्षय रोग से पीड़ित होता था तो परिवार वाले उसको घर से दूर रहने की व्यवस्था करा देते थे। ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि माइक्रोबैक्टीरिया ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया से होने वाली इस बीमारी से मौतों का आंकड़ा अन्य बीमारियों से कहीं अधिक था। अब समय बदल चुका है, हम देश की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। अब स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से बेहतर हो चुकी हैं, इसलिए घबराने की नहीं, बल्कि सही समय पर पूरा इलाज कराने की जरूरत है। इस मौके पर संस्थापक दीक्षा सिंह, नागेंद्र नाथ सिंह, राधिका सिंह, मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, उमेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अनुशासन और सेवा की भावना से जीवन में श्रेष्ठता हासिल होती है : डॉ. आरके पटेल



**मड़ियाहूं।** मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में 31वां दो दिवसीय विश्वविद्यालीय रोवर्स/रेंजर्स समागम कार्यक्रम का रविवार को भव्य समापन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक आरके पटेल ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ. लीना तिवारी, विश्वविद्यालयीय रोवर्स रेंजर्स संयोजक डॉ. जगदेव, जनपद संयोजक डॉ. अजय कुमार दुबे ने माँ सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरम्भ किया।

मुख्य अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर एसके पाठक ने अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया। इसी के साथ दो दिवसीय विश्वविद्यालयीय रोवर्स/रेंजर्स रैली में छात्र छात्राओं के प्रदर्शन का सिलसिला प्रारम्भ हुआ। पूरे दिन चले कार्यक्रम में रोवर्स रेंजर्स की टीमों ने अपने प्रदर्शन को उत्कृष्ट बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मेजबानी कर रहे पीजी कॉलेज की रोवर्स रेंजर्स टीमों की अगुवाई में विभिन्न महाविद्यालयों से जुड़ी टीमों ने मार्च पास्ट कर स्काउट झंडा व मुख्य अतिथि को सलामी दी। टीमों के बीच पोस्टर क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता, मार्च पास्ट एवं गांठबंधन, समूह गान, नाट्य प्रतियोगिता इत्यादि प्रतियोगिताएं कराई गईं।

मुख्य अतिथि वर्तमान विधायक डॉक्टर आरके पटेल ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन और सेवा की भावना से जीवन में श्रेष्ठता हासिल होती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ. लीना त्रिपाठी ने कहा कि छात्र जीवन की सीख आपके पूरे जीवन भर काम देती है। डॉ. अजय कुमार दुबे ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए रोवर्स रेंजर्स की महत्ता तथा जीवन में अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. एसके पाठक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सेवा के बदले समाज की ओर से प्रशंसा और तिरस्कार दोनों मिलता है। आयोजन सचिव डॉ. सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालयीय रोवर्स रेंजर्स समागम में जनपद गाजीपुर और जनपद जौनपुर की कुल आठ टीमें प्रतिभाग की हैं। डॉ. सुजीत कुमार पटेल ने बताया कि इस दो दिवसीय रोवर्स रेंजर्स समागम में रोवर्स में प्रथम स्थान पीजी कॉलेज गाजीपुर और रेंजर्स मे प्रथम स्थान राजकीय महिला पीजी कॉलेज गाजीपुर व मड़ियाहूं पीजी कॉलेज मड़ियाहूं को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। द्वितीय स्थान रोवर्स में स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज गाजीपुर और रेंजर्स मे पीजी कॉलेज गाजीपुर और तिलकधारी पीजी कॉलेज को संयुक्त रूप से मिला है। प्रथम स्थान प्राप्त टीमें सोमवार को कुलभास्कर आश्रम डिग्री कॉलेज प्रयागराज में होने वाले अंतरविश्वविद्यालयीय/प्रादेशिक रोवर्स रेंजर्स समागम कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम रोवर्स/रेंजर्स के एसओसी वाराणसी मंडल डीओसी गाजीपुर डीटीसी गाइड आयशा तरन्नुम और ज्ञानचंद चौहान, अजय चौहान, मनोज विश्वकर्मा, निखिल चौरसिया, आंसू दुबे इत्यादि प्रशिक्षक उपलब्ध रहे। प्रोफेसर आंजनेय पांडे, प्रोफेसर अजय कुमार वर्मा, डॉ. जेपी दुबे, डॉ. विजय चतुर्वेदी, डॉ. कुमार प्रणव वर्मा, डॉ. जेपी शुक्ला, डॉ. त्रिपुरारी उपाध्याय, डॉ. दया सिंधु, डॉ. विवेक कुमार सिंह, डॉ. जितेंद्र पाल, डॉ. विवेक कुमार प्रजापति, डॉ. योगेश कुमार साहू, डॉ. सौरभ सिंह, डॉक्टर संदीप मिश्रा, डॉ. आशीष कुमार उपाध्याय, डॉ. वाईके सिंह, डॉ. सीपी दूबे, डॉ. दयाशंकर दूबे, डॉ. प्रवीण तिवारी, डॉ. रत्नेश त्रिपाठी, डॉ. शिव पूजन कुरील, डा. आजाद सिंह, डॉ. आनन्द कुमार सिंह, डॉ. नागेन्द्र नाथ मिश्र, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. पवन मिश्रा और अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राकेश मिश्रा डीओसी ने किया।

## मेढ़ा में पांच दिन बहेगी भक्ति की गंगा

**बदलापुर।** क्षेत्र के मेढ़ा गॉव स्थित द्वारिका जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण मे विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भक्ति की गंगा बहाने के लिए पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं कथा की शुरूआत करिया बाबा की गरिमामयी उपस्थिति में रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ हुई। विद्यालय के बड़े बाबू मदन सिंह की अध्यक्षता मे पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं कथा का आयोजन किया गया है जिसकी शुरूआत रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई, जिसका शुक्रवार को हवन एवं विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। उक्त कार्यक्रम सार्वभौम विश्व गुरू स्वामी श्री करुणानंद सरस्वती महाराज उर्फ करिया बाबा के सानिध्य मे किया जा रहा है। कथावाचक वाराणसी के वृजभूषण शरण सरस्वती महाराज के मुखार बिंदुओं से कथा का श्रवण कर भक्त जनों में नई उर्जा का संचार हो रहा है। रविवार की सुबह से ही वैदिक मंत्रों की गूंज से पूरा इलाका भक्ति मय हो गया है। कार्यक्रम में ग्रामवासी सहित क्षेत्र के लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

## संक्षेप

### अपने हक को पाने के लिए एकता जरूरी : जेपी धनगर



**जफराबाद।** समाज में अपने हक को पाने के लिए एकता होना जरूरी है। एकता की ताकत से ही हम अपने को मजबूत बना सकते हैं। यह बातें रविवार को विजय प्रताप इंजीनियरिंग कालेज जफराबाद के प्रांगण में आयोजित पाल धनगर सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए राष्ट्रीय धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर ने कही। उन्होंने कहा कि समाज मे आज पाल व धनगर समाज को अपना हक लेने के लिए लम्बी लड़ाई लड़नी है। हम पाल तथा धनगर समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र दिलवाने की लड़ाई लड़ेंगे। विशिष्ट अतिथि सुरेश पाल ने कहा कि हमे संगठित होकर अपने समाज की मजबूती के किये कार्य करना है। सम्मेलन को भाजपा के मछलीशहर जिलाध्यक्ष रामविलास पाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभावती पाल, राजदेव पाल, अजय प्रताप पाल आदि ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता लालप्रताप पाल तथा संचालन विजय पाल ने किया। अतिथियों का इंजी अजय प्रताप पाल, नीलम पाल राजेश पाल आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर पाल महासभा के रामकृष्ण पाल, राम सिंगर पाल, राहुल पाल, लालता पाल आदि सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### पेट्रोल पंप का उड़ा कैनोपी

**रामपुर।** क्षेत्र के गनेशपुर स्थित खान किसान सेवा केन्द्र (इंडियन आयल पेट्रोल पम्प) का रविवार को आंधी तूफान के चलते कैनोपी उड़ गया जिससे लाखों का नुकसान हुआ। बताया जाता है कि गनेशपुर स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पम्प खान किसान सेवा केन्द्र का शाम को आंधी तूफान के चलते एक तरफ जहां कैनोपी उड़ गया वहीं बाउंड्रीवाल सहित अन्य नुकसान हुआ। इस सन्दर्भ में पेट्रोल पम्प के स्वामी अख्तर ने बताया की इस तूफान से लाखों का नुकसान हुआ है।

### मासूम बच्चों ने रखा रोजा, देश की तरक्की के लिए मांगी दुआ



**जलालपुर।** रमजान माह में तपती धूप की परवाह किए बिना नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी रोजा रखा। अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त कर बच्चों ने देश की तरक्की के लिए दुआएं मांगी। क्षेत्र के महिमापुर गांव के निवासी 9 वर्षीय सनवेग, अंशवेग एवं अयान ने भीषण गर्मी की परवाह किए बिना रोजा रखा। परिवार के बड़े लोगों ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की। शाम को इफ्तार के वक्त बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक रही। बच्चों ने रोजा खोलकर देश में अमन चैन के लिए अल्लाह से दुआएं कीं। कई बच्चों ने तो पहली बार रोजा रखा है।

### आरएसएस के स्वयं सेवकों ने निकाला पथ संचलन

**बरसठी।** वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को बरसठी खंड का संयुक्त पथ संचलन किया। जगह-जगह लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का उत्साह वर्धन किया। निगोह जूनियर हाईस्कूल के परिसर में स्वयंसेवक एकत्र हुए जहां से पथ संचलन शुरू किया जो रामपुर, बरसठी मुख्य मार्ग से निगोह कुसा मार्ग होते हुये स्कूल में पहुंचकर समाप्त हो गई। पथ संचलन में स्वयंसेवक घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों को देखकर पथ संचलन देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ लोग खड़े रहे। इस बीच स्वयंसेवकों का लोगों ने घर की छतों से पुष्प वर्षा के साथ लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

### नवधन गांव में सहकारी समिति खोलने की मांग

**ज्ञानपुर।** ऊंज क्षेत्र के नवधन गांव में भवानी की बारी में किसानों की बैठक हुई। इसमें न्याय पंचायत नवधन में सहकारी समिति खोलने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि भदोही जिले में 6 विकास खंड है जिसमें 5 विकास खंड भदोही, ज्ञानपुर, औराई, सुरियावां एवं अभोली में हर न्याय पंचायत में सहकारी समिति खुली हुई है परंतु विकास खंड डीघ में 5 न्याय पंचायत में एक सहकारी समिति खोल दी गई। जंगीगंज सहकारी समिति में पांच न्याय पंचायत नवधन, बरईपुर, सागर रायपुर, छतमी एवं कलनुआ को मिलाकर सहकारी समिति बनाई गई। इसमें नवधन, बरईपुर एवं छतमी जंगीगंज से काफी दूर पडते हैं इसमें किसानों को खाद बीज लेने में बड़ी कठिनाई होती है। इस लिए किसानों की सुविधा को देखते हुए नवधान न्याय पंचायत में एक अतिरिक्त सहकारी समिति खोली जाए। जिसके लिए एक प्रस्ताव पास कर जिलाधिकारी एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियां के यहां भेजने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर रमाशंकर उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, वीरेंद्र नाथ उपाध्याय, हृदय तोष उपाध्याय, गिरेंद्र उपाध्याय, श्यामधर पांडेय, उमेश पांडेय, जगदीश नारायण, अरविंद उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एके चौबे एवं अध्यक्षता श्यामधर पांडेय ने किया।

### लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज दबा रही है सरकार

**ज्ञानपुर।** केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विद्वेष वश बदले की भावना से की जा रही कार्यवाही तथा लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए बनाए जा रहे भयपूर्ण वातावरण के खिलाफ लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दूबे के नेतृत्व में नगर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन सत्याग्रह कर विरोध जताया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दूबे तथा पूर्व पीसीसी सदस्य सुरेश चंद्र उपाध्याय ने मोदी सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। कहा कि जिस तरह हमारे नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को आनन फानन में रद्द किया गया इससे मोदी सरकार की विद्वेषपूर्ण भावना उजागर हुई है। जिला महासचिव सत्येन्द्र प्रकाश तिवारी ने कहा कि अडानी महाघोटाला को छिपाने के लिए मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान की हत्या करने पर आमादा है जो देश के लिए नितांत दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से सुरेश गौतम, मबूद खां, गुलाजारी लाल उपाध्याय, मसूद आलम, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, हरिश्चंद दूबे, त्रिलोकी नाथ बिंद, सुरेश चौहान, महेश मिश्र, निर्मल प्रजापति, जान मोहम्मद, मनोज जायसवाल, नरेश मिश्र, आनंद मौर्य, सुमित शुक्ला, परवेज हाशमी, लालमणि चौरसिया, धीरज मिश्र आदि रहे।

### मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन को विधायक व जिपं अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**ज्ञानपुर।** यूपी सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के विशेष अवसर पर आकस्मिक पशु चिकित्सा सेवाओं को टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से पशुपालकों के द्वार पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना "पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना" के अंतर्गत 201 करोड़ रुपए की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन का फ्लैग ऑफ व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1962 का शुभारंभ सीएम द्वारा लखनऊ में किया गया। जिसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट एनआईसी में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनमानस ने देखा। पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत जनपद भदोही को प्राप्त कुल चार मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन का विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी के द्वारा जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह एव पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल वेटरनरी यूनिट का प्रयोग हम जनपद के दूरस्थ इलाकों, दूरदराज के ग्रामों में पशुपालकों के पशुओं को चिकित्सा, टीका जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा, जहां पर हमारे किसी भी विभाग पशुपालन, कृषि विभाग संस्थाओं की पहुंच नहीं है और वहां के पशुपालक संस्थानों तक नहीं आ पाते हैं ऐसे पशु पालकों के पशुओं को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### कार्यकर्ताओं को जोड़ने की दी जिम्मेदारी

**चंदौली।** शिव सेना जिला प्रमुख के पद पर मिथिलेश तिवारी को चयनित किया गया है। साथ ही जिले में संगठन को एक नई उर्जा के साथ कार्यकताओं को जोड़ने की भी जिम्मेदारी दी गई है। इससे कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है।

### 27 को होगा दिव्यांगों में ट्राई साइकिल का वितरण

**चंदौली।** जनपद के शहाबगंज ब्लॉक परिसर में 27 मार्च को जनपद के दिव्यांग जनों के लिए निःशुल्क ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश नायक ने देते हुए बताया कि इस दौरान स्थानीय विधायक कैलाश आचार्य ,ब्लॉक प्रमुख गीता देवी व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहेंगे। इस मौके पर दिव्यांग जनों को सरकार की योजना के अंतर्गत निःशुल्क ट्राई साइकिल वितरित किया जाएगा। इसके लिए पात्र व्यक्तियों को आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र लेकर मौके पर आना होगा। इनके अभाव में उन्हें ट्राई साइकिल वितरित नहीं की जा सकेगी।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एक अप्रैल से

**चंदौली।** शहाबगंज क्षेत्र के मसोई गांव में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन एक अप्रैल से किया गया है। सात अप्रैल को इसका समापन होगा। पहले दिन सुबह के वक्त कलश यात्रा व कथा व्यास की शोभायात्रा निकाली जाएगी। कथा वाचक शिवम शुक्ल श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

# पथ संचलन में दिखा कदमताल का अनोखा संगम, हुई पुष्प वर्षा

जनसंदेश न्यूज



नगर में पथ संचलन करते आरएसएस के स्वयंसेवक

**मुंगराबादशाहपुर।** नगर में शनिवार देर शाम आरएसएस के स्वयंसेवकों नगर व खण्ड कार्यवाहक के द्वारा नगर में पथ संचलन किया गया। पथ संचलन में अनोखा कदमताल दिखा तथा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर व खण्ड कार्यवाहक के द्वारा स्वंयरूप से पथ संचलन का आयोजन सिटी पब्लिक स्कूल में किया गया जहां सभी स्वयंसेवकों ने एकत्रित होकर पथ संचलन आरंभ किया जो नगर के मुख्य मार्ग सब्जी मंडी से होते हुए चौक थाना, स्टेशन रोड, जंघई रोड, मछलीशहर रोड, गजराजगंज व सिपाह मोहल्ला होते हुए पुनः यथास्थान पर आकर समाप्त हुआ। कार्यकर्ता सफेद कमीज, खाकी पैंट और काली टोपी में थे। बैंड के साथ इन स्वयंसेवकों ने देश प्रेम का संदेश दिया। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। वहीं महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष नीलम गुप्ता के द्वारा सब्जी मंडी में पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। इसके पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा. हेगड़ेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। संचलन के पहले देशभक्ति, राष्ट्र प्रेम से परिपूर्ण बौद्धिक हुआ। पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मिथिलेश व कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गणेश ने कहा कि हम सभी भारतीय नव वर्ष, वर्ष प्रतिपदा उत्सव के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। भारतीय नव वर्ष हम सबके जीवन में नए उत्साह प्रवाहित करता है। इस अवसर पर नगर व खण्ड के प्रचारक चन्द्रकमल, मुंगराबादशाहपुर खण्ड के खंड संघ चालक ओमप्रकाश व मछलीशहर के जिला प्रचारक प्रभात सहित नगर और खण्ड के कार्यवाह समेत सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का रखें ध्यान

जनसंदेश न्यूज



**सुजानगंज।** प्रणवम स्कूल ऑफ आर्ट में आधुनिक शिक्षा एवं आध्यात्मिक ज्ञान के विषय पर चर्चा करते हुए आत्मीय विद्या धाम आनंद गुजरात से पधारे भगवान स्वामीनारायण के संत सर्व दर्शन स्वामी एवं प्रभु दर्शन स्वामी ने बताया कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं आध्यात्मिक ज्ञान एवं शिक्षा भी आवश्यक है। बगैर आध्यात्मिक ज्ञान के हमारी युवा पीढ़ी नशे की लत हिंसा अनाचार आदि अनेकों दुर्गुणों की शिकार हो रही है। ऐसे में परिवार की मर्यादा संस्कार सब कुछ तार-तार हो रहे हैं इससे बचने के लिए हमें आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के संस्कारों व आध्यात्मिक ज्ञान की शिक्षा भी अनिवार्य रूप से देनी होगी तभी हमारा युवा व्यसन एवं दुर्गुणों से मुक्त होगा और परिवार व समाज को एक नई दिशा मिलेगी। स्वामी हरिप्रसाद स्वामी महाराज ने एक लाख से अधिक व्यसन मुक्त युवाओं की टीम तैयार की है। प्रबोध जीवन स्वामी महाराज भी इस दिशा में आगे कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. प्रमोद के सिंह ने की। संचालन शशि कुमार गुप्ता व आभार डा. दिनेश गुप्ता ने किया। इस दौरान राम शंकर दुबे, श्याम शंकर, प्रदीप सिंह, दीपक सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, नीरज सरोज, कुलदीप पाण्डेय, विजय शंकर दूबे, दीपक तिवारी, पंकज मणि तिवारी, अजीत शर्मा, सचिन मिश्र, संदीप गुप्ता, नीता तिवारी, सुनीता सोनी, वंदना जायसवाल, सुरभि सिंह, सोनाक्षी, नीलम सोनी, अस्मिता आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### वीडियो कॉल के माध्यम से झांसा देकर की जा रही ठगी

**गोपीगंज।** वाट्सएप और फेसबुक के जरिये वीडियो कॉल करके झांसा देकर ठगी की जा रही हैं। इस ठगी में अनजाने नम्बर से कॉल आता है और फिर फोटो या वीडियो को कैप्चर करके उसे सेव कर लेते हैं, और न्यूड फोटो या वीडियो में तब्दील कर उसे वायरल करने की धमकी देते है, और आपसे रुपए ऐंठते है, कई लोग अपने न्यूड फोटो या वीडियो देखकर, बदनामी से डर जाते हैं और ब्लैकमेलर को उनकी मांगी कीमत देने को मजबूर हो जाते हैं। जनपद भदोही, जनपद प्रयागराज में कई लोग ऐसे है जो इस स्कैम का शिकार हो चुके हैं। दरअसल, भदोही जनपद में रहने वाले सत्यम (काल्पनिक नाम) एक युवक रात को उन्हें एक महिला का वाट्सएप पर वीडियो कॉल आया तो पहले तो सत्यम ने उठाया नहीं, इसके बाद उसने लगातार दो तीन बार फोन किया तो सत्यम ने उठाया। इसके बाद महिला वीडियो कॉलर में अपने कपड़े उतारने लगी तो उस युवक ने कॉल रख दिया इसके बाद युवक के पास 30 मिनट बाद एक वीडियो भेजा जाता है जिसमें दिखाई देता है कि युवक अपने कपड़े उतार रहा है यानि कि उसका चेहरा किसी दूसरे न्यूड वीडियो में लगा दिया गया। इसके बाद उसके वीडियो वायरल की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता है। युवक अपने परिवार और रिश्तेदारों के डर से काफी बड़ी रकम उसके हवाले कर चुका था। एक दिन युवक अपने घर से गायब हो गया जिसकी सूचना परिजनों ने थाने में देकर खजबीन शुरू किए तो पता चला की 300 किलोमीटर दूर एक स्टेशन पर बेहोशी की हालत में है। परिजन युवक को घर लाए और जानकारी ली तो उसने डरते हुए सारा वाकया बताया। ऐसा एक और मामला सामने आया। 20 से 35 वर्ष के बीच के लोग फेक प्रोफाइल बनाकर ये स्कैम करते है। ये लड़की की पिक्चर लगा कर बड़ी आकर्षक प्रोफाइल बनाते हैं. ये लोग एक फोन से वीडियो कॉल करते है और दूसरे फोन में एडल्ट क्लिप चलाकर कैमरे के सामने रखते है।

### दो बसों का किया चालान, तीस से अधिक वाहनों पर की गई कार्रवाई



**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के दिए गए निर्देश पर जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए रविवार को उगापुर, औराई, महाराजगंज एवं जंगीगंज के बीच एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। चलाए गए अभियान के तहत चार ओवरलोड वाहनों का चालान किया गया। अनधिकृत रूप से संचालित दो बसों का भी चालान किया गया। एक बस के चालक के द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाए जाने पर उसके लाइसेंस को जप्त कर निलंबन की कार्यवाही की गयी। बस को दूसरे चालक के सुपुर्दगी में आगे जाने दिया गया। इसके अतिरिक्त तीस से अधिक वाहनों का नो पार्किंग, मोबाइल फोन का प्रयोग, डेंजर ड्राइविंग, कर बकाया, वाहन पर नंबर प्लेट न लगे होने, रिफ्लेक्टिव टेप इत्यादि ना लगे होने पर चालान की कार्यवाही की गई। एआरटीओ अरुण कुमार ने बताया कि ऐसे वाहन जो आवाजाही करने वाले जनमानस को अव्यवस्था उत्पन्न कर रही है उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### पुलिस ने वांछित को भेजा जेल

**कन्दवा।** पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रविवार की सुबह तलाशपुर तिराहे के समीप से वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस वांछित अभियुक्त को काफी दिनों से तलाश कर रही थी। कन्दवा थानाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की रविवार की सुबह मुखबीर से सूचना मिली कि पास्को एक्ट में वांछित आरोपी तलाशपुर तिराहे पर खड़ा है। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक रामभवन यादव, शशि कुमार, अजय कुमार तलाशपुर तिराहे से अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। आरोपी 25 वर्षीय शफीक पुत्र तसऊवर अली निवासी अदसड़ थाना कंदवा जनपद चंदौली को कागजी कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# सीएम ने विकास में अव्वल महजूदा को दिया 11 लाख का पुरस्कार

**उपलब्धि**

**ग्रामप्रधान राजमणि पांडेय को गांव के विकास के लिए 11 लाख का पुरस्कार**

जनसंदेश न्यूज



सुरियावां विकासखंड की महजूदा गांव पंचायत के उदघाटन के मौके पर डीएम के साथ ग्रामप्रधान (फाइल फोटो)



**भदोही।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण विकास में पंचायती राज व्यवस्था की अहम भूमिका है। ग्रामीण विकास को लेकर योगी सरकार बेहतर काम कर रही है।

विकास की योजनाओं को अभिनय तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद भदोही की पांच पंचायतों को मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से सम्मानित किया है। जिसमें सुरियावां विकासखंड की महजूदा गांव पंचायत को सर्वश्रेष्ठ 11 लाख रुपए का पुरस्कार मिला है। राज्य की योगी सरकार गांव पंचायतों के सर्वांगीण विकास के रूप में विकसित करना चाहती हैं। जिसमें स्कूल, तालाब, खेलकूद के मैदान, गौशाला, संकुल भवन, पंचायत भवन, ग्राम सचिवालय, ग्रामीण सड़कें, खड़ंजा पुस्तकालय जैसी अनेक योजनाएं शामिल है। प्रदेश के जिन गांव पंचायतों में विकास में अच्छा काम किया है उन्हें सम्मानित किया है। इसके लिए पांच स्तरीय पुरस्कार की घोषणा की गयी है। प्रदेश की 370 गांव पंचायतों को चयनित किया गया है। मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में भदोही की पांच गांव को चुना गया है। सुरियावा ब्लॉक के महजूदा गांव को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ग्राम पंचायत के युवा ग्रामप्रधान और पत्रकार राजमणि पांडेय ने गांव में बेहतर विकास किया है। महजूदा जनपद का पहला ऐसा गांव है जहां पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया गया है। ग्राम पंचायत सचिवालय, प्राथमिक विद्यालय, वाचनालय, खड़ंजा और तमाम विकास कार्यों को उन्होंने अंजाम दिया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने राजमणि पांडेय को अच्छे विकास कार्य के लिए सम्मानित भी किया है। जिलाधिकारी ने महजूदा के विकास कार्यों को देख यह भी कहा है कि दूसरी पंचायत प्रतिनिधियों को उनसे सबक लेना चाहिए। जनपद में मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार के प्रथम पुरस्कार पाने वाले पत्रकार और युवा ग्रामप्रधान राजमणि पांडेय ने कहा है कि इसके लिए हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी को गौरांग राठी के आभारी हैं, जिन्होंने मेरे विकास की उपलब्धियों को लेकर सरकार ने यह सम्मान मुझे दिया है। यह सुरियावां और मेरे गांव महजूदा के लिए गौरव की बात हैं। इस पुरस्कार से हमारे जनपद, विकासखंड और गाँव की गरिमा और गौरव बढ़ा है। मुख्यमंत्री की तरफ से मिले इस पुरस्कार का उपयोग हम गांव पंचायत की आय बढ़ाने के लिए विकास कार्य करेंगे।

## नेशनल मैराथन में भदोही के कुलदीप को तीसरा स्थान

**सुरियावां।** जनपद भदोही के सुरियावां के ग्राम गोदमा निवासी 23 वर्षीय कुलदीप सिंह भारतीय सेना के जवान गढ़वाल राइफल लेंस डाउन में तैनात हैं। गढ़वाल राइफल की तरफ से 26 मार्च को रांची कोल इंडिया नेशनल मैराथन 42 किलोमीटर 195 मीटर में तीसरे स्थान पर रहे। कुलदीप के प्रारम्भिक प्रशिक्षक पिता राम आसरे सिंह तथा सेना में तैनाती के बाद सूबेदार एल एम साहब एशियन गोल्ड मेडलिस्ट व हवलदार विनोद साहब मैराथन की ट्रेनिंग दे रहे हैं। कुलदीप 18वी बटालियन में तैनात हैं। कुलदीप सिंह, मैराथन धाविका ज्योति सिंह के भाई है। नेशनल मैराथन में कुलदीप सिंह का तीसरा स्थान आने व भदोही उत्तर का नाम रोशन करने पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह, संजय श्रीवास्तव, अमर बहादुर सिंह, चंद्रेश यादव, शा. शिक्षक दिनेश सिंह, शुभम सिंह, डॉ. आजाद, राहुल, संतोष, धीरज, आदर्श आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# अपना पहला रोजा रख 9 साल के मो.हम्द फिरोज ने की दुआएं

**गजब**

**रोजा रखकर नन्हे बच्चे ने की अल्लाह की इबादत**



रोजा रख कर दुआ मांगते मो.हम्द फिरोज

**भदोही।** मुकद्दस माह-ए-रमजान की शुरूआत हो गई। हर छोटे-बड़े मुसलमान पुरुषों के साथ ही साथ मुस्लिम महिलाओं द्वारा न सिर्फ रोजा रखा जा रहा है। उनके द्वारा रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की जा रही है। जिसमें 5 वक्त की नमाज अदा की जा रही और कुरआने पाक की तिलावत की जा रहा है। इस दौरान घरों में अपने बड़ों को रोजा रहता और इबादत करता देख बच्चे भी रोजा रखा रहे हैं। नगर के चकदीवानगान पश्चिम तरफ मोहल्ले के निवासी भदोही पत्रकार संघ के महासचिव मो.फिरोज खां के 9 वर्षीय पुत्र मो.हम्द फिरोज ने भी अपना पहला रोजा रखा। दिन भर भूखे और प्यासे रहकर मो.हम्द फिरोज ने नमाज पढ़ी और कुरआन की तिलावत की। उन्होंने मगरिब की अजान को सुनकर खजूर और पानी से रोजा खोला। इसके साथ ही बारगाहे इलाही में दोनों हाथों को फैलाकर दुआएं मांगी। पहला रोजा रखने पर घर के लोगों द्वारा मो.हम्द फिरोज को तोहफा देकर मुबारकबाद दी गई।

## लायंस क्लब ज्ञानपुर के सौजन्य से 21 लोगों ने किया रक्तदान

**ज्ञानपुर।** लायंस क्लब ज्ञानपुर के तत्वावधान में रविवार को ब्लड बैंक जिला अस्पताल ज्ञानपुर में 21 यूनिट रक्तदान संपन्न हुआ। नवरात्रि एवम रमजान के व्रत एवं रोजे के बावजूद बड़ी संख्या में युवा एवं अन्य लोग इस शिविर में उपस्थित हुए। 37 लोगों का रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन हुआ दो बजे तक 21 यूनिट रक्तदान संपन्न हुआ। अध्यक्ष लॉयन आनंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन अभय श्रीवास्तव एवं लॉयन कमल कुमार ने रक्तदान कर शिविर प्रारंभ किया। इस मौके पर लॉयन अब्दुल वाहिद, लॉयन राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, लॉयन घनश्याम दास गुप्ता, लॉयन सचिव आनंद प्रकाश तिवारी, लॉयन कमलेश गुप्ता, लॉयन अरविंद भट्टाचार्य, इरशाद खान, मनोज श्रीवास्तव एवं पवन मालवीय रक्तदानियों का लगातार उत्साहवर्धन करते रहे। प्रमुख रक्तदाता समाज सेवी शाहिद खान, रिंकू सिंह, पप्पू तिवारी, विशेष पांडेय सहित एक दर्जन से अधिक लोगो ने रक्तदान किया।

# बड़ी लकीर खींच रहा हूं: रुद्र शंकर



### मेहनत, लगन, परिश्रम से जुटे रहिये सफलता निश्चित मिलेगी

### युवा कथक नर्तक से खास मुलाकात

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** खुद को बेहतर बनने के लिए जिन बड़े कलाकारों ने बड़ी रेखाएं खींची थी उनसे आगे आने के लिए बड़ी लकीरें खींचने की कोशिश कर रहा हूं। इस आर्ट से हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ सकूं इसके लिए हम शुरू से ही प्रयासरत हैं। इस आर्ट परफारमेंस में हमें लगातार सफलता भी मिलती जा रही है। यह कहना है बनारस घराने के युवा कथक नर्तक रूद्र शंकर का जिन्होंने कम उम्र एवं कम समय में ही सफलता के नये आयाम स्थापित कर लिये हैं। जीवन के 25वें वसंत में पदार्पण करने वाले रूद्र शंकर बनारस के प्रख्यात कथक नर्तक पं. माता प्रसाद मिश्र के सुपुत्र हैं। पं. माता प्रसाद मिश्र-पं. रविशंकर मिश्र की कथक में बहुत ही पुरानी जोड़ी अब तक चाली आ रही है। रूद्रशंकर का पूरा परिवार ही संगीत से जुड़ा हुआ है। उनके ताऊ पं. चन्द्रशेखर मिश्र कथक में हैं। छोटा भाई उदय शंकर तबला वादन के क्षेत्र में प्रसिद्धि अर्जित कर रहे हैं। कहा कि मेरे गुरु ही मेरे आदर्श हैं। वे दूरदर्शन के ग्रेडेड कलाकार हैं। उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। उन्हें अभी हाल में ही उस्ताद बिस्मिल्लाह खां पुरस्कार मिला है। कहा कि मेहनत, लगन, परिश्रम से जुटे रहिये सफलता निश्चित मिलेगी। बोले- मेरा परफारमेंस कभी रूकेगा नहीं लगातार जारी रहेगा। चेतगंज के चाउर छटवां निवासी रूद्र शंकर से उनके आवास पर जनसंदेश टाइम्स ने खास मुलाकात की।

### महज ग्यारह साल की उम्र में संकटमोचन में पेश किया कथक

वे बताते हैं कि पापा का आशीर्वाद तो शुरू से ही हम पर रहा। लेकिन पांच साल की उम्र से उन्होंने हमें कथक का पूरा ज्ञान दिया। इसके बाद शीतला माता संगीत समोराह, दुर्गा मंदिर में छह वर्ष की उम्र में कथक पेश किया। महज ग्यारह वर्ष की उम्र में प्रसिद्ध संकटमोचन संगीत समारोह में परफारमेंस दिया। इसके बाद डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट पर गंगा महोत्सव में कथक पेश किया।

### तबला सम्राट पं. किशन महराज ने दिया था 101 रु. का पुरस्कार

रूद्र शंकर बताते हैं कि जब वे बहुत छोटे थे तब प्रसिद्धतबला वादक पं. किशन महराज के कबीरचौरा स्थित आवास पर कथक पेश किया था। पं. किशन महराज ने कथक देख कर इतने खुश हुए थे कि उन्होंने 101 रुपये का पुरस्कार दिया। कहा था कि बेटा अभी बहुत छोटे हो लेकिन तुम बहुत अच्छा कर रहे हो। काफी आगे तक जाओगे। वे बताते हैं कि काशी नरेश कुंवर अनंत नारायण सिंह के महल में जब परफारमेंस किया तो उनकी महारानी ने खुश होकर मुझे सम्मानित किया।

### मेरे प्रथम गुरु पिता माता प्रसाद थे और बाद में पं. रविशंकर रहे

रूद्र शंकर बताते हैं कि कथक की प्रारम्भिक शिक्षा हमने अपने पिता व गुरु प्रख्यात कथक नर्तक पं. माता प्रसाद मिश्र से ली। इसके प्रसिद्ध कथक नर्तक व चाचा पं. रविशंकर मिश्र के सानिध्य में आकर कथक की बारीकियों को सीखा। हम लोग आचार्य पं. सुखदेव महराज की शिष्य परम्परा के अन्तर्गत आते हैं। वे बताते हैं कि कथक की शुरूआत उन्होंने महज डेढ़ साल की उम्र में स्वीटजरलैंड से की। उन दिनों पापा स्वीटजरलैंड में कथक करने के लिए गये थे। इस समारोह में हम भी साथ में बैठे थे। बाद में बैठे-बैठे हम भी कथक करने लगे। इस पर वहां बैठे हजारों दर्शकों ने तालियां बजा कर मेरा उत्साहवर्धन किया। यही से मेरा परफारमेंस शुरू हो गया।

**दर्शकों ने दी बाल नटराज की उपाधि :** रूद्र शंकर बताते हैं कि बचपन से ही वे शिव पर आधारित डांस ज्यादा करते हैं। यही वजह है कि दर्शकों ने मुझे बाल नटराज की उपाधि दी। ग्यारह वर्ष की उम्र में जब वे फिर स्वीटजरलैंड गये थे तो वहां पर वर्क–ए– कुंड म्यूजियम में सात दिनों तक परफारमेंस दिया था। जापान में भी वे जब पापा के साथ गये तो वहां टोकियो, क्योटो व फरेडो में कई परफारमेंस दिये। जापान में एक माह का कार्यक्रम था। जापान में संगीत फेस्टिवल में दो दिन रात भर प्रोग्राम चलता है।

**पं. बिरजू महराज, दुर्गा लाल व गोपी कृष्ण का है असर :** वे बताते हैं कि उनके कथक पर तीन गुरुओं का असर है। इनमें पं. बिरजू महराज, दुर्गा लाल व गोपी कृष्ण हैं। हम कथक में नार्थ और साउथ दोनों को लेकर परफारमेंस करते हैं। वे अब तक ताज महोत्सव, गोपीकृष्ण फेस्टिवल, अवध महोत्सव, महाकथक उत्सव, उदय शंकर डांस फेस्टिवल समेत न जाने कितने ही महोत्सवों में भाग ले चुके हैं। रूद्र शंकर कथक के दौरान जब हवाई चक्कर लगाते हैं तो दर्शक दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। इसके अलावा वह घोड़े की चाल, ट्रेन की गति आदि कई परफारमेंस करते हैं।



# ढोल-नगाड़े के बीच भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**अभिनंदन**

### मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी देने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार : दिलीप सिंह पटेल

**वाराणसी।** भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल का रविवार को रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचने पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े के बीच गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर एवं माल्यार्पण कर अभूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर एवं प्रदेश मंत्री मीना चौबे का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को क्षेत्रीय अध्यक्ष पद की जो जिम्मेदारी सौपी है, उसके लिए शीर्ष नेतृत्व के प्रति मैं आभार प्रकट करता हूं। शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है। उस पर मैं खरा उतरने का पुरा प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुशासन वाली सरकार कार्य कर रही है। कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ता ही सबसे महत्वपूर्ण होता है।

आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को पहले की अपेक्षा अधिक सीटें जिताने का लक्ष्य लेकर हम सब साथ मिलकर कार्य करेंगे। इस दौरान प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा, निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, निवर्तमान महापौर मृदुला जायसवाल, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, सुशील त्रिपाठी, संतोष पटेल, अमरनाथ यादव, अशोक तिवारी आदि थे।

# राहुल-अडानी मुद्दे पर कांग्रेस का सत्याग्रह

**लगाए आरोप**

### राहुल की संसद की सदस्यता खत्म किये जाने व अडानी मामले में सरकार की चुप्पी को लेकर कांग्रेसजनों ने टाउनहॉल व मैदागिन पर दिया धरना

जनसंदेश न्यूज



राहुल गांधी और अडानी मुद्दे को लेकर कांग्रेसजनों ने रविवार को टाउनहॉल और मैदागिन पर संकल्प सत्याग्रह का आयोजन किया

**वाराणसी।** कांग्रेसजनों ने केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर रविवार को सरकार पर लोकतंत्र की हत्या की साजिश का आरोप लगाते हुए टाउनहॉल और मैदागिन पर संकल्प सत्याग्रह किया। उन्होंने अडानी प्रकरण सरकार की चुप्पी पर नाराजगी जतायी। साथ ही प्रकरण को लेकर लगातार बोल रहे राहुल गांधी का समर्थन किया। उन्होंने अडानी मामले में जेपीसी गठन करने की मांग करते हुए संवैधानिक ढांचे को बचाने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

टाउनहॉल स्थित गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेसजनों के कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश चौबे ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर अपशब्द बोलने वाले लोग संसद में माननीय बने बैठे हैं और दूसरी ओर, जनहित का सवाल उठाने वाले राहुल की सदस्यता रद्द की जा रही है। सबसे बड़ी बेरोजगारी व आर्थिक मंदी के दौरान देश में उभरे उद्योगपति अडानी 20 हजार करोड़ रुपये तक की रकम का लेन-देन शेल कंपनियों से कराते हैं।

वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक मंच पर सर्वाधिक कमाई करने वाले व्यापारी के रूप में अडानी का उभरना हैरजअंगेज है। मुद्दे को लेकर कांग्रेसजन संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष करेंगे। धरने में पूर्व सांसद डॉ. राजेश मिश्र, प्रजानाथ शर्मा, सरिता पटेल, राहुल राजभर, डॉ. अनिल उपाध्याय, सीताराम केशरी, दुर्गा प्रसाद गुप्त, शाहिद जमाल, संजीव सिंह आदि रहे।

दूसरी ओर, मैदागिन में पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी की मूर्ति के निकट एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत तिवारी और जिलाध्यक्ष ऋषभ पांडेय ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ जैसा व्यवहार कर रही है वह अलोकतांत्रिक है। सरकार अडानी मुद्दे पर बात करने से डर रही है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पांडेय, प्रदेश महासचिव अभिषेक गिरी तथा शिवम चौबे, प्रदेश सचिव नीरज पांडेय आदि थे।

# राष्ट्रीय बालिका हैंडबाल में बनारस की रेशमा ने नाम रौशन किया



**हरहुआ।** स्थानीय विकास क्षेत्र परमानंदपुर शिवपुर स्थित विकास इंटर कालेज की छात्रा राष्ट्रीय बालिका हैंडबाल में बनारस की रेशमा ने नाम रौशन किया। वाराणसी बरेली में कल खत्म हुई राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम को कांस्य पदक मिला। इस टीम में परमानंदपुर शिवपुर स्थित विकास इंटर कालेज की छात्रा रेशमा यादव भी शामिल थी। कालेज के प्रधानाचार्य डा. एके सिंह ने बताया कि रेशमा क्लास 12 की छात्रा है। मेरा विद्यालय परिवार रेशमा के उज्वल भविष्य की कामना करता है। ऐसे ही खेल में निरंतर अपना और अपने विद्यालय का नाम रौशन करती रहे।

# एपेक्स में स्वचालित रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण

**वाराणसी।** एपेक्स सुपर स्पैशलिटी हॉस्पिटल में परमहंस स्वामी अड़गड़ानन्द जी महाराज की कृपा एवं आशीर्वाद से एवं उनके परम शिष्य वरिष्ठ संत नारद महाराज के कर कमलों द्वारा विश्व की एकमात्र पूर्णतया स्वचालित एक्टिव रोबोटिक सिस्टम का शुभारंभ करते हुए एपेक्स अब मध्य भारत का नं एक उत्कृष्ट ओथोर्पेडिक सेंटर वन गया है। चंदौली निवासी 56 वर्षीय एवं मिजीपुर निवासी 63 वर्षीय महिलाओं का सफल जोड़ प्रत्यारोपण सम्पन्न हुआ।



एपेक्स के चेयरमैन वरिष्ठ ओथोर्पेडिक सर्जन डॉ एसके सिंह एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ स्वरूप पटेल द्वारा सम्पन्न किए गए जोड प्रत्यारोपण के उपरांत बताया गया कि रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण के दौरान आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस द्वारा मरीज की ओटी में ली गई रियल टाइम 3डी सीटी इमेज फीवर और टीवीय के एक्सिस का मिलाते हुए इंप्लांट का सटीक प्रतिस्थापन होने से स्वस्थ्य मासपेशियां पूरी तरह सुरक्षित रहीं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



नीचीबाग स्थित भाजपा कार्यालय पर पीएम के मन की बात सुनते पार्टी पदाधिकारी

**वाराणसी।** भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रविवार को नीचीबाग स्थित पार्टी कार्यालय के अलावा जगह–जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी और आत्मसात करने का संकल्प लिया। पीएम मोदी ने काशी–तमिल संगमम, नारी शक्ति, एनडीआरएफ टीम आदि की चर्चा की। पीएम ने देश की सबसे कम उम्र 39 दिन की बच्ची अबाबत कौर का जिक्र करते हुए कहा कि इस छोटी सी बच्ची ने अंगदान कर दुनिया के सामने मिसाल पेश की। पीएम ने आगामी त्योहारों श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, इस्टर, गुड फ्राइडे, रमजान की चर्चा करते हुए देश वासियों को बधाई दी। पीएम के मन की बात सुनने वालों में नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. नीलकंठ तिवारी, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, जगदीश त्रिपाठी, नवीन कपूर, मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठ आदि शामिल थे। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, पार्टी कार्यकर्ताओं ने टेंगरा मोड स्थित एक पैलेस और समस्त बूथ व सेक्टर पर पीएम के मन की बात सुनी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, विवेकानंद सिंह, वीरेंद्र सिंह, नंदलाल चौहान, डॉ. अनुपम गुप्ता, अशोक जायसवाल, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, सुरेंद्र श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, विशाल आनंद आदि उपस्थित थे।

## पीएम मोदी व सीएम योगी ने बढ़ाया पिछड़ों का मान : लक्ष्मण



**वाराणसी।** भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय रोहनिया में रविवार को आयोजित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक को मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि पीएम मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में पिछड़ों का सम्मान बढ़ा है। पूर्ववर्ती सरकारों ने पिछड़ों को सिर्फ ठगने का काम किया, उनका भला नहीं किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी की सरकार सुशासन की सरकार है। आज पूरे विश्व में भारत का मान–सम्मान बढ़ा है। यह सब पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व के कारण ही संभव हो पाया है। मुख्य वक्ता परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि मोदीजी की सरकार में 27 पिछड़ा वर्ग समाज के सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल कर अंत्योदय को परिभाषित किया गया। पहली बार पीएम मोदी के नेतृत्व में नीट में 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ों को मिला। प्रदेश सरकार में पिछड़े वर्ग के 22 विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। बैठक को क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह पटेल ने कहा कि छह 14 अप्रैल तक गांव–गांव, घर–घर चलो अभियान के तहत मोदी व योगी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया जाएगा। संचालन विनय मौर्य व विकास पटेल ने किया। रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार, भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर रविवार को मीडिया से बात करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग का मान–सम्मान बढ़ाया है।

## कैरम ने दुनिया के 32 देशों में बनाई पैठ : जोसेफ

**वाराणसी।** ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन की तरफ से आयोजित 27वें फेडरेशन कप कैरम प्रतियोगिता का रंगारंग उद्घाटन रविवार को बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण संस्थान परिसर में हुआ। मुख्य अतिथि फेडरेशन के अध्यक्ष जोसेफ मेयर ने कहा कि कैरम एक ऐसा खेल है, जिसमें कलात्मकता और ज्योमैट्रिकल एक्सरसाइज भी है। आज दुनिया के करीब 32 देशों में यह खेल अपनी पैठ बना चुका है। उन्होंने कहा कि करीब दो माह पूर्व वर्ल्ड कप कैरम प्रतियोगिता मलेशिया में हुआ, जिसमें भारतीय टीम का झंडा सबसे ऊपर बुलंद हुआ था। उद्घाटन समारोह के बाद शुरू हुई प्रतियोगिता में कई खिलाड़ियों ने अपने–अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। फेडरेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अशोक सिंह ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खासकर कैरम जैसे खेल में, जो कम संसाधनों में भी घर के अंदर खेला जा सकता है। संचालन बैजनाथ सिंह ने किया। समारोह में बीडी नारायण, भारती नारायण, एके सिंह, आनंद राय, विजय शंकर पांडे, रमेश वर्मा, रणवीर सिंह, महेश सेखरी, एनके जायसवाल, काशीराम राणा, असली चक्रवात, संदीप यादव, रवि आर्या, अभिषेक विश्वकर्मा आदि थे।



# कर्णभारम् में जीवंत हुआ कर्ण का शौर्य

**मंचन**

### कर्ण के जीवन पर आधारित था नाटक

### ज्ञान प्रवाह व उ.प्र. संस्कृत संस्थान की ओर से मंचन

**वाराणसी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ज्ञान प्रवाह व उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत नाटक कर्णभारम् का जीवंत मंचन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नागरी नाटक मंडली के मंच के सामने मौजूद दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। महाभारत के विशिष्ट नायक दानवीर कर्ण के जीवन पर आधारित महाकवि भास रचित इस संस्कृत नाटक में अंगराज कर्ण का शौर्य, दानवीरता व वचनबद्धता का उदात्त चित्रण कलाकारों ने प्रस्तुत किया। महाभारत के पात्रों में सूर्य पुत्र कर्ण अभेद्य कवच कुंडल के साथ जन्म लेते हैं।

मानवीय गुणों से अलंकृत होने पर भी जीवन पर्यन्त संघर्षों से जूझते हैं। उनके रहते महाभारत युद्ध को जीतना असंभव था। अंततः भगवान श्रीकृष्ण ने ब्राह्मण वेशधारी इन्द्र को कर्ण के पास भेज कर उसके अभेद्य कवच कुंडल को दान में प्राप्त कर लेते हैं। इन्द्र ने छद्मवेश में कवच कुंडल ग्रहण करने के प्रायश्चित स्वरूप कर्ण को पांडवों में से किसी एक को मारने के लिए अमोघ शक्ति प्रदान करने का प्रस्ताव देवदूत के माध्यम से भेजा जिसे देवदूत के आग्रह पर कर्ण ने स्वीकार तो किया किंतु युद्ध में उसका उपयोग नहीं किया। कर्णभारम् की इस प्रस्तुति के नाट्य लेख की संयोजना कर्ण की वीरगति के साथ समाप्त होती है। नाटक में यद्यपि सभी पात्रों ने अपनी भूमिका के न्याय किया किंतु शांतनु पांडेय (कर्ण), कुंती की भूमिका में डा. शिल्पा सिंह व डा. दिव्या श्रीवास्तव, मोहन दुबे (परशुराम), नीतिश दुबे (इन्द्र) की भूमिका में अपना विशिष्ट प्रभाव छोड़ा। प्रो. युगल किशोर मिश्र, प्रो. चन्द्रकांता राय के नाट्य निर्देशन तथा डा. दिव्या श्रीवास्तव की परिकल्पना व दृश्य संयोजन ने अपूर्व छाप छोड़ी। प्रकाश व्यवस्था राजेन्द्र अवस्थी का रहा। अन्य कलाकारों में मोहित शर्मा, वंशित शर्मा, विजय शर्मा, प्रकाश कुमार, शिवांगद शर्मा, श्यामजी, कु. दीपाली अग्रहरि, रोहित शर्मा, अभिजीत, राघव गोरका आदि रहे।



# टीएफसी में कथक नृत्य की प्रस्तुति हुई साकार



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह- ए- बनारस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कथक नृत्य की प्रस्तुति साकार हुई। नासिक से पधारे लखनऊ घराना से डॉ सुमुखी अनुरुद्ध एवं उनके ग्रुप के कथक नृत्य से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कथक नृत्य की प्रस्तुति का आरम्भ स्वरबद्ध गणेश वन्दना पर नृत्य से हुआ। इसके उपरांत द्वितीय प्रस्तुति शिव वन्दना से नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों भावविभोर किया। कथक नृत्य में अक्षय शहाणे,पंकज ठाकरे, हरविषा तांम्बट,श्रावणी मूंगी, ऋतुजा चंद्राते ने संगत की। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं डीआईजी (सीआरपीएफ) अनिल चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम की परिकल्पना एवं संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा का रहा। संचालन ललिता शर्मा ने किया।